RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 61
लखनऊ, शनिवार, 19 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




कार्तिक ने दिखाया लंबे बालों का स्वैग

विविध-12

# एमएसपी न बंद और न खत्म होगी: मोदी

● नए कृषि कानून रातों-रात नहीं आए कुछ लोग किसानों को डराकर चमका रहे राजनीति



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा नए कृषि कानून रातों-रात नहीं लाए गये हैं, बल्कि ये काफी समय से लम्बित थे। कांग्रेस व अन्य दलों पर इन कानूनों के प्रति किसानों में भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया कि कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की प्रणाली पर सरकार पूरी तरह से गंभीर है और यह व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को ऑनलाइन सभा के जरिये रायसेन में और मध्यप्रदेश के अन्य जिलों के किसानों को संबोधित करते हुए कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर एमएसपी और एपीएमसी (कृषि मंडी) के मुद्दे पर किसानों को बरगलाने और भ्रम में डालने का आरोप लगाया और कहा कि राजनीतिक दलों, कृषि विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों द्वारा लंबे समय से ऐसे कृषि सुधारों की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल जब सत्ता में थे तब सालों से स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट दबाकर बैठे थे। लेकिन भाजपा के नेतृत्व में सरकार ने किसानों के हित में इस कमेटी की सिफारिशों को लागू किया। दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर किसानों द्वारा नए कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले 23 दिन से जारी प्रदर्शन के बीच मोदी ने कहा कि नए कृषि कानून रातों-रात नहीं आये हैं बल्कि राजनीतिक दलों, कृषि विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों द्वारा इसकी लंबे समय से मांग की जा रही थी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोगों को उन दलों और नेताओं से जवाब मांगना चाहिये जिन्होंने लंबे समय तक अपने घोषणापत्र में इन सुधारों के बारे में बात तो की लेकिन इन्हें कभी लागू नहीं किया। उन्होंने विपक्षी दलों की ओर संकेत करते हुए कहा कि सभी लोगों के घोषणा पत्र देखे जायें, उनके बयान सुने जायें, पहले जो देश की व्यवस्था संभाल रहे थे। आज के कृषि सुधार उनसे अलग नहीं हैं। वो जो वादा करते थे, वही बातें इस कृषि सुधार में की गयी हैं। मुझे लगता है, उनको पीड़ा इस बात की है कि जो काम वो कहते थे लेकिन वो नहीं कर पाये और मोदी ने ये कैसे किया।

मोदी को श्रेय क्यों मिले। तो मैं सभी राजनीतिक दलों को कहना चाहता हूं, आपके घोषणा पत्र को श्रेय दीजिये। मुझे श्रेय नहीं चाहिये। मुझे किसानों के जीवन में आसानी और समृद्धि चाहिये। आप कृपा करके किसानों को बरगलाना और भ्रमित करना छोड़ दीजिये। मोदी ने कहा कि नए कृषि कानूनों के लागू होने के बाद भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) की व्यवस्था जारी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में 2018 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने लोगों को कृषि कर्ज माफी के नाम पर धोखा दिया। केंद्र के नए कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर सैकड़ों किसान दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर तीन सप्ताह से अधिक समय से डेरा डाले हैं।

## साल खत्म होने से पहले हल निकलने की उम्मीद: तोमर

● किसानों से अनौपचारिक बातचीत जारी, वाजिब चिंताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** के तीन नये कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन को खत्म करने के लिए औपचारिक वार्ता पर गतिरोध बने रहने के बीच कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि सरकार मुद्दे का समाधान करने के लिए विभिन्न किसान संगठनों के साथ अनौपचारिक चर्चा कर रही है, लेकिन 'किसानों के कंधे पर बंदूक रख कर चलाने वाले लोगों' से बात करने का कोई मतलब नहीं है।

मंत्री ने साथ ही उम्मीद जताई कि साल समाप्त होने से पहले कोई समाधान निकाल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कृषक समुदाय की सभी वाजिब चिंताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को गुमराह करने के लिए विपक्षी पार्टियों को जिम्मेदार ठहराया और उन पर आरोप लगाया कि वे सुधार प्रक्रिया पर अपने रुख में बदलाव कर रही हैं तथा मुद्दे को राजनीतिक रंग दे रही हैं।

तोमर, खाद्य मंत्री पीयूष गोयल तथा वाणिज्य राज्य मंत्री सोम प्रकाश के साथ करीब 40 किसान संघों से बातचीत में केंद्र का नेतृत्व कर रहे हैं। तोमर ने कहा कि तीनों नये कृषि कानून किसानों के लिए लाभकारी हैं और सरकार लिखित में यह आश्वासन देने

(शेष पेज 9)

## सीएम ने स्वयं सहायता समूहों को सराहा



● 445 करोड़ 92 लाख की धनराशि का किया आनलाइन हस्तांतरण कहा-आत्मनिर्भर भारत का आधार हमारे स्थानीय उत्पाद व समूह के प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने स्कूली बच्चों के ड्रेस निर्माण के साथ स्वेटर बुनाई से भी महिला स्वयं समूहों को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वेटर बुनाई के लिए महिला स्वयं सेवी समूह को ट्रेनिंग देकर अगर साल भर पहले उनको आर्डर दिया जाए, तो उनको बहुत बड़ा कार्य मिल सकता है।

उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को रेडिमेड गारमेंट्स बनाने, बाजार से रॉ मटैरियल उपलब्ध कराने और मार्केटिंग से भी जोड़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें 97,663 स्वयं सहायता समूहों और उनके संगठनों को 445 करोड़ 92 लाख की पूंजीकरण धनराशि के आनलाइन हस्तांतरण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के ड्रेस निर्माण में प्रदेश में बहुत सारे जिलों ने अच्छा काम किया है। खासतौर पर प्रयागराज में 17 हजार ड्रेस एक महिला स्वयं सेवी समूह ने तैयार किया है। प्रदेश में एक लाख 58 हजार से अधिक बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल हैं। एक करोड़ 80 लाख से अधिक यानि दिल्ली की जितनी आबादी है, उतना हमारे यहां बेसिक शिक्षा परिषद में बच्चे पढ़ते हैं।

इतने बच्चों के लिए दो-दो यूनिफार्म बनवाने के साथ प्रदेश सरकार एक करोड़ 80 लाख बच्चों को स्वेटर भी दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले चरण में दो सौ से अधिक विकास खंडों में बाल विकास एवं पुष्टाहार द्वारा दी जाने वाली पोषाहार की व्यवस्था महिला स्वयं सेवी समूहों को दी गई है। अब प्रदेश के सभी 821 विकास खंडों में महिला स्वयं सेवी समूहों के माध्यम से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। इसकी सफलता देश के लिए एक मानक होगी। अगर समय से कुपोषित महिलाओं, बच्चों को उनका पोषाहार उपलब्ध हो जाए और वह उसका सेवन करने लगें तो इसका सामुदायिक स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। इससे प्रदेश में मातृ और शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करने में बहुत मदद मिलेगी। सीएम योगी ने महिला स्वयं सहायता समूहों को कई उदाहरण दिए। उन्होंने कहा कि गौ आधारित खेती के लिए भी हम कार्यक्रम बना सकते हैं।

महिला स्वयं सेवी समूह का एफपीओ के साथ भी गठन किया जा सकता है। इस बार दीपावली के अवसर पर गाय के गोबर से लोगों ने दीपक बनाए। बहुत जगहों पर महिला स्वयं सेवी समूह ने मिट्टी के दीपक बनाए। दीपावली में अच्छी बिक्री हुई। अगर गांव-गांव में और नगर-नगर में इस प्रकार का कार्य होने लग जाएं तो दीपावली के अवसर पर झालर, दीपक

(शेष पेज 9)

## सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट, चारों आरोपियों पर हत्या, गैंगरेप का मामला

हाथरस कांड



**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश में हाथरस जिले के एक गांव में 19 वर्षीय एक दलित युवती से कथित सामूहिक बलात्कार एवं उसकी हत्या के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को चार आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि करीब चार महीनों की अपनी जांच के बाद केंद्रीय एजेंसी ने अपनी अंतिम रिपोर्ट में यह कहा है कि आरोपियों-- संदीप, लवकुश, रवि और रामू --ने युवती से उस वक्त कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया था, जब वह चारा एकत्र करने के लिए खेतों में गई थी। सीबीआई ने हाथरस की अदालत में सौंपे गए जांच के निष्कर्ष में गांव के चारों आरोपियों पर बलात्कार, हत्या और सामूहिक बलात्कार से संबद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराएं लगाई हैं। साथ ही, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति (प्रताड़ना रोकथाम) अधिनियम के तहत भी उन्हें आरोपित किया है। उपरोक्त आरोपों में अधिकतम सजा के तौर पर मृत्युदंड का प्रावधान है। जांच एजेंसी ने आरोपपत्र में अपने निष्कर्ष के लिए युवती के मृत्यु पूर्व बयान को आधार बनाया है, जिसमें पीड़िता ने आरोपियों का नाम लिया था, जैसा कि समझा जाता है।

इसके अलावा जांच एजेंसी ने एकत्र किए गए वैज्ञानिक एवं फोरेंसिक साक्ष्यों तथा गवाहों और पीड़िता के परिवार के सदस्यों के दर्ज किए गए बयान को भी अपने निष्कर्ष के लिए आधार बनाया। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने दावा किया था कि फोरेंसिक जांच में बलात्कार का कोई साक्ष्य नहीं पाया गया। उत्तर प्रदेश के

(शेष पेज 9)

## नौकरी और घर देने जैसी कोई मांग स्वीकार नहीं की गई: राज्य सरकार

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाथरस** मामले की पीड़िता के परिवार के किसी भी सदस्य को नौकरी अथवा मकान देने जैसी कोई मांग राज्य सरकार ने मंजूर नहीं किया है। बीते 16 दिसंबर को हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ के समक्ष इस मामले की हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील ने इस आशय की जानकारी दी थी। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान पीड़िता के परिवार की वकील ने कहा था कि हाथरस के डीएम ने लिखित आश्वासन दिया था कि मुख्यमंत्री के साथ परिवार की वीडियो कॉंफ्रेंसिंग पर हुई वार्ता के आधार पर उनकी सभी मांगें मान ली गई हैं। बावजूद इसके मुआवजे के अतिरिक्त उनकी किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है। इस पर राज्य सरकार के वरिष्ठ वकील ने उत्तर दिया कि उन्हें प्राप्त निर्देशों में बताया गया है कि नौकरी अथवा मकान जैसी किसी भी मांग को स्वीकार नहीं किया गया है। हालांकि उन्होंने कहा कि डीएम के लिखित आश्वासन के बावत वह पुन: निर्देश प्राप्त कर अवगत कराएंगे। जस्टिस पंकज मित्तल एंव जस्टिस राजन रॉय की पीठ ने इस पर उन्हें अगली सुनवाई के रोज इस सम्बंध में स्पष्ट निर्देश प्राप्त करने का आदेश दिया।

कोविड-19 पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

## आम लोगों की सीमा से बाहर कोरोना का इलाज

● निजी अस्पतालों की फीस की सीमा निर्धारित करने का राज्य सरकारों को सुझाव

● दिशानिर्देशों पर अमल में कोताही से जंगल की आग तरह फैली महामारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड**-19 महामारी की तुलना विश्वयुद्ध से करते हुये सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि इस पर काबू पाने के लिये दिशा निर्देशों और निर्धारित प्रक्रिया पर अमल करने में प्राधिकारियों की कोताही के कारण यह जंगल की आग की तरह फैल गया है। न्यायालय ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कोरोना वायरस का इलाज का खर्च आम जनता की सीमा से बाहर है।

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकारों और स्थानीय प्रशासन द्वारा ज्यादा से ज्यादा प्रावधान करने या निजी अस्पतालों द्वारा लिये जा रहे शुल्क की सीमा निर्धारित करने का सुझाव दिया है। न्यायालय ने कहा कि राज्यों को बहुत ही सतर्कता के साथ काम करना होगा और उन्हें केन्द्र के साथ परस्पर सद्भाव के साथ काम करना चाहिए और दूसरी बातों की बजाये उनकी पहली प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा तथा स्वास्थ्य होना चाहिए। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने कहा कि दिशा निर्देशों और निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 'कठोर और सख्त कार्रवाई' की जानी चाहिए क्योंकि उन्हें दूसरों के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

पीठ ने स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक अधिकार इंगित करते हुये कहा कि इसमें वहन करने योग्य उपचार भी शामिल है। पीठ ने कहा कि इलाज बहुत मंहगा हो गया है और यह आम आदमी के वहन करने की सीमा में नहीं है। पीठ ने कहा कि अगर कोई कोविड-19 के संक्रमण को हरा देता है तो भी वह इसके मंहगे इलाज की वजह से आर्थिक रूप से टूट जाता है।

इसलिए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन को ज्यादा से ज्यादा प्रावधान करने होंगे या फिर निजी अस्पतालों द्वारा लिये जाने वाले शुल्क की अधिकतम सीमा निर्धारित की जाये। आपदा प्रबंधन कानून के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों से ऐसा किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि इस अप्रत्याशित स्तर की महामारी से दुनिया में हर व्यक्ति किसी न किसी तरह से ग्रस्त है। यह कोविड-19 के खिलाफ विश्व युद्ध है। इसलिए कोविड-19 के खिलाफ विश्व युद्ध टालने के लिये सरकार और जनता की साझेदारी करनी होगी। पीठ ने पिछले आठ महीने से कोविड-19 महामारी का मुकाबला कर रहे चिकित्सकों और नर्सों सहित पहली कतार के स्वास्यकर्मियों की स्थिति का भी जिक्र किया और कहा कि वे लगातार काम

(शेष पेज 9)

## जल्द शुरू होगी कांग्रेस अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया

● सोनिया गांधी ने बुलाई वरिष्ठों की बैठक, नाराज नेताओं का पक्ष भी सुनेंगी

● राहुल गांधी फिर संभाल सकते हैं सबसे पुरानी पार्टी की कमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** में जल्द ही नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। ऐसे संकेत मिले हैं कि राहुल गांधी फिर इस सबसे पुरानी पार्टी की कमान अपने हाथ में ले सकते हैं।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के अधिकांश सदस्य चाहते हैं कि राहुल को ही फिर से पूर्णकालिक अध्यक्ष चुना जाए। नए अध्यक्ष का चुनाव करने के लिए कांग्रेस आगामी जनवरी में एआईसीसी सत्र बुला सकती है। पार्टी ने राज्यों में शीर्ष पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों का चुनाव करने के लिए भी ब्लॉक और जिला स्तर के नेताओं से सलाह मांगी है। एआईसीसी के मुख्य प्रवक्ता और पार्टी के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही नए पार्टी अध्यक्ष का चुनाव करने की प्रक्रिया शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के 99.9 प्रतिशत नेता और कार्यकर्ता, जिनमें वह खुद भी शामिल हैं, सभी चाहते हैं कि राहुल गांधी कांग्रेस के अगले अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालें।

पत्रकारों से बात करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस के इलेक्टोरल कॉलेज, एआईसीसी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सदस्य ही यह तय करेंगे कि अध्यक्ष पद के लिए कौन सबसे उपयुक्त नेता हैं। राहुल गांधी ने इस सप्ताह के शुरू में पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के दौरान फिर अपना रुख दोहराया कि वह कांग्रेस के अध्यक्ष बनने के इच्छुक नहीं हैं। सोनिया गांधी ने भी अंतरिम कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर काम जारी रखने पर अनिच्छा जाहिर की है। साथ ही उन्होंने पार्टी को नए पूर्णकालिक अध्यक्ष

(शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,960 | ↑ 70 | |
| निफ्टी | 13,760 | ↑ 19 | |
| सोना | 49,644 | ↓ 21 | /10g |
| चांदी | 66,784 | ↓ 259 | /kg |

### क्विक न्यूज

**राज्यसभा के दस नव निर्वाचित सदस्यों को नोटिस जारी**

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ ने राज्यसभा के दस नव निर्वाचित सदस्यों को शुक्रवार को नोटिस जारी किए। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने वाराणसी के व्यापारी प्रकाश बजाज की ओर से दाखिल चुनाव याचिका पर पहली सुनवाई के बाद पारित किया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 25 जनवरी को तय की। याचिका में दो नवंबर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए राज्यसभा के दस सदस्यों के निर्वाचन को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि उसने स्वयं इन चुनावो के लिए नामांकन दाखिल किया था लेकिन उनके नामांकन पत्र को निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया था। याचिकाकर्ता का कहना है कि नामांकन पत्र निरस्त करने का कारण शपथ पत्र व फॉर्म मे त्रुटि बताया गया था।

## भगवान श्रीराम के तिलकोत्सव पर जमकर झूमी अयोध्या

● भव्य रूप से मनाया गया समारोह आज निकलेगी प्रभु श्री राम की बारात

**संवाददाता।** अयोध्या

**वैष्णो** नगरी अयोध्या वैश्विक महामारी कोरोना काल में भी हर्षोल्लास में डूब गई है। प्रभु सीताराम जी का भव्य तिलक उत्सव अयोध्या के सभी मंदिरों में मनाया गयां और देश के कोने कोने से श्रद्धालु अपने आराध्य प्रभु श्री राम माता जानकी का विवाह देखने के लिए आ गए है।

अन्य विवाहोत्सव की अपेक्षा इस बार के विवाह महोत्सव में श्रद्धालु तो कम है लेकिन उत्साह और हर्षोल्लास कई गुना बढ़ गया है क्योंकि हम सब के आराध्य प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण प्रारंभ हो गया है। किशोरी जी को अपनी पुत्री के रूप में मांगने वाले जानकी महल ट्रस्ट के श्रद्धालुओं में विवाह का उमंग देखते ही बनता हैए अपने आराध्य प्रभु श्री राम का तिक्कोत्सव देखने के लिए सुबह से ही माताएं बहने तैयारी शुरू कर दी है, मंगल गीत के साथ.साथ हाथों में मेहंदी रचा कर के सज धज कर प्रभु श्री राम और माता जानकी के प्रथम मधुर मिलन की लीला देखने के लिए तैयार हो रही थी और गाजे बाजे के साथ प्रभु श्री राम का तिलक उत्सव मनाया गया जिसमें देश के कोने.कोने से आए श्रद्धालु हर्षित होकर माता जानकी और प्रभु श्री राम के जयकारे लगाने लगे। कार्यक्रम के संयोजक आदित्य सुल्तानिया ने बताया कि कोविड19 का पालन करते हुए हमारे यहां प्रभु श्री राम का विवाह मिथिला और मारवाड़ी पद्धति से मनाया जाता हैए हम लोग किशोरी जी को पुत्री के रूप में मानते हैं इसलिए यह प्रभु राम की ससुराल है हमारे यहां देश के सभी कोने से श्रद्धालु आए हैं और विवाह उत्सव के विभिन्न आयोजनों को देखकर भावविभोर हो रहे है। 19 दिसंबर को भव्य बारात निकाली जाएगी रात में भगवान का विवाह संपन्न होगा।



भगवान के तिलक उत्सव में नाचते गाते लोग।

इस अवसर पर जानकी महल ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप सुलतानियां अरूण सुलतानियां, नरायण गणनेरीवाल, आशीष बेवानी मधु जिरीनया, प्रबंधक नरेश पोद्दार सहित मंदिर के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री राम लला के परकोटे रामकोट में स्थित रंग महल में भव्य विवाह उत्सव महंत रामशरण दास जी महाराज के संयोजन में चल रहा है।

पुजारी साकेत दास ने बताया कि मंदिर में विवाह उत्सव का कार्यक्रम और रामलीला अनवरत चल रही है आज भगवान का तिलक उत्सव मनाया गया और 19 तारीख को भव्य बारात निकाली जाएगी और सैकड़ों वर्ष पुरानी मंदिर परंपरा के अनुसार भव्य मंडप में ठाकुर जी का विवाह संपन्न होगा जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित होकर ठाकुर जी के विवाह का आनंद लेंगे और इस अवसर पर कोविड-19 का पूरा पालन किया जाएगा। हनुमान बाग लक्ष्मण किला विहुती भवन कनक भवन सहित अयोध्या के 10 मंदिरों से भव्य बारात निकाली जाएगी और राम वल्लभा कुंज वेदांती मंदिर मणिराम दास की छावनी सहित अयोध्या के सभी मंदिरों में ठाकुर जी का विवाह उत्सव 19 तारीख को संपन्न होगा।

## ममता जाएंगी सुप्रीम कोर्ट अफसरों को डेप्युटेशन पर भेजने से इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**केंद्र** सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच हाई वोल्टेज तनाव और गहरा सकता है। बंगला कैडर के तीन आईपीएस अधिकारियों को डेप्युटेशन पर दिल्ली बुलाने के केंद्र के निर्देश के खिलाफ ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने तीनों अधिकारियों को डेप्युटेशन पर दिल्ली भेजने से इनकार कर दिया है।

ममता सरकार ने आरोप लगाया है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने संघीय मानदंडों का उल्लंघन किया है, क्योंकि केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों को डेप्युटेशन पर भेजने से पहले संबंधित राज्य सरकार की अनुमति लेनी अनिवार्य है जो केंद्र ने नहीं ली है। गृह मंत्रालय ने तीनों आईपीएस अधिकारियों राजीव मिश्रा (एडीजी, दक्षिणी

(शेष पेज 9)

# आज वैक्सीनेशन की तैयारियों को परखेंगे योगी

## कोविड-19 के सम्बन्ध में अभी भी पूरी सतर्कता बरतनी आवश्यक, थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोविड**-19 के वैक्सीनेशन का काम शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल सम्पूर्ण वैक्सीनेशन प्रोसेस की गहन समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा है कि वैक्सीनेशन पर जिलास्तर पर कार्यवाही की जा रही है। शासन स्तर से सभी जिलों को वैक्सीन की प्रभावी कोल्ड चेन व्यवस्था तथा ट्रांसपोर्टेशन के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। वैक्सीनेटर्स के प्रशिक्षण की कार्यवाही भी प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोक भवन में अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के सम्बन्ध में अभी भी पूरी सतर्कता बरतनी आवश्यक है। थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। लोगों को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए। उन्हें सोशल डिस्टेन्सिंग तथा मास्क के अनिवार्य उपयोग के सम्बन्ध में प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखी जाए। टेस्टिंग का कार्य निर्धारित क्षमता के अनुरूप संचालित किया जाए। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग व सर्विलांस पर पूरा ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपदों में इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर सुचारु ढंग से कार्य करें। जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियमित रूप से प्रतिदिन सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में समीक्षा बैठक आहूत करें। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पूरी क्षमता से संचालित किए जाएं धान क्रय केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने धान क्रय केन्द्रों को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मण्डलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों द्वारा प्रत्येक जनपद में टीम गठित कर धान क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कराया जाए। यह टीम धान क्रय केन्द्रों की व्यवस्थाओं को परखने के साथ-साथ इस पर भी विशेष ध्यान देगी कि खरीद केन्द्रों पर केवल किसानों का ही धान क्रय किया जाए।

मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि गोआश्रय स्थलों का नियमित अनुश्रवण करते हुए इनकी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन करते हुए इन्हें डेयरी परियोजनाओं से जोड़ा जाए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शुक्रवार को बिहार के राज्यपाल फागू चौहान ने शिष्टाचार भेंट की

## कारागार व अग्निशमन विभाग की भर्ती परीक्षा में मानकों का पालन होः योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारागार विभाग तथा अग्निशमन विभाग के विभिन्न पदों के लिए, भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के लिए 4 लाख 8 हजार से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया है। उन्होंने परीक्षा की तैयारी मानकों के अनुरूप सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के आयोजन में कोविड 19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टेन्सिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। ज्ञातव्य है कि पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जेल वार्डर (महिला-पुरुष), आरक्षी घुड़सवार पुलिस एवं फायरमैन सीधी भर्ती 2016 की आफलाइन लिखित परीक्षा 19 दिसम्बर व 20 दिसम्बर को दो पालियों में प्रदेश के 10 जनपदों आगरा, प्रयागराज, बरेली, गोरखपुर, लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर नगर तथा वाराणसी के कुल 335 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसमें 4,08,916 अभ्यर्थियों द्वारा भाग लिया जाएगा।

## चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन किसान दिवस के रूप में मनाएगी सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी 23 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का 118वां जन्मदिवस किसान दिवस के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर पार्टी के सभी जिला कार्यालयों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित कर उनके योगदान पर चर्चा के साथ उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया जाएगा। यह जानकारी सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने दी।

## सूबे में नए खुलने वाले 66 अग्निशमन केन्द्रों के लिए 1716 नए पद सृजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति को न्यूनतम कर उस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए, प्रदेश में नए अग्निशमन केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस सम्बन्ध में की गयी घोषणाओं का शत प्रतिशत अनुपालन किया गया है।

अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अग्निशमन केन्द्रों की स्थापना के लिए कुल 66 घोषणाएं की गयी थीं, जिसके सापेक्ष समस्त 66 अग्निशमन केन्द्रों की स्थापना के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इन सभी 66 अग्निशमन केन्द्रों के लिए आवश्यक पदों का भी सृजन किया जा चुका है। अवस्थी ने बताया कि शासन द्वारा प्रत्येक अग्निशमन केन्द्र हेतु 26 पदों के अनुपात से इन सभी 66 अग्निशमन केन्द्रों के लिए कुल 1716 नए पद सृजित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह अग्निशमन केन्द्र क्रमशः गोरखपुर, मऊ, बांदा, रामपुर, कानपुर नगर, गोण्डा, उन्नाव, कुशीनगर, बदायूं, आगरा, सुलतानपुर, जौनपुर, देवरिया, बहराईच, संतकबीरनगर, वाराणसी, चित्रकूट, हरदोई, रायबरेली, इटावा, सोनभद्र, बुलन्दशहर, चंदौली, मुजफ्फरनगर, महोबा, गाजीपुर, सीतापुर, मिर्जापुर, एटा, प्रयागराज, औरैया, हाथरस, बलिया, महाराजगंज, कौशाम्बी, झांसी, बलरामपुर, अमरोहा, सिद्धार्थनगर जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में खोले जा रहे है।

प्रदेश में अब तक कुल स्वीकृत एवं प्रचलित 101 अग्निशमन केन्द्रों के निर्माण कार्यों की प्रगति का विवरण देते हुए अपर मुख्य सचिव गृह ने यह भी बताया कि इनमें से 11 अग्निशमन केन्द्रों पर 75 प्रतिशत से ज्यादा, 11 अग्निशमन केन्द्रों पर 50 से 74 प्रतिशत तक, 30 अग्निशमन केन्द्रों पर 25 से 49 प्रतिशत तक तथा 49 अग्निशमन केन्द्रों पर 25 प्रतिशत के भीतर कार्य सम्पन्न हो चुका है। इन निर्माण कार्यों की प्रगति में और अधिक तेजी लाए जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को प्रदान किए गए हैं।

# सबका साथ, सबका विकास ही हमारी सरकार का उद्देश्यः नंदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर शैक्षिक ऋण, टर्मलोन, मुस्लिम मुसाफिरखाना, लखनऊ के वेब पोर्टल का शुभारम्भ

**अल्पसंख्यक** कल्याण, मुस्लिम वक्फ मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं राज्यमंत्री मोहसिन रजा ने शुक्रवार को योजना भवन में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड की टर्म लोन व शैक्षिक ऋण योजना एवं मुस्लिम मुसाफिर खाना लखनऊ के वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया।

अल्पसंख्यक कैबिनेट मंत्री नंदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन अल्पसंख्यक समुदाय के लिए उनके अधिकार की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नारा बुलंद किया कि जब भी वह किसी मंच पर होते हैं तो इस देश के 130 करोड़ लोगों की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास सिर्फनारा ही नहीं है बल्कि यह हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में रहने वाले 24 करोड़ लोगों के लिए सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर समुदाय और हर वर्ग के लोगों को बिना किसी पक्षपात के बेहद पारदर्शी ढंग से मिले इसके प्रयास किए जाते हैं। प्रदेश के अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक सरकार का लाभ मिले इसके लिए हमेशा कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ पात्रों पारदर्शिता के साथ मिले इसके लिए लगातार विभाग के अधिकारी कार्य कर रहे हैं। सरकार मुसाफिरखाने पर कार्य कर रही है। मुसाफिरखाना जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ था, उसके विकास को लेकर लगभग एक करोड़ 30 लाख रुपए खर्च करके उसको नया स्वरूप दिया गया है। घर बैठे अपने मोबाइल से, पोर्टल पर आप उसकी बुकिंग कर सकते हैं और उसको और अधिक सुविधाओं से लैस करने के लिए हमारे अधिकारीगण लगे हुए हैं। घर बैठे आप अपना रूम भी बुक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के भाइ बहन को मुसाफिरखाना का फायदा मिल सके इसके लिए वेबसाइट का नवीनीकरण कर लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा अल्पसंख्यक कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं योजनाओं के लिए भी पोर्टल बने, जिससे कि योजनाओं की प्रगति देखी जा सके। उन्होंने विगत सरकारों से किसी लाभार्थी को कोई लाभ नहीं मिल रहा था हमारी सरकार के प्रयास से आज अल्पसंख्यक कल्याण के लोगों को लाभ मिल रहा है। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर राज्य मंत्री मोहसिन रज़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की नीति पर कार्य करती है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जो संकल्प आत्मनिर्भर भारत बनाने का है। उसको लेकर हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव बीएल मीणा, विशेष सचिव जेपी सिंह, संयुक्त निदेशक आरपी सिंह, राहुल गुप्ता के अलावा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवं लाभार्थीगण मौजूद थे।

## मेरी सरकार की परियोजना को अपना बता रही भाजपा



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को योगी सरकार पर जमकर हमला बोला है। मायावती ने आरोप लगाया कि जो परियोजना उनके द्वारा शुरू की गई थी, अब भाजपा सरकार उन्हें अपना बताकर जनता के सामने पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि यूपी में खासकर गंगा एक्सप्रेस-वे हो या विकास के अन्य प्रोजेक्ट अथवा जेवर में बनने वाला नया एयरपोर्ट, पूरे जग जाहिर तौर पर ये सभी बीएसपी की मेरी सरकार में ही तैयार किए गए, विकास के वे प्रख्यात माडल हैं। जिसको लेकर पहले सपा व अब वर्तमान बीजेपी सरकार अपनी पीठ आप थपथपाती रहती है। शुक्रवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि मेट्रो एवं अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, कन्नौज सहित यूपी के प्रचीन व प्रमुख शहरों में बुनियादी जनसुविधाओं की नई स्कीमें व इनको रिकार्ड समय में पूरा करने का काम भी बीएसपी का ही विकास माडल है। जो कानून द्वारा कानून के राज के साथ प्राथमिकता में रहा, जिससे सर्वसमाज को लाभ मिला। उन्होंने तीसरे ट्वीट में आरोप लगाया कि इस प्रकार मेरी सरकार के सन् 2012 में जाने के बाद यूपी में जो कुछ भी थोड़ा विकास संभव हुआ है वे अधिकांश बीएसपी की सोच के ही फल हैं।





विधान भवन के तिलक हाल में विधान परिषद के नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएम योगी भी मौजूद रहे

## मकर संक्रांति से सम्पर्क अभियान चलाएगी विहिपः चंपत राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**श्रीराम** जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग को लेकर कहा कि वीएचपी देश भर में 12 करोड़ परिवारों तक पहुंचने का सम्पर्क अभियान चलाएगी। यह अभियान 14 जनवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान किसी से भी दान नहीं मांगा जाएगा। वे स्वेच्छा से जो देंगे, वही मंदिर निर्माण के कार्य में उपयोग किया जाएगा। चंपत राय शुक्रवार को राजधानी में मीडिया से मुखातिब थे।

एक निजी होटल में मीडिया से मुलाकात के दौरान चंपत राय ने मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग से लेकर इसके निर्माण की स्थिति और प्रारूप के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए वालंटरी कंट्रीब्यूशन होगा। इसके लिए कूपन भी छपवाए गए हैं। यह कूपन 10 रुपये से लेकर 100 रुपये और एक हजार रुपये के हैं। यह पैसा सीधे मन्दिर निर्माण को लेकर तीन बैंकों में खोले गए कलेक्शन एकाउंट में जमा होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए देश भर में समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई है। हमारी कोशिश 5 लाख से अधिक गांवों में पहुंचने की होगी। इसके लिए 2 से 3 कार्यकर्ताओं की टोलियां भ्रमण करेंगी। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए प्राप्त पैसा का प्रत्येक जिले में इंडिपेंडेंट ऑडिट भी कराया जाएगा। चंपत राय ने बताया कि 100 रुपये के कूपन 8 करोड़ से ऊपर, 10 रुपये के कूपन 4 करोड़ से ऊपर और 1000 के कूपन 15 लाख से ऊपर छपे है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कूपन पर मंदिर का चित्र छपा है। कोशिश होगी कि कूपन हर घर में पहुंचे। चम्पत राय ने कहा कि मंदिर निर्माण में कंट्रीब्यूशन के लिए हम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री, लोकसभा स्पीकर सहित सभी बड़े नेताओं के पास जाएंगे। अन्य प्रांतों में हमारे कार्यकर्ता मुख्यमंत्री व राज्यपाल से मिलेंगे। विदेशी सहयोग के मसले पर उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमों को पालन किया जाएगा। स्वेच्छा से सहयोग के मसले पर उन्होंने बताया कि सीएम योगी ने 11 लाख रुपये का चेक पर्सनल एकाउंट से मार्च में दिया है। इसी तरह मुरारी बापू के समर्थक, किशोर कुमार जैसे लोगों ने चेक सौंपे हैं। शिवसेना की तरफ से भी एक करोड़ रुपये का चेक मिला है। अब तक 80 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन हो चुका है। वहीं पीएम के भूमिपूजन करने के बाद मंदिर के निर्माण को गति मिली है। पहले हमने इसे बहुत छोटा सोचा था, लेकिन कोर्ट की ओर से 70 एकड़ जमीन मिलने के बाद इसे बढ़ाया गया है।

**सूचना**

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि. लखनऊ के निर्देशानुसार, एल.आई.सी. एच.एफ.एल. एरिया आफिस शाहनजफ रोड, लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं.–422/एनेक्जर–ई, एल.आई.सी.एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि मो. जमील द्वारा हरिमोहन अग्रवाल एवं निमला देवी अग्रवाल के पक्ष में एक किता भूखण्ड सं.–16बी, खसरा सं.–511 का मि., पैमाईशी रकबा 102.230 वर्गमीटर, स्थित ग्राम–मड़ियांव, वार्ड जानकीपुरम, लखनऊ को दिनांक 25.07.2011 को विक्रय किया है, जिसका दस्तावेज सं.–9142, उपनिबंधक कार्यालय–चतुर्थ, लखनऊ, पर पंजीकृत है। एवं मो. जमील द्वारा निमला देवी अग्रवाल के पक्ष में एक किता भूखण्ड जोकि खसरा सं.–511 का मि., पैमाईशी रकबा 37.174 वर्गमीटर, स्थित ग्राम–मड़ियांव, वार्ड– जानकीपुरम, लखनऊ को दिनांक 25.07.2011 को विक्रय किया है, जिसका दस्तावेज सं.–9141, उपनिबंधक कार्यालय–चतुर्थ, लखनऊ, पर पंजीकृत है। उपरोक्त दोनों मूल बयनामे की प्रति कही खो गई है, उपरोक्त मूल बयनामे किसी व्यक्ति, बैंक, या वित्तीय संस्थान में बंधक है, तो उसकी सूचना एल.आई.सी. एच.एफ.एल, एरिया आफिस–मेन, लखनऊ एवं अनूप कुमार सिंह एडवोकेट, मो.नं.–9455032691, 9554472272 को तत्काल दिया जायेउक्त सम्पत्ति के बाबत कोई भी वाद, दावा 15 दिन के अन्दर पेश नहीं की जाती है तो, उपरोक्त सम्पत्ति पाक, साफ समझी जायेगी, इसके उपरान्त अगर कोई दावा, वाद पेश की जाती है तो, वह निराधार व शून्य माना जायेगा।

## हाईकोर्ट ने नवनियुक्त राज्य सभा सदस्यों को नोटिस जारी किया

विधि संवाददाता। लखनऊ

**अभी हाल** ही में नवनिर्वाचित 10 राज्य सभा सदस्यों को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने नोटिस जारी किया है। जस्टिस जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश बनारस के एक व्यापारी प्रकाश बजाज की ओर से दाखिल चुनावी याचिका पर दिया है। याचिका में बीते दो नवंबर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए 10 राज्य सभा सदस्यों के निर्वाचन को चुनौती दी गई है। पीठ ने सभी सदस्यों को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई 25 जनवरी को नियत की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि उसने भी इन चुनावों के लिए नामांकन किया था। लेकिन निर्वाचन अधिकारी द्वारा शपथ पत्र व फार्म में त्रुटि बताते हुए उनके नामांकन पत्र को निरस्त कर दिया गया था। याचिका में कहा गया है कि उनका नामांकन गलत आधार पर मनमाने तरीके से निरस्त किया गया है। क्योंकि अन्य सभी के फॉर्म में भी समान त्रुटियां थीं। लेकिन डबल स्टैण्डर्ड अपनाते हुए चुनाव अधिकारी ने मनमाने तरीके से सिर्फ उनका नामांकन पत्र खारिज किया।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा नाम शादी से पहले राधा सिंह था, शादी के बाद मैंने अपना नाम राधा रस्तोगी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। राधा रस्तोगी पत्नी सन्तोष कुमार रस्तोगी, निवासी – म0नं0 538क/1476, त्रिवेदी नगर–2, सीतापुर रोड, लखनऊ।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र जीतेंद्र कुमार सोनकर उसकी पत्नी ज्योति उर्फ प्रीति से उनके चाल–चलन ठीक ना होने के कारण अपने सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किए गए कार्यो से मेरा कोई लेना देना नहीं है। अपने कार्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। सुशील कुमार सोनकर पुत्र स्व0 बाबू लाल, निवासी – 1/58–ए, नवाबगंज, कानपुर।

**आवश्यकता**

किरनलता सिंह महाविद्यालय कौंहर, असोथर फतेहपुर (कॉलेज कोड 02044) सम्बद्ध–प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) विश्वविद्यालय प्रयागराज (उ0प्र0) में प्राचार्य–योग्यता-55%, पीएचडी/डी.फिल, अनुभव-महाविद्यालय में 15 वर्ष का शिक्षण अनुभव सहायक आचार्य – विषय–हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान, समाज शास्त्र, इतिहास, भूगोल, संस्कृत व ड्राइंग एंड पेंटिंग, योग्यता संबंधित विषय में परास्नातक 55% व Net / SLET / P.HD. वेतनमान – यू0जी0सी0 के मानकानुसार, नोट–इच्छुक अभ्यर्थी अपनी 04 फोटो, समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों सहित 15 दिनो के अन्दर महाविद्यालय के हेड आफिस 371 हस्तिगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) में सीधे जमा करें या पंजीकृत डाक से भेजें। प्रबन्धक–सर्वेश कुमार सिंह, मो0–9515032705, 9838327225

# लोकतंत्र की मूलभावना पर कुठाराघात कर रही भाजपा सरकारः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की मूलभावना पर कुठाराघात करने की साजिशों में लगी है। चूंकि विपक्ष सरकारी कुनीतियों के विरोध में खड़ा है उससे वह डर गई है। एक एक कर वह संवैधानिक संस्थानों को निष्क्रिय बनाने और उनसे सम्बद्ध जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने का काम कर रही है। जनता भाजपा की इस जनविरोधी और संविधान विरोधी आचरण को भली प्रकार पहचान रही है और वह समय आने पर इसका करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 25 दिसम्बर 2020 को समाप्त हो रहा है जबकि जिला पंचायतों का 15 जनवरी 2020 को समाप्त हो रहा है। भाजपा सरकार समय पर चुनाव न कराकर इनमें सरकारी प्रशासक नियुक्त करना चाहती है। यह जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार इसी तरह कोरोना का बहाना बनाकर लोकसभा का शीतकालीन सत्र टालकर किसानों और विपक्ष का सामना करने से बच रही है। संसद में बहस रोक कर भाजपा वस्तुतः असहमति के स्वर का दमन करना चाहती है। भाजपा विपक्ष और विरोध के खिलाफ बड़ा षड्यंत्र कर रही है। भाजपा का यह दोहरा चरित्र इस बात से उजागर है कि जब कोरोना के संक्रमण काल में मध्य प्रदेश में सरकार बन सकती है, बिहार में विधानसभा का चुनाव हो सकता है, पश्चिम बंगाल में भाजपा नेताओं की बड़ी बड़ी रैलियां हो सकती हैं और मुख्यमंत्री जी काशी, अयोध्या में दीपोत्सव में शामिल हो सकते हैं तो फिर पंचायत चुनाव और संसद के शीतकालीन सत्र के स्थगन का क्या औचित्य है।

# हाथरस कांड में आरोप पत्र दाखिल होते ही विपक्ष हुआ सरकार पर हमलावर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हाथरस** में 19 वर्षीय दलित लड़की से कथित सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ सीबीआई द्वारा शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल करने के बाद उत्तर प्रदेश का सियासी तापमान फिर से बढ़ गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत अन्य विपक्षी दलों ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर हमला तेज कर दिया है।

आरोप पत्र दाखिल किए जाने के कुछ ही घंटे बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्वीट किया, हाथरस कांड में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी जनता, विपक्ष और सच्चे मीडिया के दबाव से सीबीआई जांच बिठानी पड़ी। अब पीड़िता के अंतिम बयान के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। भाजपा सरकार से लड़े बिना कुछ भी नहीं मिलता, न इंसाफ और न ही हक।

कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने कहा है कि इस घटनाक्रम से उत्तर प्रदेश की आदित्यनाथ सरकार, यूपी पुलिस, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर, हाथरस के जिला मजिस्ट्रेट और राज्य प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा उर्फ मोना ने कहा कि हाथरस कांड में सीबीआई के आरोप पत्र ने उत्तर प्रदेश सरकार के कथन को झूठा साबित कर दिया है और सच छिपाने की सरकार की साजिश को नाकाम कर दिया है। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में मिश्रा ने संवाददाताओं से कहा, अब यह साबित हो गया है कि हाथरस की बिटिया के साथ बर्बरतापूर्वक बलात्कार किया गया, उसे यातनाएं दी गईं और उसे मारा गया। हर स्तर पर हर मुमकिन कोशिश की गई कि हत्यारे बच जाएं, परन्तु न्याय के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी के संघर्ष ने सच सामने ला दिया।

उन्होंने कहा कि इस मामले में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जाना चाहिए। मिश्रा ने आरोप लगाया, उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए उस जिलाधिकारी को रोके रखा जिसने सच्चाई को दफन करने में अहम भूमिका निभाई थी। भाकपा (माले) की प्रदेश इकाई के सचिव सुधाकर यादव ने एक बयान जारी कर राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हाथरस कांड में ऊंची जाति के जिन आरोपियों को बचाने के लिए राज्य सरकार ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था, उन सभी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं। इससे सरकार को झटका लगा है।

**कार्यालय-मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संतकबीरनगर**

**ई-निविदा प्रकाशन सूचना**

राज्य वित्त आयोग से प्राप्त बजट से कोविड–19 एल–2 चिकित्सालय ०एम०सी०एच० विंग में 10 वेन्टिलेटर की स्थापना एवं जिला स्वास्थ्य समिति संत कबीर नगर राष्ट्रीय के अन्तर्गत जे०एस०एस०के० कार्यक्रम भोजन एवं नाश्ते की आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई–निविदा प्रकाशित की जाती है। इच्छुक निविदादाता निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें।

| कोविड–19 एल–2 चिकित्सालय एम०सी०एच० विंग में 10 वेन्टिलेटर की स्थापना हेतु निविदा प्रकाशन का विवरण | |
|---|---|
| ई–निविदा पोर्टल पर प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 17.12.2020 सायं 06.00 बजे से |
| ई–निविदा पोर्टल पर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.12.2020 सायं 06.00 बजे से |
| ई–निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने की तिथि | 24.12.2020 दोपहर 01.00 बजे से |
| जे०एस०एस०के० कार्यक्रम भोजन एवं नाश्ते की आपूर्ति हेतु निविदा प्रकाशन का विवरण | |
| ई–निविदा पोर्टल पर प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 17.12.2020 सायं 05.00 बजे से |
| ई–निविदा पोर्टल पर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 05.01.2021 सायं 05.00 बजे से |
| ई–निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने की तिथि | 06.01.2021 दोपहर 01.00 बजे से |

पत्रांक–ई–निविदा/प्रकाशन/2020–21/8617 दिनांक–17, दिसम्बर, 2020

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
संतकबीरनगर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# नौकरी देने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाला धरा गया

## खुद को इंश्योरेंस कंपनी का रीजनल मैनेजर बताकर बेरोजगारों को अपने जाल में फंसाता था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने लखनऊ के एचएएल क्षेत्र से एक जालसाज को गिरफ्तार किया है जो खुद को इंश्योरेंस कंपनी का रीजनल मैनेजर बताकर नौकरी देने के नाम पर बेरोजगारों से ऑनलाइन ठगी कर रहा था। एसटीएफको विगत काफी समय से विभिन्न इंश्योरेंस कम्पनियों के अधिकारियों-कर्मचारियों व बेरोजगार युवक युवतियों का लिंक्डइन व फेसबुक से डेटा प्राप्त कर प्राप्त कर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंटरव्यू कराने का झांसा देकर, आनलाइन ठगी करने वाले गिरोहों के सक्रिय होने की सचूनाएं प्राप्त हो रही थीं। थाना साइबर क्राइम जनपद लखनऊ में कोटक जनरल इंश्योरेंस कम्पनी द्वारा, कोटेक जनरल इंश्योरेंश कम्पनी का रीजनल मैनेजर बनकर नौकरी देने का झांसा देकर ठगी करने वाले व्यक्ति अमित श्रीवास्तव के विरूद्व मुकदमा दर्ज कराए जाने की जानकारी भी प्रकाश में आई। एसटीएफ और साइबर क्राइम की टीम ने एचएएल चौराहा से अमित श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में अमित श्रीवास्तव ने बताया कि मैंने वर्ष 2005 मे एमबीए करने के बाद आईडीबीआई बैंक कानपुर में सेल्स एग्जिक्यूटिव के पद पर मैनेजर बनकर ज्वाइन किया। वर्ष 2006 मे आईडीबीआई बैंक सेल्स एग्जिक्यूटिव की नौकरी छोडकर आईसीआईसीआई पुडेंसियल लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी की उरई, जनपद जालौन ब्रांच में यूनिट मैनेजर के पद पर ज्वाइन किया। यहां से वर्ष 2007 में रिजाइन कर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कम्पनी हरिद्वार ब्रांच में सेल्स मैनेजर के पद पर ज्वाइन किया व वर्ष 2010 तक नौकरी की। वर्ष 2010 में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की देहरादून ब्रांच में सीनियर बीडीएम के पद पर ज्वाइन किया व वर्ष 2012 मे एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी की नौकरी छोड़कर पियरलेस जनरल फाइनेंस कम्पनी की कानपुर ब्रांच में ब्रांच मैनेजर के पद पर ज्वाइन किया व वर्ष 2015 में यहां से रिजाइन कर कानपुर में ही कोटक लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी की ब्रांच में सीनियर मैनेजिंग पार्टनर के पद पर ज्वाइन कर वर्ष 2017 तक काम किया । इसके पश्चात् वर्ष 2017 मे ही आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी कानपुर में ब्रांच मैनेजर के पद पर ज्वाइन किया।

उसने बताया कि मेरी कुछ गलत आदतों की वजह से मुझे 2018 मे कम्पनी से रिजाइन करना पड़ा । इसके बाद किसी कम्पनी में मेरा चयन न होने के कारण वर्ष 2019 से मैं लिंक्डइन व फेसबुक से विभिन्न इंश्योरेंस कम्पनियों के अधिकारियों कर्मचारियों व बेरोजगार युवक युवतियों का डेटा चोरी कर कोटक जनरल इंश्योरेंस व एचडीएफसी एर्गो कम्पनी का रीजनल मैनेजर बनकर , वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से इंटरव्यू कराने का झांसा देकर आनलाइन ठगी कर रहा हूं ।

यह भी बताया कि जब से करोना महामारी के कारण लाकडाउन व सोशल डिस्टेंसिंग प्रारम्भ हुआ है तब से कोविड 19 प्रोटोकाल बताकर पहले खुद टेलीफोनिक इंटरव्यू लेता हूं , फिर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से एचआर कोटक जनरल इंश्योरेंश से इंटरव्यू कराने की बात कह कर दो अलग-अलग बैंक खातों की चेक व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर यह बताता हूं कि यह वीडियो कान्फ्रेंसिंग कराने वाले वेंडर के बैंक खाते हैं । फिर उन बैंक खातों में रुपए जमा करा कर उनको वीडियो कान्फ्रेंसिंग के लिए समय बताकर विभिन्न शहरों में भेज् कर बताता हूं कि आपको कोटेक जनरल इंश्योरेंस से ईमेल आ जायेगा । आवेदक रुपया जमा करने के बाद वीडियो कान्फ्रेंसिंग के लिए मेरे द्वारा बताए गये पते पर इंटरव्यू के लिए पंहुचता है परन्तु उसको कोटेक जनरल इंश्योरेंस से ईमेल नहीं आता तो बताता हूं कि आपका वीडियो कान्फ्रेंसिंग आज नहीं होगा आपका रुपया डीडी के माध्यम से वापस कर दिया जा रहा है । फिर उसको दो तीन दिन बाद यह बताता हूं कि आपका वीडियो कान्फ्रेंसिंग का स्लाट मिल गया है आप फिर से उसी बैंक खाते मे रुपया जमा कर दो क्योंकि आपका पहले वाला रुपया आपको डीडी के माध्यम से वापस भेज दिया गया है। उसने बताया कि अब तक मैंने विभिन्न इंश्योरेंस कम्पनियों व बिस्टारा एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लगभग 120 लोगों से ठगी की है । उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त को थाना साइबर काइम लखनऊ में धारा 419-420 भादवि व 66 सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम कि दर्ज मुकदमे में जेल भेजा गया।

## लेसा में नौकरी लगवाने के नाम पर 18 लाख की ठगी

**लखनऊ।** बिजली विभाग में नियुक्ति कराने का झांसा देकर ठगों ने युवक से 18 लाख रुपये ऐंठ लिए। नौकरी नहीं मिलने पर रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने युवक को धमकाया। पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एलडीए कॉलोनी सेक्टर एल निवासी आनन्द सिंह एक निजी कम्पनी में काम करते हैं। ऑफिस में जानकीपुरम सेक्टर जी निवासी अमित सिंह आता था। बातचीत के दौरान अमित ने बिजली विभाग में गहरी पैठ होने का दावा करते हुए रुपये खर्च करने पर नौकरी लगवाने की बात कही थी। अमित के दावे पर भरोसा कर आनन्द ने उसे कई किस्तों में 18 लाख रुपये दिए थे। मगर लेसा में नौकरी नहीं लगी। शक होने पर आनन्द ने अमित से रुपये लौटाने को कहा। पहले तो आरोपी ने दो चेक दिए जो बाउंस हो गए। दोबारा से रुपये मांगने पर अमित ने धमकी देना शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में की थी। पुलिस के बुलाने पर अमित ने जल्द ही रुपये लौटाने की बात कही। फिर वायदे से मुकर गया। ठग की हरकतों से परेशान होकर आनन्द ने पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी। जिनके निर्देश पर जानकीपुरम थाने में अमित के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चिनहट में प्लास्टिक के गोदाम में लगी आग



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चिनहट** के मटियारी चौकी इलाके में शुक्रवार तड़के अचानक एक प्लास्टिक गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब जाकर आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे मटियारी स्थित एक प्लास्टिक गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंचने के साथ ही फायर ब्रिगेड टीम को घटना की जानकारी दी गई। करीब चार घंटे कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह गोदाम से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया तो पुलिस को घटना की जानकारी दी गई थी। हालांकि पुलिस टीम जब तक मौके पर पहुंची उससे पहले देखते ही देखते आग भड़क गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की करीब छह गाड़ियां बुलवानी पड़ी। साथ ही गोदाम संचालक राजधानी लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र निवासी अब्दुल कलाम को जानकारी दी गई। पुलिस की ओर से प्रथम दृष्ट्या आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि सिर्फ चिनहट इलाके में वर्षों से मानक को दरकिनार कर दर्जनों प्रतिष्ठान चलाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं आपातस्थिति से निपटने के लिए इंतजाम नाकाफी हैं तो वहीं जिम्मेदार विभाग के अधिकारी उदासीन रुख अख्तियार कर रहे हैं।

# कबाड़ी बनकर दिन में करते थे रेकी, रात में चोरी

## दो इनामिया बदमाश गिरफ्तार,नगदी व चोरी के सोने-चांदी के जेवरात बरामद



**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्जनपदीय गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों के कब्जे से लाखों की नगदी बेशकीमती सोने चांदी के जेवरात और घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद हुए हैं। आरोपी दिन में कबाड़ी बंद घरों रेकी करते थे। इसके बाद गिरोह के अन्य लोगों के साथ मिलकर चोरी और लूट की वारदात को अंजाम दे रहे थे।

डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन के मुताबिक पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देश पर स्थानीय पुलिस और सर्विलांस टीम को आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगाया गया था। गुरुवार देर रात आरोपियों की लोकेशन स्थानीय थाना इलाके के एसटीपी चौराहे के पास मिली तो पुलिस ने घेराबंदी कर दी। इस दौरान आरोपी पुलिस टीम को सामने देखकर भागने की कोशिश करने लगे तो उन्हें दौड़ाकर दबोच लिया गया। सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने गुनाह कबूल कर लिया है। आरोपियों की शिनाख्त महानगर रहीम नगर निवासी सनी उर्फ नवीन राजपूत व हजरतगंज के सिकंदर नगर तिलक मार्ग रोड निवासी शुभम सिंह के रूप में हुई है।

## अपहरण के बाद फिरौती की बात निकली झूठी, पांच गिरफ्तार

### नौकरी दिलवाने के नाम पर 14 लाख रुपए लेन देन का निकला विवाद

**लखनऊ।** राजधानी की कैसरबाग पुलिस ने तथाकथित अपहरण के बाद फिरौती के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस जांच में पता चला कि वन विभाग और सचिवालय में नौकरी दिलवाने के नाम पर 14 लाख रुपए का लेनदेन का विवाद था। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से छानबीन करने के दावे कर रही है।

डीसीपी मध्य ने बताया कि गत 14 दिसंबर को राजधानी लखनऊ के चिनहट लौलाई इलाके में रहने वाली एक महिला ने बेटे सोनू सिंह के अपहरण और फिरौती की मांग करने की जानकारी दी थी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्र के नेतृत्व में टीम गठित कर प्राथमिकता के आधार पर युवक को बरामद करने के प्रयास शुरू किए गए। इसमें बिजनौर पुलिस की मदद से राजधानी के कैसरबाग पुलिस ने कथित सिंगर सोनू सिंह को बिजनौर से सकुशल बरामद कर लिया गया। साथ ही जांच में पता चला कि सोनू सिंह और उसके पिता पप्पू लाल गौतम ने बिजनौर निवासी ओमवीर सिंह, अभिषेक कुमार और विशाल राही से वन विभाग व सचिवालय में नौकरी दिलवाने के नाम पर 14 लाख रुपए लेकर फरार हो गए थे। इसके बाद मोबाइल बंद कर हल्द्वानी से राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में रहने लगे थे। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि काफी छानबीन की गई लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिल पाया था। इसके बाद गूगल और फेसबुक की मदद से सोनू सिंह का नंबर कर संपर्क किया था।

## प्रॉपर्टी डीलर पर अज्ञात बदमाशों ने चलाई गोली

**लखनऊ।** विभूतिखंड थाना इलाके के राष्ट्रीय राजमार्ग अयोध्या हाईवे पर शुक्रवार देर शाम अज्ञात बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर पर हमला बोल दिया। इसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल प्रॉपर्टी डीलर को इलाज के लिए पास में स्थित चंदन अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालात खतरे से बाहर बताई जा रही है। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तौकीब खान कमता तिराहे के पास किराए के मकान में रहते हैं। साथ ही प्रॉपर्टी का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम करीब 8 बजे पॉलिटेक्निक चौराहे की ओर स्कॉर्पियो से जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन चालक ने ओवरटेक कर रोकने की कोशिश की। आरोप है कि इस दौरान बदमाशों ने फायर झोंक दिया। जिसमें उनके दाएं हाथ की दो उंगलियां जख्मी हो गई हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जख्मी तौकीब खान को पास में स्थित चंदन अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

## राजधानी में 258, सूबे में मिले कोरोना के 1440 नए मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी में** कोरोना वायरस के संक्रमण में शुक्रवार को वृद्धि दर्ज की गई है। शुक्रवार को राजधानी में कोरोना के 258 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1440 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 17955 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2901 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8154 मरीजों की और राजधानी में 1073 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,49,871 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,21,49,067 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1440 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 17,955 कोरोना के एक्टिव मामले में से 7,756 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 1796 लोग ईलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घंटे में 1584 तथा अब तक कुल 5,46,087 लोग कोविड 19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में कोविड 19 का रिकवरी प्रतिशत 95.44 है। प्रसाद ने बताया कि कोविड संक्रमण से मुक्त होने के बाद भी यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो वह प्रत्येक जिला अस्पताल में स्थापित पोस्ट कोविड केयर डेस्क से सम्पर्क करे।

### परीक्षण में दो नमूने फेल, इस्तेमाल पर लगी रोक

**लखनऊ।** एलर्जी के लिए सरकारी अस्पतालों में सप्लाई की जाने वाली सिरप के दो नमूने जांच में फेल पाए गए हैं। जिसके बाद इन सिरप के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। हरिद्वार की कंपनी ने लिवोसिट्रीजिन सिरप की आपूर्ति की। यह सिरप एजर्ली से पीड़ित बच्चों को दिया जाता है। कंपनी ने बैच एलवीएन 1903, 04, 05, 06 और 07 की आपूर्ति की गई। 10 दिसंबर को कारपोरेशन के गुणवत्ता नियंत्रण अनुभाग के अफसरों ने भौतिक परीक्षण किया। जिसे पांच बैच में दवा की शीशी पर लेवल ठीक नहीं मिले। लिहाजा इसे भी मिसब्रैंड घोषित कर दिया गया। दवा के वितरण पर रोक लगा दी गई। वही 29 मई को राजस्थान की कंपनी ने बच्चों को सर्दी खांसी समेत दूसरी बीमारी में दिए जाने वाले एंटीबायोटिक सिफलैक्सिन ड्रॉय सिरप की आपूर्ति की। भौतिक परीक्षण में बैच नम्बर सीएफएस 20016, 17, 19, 22, 23, 25, 27, 28, 29, 31, 32, 34, 35 व 36 लैबल आदि ठीक नहीं मिला।

# आधार लिंक न होने से डेढ़ लाख यूनिटों को जनवरी से नहीं मिलेगा राशन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### कई बार मौका दिए जाने के बावजूद इन उपभोक्ताओं ने दिखाई लापरवाही

**अगर** आपने अब तक अपने राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक नहीं कराया तो 31 दिसंबर के बाद राशन मिलना बंद हो जाएगा। मतलब कि जनवरी माह से सरकारी अनाज नहीं मिलेगा। बार बार निर्देशों के बाद भी राशन कार्ड और आधार लिंक न हो पाने पर शासन ने अब सख्त रुख अपनाया है। 31 दिसंबर तक राशन कार्ड को लिंक न कराने पर कार्ड खुद निरस्त कर दिया जाएगा। शासन से अंतिम निर्देश जारी होने के बाद विभाग ने लोगों से आधार कार्ड जमा कराने के लिए कहा है। राजधानी में करीब 26 लाख यूनिट हैं इसमें से डेढ़ लाख से अधिक यूनिट के आधार कार्ड अभी भी राशन कार्ड से लिंक नहीं हुए हैं।

जिले में अब तक 95 फीसद राशन कार्ड आधार से लिंक हो चुके हैं। पांच फीसद राशन कार्डों को आधार से लिंक कराने में विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसे लेकर अब शासन स्तर से भी सख्त निर्देश जारी कर समय सीमा तय कर दी गई है। शासन ने निर्देश दिए हैं कि 31 दिसंबर तक राशन कार्ड लिंक न कराने पर राशन कार्ड को निरस्त कर दिया जाए। ऐसे में विभाग ने सभी कार्ड धारकों को आधार लिंक कराने के लिए कहा है। एडीएम आपूर्ति आरडी पांडेय ने बताया कि कि राशन कार्डों को आधार से लिंक कराने के लिए समय सीमा तय कर दी गई है। 31 दिसंबर तक आधार लिंक न होने पर कार्ड निरस्त कर दिया जाएगा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के राशन कार्डों की सात लाख यूनिटें सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली से बाहर हो गई हैं। कई बार मौका दिए जाने के बावजूद उपभोक्ताओं द्वारा राशन कार्ड से आधार लिंक न करा पाने के कारण ऐसा हुआ है। जनवरी से इन यूनिटों को सरकारी राशन नहीं मिलेगा।

**चार हजार राशन कार्ड भी निरस्त:** आधार लिंक न करा पाने के कारण जिले के करीब चार हजार राशन कार्ड भी निरस्त हो गए हैं। दरअसल, मुखिया या परिवार के वरिष्ठ सदस्य द्वारा आधार लिंक न करा पाने के कारण ऐसा हुआ है। खाद्य आपूर्ति विभाग के पोर्टल ने ऐसे राशन कार्ड को स्वयं ही हटा दिया है। एडीएम ने बताया कि जो राशन कार्ड एक यूनिट या मुखिया का आधार लिंक न होने से निरस्त हो गए हैं उन्हें पोर्टल में नए सिरे से चढ़ाने के निर्देश मिले हैं।

**आधार कार्ड न बनना बड़ी समस्या:** विभाग एक ओर आधार को राशन कार्ड से लिंक कराने पर जोर दे रहा है, तो दूसरी ओर जिले में आधार कार्ड बनवाने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के बैंकों और डाकघरों में आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था लागू है लेकिन कोविड संक्रमण के चलते भीड़ उमड़ने को लेकर कार्ड बनाने का काम धीमी गति से चल रहा है। ऐसे में लोगों को परेशानी हो रही है।

**घटतौली पर नोडल अधिकारी भी नपेंगे:** शासन ने राशन दुकानों पर हो रही घटतौली को लेकर भी निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि जांच के दौरान राशन दुकान पर घटतौली मिलने पर कोटेदार के साथ नोडल अधिकारी पर भी कार्रवाई की जाएगी। शासन ने राशन दुकानों की जांच के लिए निरंतर अभियान चलाने को कहा है।

## समाजवादी पार्टी के 69 कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत बंधपत्र पर रिहा करने का आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के 69 कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करने पर रिहा करने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दिया है। बीते 14 दिसंबर को इन कार्यकर्ताओं को किसानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करने पर कैसरबाग बारादरी से गिरफ्तार किया गया था। इन्हें सीआरपीसी की धारा 151 सपठित धारा 107 व 116 के तहत गिरफ्तार कर पहले ईको गार्डन फिर इसके बाद जेल भेज दिया गया था।

जस्टिस डीके उपाध्याय एवं जस्टिस सरोज यादव की पीठ ने यह आदेश समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव की याचिका पर दिया है। इनके वकील बीएम सहाय व संतोष यादव वारसी का तर्क था कि इन 69 कार्यकर्ताओं को आज तक अदालत में पेश नहीं किया गया। जबकि कानूनन उन्हें 24 घंटे से अधिक समय तक निरुद्ध नहीं रखा जा सकता। यह भी कहा गया कि राजनीतिक कारणों से इन्हें गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है।

## वायु सेना के 16 अधिकारियों को मिले फाइटर कंट्रोलर बैज




**लखनऊ।** वायु सेना स्टेशन मेमौरा में 162वें फाइटर कंट्रोलर कोर्स का दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ । इस दीक्षांत समारोह का आयोजन पाठ्यक्रम की समाप्ति पर किया गया था, जो 6 जुलाई 2020 को शुरू हुआ था। सोलह भारतीय वायु सेना के अधिकारियों ने सफलतापूर्वक कोर्स पूर्ण किया एवं फाइटर कंट्रोलर बैज अर्जित किये। समारोह की अध्यक्षता एयर वाईस मार्शल बी साजु, सहायक वायु सेना अध्यक्ष एयर स्टाफ ऑपरेशन (वायु रक्षा) वायु सेना मुख्यालय ने की । इस अवसर पर वायु रक्षा कॉलेज के कमान अधिकारी विंग कमांडर अमित शर्मा ने कोर्स के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में एयर वाईस मार्शल बी साजु ने मेधावी प्रशिक्षुओं को पुरुस्कार एवं पदक प्रदान किए। कोर्स के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए फ्लाइंग ऑफिसर नवनीत मिश्रा को वायु अफसर कमांडिंग इन चीफ, मध्य वायु कमान ट्रॉफी प्रदान की गई। इस मौके पर वायु सेना स्टेशन मेमौरा के स्टेशन कमांडर ग्रुप कैप्टन आदित्य प्रकाश सिंह तथा अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे ।

## चार जिलों के 361 कॉलेजों के जुड़ने से विवि को होगी एक अरब की आय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आत्मनिर्भर** बनने की राह में लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने कदम बढ़ा दिए हैं। सीमा विस्तार में वृद्धि होने के बाद शामिल 4 जिलों के 361 कॉलेजों के जुड़ने के बाद विवि प्रशासन की केवल इन्ही कालेजों से एक अरब रुपये के आसपास कमाई होगी। एलयू प्रशासन के अभी तक अपने खर्चों को पूरा करने के लिए जहां सरकार से ग्रांट के अलावा अपने विभिन्न मदों से होने वाले आमदनी पर निर्भर रहना होता था। इसके बाद भी यूनिवर्सिटी का सालाना बजट हर साल घाटे में ही रहता था, पर अगले साल से सेशन से एलयू के आर्थिक संकट खत्म हो जाएगा। जिन चार जिलों को शासन ने लखनऊ यूनिवर्सिटी के टेरिटरी से जोड़ा हैं, उन कॉलेजों से यूनिवर्सिटी सालाना करीब एक अरब से अधिक की आमदनी होने की संभावना हैं।

शासन ने सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर जिलों के डिग्री कॉलेजों को लखनऊ यूनिवर्सिटी से जोड़ा है। इन जिलों में संचालित 361 डिग्री कॉलेजों को एलयू अब नए सेशन से अपने एकेडमिक सेशन के अनुसार संचालित करेगा। यूनिवर्सिटी के अधिकारियों का कहना है कि इन कॉलेजों के जुडने् से एलयू को केवल एग्जाम फीस के मद में ही करीब 85 करोड़ से अधिक रुपए का सालना आमदनी होने का अनुमान हैं। इसके अलावा अगर कोई कॉलेज नए कोर्स की मान्यता लेगा तो वह एलयू को एफिलिएशन के लिए एक लाख रुपए प्रति कोर्स के अनुसार फीस जमा करेगा। साथ ही कई और दूसरे मदों में भी यूनिवर्सिटी को आर्थिक तौर पर राहत मिलेगा।

# केजीएमयू के तीनों पदक नीतिन भारती के खाते में

### संस्थान ने जारी की टॉपर्स की सूची

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**21 दिसंबर** को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह को लेकर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को मेडल के लिए टॉपर्स की सूची जारी कर दी है। इस बार विवि के प्रतिष्ठित तीनो मेडल हीवेट, चांसलर और यूनिवर्सिटी आनर्स मेडल एमबीबीएस के डॉ नीतिन भारती को मिले हैं। डॉ नीतिन ने 13 गोल्ड मेडल के साथ दो सिल्वर मेडल के अलावा चार बुक प्राइज और एक सर्जरी में सर्टिफिकेट आनर्स हासिल किया है।

विवि की तरफ से जारी टॉपर्स की सूची में कुल 46 टॉपर्स के नाम अलग अलग मेडल व बुक प्राइज के लिए जारी किए गए हैं। इनमे सबसे



ऊपर डॉ नीतिन हैं। डॉ नीतिन को तीनों प्रतिष्ठित मेडल के साथ ही डॉ आरएमएल मल्होत्रा मैमोरियल गोल्ड मेडल, लेट प्रो एडी इंजीनियर गोल्ड मेडल, प्रो सतीश चंद्र धस्मान गोल्ड मेडल, प्रो पीसी दुबे मेमोरियल गोल्ड मेडल, पीएमएस गोल्ड मेडल, एसकेडी गोल्ड मेडल, मिसेस कौशल्या देवी भाटिया एंड एमएल भाटिया गोल्ड मेडल, इंदिरा रानी एंड लक्ष्मी नारायन सक्सेना मेमोरियल गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल एंड सर्टिफिकेट आफ आनर्स विथ डिस्टिंक्शन इन पीडियाट्रिक, सर्टिफिकेट आफ आनर्स इन सर्जरी, डॉ एमी इंजीनियर बुक प्राइज, सिल्वर जुबिली रियूनियन बुक प्राइज, मिसेस डीपी ट्रस्ट बुक प्राइज मिले हैं। जबकि दूसरे नम्बर पर आयी डेंटल की आकांक्षा को 7 गोल्ड मेडल तथा एक सिल्वर मेडल के अलावा सर्टिफिकेट और बुक प्राइस तथा टॉपर्स लिस्ट में तीसरे नंबर पर अंजली मल्ल को 7 गोल्ड मेडल मिले हैं। एमबीबीएस व बीडीएस के अलावा पीजी, सुपर स्पेशियलिटी करने वाले मेधावियो, नर्सिंग छात्रों को सम्मानित किया जायेगा। मेधावी छात्रों के अलावा दो फैकेल्टी मेंबर्स को भी गोल्ड मेडल और लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान दिया जायेगा।

### कालेज के सीनियर ही मेरे इंसीपिरेशन रहे:नीतिन

**दीक्षांत** समारोह को लेकर केजीएमयू की तरफसे जारी टॉपर्स की सूची में सबसे ज्यादा मेडल हासिल करने वाले डॉ नीतिन का कहना है कि उन्होंने हीवेट मेडल को हासिल करने के लिए पहले से लक्ष्य तय कर लिया था। ज्यादा मेडल पाने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि टारगेट हमारी अच्छी स्टडी पर निर्भर करता है। जितना पढ़ोए अच्छे से पढ़ो। आगे चलकर पीजी में क्लिनिकल में ही जाना है। पिता गन्ना अनुसंधान केंद्र में प्रशासनिक अधिकारी थे, जो रिटायर हो चुके हैं। मां शीला देवी गृहणी हैं। कालेज के सीनियर ही मेरे इंसीपिरेशन रहे।

### पैरेंट्स ही बैक बोन: आकांक्षा

प्रो यूसी चतुर्वेदी सहित सात गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल सहित बुक प्राइज अपने नाम हासिल करने वाली डॉ आकांक्षा त्यागी का कहना है कि पीजी में केवल क्लीनिकल ब्रांच में ही जाना है, यह अभी नही सोचा है। पिता डॉ मुकेश त्यागी पीडियाट्रिक डॉक्टर हैं। माँ अर्चना त्यागी गृहणी हैं। उनका कहना है कि उनके पैरेंट्स ही उनके बैक बोन हैं।

### हमेशा मम्मी-पापा ने मोटिवेट किया: अंजली

डॉ एचडी गुप्ता मेमोरियल गोल्ड मेडल सहित सात गोल्ड मेडल हासिल करने वाली डॉ अंजली मल्ल ने पीजी में क्लीनिकल ब्रांच को लक्ष्य बनाया है। पिता डॉ अरुण मल्ल राजनीति में हैं। जबकि माँ अंजू मल्ल गृहणी हैं। उनका कहना है कि आगे बढ़ने के लिए हमेशा मम्मी.पापा ने मोटिवेट किया।

# भव्यता से मनेगा माध्यमिक शिक्षा परिषद का शताब्दी समारोह

## शुभारम्भ प्रयागराज में तथा समापन लखनऊ में होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** माध्यमिक शिक्षा परिषद् की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शताब्दी समारोह मनाये जाने को लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि शताब्दी समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद प्रयागराज में तथा समापन कार्यक्रम जनपद लखनऊ में आयोजित किया जायेगा। शताब्दी समारोह में भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, शिक्षा मंत्री एवं उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद् से उत्तीर्ण भारत सरकार के अन्य माननीयों के अतिरिक्त अन्य राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया जायेगा।

शुक्रवार को 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शताब्दी समारोह मनाये जाने की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण के बाद उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समारोह में पुरा छात्र समागम कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता एवं खेल कूद तथा



निबंध सहित विभिन्न प्रतियोगिताये आयोजित की जायेंगी। शताब्दी समारोह के अवसर पर सभी विद्यालयों के रंगाई, पुताई एवं सौन्दर्यीकरण करते हुये मुख्य द्वार पर परिषद् के शताब्दी वर्ष का लोगो लगाया जायेगा। इस अवसर पर स्मारिका का प्रकाशन किया जायेगा तथा डाक टिकट एवं विशेष सिक्का जारी किये जाने हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शताब्दी समारोह के लिये लोगो एवं शताब्दी गीत के चयन हेतु माह जनवरी 2021 में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। चयनित उत्कृष्ट लोगो एवं गीत के लिये विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा, इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वालो को क्रमश: 21 हजार, 11 हजार एवं 05 हजार का पुरस्कार दिया जायेगा। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद् के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भव्य शताब्दी समारोह आयोजित किया जायेगा, जिसके अंतर्गत विद्यालय, जिला, मंडल एवं राज्य स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम अयोजित किये जायेगें। कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विभिन्न प्रकार की समितियां भी गठित की जा रही है। अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला ने बताया कि शताब्दी समारोह में उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद् से उत्तीर्ण हुये एवं वर्तमान में भिन्न भिन्न क्षेत्रों में कार्यरत विभूतियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिये माध्यमिक शिक्षा परिषद् के अधिकृत वेबसाइट पर मिशन गौरव शताब्दी वर्ष पोर्टल की व्यवस्था की गयी है। इसके माध्यम से उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद् से उत्तीर्ण हुये छात्र छात्राओ से नाम, क्षेत्रए मोबाइल नम्बर इत्यादि की जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस महत्वपूर्ण शताब्दी समारोह के अवसर पर माध्यमिक शिक्षा परिषद् से निकली हुयी उन अनेकानेक महान विभूतियों को मिशन गौरव के अंतर्गत सम्मानित किया जायेगा, जिन्होंने प्रदेश, राष्ट्र एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश एवं देश का गौरव बढाया है।

### वर्ष 1923 से पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय कराता था परीक्षाएं

डा. दिनेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 1923 के पूर्व प्रदेश में हाई स्कूल व इन्टरमीडियेट की परीक्षायें इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जाती थी। वर्ष 1921में इलाहाबाद विश्वविद्यालय का स्थान लेने के लिये एक परिषद् की स्थापना हेतु इन्टरमीडियेट शिक्षा अधिनियम 1921 बनाया गया, जो 1 अप्रैल 1922 को प्रवृत्त हुआ। विधान परिषद् से पारित होने के बाद अधिनियम पर प्रदेश के तत्कालीन गवर्नर द्वारा 30 सितम्बर 1921 को स्वीकृति प्रदान की गयी। 10 दिसम्बर 1921 को अनुमति गवर्नर जनरल आफइण्डिया द्वारा दी गयी तथा 7 जनवरी 1922 को भारत सरकार द्वारा अधिनियम का प्रकाशन किया गया। अन्ततः 1 अप्रैल 1922 को इन्टरमीडियेट शिक्षा अधिनियम प्रवृत्त हुआ।

# विज्ञान का उपयोग मानवता के विकास के लिए होना चाहिए: दिनेश शर्मा

● अन्तरराष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड क्वान्टा-2020 का हुआ भव्य उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड 'क्वान्टा-2020' का आज जूम एप पर भव्य ऑनलाइन उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्वागत गीत, सर्वधर्म एवं विश्व एकता प्रार्थना, वर्ल्ड पार्लियामेन्ट आदि विभिन्न शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तथापि सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने प्रतिभागी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीएमएस के मुख्य जन-संपर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि चौक कैम्पस द्वारा 18 से 20 दिसम्बर तक ऑनलाइन आयोजित किये जा रहे क्वान्टा-2020 में ब्राजील, जर्मनी, जार्डन, बांग्लादेश, रूस एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।

समारोह के मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि विज्ञान का उपयोग मानवता के विकास के लिए होना चाहिए और इसके लिए अच्छे विचार वाले वैज्ञानिकों और आविष्कारकों की जरूरत है। यदि हमें अपने जीवन में गुणवत्ता लानी है तो निश्चित रूप से विज्ञान और तकनीक का सहारा लेना होगा। उन्होंने समारोह की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ओलम्पियाड छात्रों की प्रतिभा को निखारने का अनूठा प्रयास है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि युवा पीढ़ी के कंधों पर ही शान्तिपूर्ण समाज बनाने की जिम्मेदारी है। मानवतावादी वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर ही विश्व समाज का विकास व उत्थान किया जा सकता है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट एवं एमडी प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि हमारी सोच में बदलाव आना चाहिये सबसे जिससे पूरे विश्व में शान्ति की स्थापना हो सके।

# किसानों के हक पर डाका डाल रही सरकार: लल्लू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार किसानों के अधिकारों पर डाका डालकर उनके विरुद्ध गहरी साजिश कर रही है। आन्दोलनकारी दर्जनों अन्नदाताओं की कुर्बानियों के बाद भी जो सल्तनत अपने काले कानून को वापस लेने को तैयार नहीं है इससे समझा जा सकता है कि उसकी सभी मानवीय संवेदनाएं मृत हो चुकी हैं। भाजपा सरकार द्वारा लाए गए किसान विरोधी तीनों काले कानून न तो कृषि के लिए कल्याणकारी हैं और न ही किसानों के पक्ष में है बल्कि यह तीनों कृषि कानून चंद उद्योगपति मित्रों के हित में किसानों के हक पर डाका डालने के लिए लाए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के प्रति संवेदनहीनता की सारी सीमाएं लांघकर लगातार उनके साथ क्रूर मजाक कर रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत परेई रायपुर वि0ख0 ऐलिया-सीतापुर**

पत्रांक-25 मनरेगा/2020-2021/17-12-2020

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत परेई रायपुर विकास खण्ड ऐलिया के पंजीकृत फर्म ठेकेदार आपूर्तिकर्ताओं से सामग्री आपूर्ति हेतु टेन्डर फार्म निधारित शुल्क जमा करके किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 18.12.2020 को प्राप्त किये जा सकते हैं। सीलबन्द निविदा दिनांक 25-12-2020 को अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उसी दिन तीन बजे सम्बन्धित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षर द्वारा आमंत्रित निविदायें खोली जायेगी किसी भी टेन्डर को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के निहित में होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | निविदा प्राप्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम चहिया में गुरुद्वारा सम्पर्क मार्ग से पाल सिंह के मकान तक मि0 खडन्जा निर्माण कार्य। | स्टीमेट प्राक्कलन के अनुसार | 304701=00 | 500 |

कुल लागत का 2% जमा व धरोहर धनराशि N.S.C./FDD नगद रूपये ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत परेई रायपुर के नाम बन्धक करते हुए निविदा फार्म के साथ जमा करें अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

प्रधान | ग्राम पंचायत अधिकारी



**कार्यालय ग्राम पंचायत धमौला विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी**

पत्रांक /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक दिसम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धमौला वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 15वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से भवन/इण्टरलाकिंग मार्ग, खड़ंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईट, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरी, इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 23.12.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओ के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी। निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र.सं. | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | अर्शद के मकान से फरीद के मकान तक इण्टरलाक कार्य। | 309946.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 17.12.2020 से 23.12.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री सन्तोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम धमौला के नाम से बंधक होनी चाहिए।

**आसमा बेगम** (प्रधान) ग्राम पंचायत-धमौला विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

**प्रभात वर्मा** ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत-धमौला विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी


# लोक निर्माण विभाग भी बनाएगा गगनचुंबी इमारतें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोक निर्माण** विभाग द्वारा 50 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के भवन परियोजनाओं का निर्माण कराए जाने के फैसले के बाद से ही उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल दिशा निर्देशन में लोक निर्माण विभाग में बड़ी इमारतों के बनाने का ताना बाना बुना जा रहा है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के भवन सेल के ढांचे को और अधिक मजबूत किया गया है। इस सेल में चीफ इंजीनियर की तैनाती तो है ही, इसके साथ ही एक अधीक्षण अभियंता, एक अधिशासी अभियंता व 10 चुनिंदा सहायक अभियंताओं की तैनाती की जा चुकी है। स्वीकृत-प्रस्तावित परियोजनाओं के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रक्रियात्मक कार्रवाई की जा रही है और कंसलटेंट आदि के चयन की प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। उपमुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भवन से सेल को और अधिक मजबूत करते हुए नियमानुसार सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वांचल सम्भाग के अन्तर्गत आच्छादित मण्डल प्रयागराज, आजमगढ़, अयोध्या, देवीपाटन , गोरखपुर, बस्ती, वाराणसी व विन्ध्याचल के अन्तर्गत 2294.68 करोड़ की लागत से 14 कार्यों को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अलावा पूरे प्रदेश मे 50 करोड़ से अधिक अनेक परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। पूर्वान्चल सम्मान के जिन कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी है उनमें जनपद कुशीनगर में जिला चिकित्सालय को उच्चीकृत कर राजकीय मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य, अटल आवासीय विद्यालय गोरखपुर का निर्माण कार्य, अटल आवासीय विद्यालय बस्ती का निर्माण कार्य आदि हैं।

# पुलिस भर्ती में नकल कराने वाले गिरोह के पांच सदस्य और तीन अभ्यर्थी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 19 व 20 दिसंबर को प्रदेश के 335 परीक्षा केंद्रों पर जेल वार्डर फायरमैन पुरुष व आरक्षी घुड़सवार पुलिस के पदों पर होने जा रही सीधी भर्ती 2016 में गड़बड़ी करने की नकल माफियाओं ने पूरी तैयारी कर रखी है। इसका खुलासा शुक्रवार को एसटीएफद्वारा प्रयागराज गिरफ्तार किए गए गिरोह के पांच सदस्यों व 3 अभ्यर्थियों से हुई पूछताछ के बाद हुआ। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से परीक्षा से सम्बन्धित 5 अदद प्रवेश पत्र , विभिन्न अभ्यर्थियों के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के मूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र, 4 विभिन्न बैंकों के चेक ,10 अदद मोबाइल , एक निवास प्रमाण पत्र, 6 भारत निर्वाचन कार्ड, 7 एटीएम कार्ड, 4 आधार कार्ड, 4 पैन कार्ड, 4 ड्राइविंग लाइसेन्स, 2 चेक बुक, एक पास बुक , एक अदद आरसी मोटर साइकिल, एक वाहन टावेरा और 270000 नगद बरामद हुए। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा को पूरी पारदर्शी ढंग से निपटाने का जिम्मा डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने एसटीएफ को सौंप रखा है। एसटीएफकी निगरानी में ही सभी 335 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा संपन्न होनी है। इस संबंध में छानबीन में जुटी एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट द्वारा धन उगाही करने वाले गिरोह के 5 सदस्यों तथा 3 अभ्यर्थियों को प्रयागराज के थाना सिविल लाइन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मान सिंह यादव निवासी प्रयागराज, विकास पटेल निवासी वाराणसी, दिलीप कुमार निवासी प्रयागराज, मंगल यादव निवासी प्रयागराज, शिव कुमार निवासी प्रयागराज, सत्यम पटेल निवासी ग्राम जगदीशपुर मेदी, थाना सोरॉव, जनपद प्रयागराज (अभ्यर्थी), महेश कुमार निवासी भौंका मऊआइमा थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज (अभ्यर्थी) और राजगब्बर निवासी ग्राम सैदहा, सोरॉव, थाना सोरॉव जनपद प्रयागराज (अभ्यर्थी) शामिल है।

### यूपी एसईई 2020 प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 134050 अभ्यर्थी

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को केंद्रीय प्रवेश समिति की तीसरी बैठक विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान यूपी एसईई के समन्वयक प्रो विनीत कंसल ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2020 में लगभग 162983 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। उन्होंने बताया कि 20 सितम्बर को प्रदेश में 187 तथा प्रदेश के बाहर 19 परीक्षा केन्द्र कुल 206 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा केन्द्रो पर सम्पन्न हुई। जिसमें कुल 134050 अभ्यर्थियो ने प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल 15 अक्टूबर को घोषित हुआ। इसमें लगभग 123027 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि राज्य प्रवेश परीक्षा 2020 में आनलाइन काउसिंलिंग 19 अक्टूबर को प्रारम्भ हो कर 5 दिसम्बर तक सात चरणों में सम्पन्न कराई गयी है। बैठक के दौरान विवि समिति द्वारा यूपीएसईई 2020 की टीम को कोविड.19 महामारी में सफलता पूर्वक परीक्षा एवं काउन्सलिंग सम्पन्न करवाने के लिए बधाई दी। विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने बैठक के दौरान बताया कि सत्र 2021 की प्रवेश प्रक्रिया राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से सम्पन्न करवाई जाएगी। बैठक में वर्ष 2021 के प्रवेश को लेकर प्रो सुबोध वैरिया को समन्वयक डॉ अरुण तिवारी को उप समन्वयक और देवव्रत उपाध्याय को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया।

### अंतरराज्यीय गिरोह के तीन पशु तस्कर गिरफ्तार, 18 गोवंश बरामद

**लखनऊ।** एसटीएफ ने अंतरराज्यीय गिरोह के तीन पशु तस्करों को कुशीनगर के हाटा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक ट्रक में लदे 18 गोवंश बरामद हुए। एटीएम को विभिन्न जनपदों से गोरखपुर.कुशीनगर के रास्ते बिहार प्रदेश तक गोवंशीय पशुओं की व्यापक मात्रा में तस्करी होने की सूचना प्राप्त हो रही थी । अभिसूचना संकलन के दौरान ज्ञात हुआ कि इश्तखार नाम का गौ तस्कर जनपद लखनऊ में कहीं किराए का मकान लेकर गौ तस्करी के पूरे गिरोह का संचालन कर रहा है व गोवंशों के ट्रकों का लखनऊ से बिहार तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए वह स्वयं अथवा अपने गिरोह के सदस्यों से ट्रक में या उसके आगे पीछे अन्य वाहन से चलते हुए बिहार तक जाता है । एसटीएफ फील्ड इकाई गोरखपुर को सूचना प्राप्त हुई कि गोवंशीय पशुओं से लदी हुई एक ट्रक लखनऊ से चलकर गोरखपुर से कुशीनगर होते हुए कटने के लिए बिहार ले जाई जा रही है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफने गोरखपुर से कुशीनगर की ओर आ रही गोवंश से लदी ट्रक को रोकने का प्रयास किया। जिस पर चालक ने ट्रक तेजी से चलाते हुए पुलिस वालों पर चढ़ाने की कोशिश करते हुए भागने लगा। एसटीएफने पीछा करके किसी प्रकार ट्रक को रोका और तीन अभियुक्तों चांद मोहम्मद निवासी ननौन्ता, सहारनपुर, गुलजार निवासी थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर और आसिफनिवासी थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया। ट्रक पर लदे 17 अदद बैल व एक अदद गाय बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग इश्तेखार के लिए काम करते हैं। इश्तेखार ने ही इस ट्रक पर लखनऊ से गोवंश पशुओं को लदवाया था।

### तीस लीटर शराब के साथ एक महिला समेत चार गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोसाईंगंज पुलिस के शुक्रवार को अवैध शराब बनाने वाले के खिलाफअभियान चला कर अलग अलग स्थानों से 30 लीटर शराब के साथ एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज धीरेन्द्र कुशवाहा के मुताबिक शुक्रवार को कूड़ामऊ गांव निवासी राजेश को 5 लीटर, सठवारा गांव की रेखा कनौजिया को 5 लीटर, शिवलर निवासी शंभू रावत व पप्पू रावत को दस दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक यह सब शराब बनाकर बेचने के लिए ले जा रहे थे।

### अभ्यर्थियों ने किया निदेशालय का घेराव

**लखनऊ।** निशातगंज स्थित एससीईआरटी निदेशालय का शुक्रवार को भी परिषदीय विद्यालयों में 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की काउंसलिंग से वंचित अभ्यर्थियों ने घेराव किया। इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह से अभ्यर्थियों ने मुलाकात की थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान निकाला जाएगा, लेकिन इसके बावजूद देर शाम तक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान भारी संख्या में कई थानों का पुलिस फोर्स तैनात रही। अभ्यर्थियों ने बताया कि विभाग ने उनको तो अवसर दिया है। जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन के समय कम प्राप्तांक भर दिए थे, लेकिन जिन्होंने एक दो अंक ज्यादा भर दिए उनको काउंसलिंग में शामिल नहीं किया जा रहा है।

### स्टाम्प की ज्यादा कीमत वसूलने पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** छोटे मूल्य के स्टाम्प अब आसानी से मिल जाएंगे। एक दिन पहले सोशल मीडिया पर सपा विधायक की ओर से सवाल उठाए जाने के बाद निबंधन विभाग ने सख्ती शुरू की है। डीआईजी स्टाम्प की अध्यक्षता में स्टॉक होल्डिंग के अधिकारियों संग बैठक हुई। बैठक में उन्होंने स्टाम्प की अधिक कीमत न वसूले जाने और छोटे मूल्य वाले आसानी से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शुक्रवार को बैठक में डीआईजी वीके उपाध्याय ने 100 रुपए के स्टाम्प की 150 रुपए कीमत वसूले जाने पर नाराजगी जताई। ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए उन्होंने रास्ता भी सुझाया। डीआईजी ने कहा कि ई स्टाम्प बेचे जाते समय एक फार्म भरवाया जाता है। इसमें आवेदक का नाम और फोन नम्बर दर्ज होता है। इसकी सूची वेंडरों से मांगी जाए। इसके बाद रैंडम आधार पर कुछ नम्बरों पर फोन कर यह पता लगाया जा सकता है कि विक्रेता क्या कीमत स्टाम्प की वसूल रहा है। यदि कहीं ज्यादा पैसे वसूले जा रहे हैं तो कार्रवाई की जाए। एक यह भी शिकायत आई थी कि छोटे स्टाम्प नकदी पर नहीं मिल रहे। डीआईजी ने निर्देश दिया कि छोटी कीमत वाले स्टाम्प नकद पर भी विक्रय किए जाएं।

### फाइलेरिया से बचाव के लिए तीन साल तक वर्ष में एक बार जरूर लें दवाएं

**लखनऊ।** निदेशक वेक्टर बोर्न डिजीजेज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, डॉ. अशोक पालीवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार वेक्टर बोर्न डिजीजेज, जैसे फाइलेरिया, कालाजार रोग आदि के उन्मूलन के लिए अत्यंत संवेदनशील है और इसके लिए रणनीति बनाकर गतिविधियाँ संपादित की जा रही हैं। डॉ. पालीवाल ने जनांदोलन की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि फाइलेरिया की दवाएं, साल में एक बार, लगातार तीन साल लेकर इससे बचा जा सकता है। संयुक्त निदेशक फाइलेरिया डॉ वीपी सिंह ने कार्यशाला में जानकारी दी कि भारत को वर्ष 2021 तक फाइलेरिया से उन्मूलन की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के 8 जिलों औरैया, इटावा, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, कन्नौज, कौशांबी, रायबरेली एवं सुल्तानपुर में भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को 21 दिसम्बर से शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**लखनऊ।** चिनहट थानाक्षेत्र सिथति बीबीडी चौकी इलाके के अयोध्या हाईवे पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में एक और युवक की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय के अनुसारए शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे बीबीडी चौकी क्षेत्र के अयोध्या हाईवे नहर के पास खून से लथपथ एक युवक के पड़े होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद उपनिरीक्षक विनय तिवारी की अगुवाई में पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर छानबीन की है। युवक के शव के पास से क्षतिग्रस्त बाइक बरामद की गई है। ऐसे में प्रथम दृष्टया हादसा प्रतीत हो रहा है। वहींए युवक के पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की शिनाख्त बाराबंकी के मऊ गोरपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है।

# अपना व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनें युवा: अरोड़ा

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

● राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रायोजित दो साप्ताहिक उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**भारत** सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमषीलता मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) व वरिष्ठ सलाहकार प्रदीप कुमार अरोड़ा ने कहा कि जिस अनुपात में देश की आबादी बढ़ रही है उस अनुपात में नौकरियों का सृजन नहीं हो पा रहा है। इसलिए युवा वर्ग को अपना व्यवसाय शुरू कर आर्त्मनिर्भर बनना चाहिए। श्री अरोड़ा शुक्रवार को भारत सरकार के सामाजिक न्यय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग व गरीब परिवार के षिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए सरोजनीनगर की देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवार परिसर में निसबड आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान युवक-युवतियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत युवा वर्ग को नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यही नहीं इन योजनाओं के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार दर्जनों ऋण योजनाएं भी चला रही है। युवा वर्ग इन योजनाओ के तहत ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू कर अपनी आमदनी बढ़ाने के साथ ही अन्य बेरोजगार युवक-युवतियों को भी रोजगार दे सकते है। उन्होंने कहा कि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागियों रोजगार-स्वरोजगार एवं बैंको से ऋण प्राप्त करने के लिए निसबड परियोजना रिपोर्ट तैयार करने सहित अन्य सहायता भी करता है।

# मोहनलालगंज में छुट्टी के दिन लगा दी 266 मुकदमों की तारीख

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**मुकदमों** की सुनवाई के लिए तारीख लगाने में बरती जा रही लापरवाही वादकारियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी नायब तहसीलदार से लेकर एसडीएम की कोर्ट में 266 मुकदमों की तारीख लगा रखी गई है। लिहाजा शुक्रवार को वादकारी तारीख का असमंजस दूर करने के लिए अधिकारियों को तलाशते रहे।

मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को गुरु तेग बहादुर सिंह शहीदी दिवस का सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद भी नायब तहसीलदार गोशाईगंज की कोर्ट में 53 और तहसीलदार न्यायिक की कोर्ट में 139 राजस्व मुकदमों की सुनवाई तारीख लगा रखी गई है। इसी तरह नायब तहसीलदार निगोहां और मोहनलालगंज की कोर्ट में भी एक-एक मुकदमे की तारीख लगा रखी गई है। जबकि एसडीएम की कोर्ट में भी राजस्व और फौजदारी के 72 मुकदमों की सुनवाई तारीख दे रखी गई है। आनलाइन कम्प्यूटरीकरण प्रणाली में अवकाश के दिन भी मुकदमों की तारीख देखकर परेशान वादकारी असमंजस दूर करने के लिए शुक्रवार को दिनभर तहसील अधिकारियों को खोजते नजर आए। लेकिन वादकारियों की शिकायत के बावूजद भी कोर्ट कर्मी लापरवाह बने रहे। लिहाजा दर्जनों वादकारी शनिवार को फिर से आने का कहकर वापस लौट गए।

**एडीएम की फटकार भी गई बेअसर:** मोहनलालगंज तहसील में अवकाश के दिन मुकदमों की सुनवाई तारीख लगाकर वादकारियों को बेवजह दौड़ाने की शिकायत नई नही है। इससे पहले भी पिछले वर्ष कई बार ऐसी शिकायतें सामने आ चुकी हैं। यहां तक कि निरीक्षण करने आए एडीएम भी गणतंत्र दिवस के दिन मुकदमों की तारीख लगी देखकर मातहतों को फटकार लगा चुके हैं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद -सीतापुर**

पत्रांक :- 57/टी0सी0-04/2020-21 दिनॉक-18 दिसम्बर, 2020

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद सीतापुर सीमान्तर्गत विभिन्न निर्माण इत्यादि कार्य 14वॉ वित्त आयोग की निधि से कराये जाने हेतु कार्यालय पत्र संख्या 53/टी0सी0-04/2020-21 दिनांक 08.11.2020 द्वारा कार्यो की निविदाएं आमंत्रित की गई थी, जिनकी तकनीकी बिड खोले जाने की ई-निविदा सम्बन्धी निर्धारित अवधि पूर्ण होने के उपरान्त क्रमांक 04 मो0 दुर्गापुरवा में शमशानघाट के मुख्य मार्ग से बाबा गोपालदास आश्रम तक डामर रोड की मरम्मत व पुर्ननिर्माण कार्य की ई-निविदा प्रक्रिया में किसी भी फर्म द्वारा प्रतिभाग न किये जाने के कारण ई-निविदा कार्यवाही पूर्ण नही हो पाई है, वर्णित स्थिति में पूर्व शर्तों के अधीन पुनः अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जानी है। कार्यों का विवरण वेबसाइट http//etender.up.nic.in/ एन0पी0पी0 बेवसाइड www.nagarpalikaparishadsitapur.org.in पर देखा जा सकता है शर्ते/कार्य की विस्तृत जानकारी निकाय के निर्माण अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। कार्यो की धरोहर धनराशि/निविदा शुल्क निकाय के खाता संख्या 01591010000660 आई0एफ0एस0सी कोड PUNB0015910 में ऑनलाइन आर०टी०जी०एस० के माध्यम से जमा किया जा सकता है अथवा प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सीतापुर के नाम बन्धक हो, स्वीकार किया जायेगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सीतापुर में निहित होगा। निविदा विवरण निम्नवत् है

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा बेवसाइड पर प्रकाशन तिथि/समय | 18.12.2020/सायं : 03.00 बजे |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 18.12.2020/सायं : 03.00 बजे से |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 23.12.2020/सायं : 03.00 बजे तक |
| 4. | ई-निविदा खोले जाने की तिथि | 23.12.2020/सायं : 04.00 बजे |

(गुरू प्रसाद पाण्डेय) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सीतापुर

(राधेश्याम जायसवाल) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सीतापुर


# आसरे को तरस रहा भूमिहीन परिवार

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**बारिश** भीगते गुजारी और अब कड़ाके की ठण्ड में बर्फीली हवाओं के थपेड़े रातभर नश्तर बनकर चुभ रहे हैं। पहले जांच के नाम पर टरकाते रहे और अब पात्रता सूची में नाम छूट जाने की दलील देकर प्रशासन के जिम्मेदार पल्ला झाड़ रहे हैं। दो जून की रोटी जुटाने के लिए जद्दोजहद कर रहे भूमिहीन परिवार का राशनकार्ड बनाया गया न सिर छिपाने के लिए पक्की छत की रजामंदी दी जा रही है। सालभर इंतजार के बावजूद सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाने से परेशान परिवार ने सीएम से न्याय गुहार लगाई है।

मोहनलालगंज के दहियर निवासी भूमिहीन कमलेश के बेघर परिवार की कुछ ऐसी ही दास्तां है। इकलौती कोठरी की छत ढ़हने के बाद मासूम को कलेजे में समेटे परिवार ने बारिश का मौसम भीगकर गुजारा। कुछ लोगों की मदद से एस्बेस्टास की चादरें गर्मियों की तपिश से बचाने में मददगार बनीं। लेकिन इन दिनों ठिठुरनभरी सर्दी में बर्फीली हवाओं के थपेड़े कमलेश उसकी पत्नी रीता और मासूम बच्चे हिमांशु को नश्तर बनकर दर्द दे रही हैं। तन ढ़कने के लिए ठीक से गर्म कपड़ों का इंतजाम भी नहीं है लिहाजा सारी-सारी रात कांपते हुए बितानी पड़ रही है। सरकार सालभर से जरुरतमंद लोगों को खाद्यान्न मुहैया करा रही है लेकिन राशनकार्ड नहीं बना होने से इस परिवार को पेट पालने के लिए मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं।

**आर्थिक मदद मिली न आवास का भरोसा:** लॉकडाउन के दिनों में मजदूरी छूटी तो अधिकारियों ने पेट पालने के लिए कमलेश के परिवार को राशन कार्ड और सिर छिपाने के लिए पक्की छत दिलाने का भरोसा दिया। जांच के बाद अन्त्योदय राशन कार्ड और आवास दिलाने की उम्मीद भी दी गई। लेकिन आपदा में आर्थिक मदद मिल सकी न राशनकार्ड जारी हो सका। अलबत्ता अब जब आवास के लिए सरकार से लक्ष्य जारी किया गया है तो जिम्मेदार पात्रता सूची में कमलेश के परिवार का नाम छूट जाने का कहकर सर्दियों में उससे उम्मीद की गर्मी भी छीन रहे हैं।

# सीएम के आगमन को लेकर तैयारी में जुटा कृषि विविद्यालय व जिला प्रशासन

- 20 दिसंबर को मुख्यमंत्री करेंगे किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन
- जिलाधिकारी ने सीडीओ एवं कुलपति के साथ मेला स्थल पर तैयारियों का लिया जायजा
- स्वास्थ्य विभाग विश्वविद्यालय परिसर में कैंप लगाकर कर रहा कोरोना जांच



संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय किसान मेले की तैयारियों में विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ जिला प्रशासन पूरी तरह से जुड़ गया है। किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी की तैयारियां युद्ध स्तर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन एवं जिला प्रशासन की देख रेख में की जा रही है। जिले के प्रशासनिक अधिकारी परिसर में सुरक्षा एवं कार्यक्रम स्थल को फाइनल टच देने में जुटे हैं विश्वविद्यालय के कुलपति श्री सिंह ने विश्व विद्यालय के समस्त अधिकारियोंए कर्मचारियों की कमेटी बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्य का बंटवारा भी कर दिया है। विश्विद्यालय के समस्त विभागोंए शोध प्रक्षेत्रो के श्रमिक एवं संसाधनों को मेले की साफ.सफाई आदि कार्यों में लगा दिया गया है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार के साथ विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे उन्होंने किसान मेला स्थल पर लगने वाली कृषि प्रदर्शनी के स्टालों का निरीक्षण किया तथा किसान गोष्ठी को लेकर तैयार किए जा रहे मंच को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी मातहतों के लिए। विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ जिला प्रशासन भी मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में कोई चूक ना हो पूरी तरह से जुड़ा हुआ है।

प्रशासनिक अधिकारी हर बिंदुओं की गहन समीक्षा कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि कोविड.19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए कुलपति के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय में ही कैंप लगाकर कोरोना की जांच कराई जा रही है। जिसमें विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल होने वाले कुलपतिए अधिकारी ए कर्मचारियों एवं गेस्ट हाउस के सभी कर्मियों की जांच कराई जा रही है। फिलहाल मुख्यमंत्री का मिनट 2 मिनट कार्यक्रम अभी विश्वविद्यालय प्रशासन सहित जनपद प्रशासन को नहीं प्राप्त हुआ है किंतु विश्वविद्यालय प्रशासन तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर व्यवस्था के भी चाक.चौबंद इंतजाम पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। मेला स्थल को जाने वाले सभी मार्गों को पूरी तरह से बैरिकेडिंग करते हुए सशस्त्र सुरक्षा बलों के हवाले के किए जाने की व्यवस्था पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कर ली गई है। प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज नीरज सिंह थाने की पुलिस फोर्स के साथ प्रस्तावित कृषि प्रदर्शन एवं किसान मेला स्थल पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था को फाइनल टच देने में जुटे हैं।

## आदेश की अवहेलना पर एक वाहन चालक निलंबित

**अम्बेडकरनगर।** निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने चालक सुनील कुमार यादव को निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के लिए, मतपत्र लाने के लिए सुनील कुमार को सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पंचायत एवं नगरीय निकाय में 17 दिसम्बर को सायं चार बजे तक योगदान देना था लेकिन उन्होंने योगदान देने से इनकार कर दिया। उनके इस कृत्य से निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न हुई जिसे गम्भीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार ने चालक सुनील कुमार को निलंबित कर दिया। इसके अलावा एक अन्य वाहन चालक जय प्रकाश को भी मतपत्र लाने के लिए दिल्ली जाने के लिए, निर्देशित किया गया लेकिन उन्होंने भी आदेश का उल्लंघन करते जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद मुख्य चिकित्साधिकारी ने उनसे तीन दिन के अन्दर स्पष्टीकरण मांगा है।

# कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को बांटे जा रहे हैं कंबल

- उपजिलाधिकारी ने देर रात सड़क पर वितरित किये



कार्यालय में जरूरतमंद महिला को कंबल प्रदान करते उपजिलाधिकारी — पायनियर

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**कड़ाके** की ठंड को देखते हुए सरकारी अमला भी सक्रिय हो गया है। डीएम के निर्देश पर जिले के ग्रामीण अंचलो में राजस्व कर्मियों द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया जा रहा है। अकबरपुर तहसील में उपजिलाधिकारी मोइनुल इस्लाम के निर्देशन में कंबल वितरण का अभियान चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय से तहसील स्तर पर प्राप्त 1576 कंबलों को वितरण के लिए लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को प्रदान किया गया। उनके द्वारा निर्धनों, असहायों तथा विधवाओं में कंबल का वितरण कराया जा रहा है। इसके अलावां तहसील परिसर में आने वाले निर्बल व असहाय महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर ठंड से बचाव के लिए कंबल प्रदान किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी ने स्वंय रात में निकल कर जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान किया। उन्होंने पुराने तहसील तिराहे तथा कटरिया याकूबपुर के निकट जरूरतमंदों में कंबल बांटा। उपजिलाधिकारी ने बताया कि जरूरतमंदों को कंबल वितरण अभियान जारी रहेगा।

# मानक के अनुसार उपलब्ध कराई जाएं सुविधाएं: विनय

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पूर्वोत्तर रेलवे** के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने पूर्वोत्तर रेलवे पर चल रहे दिव्यांगजनों हेतु यात्री सुविधा सहित सिगनल, विद्युत एवं पुलों के अनुरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यों की समीक्षा महाप्रबन्धक सभागार, गोरखपुर में की। बैठक में अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक अनिल कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक एस.सी.प्रसाद, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ए.के.पाण्डेय, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण आर.के.यादव, प्रमुख मुख्य इंजीनियर सतीश कुमार पाण्डेय, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर अनिल कुमार मिश्र, प्रधान वित सलाहकार सुश्री तनुजा पाण्डेय, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल अतुल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य परियोजना निदेशक/स्टेशन डेवलेपमेंट एस.के.मिश्र, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन नुरूद्दीन अंसारी, महाप्रबन्धक के सचिव डी.के.खरे, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह तथा उप महाप्रबन्धक/ सामान्य कृष्ण चन्द्र सिंह तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डल रेल प्रबन्धक/ लखनऊ डा. मोनिका अग्निहोत्री, मण्डल रेल प्रबन्धक/इज्जतनगर आशुतोष पन्त तथा अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/ वाराणसी प्रवीन कुमार ने भाग लिया। महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने दिव्यांग यात्रियों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों हेतु स्टेशनों पर निर्धारित मानक के अनुसार सुविधायें उपलब्ध करायी जाय। रेल पुलों की समीक्षा करते हुए महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने कहा कि पुलों के मरम्मत एवं उनके सुदृढ़ीकरण तथा जैकेटिंग एवं गाइड बंड के स्वीकृत कार्य समय से पूर्ण करें जिससे संरक्षित रेल संचलन में कोई बाधा न हो। श्री त्रिपाठी ने सिगनलिंग प्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि आइसोलेटेड इन्सुलेशन ज्वाइंटों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए। प्वाइंट मशीनों के रिप्लेसमेन्ट के साथ ही इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर का प्रावधान करने के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने पावर सप्लाई सिस्टम को बेहतर करने के लिये ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर में रिवायरिंग एवं पुरानी फिटिंग्सों को यथाशीघ्र बदलने तथा चिकित्सालय में 21 मार्च, तक एक लिफ्ट उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया। बैठक के दौरान कारखानों में विकसित की जाने वाली सुविधाओं से संबंधित विभिन्न पक्षों में विस्तार से चर्चा की गयी।

## सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण बढ़ रही महंगाई : कुंवर अरूण

**अम्बेडकरनगर।** प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आए दिन महंगाई बढ़ रही है पेट्रोल डीजल के दाम प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। इसके अलावा रसोई गैस के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिससे गरीब तबके के लोग बेहद परेशान हैं। उक्त बातें सपा नेता एवं पूर्व विधायक कुंवर अरुण ने शुक्रवार को रामनगर बाजार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही उन्होंने प्रदेश एवं केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ दोहरा रवैया अपना रही है एक तरफ जहां आय दोगुनी करने की बात कर रही है तो वहीं किसान बिल लाकर उनका उत्पीड़न भी कर रही है उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगी। किसानों की मांग के संबंध में धरना प्रदर्शन एवं यात्रा की जा चुकी है जल्द ही अन्य निर्देश मिलने पर किसानों के हित में आवाज बुलंद की जाएगी।

## कल आयेंगे उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन

**गोरखपुर।** ले. जनरल रविन्द्र प्रताप शाही ए.वी.एस.एम. (मुख्य सचिव स्तर) उपाध्यक्ष उ.प्र. राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण 20 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस में आयेंगे। तत्पश्चात् अपरान्ह 2 बजे से 3.30 बजे तक नेपाल क्लब सिविल लाइन्स में गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने के उपरान्त 4.30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जन जागरण के लिए निकाला मोटरसाइकिल जुलूस

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**गुरुकृपा** संस्थान एवं अखिल भारतीय क्रांतिकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल बलिदानी मेला एवं खेल महोत्सव आयोजन के तीसरे दिन बिस्मिल के बलिदान स्थली मण्डलीय कारागार पर 19 दिसम्बर को आमन्त्रण देने की दृष्टिगत जन-जागरण दोपहिया वाहन जुलूस चेतना तिराहे से निकाली गयी जो महानगर के विभिन्न चौक, चौराहों पर स्थापित महापुरुषों के मूर्तियों पर माल्यार्पण करते हुए चेतना तिराहा, कचहरी चौक शास्त्री चौक, विवेकानन्द मूर्ति भगतसिंह चौक, छात्र संघ चौराहा, नेताजी सुभाषचंद्र पैडलेगंज होते हुए सिविल लाइंस स्थित बिस्मिल पार्क पर जाकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम के संयोजक बृजेश राम त्रिपाठी के नेतृत्व में निकाली गई मोटरसाइकिल जुलूस सभा के रूप में परिवर्तित होने पर उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि कल प्रात: 6:30 बिस्मिल के फांसी के वक्त पर हम सभी सामूहिक शंखनाद करने मंडलीय जेल पर पहुंचेंगे। प्रात: 9 से लेकर दोपहर 2 के बीच में सामूहिक रुप से पुष्पांजलि, स्वरांजलि और श्रद्धांजलि का कार्यक्रम जेल परिसर में आयोजित होगा।

# अन्त्योदय कार्ड धारकों में निशुल्क राशन के साथ कम्बल वितरित

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**पूर्व घोषित** कार्यक्रम के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर अंत्योदय कार्ड धारकों को निशुल्क राशन के साथ कंबल का वितरण बसखारी कोटेदार मो जावेद राईन द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में चौकी इंचार्ज किछौछा चंद्रभान यादव के साथ प्रभावती कैलाश( पीके) चौरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक शुजात अली खान व संस्थापक अध्यक्ष शरद यादव भी मौजूद रहे। कंबल वितरण के दौरान मुख्य अतिथि शुजात अली खान ने कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सेवा का अवसर भाग्यशाली लोगों को ही मिलता है। ऐसे लोगों की सहायता करके मोहम्मद जावेद राईन एक पुनीत कार्य कर रहे हैं वहीं इस दौरान मौजूद समाजसेवी शरद यादव ने कहा कि जावेद राइन पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष भी हैं। जो ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा लेते रहते हैं। वहीं जावेद राईन ने बताया कि सरकारी राशन की दुकान पर पंजीकृत सभी प्रकार के लाभार्थियों को निशुल्क राशन वितरण कराया जा रहा है। यह हमारा दृढ़ संकल्प है कि जब तक सरकार द्वारा कोरोना पर नियंत्रण की घोषणा एवं स्थिति सामान्य नहीं होती है तब तक आर्थिक रूप से कमजोर पात्र लाभार्थियों को निशुल्क राशन वितरण कराया जाता रहेगा इस दौरान 35 अंत्योदय कार्ड धारक परिवारों को कंबल वितरित किया गया।साथ ही साथ सभी प्रकार के लाभार्थियों को निशुल्क राशन वितरण की घोषणा की गई इस दौरान चौकी इंचार्ज व संरक्षक शुजात अली खान के साथ वरिष्ठ समाजसेवी शरद यादव, मोहम्मद इरफान,मोहम्मद नदीम खान, अहमद अंसारी, पप्पू राईन,मुन्ने खां सहित कई अन्य संभ्रांत नागरिक एवं कार्ड धारक मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं ने समस्याओं को लेकर डीएम व एसपी के साथ की बैठक

- जनपद में धान खरीद में किसानों को हो रही परेशानी पर हुई मुख्य चर्चा



बैठक में भाग लेते पुलिस अधीक्षक व भाजपा नेता — पायनियर

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**जनपद** में धान खरीद में किसानों को हो रही परेशानी,जनपद में प्रचुर मात्रा में खाद की उपलब्धता,ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए रैन बसेरा,गरीबों को ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरण,मिझौड़ा चीनी मिल में किसानों की गन्ना तौल व खरीद,जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ करने से संबंधित विंदुओं पर चर्चा के साथ साथ कई प्रकार की समस्याओं के निस्तारण के लिए भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर प्रदेश शासन के नीति के पालन और जन सामान्य के सुविधा और सम्मान को संरक्षित करते हुए जनता को राहत पहुंचाने का विषय पर चर्चा किया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने जनपद के किसान को धान और गन्ना विक्रय में हो रही कठिनाई को तुरंत समाप्त करने,यूरिया सहित अन्य प्रकार के खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने,ठंड को देखते हुए गरीब और असहाय पात्र लोगों को शीघ्र ही कम्बल वितरण,गरीबों के पुनर्वास के लिए रैन बसेरा की स्थापना और उसमें सुविधाओं,जनपद की कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा कर निस्तारण का प्रभावी रूप से निर्देश दिए, जाने की बात कही।बैठक में उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्त, मनोज मिश्र,डाक्टर राना रणधीर सिंह,जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,बाबा राम शब्द यादव,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री दिलीप पटेल (देव),शिव पूजन राजभर ने अपने अपने विषय पर दोनों अधिकारियों से चर्चा कर निस्तारण की अपेक्षा किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सुमन पाण्डेय, रक्षा एजाज,दशरथ यादव, विमलेन्द्र प्रताप सिंह (मोनू), जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया, अमरेंद्र कांत सिंह,जिला मंत्री इंद्रेश निषाद,सुनील पासवान,जिला आईटी प्रमुख मनीष मिश्र, जिला सह मीडिया प्रभारी बजरंगी पाठक, सह कार्यालय प्रभारी अरविन्द सिंह (डिंपू), पूर्व जिला कोषाध्यक्ष आनन्द बहल शामिल रहे।

# निरीक्षण में गोवंश आश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव की नहीं मिली समुचित व्यवस्था

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**उपजिलाधिकारी** अकबरपुर मोइनुल इस्लाम ने शुक्रवार को पशु आश्रय स्थल सैदपुर भितरी एवं सिसवा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ गोवंश बिना टैगिंग के पाये गये तथा कुछ बीमार पाये गये। इसके अलावां पशु आश्रय स्थलों पर पाई गई अन्य कमियों पर उपजिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए उन्हें ठीक कराने के निर्देश दिये। पशु आश्रय स्थल सैदपुर भितरी के निरीक्षण में वहां तैनात सभी सफाई कर्मी उपस्थित पाये गये। यहां पर एक बछड़े को बिना टैगिंग के पाया गया जो मरणासन्न स्थिति में था। एक अन्य बछड़े के पैर में चोट लगी पाई गई जिसका इलाज किया जा रहा था। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जिन पशुओं की टैगिंग नही है उनकी तत्काल टैगिंग करवायें। इसके अलावां पशु आश्रय स्थल पर पर्याप्त संख्या में जूट के बोरों की व्यवस्था नही पाई गई। मौके पर केवल 25-30 बोरे पाये गये जो पशुओं की संख्या की अपेक्षा काफी कम थे। इसके अलावां पश्चिम दिशा में लगे शेड पर त्रिपाल फटा पाया गया जिसे तत्काल सही कराने के निर्देश दिये गये। अलाव के लिए लकड़ी नही पाई गई जिससे सफाई कर्मियों को ठंड से असुविधा हो रही थी। पशु आश्रय स्थल सिसवा के निरीक्षण में कुल 180 गोवंश पाये गये। यहां एक सफेद गाय, दो बछिया अत्यधिक बीमार पाई गयीं। इसके अलावां एक बछड़ा भी बीमारी के कारण उठ नही पा रहा था। एक बछिया की आंख क्षतिग्रस्त पाई गई। एसडीएम ने सभी का नियमित इलाज कराये जाने के निर्देश दिये। यहां पर भी जूट के बोरे कम पाये गये। इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

# भौगोलिक दृष्टि से नेपाल भारत का अभिन्न अंग है: जगतगुरु वासुदेवानंद सरस्वती

- अयोध्या के राम कथा पार्क में 39 वें रामायण मेले का हुआ आगाज, 21 दिसंबर तक चलेगा रामायण मेला होंगे विविध कार्यक्रम




संवाददाता। अयोध्या

**नेपाल** भारत का अभिन्न अंग है और भौगोलिक दृष्टि से वह भारत का एक प्रदेश है और संयोग से यह ज्योतिष पीठ के अंतर्गत ही आता है यह उद्गार 39 वें रामायण मेला का उद्घाटन करने अयोध्या आए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती ने कहीं। उन्होंने कहा भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण में जो देरी आ रही है उसका मूल कारण है की मंदिर की न्यू इतनी मजबूत और प्रमाणिक हो कि वह कम से कम 1000 वर्षों मजबूत बनी रहे क्योंकि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद हमारे रामलला का भव्य मंदिर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा की जब न्यू मजबूत रहेगी तो भव्य मंदिर हजारों वर्षों तक सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा की रामायण मेले का शुभारंभ डॉ राम मनोहर लोहिया ने किया था उसके पहलेरामायण स मेलन होता था और रामायण स मेलन में केवल रामायण की ही बातें कही जाती थी लेकिन रामायण में लेने धर्म और संस्कृति से जुड़ी और कथाएं भी लोगों को बताई जाती हैं जिससे लोग रामायण मेले से जुड़ते हैं और प्रभु का नाम सुनकर तर जाते हैंभगवान श्री राम के नाम स्मरण से गणिका अजामिल जैसे लोग नाम बहुत आसानी से जिव्हा पर नहीं आता है। उन्होंने कहा सबसे पहले रामायण मेला चित्रकूट उसके बाद अवध आसाम और श्रृंगवेरपुर में हो रहा है मैं रामायण में लेकर आयोजकों को साधुवाद धन्यवाद देता हूं जो इसको निरंतर 39 वर्षों से अनवरत कर रहे है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व रामायण मेला समिति के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के अस्वस्थ होने के कारण उनके उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने रामायण मेले की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज राष्ट्रभक्त बनने की जरूरत है और जब राष्ट्र रहेगा तभी हमारा भी अस्तित्व रहेगा। हमारे ही देश से पाकिस्तान बांग्लादेश अफ़गानिस्तान बना क्या वहां मंदिर नहीं थे हिंदू नहीं थे लेकिन वहां स्थिति कुछ अलग है इसलिए हमें संगठित होकर के राष्ट्र और राष्ट्र नायक राम का प्रचार प्रसार करना चाहिए। उन्होंने रामायण मेला के उद्घाटन अवसर पर आए सभी संतों का आभार भी व्यक्त किया। रसिक पीठाधीश्वर जानकी घाट बड़ा स्थान के महंत जन्मेजय शरण महाराज ने कहा तुलसीदास जी महाराज ने रामायण में दो ही विवाह का वर्णन किया है प्रभु श्री राम भगवान शिव के विवाह का क्योंकि इन दोनों आराध्य के विवाह श्रवण से मन को शांति और सुख प्राप्त होता है।भगवान के और भी अवतार हैं लेकिन उसमें विवाह का वर्णन नहीं है। इसलिए विवाह के अवसर पर यह रामायण मेला सबको सुख और शांति प्रदान करता है।संत समिति के अध्यक्ष महंत कन्हैया दास जी महाराज ने कहा की वह देश तब तक अमर रहता है जब तक उसमें उदारता होती है और हमारे आराध्य प्रभु श्री राम का चरित्र उदर है जब तक देश में प्रभु के चरित्र का कांड रामायण मेला जैसे अवसरों पर होता रहेगा तब तक यह देश अमर रहेगा। सुरेश दास जितेंद्रानंद सरस्वती विनोदानंद सरस्वती आचार्य देव मुरारी बापू सहित दर्जनों संतो न अपने विचार व्यक्त किए। रामायण मेला समिति की तरफ से महंत गिरीश पति त्रिपाठी नंद कुमार मिश्र पेडा महाराज ने आए हुए संतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन कमलेश सिंह शास्त्री ने किया। अवसर पर शीतला सिंह दीप कृष्ण वर्मा सहित सैकड़ों संत महंत उपस्थित रहे।

# 'योग गुरु ही अल्पकाल में शिक्षा से परिपूर्ण कर सकता है'

- सीताराम विवाह महोत्सव के अवसर पर दशरथ राजमहल में महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य के सानिध्य में हो रही है श्री राम कथा



संवाददाता। अयोध्या

**अयोध्या** दशरथ महल बड़ी जगह में विंदु गाद्याचार्य महंत श्री देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में चल रही श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस की पावन बेला में प्रवचन करते हुए क्रांतिकारी कथा व्यास स्वामी बाल भरत जी महाराज ने भगवान श्री राम समेत चारों भाइयों के नामकरण संस्कार की कथा सुनाते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन नाम का बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है इसलिए हमारे आचार्य विद्वान जन बच्चे के नाम को भगवान के नाम के साथ जोड़कर रखते थे अत: जो प्रभावहीन नाम है उनका जीवन पर नकारात्मक प्रभाव रहता है इसी क्रम में गुरु आश्रम में जाकर भगवान के विद्या अध्ययन की कथा सुनाते हुए गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि जो विद्या हम वर्षों अध्ययन करके भी पूर्ण रूपेण नही प्राप्त कर पाते वह हम एक योग्य गुरु की शरण में जाकर अल्प समय में ही प्राप्त कर लेते हैं यह गुरु भगवान की महिमा है। जैसे कि प्रभु गुरु गृह पढ़न गए रघुराई । अल्प काल विद्या सब आई ।मात्र पुस्तक से पढ़ी हुई विद्या में अहंकार का जन्म हो जाता है जबकि गुरु कृपा के द्वारा प्राप्त की गई विद्या से विनम्रता आती है अर्थात अहंकार से परिपूर्ण विद्या कभी भी जन मानस का कल्याण नही कर सकती बल्कि विनम्रता से परिपूर्ण विद्या से जनमानस का कल्याण होता है।मात्र पन्द्रह वर्ष की आयु में भगवान राम गुरुदेव विश्वामित्र के पीछे चले गए जब किसी महान गुणी विद्वान का संग करते हैं तभी हम जीवन की बड़ी बड़ी समस्या रूपी धनुष का खंडन करते हैं जैसा कि शंशय भी शनुष है अज्ञान भी धनुष है अभिमान भी धनुष है सोच चिंता कायरता यह सभी धनुष ही हैं जो गुरु कृपा से ही टूटते है। श्रीसीताराम विवाह महोत्सव के अवसर पर चर्तुथ दिवसीय कथा श्रवण करने के लिए आए, महंत सुरेश दास सहित सभी ?संतों महंतों का स्वागत संत राम भूषण दास कृपालु ज महाराज किया।

# किसान आंदोलन

## समाप्त करें घेराबंदी

**किसानों** के प्रदर्शन के बारे में अलग-अलग राय हो सकती है कि सिंघु बार्डर पर पंजाबी किसान हैं या बिचौलिए या शाहीन बाग वाले मोदी-विरोधी, लेकिन राजधानी की घेरेबंदी कर उसको बंधक बनाना प्रदर्शनकारियों के लिए उचित नहीं हैं। इस घेरेबंदी से शहर का सामान्य जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। दिल्ली-एनसीआर देश का आर्थिक केन्द्र है और दिल्ली व राजधानी के चारों ओर बसे शहरों की मांग से न केवल अर्थव्यवस्था को गति मिलती है, बल्कि वहां से मिलने वाले टैक्स से सरकार को भारी राजस्व भी प्राप्त होता है। निश्चित रूप से शहर की घेरेबंदी से प्रदर्शनकारी अपना संदेश दे सकते हैं जैसा कि किसान कर रहे हैं, लेकिन 21 दिन से अधिक समय से शहर के स्थानीय नागरिकों को लगातार भयानक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा उनका आर्थिक भविष्य बरबाद हो रहा है। लाकडाउन के कारण पिछले आठ महीने के बाद जनता ने भौतिक व आर्थिक गतिविधियों की जरा सी शुरुआत देखी थी, पर बाहर से आए किसानों ने दिल्ली को घेरे में ले लिया। इससे जनता की आर्थिक बेहतरी की संभावनाओं पर फिर विराम लग गया। वे संसद द्वारा पास तीन नए कृषि कानून वापस लेने की मांग पर डटे हैं। हम भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था व किसानों के महत्व को स्वीकार करते हैं और यह भी मानते हैं कि कृषि अर्थव्यवस्था से देश संचालित होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। वास्तव में शहरी अर्थव्यवस्था ही देश को संचालित करती है। यदि किसान अपने लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर डटे रहें और समर्थन के लिए राज्य पर आश्रित रहें तो अर्थव्यवस्था के संबंध में उनको पुन: विचार करना होगा।



इसके साथ ही प्रदर्शन जितना लंबा चलेंगे, उतना ही प्रदर्शनकारियों का बड़बोलापन सामने आएगा। यह स्पष्ट हो रहा है कि वे सिंघु सीमा पर जमे उच्च-जातीय भूस्वामी हैं या शाहीन बाग के अधिकांश मुस्लिम वर्चस्व वाले प्रदर्शनकारी। तथ्य यह है कि ये प्रदर्शन नरेन्द्र मोदी या अमित शाह को हरा नहीं सकते हैं और भाजपा की चुनाव मशीनरी प्रदर्शनों के बावजूद सक्रिय रहती है। इससे भाजपा के वोट मजबूत होते हैं, भले ही ऐसा पंजाब व दिल्ली के आसपास न हों। सर्वोच्च न्यायालय ने किसान प्रदर्शन के मामले में हस्तक्षेप की इच्छा जताई है और शाहीन बाग की तरह वह चाहता है कि किसान अपनी घेरेबंदी समाप्त करें। यदि हम सभी 'आम आदमी' के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं जिसे कानूनों से 'हानि' होगी तो हमें यह अवधारणा बदलने की आवश्यकता है। असली 'आम आदमी' वास्तव में मध्यवर्ग का सुरक्षा गार्ड या टैक्सी ड्राइवर है जिसका काम इस घेरेबंदी के कारण प्रभावित हुआ है और उसका आर्थिक भविष्य चौपट हो रहा है। लगभग निश्चित है कि अपने वोटबैंक को मजबूत बनाए रखते हुए भाजपा इस प्रदर्शन से उसी तरह पार पा लेगी जैसा शाहीन बाग के मामले में हुआ था। भाजपा को उत्तर प्रदेश या उत्तरी राज्यों की सत्ता से हटाना विपक्ष की एक कल्पना है और ऐसे प्रदर्शनों से भाजपा देश के हृदय क्षेत्र में अपने वोट और मजबूत ही करेगी। इसके अलावा एक और तथ्य है। प्रदर्शन में ऐसी सभी प्रकार के तत्व शामिल होते जा रहे हैं जो भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण हैं। इनमें बीजिंग के निर्देश पर काम करने वाले कम्युनिस्ट या अब भी भिंडरावाले की पूजा करने वाले तथ्व शामिल हैं। भारत को बदलना आसान काम नहीं है और बहुत से लोगों को यह चिन्ता हो गई है कि आखिरकार नरेन्द्र मोदी कितने समय में सार्थक सुधार करने में सफल होंगे। वे भले ही उनके तरीकों की आलोचना करें कि वे पूरी शक्ति का प्रयोग करते हैं तथा संसद में विपक्ष को आगे बढ़ने का अवसर नहीं देते हैं। हालांकि, राज्यसभा में भी अब भाजपा का बहुमत निकट होने के बाद संसदीय चर्चा की प्रकृति एक प्रकार से निर्धारित हो गई है। यदि विपक्ष का विश्वास है कि राष्ट्रीय आर्थिक नीतियों पर गंभीर विमर्श के बजाय वह सड़कों पर प्रदर्शन के रास्ते से आगे बढ़ने में सफल होगा तो उसे अपनी गलतफहमी दूर कर लेनी चाहिए।

# कोरोना से सर्वाधिक पीड़ित समूह

**जेंडर अपराधों के खिलाफ कठोर कानूनों के बावजूद सेक्स वर्करों के जीवन की गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। समय आ गया है कि उनके पेशे को वैधता प्रदान की जाए।**



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



**खुशी** की बात है कि महाराष्ट्र सरकार ने महामारी के समय सेक्स वर्करों को मुफ्त राशन देने की पहल की थी। समाज का यह हिस्सा अनुचित रूप से अलग-थलग है और उसे घृणा की दृष्टि से देखा जाता है। एक भी दिन ऐसा नहीं बीतता है जब मीडिया एक न एक बलात्कार की खबर न देता हो, इसके बावजूद बहुत कम भारतीय या समाज विज्ञानी जेंडर अपराधों व उनके उन्मूलन के बारे में सोचते होंगे। लेकिन भुगतान कर सेक्स प्राप्त करने को अपराध माना जाता है। लगातार शहरीकरण के कारण परिवारों से अलग रहने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। जब अधिकांश लोग गांवों या छोटे कस्बों में रहते थे तब परिवार एक साथ होते थे। संयुक्त परिवारों में नौजवानों की आय एक तात्कालिक व बहुत अनिवार्य मुद्दा नहीं होता था। इसलिए जल्दी विवाह उस समय अपवाद के बजाय नियम थे। सामान्य रूप से सेक्स की समस्या उस समय नहीं पैदा होती थी। इसके कारण यौन अपराधों की संख्या बहुत कम थी और आमतौर से विकृत लोग ही इसमें लिप्त होते थे। उस तुलनात्मक रूप से सरल समय में विवाह के बाहर यौन संबंध मुख्यत: मध्य वर्ग तक सीमित थे। भूमि संपदा या उद्योगों से समृद्ध समाज के उच्च वर्गों में रखैल रखना खराब बात नहीं मानी जाती थी। इसके उलट अमीर लोगों का तवायफों के पास जाना सामान्य माना जाता था। स्वतंत्रता के पहले मुंबई समाज के अनेक हिस्सों में किसी पुरुष के दर्जे का आंकलन उसकी रखैल तवायफ के गाने और नाचने की कला से किया जाता था। लेखक के बाबा नत्थूभाई वोरा ने अपना लगभग पूरा जीवन एक महिला के साथ बिताया था जो मशहूर शास्त्रीय संगीत गायिका व पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित केसरबाई केलकर से कम मशहूर नहीं थीं। संयोग से वे विवाहित नहीं थे। यदि कोई रिश्तेदार उनसे मिलने आता तो केसरबाई किसी अन्य मित्र की तरह उनका स्वागत करती थीं।

दूसरी ओर कामगार तबके में खासकर विवाहेत्तर यौन संबंध के प्रति कोई घृणा का भाव नहीं था। यदि खेती से किसी की आजीविका नहीं चलती थी तो वह काम करने शहर जाता था। ऐसे में बहुत कम लोग वहां अपने या परिवार के लिए घर पाने में सफल होते थे। इसके परिणामस्वरूप वे महीनों तक अलग रहते थे। इस कारण वे भुगतान के माध्यम से वही पाना चाहते थे जो छेड़खानी या बलात्कार से मिलना माना जाता है। अब खासकर निर्भया त्रासदी के बाद बलात्कार जैसे अपराध के प्रति समाज में भयानक घृणा का माहौल है। अनेक लोग इसे पाशविकता कहते हैं, लेकिन लेखक इससे सहमत नहीं है। जानवर या पशु बलात्कार नहीं करते हैं, नर मादा का पीछा केवल तभी करता है जब वह यौनोत्तेजित हो। चाहे परिवार में हो या परिवार के बाहर, बलात्कार एक जघन्य अपराध है।

दूसरी ओर दुनिया का सबसे पुराना पेशा मूल रूप से एक अनुबंध से अलग नहीं है, हालांकि यह पवित्र अनुबंध यानी विवाह से अलग है। केवल समय सीमा अलग होती है, पर कुछ अनुबंधों के लिए भुगतान जरूरी होता है जिसे विवाह के समय दिया जाने वाला मेहर कहते हैं। सभी जगह अच्छी आमदनी वाले पुरुष को योग्य दूल्हा माना जाता है। विवाह को पुजारी या सरकारी अधिकारी पवित्र घोषित करते हैं, पर भुगतान के बदले में यौन संबंधों को निजी परस्पर सहमति समझा जाता है। इसके साथ ही पहले तवायफ रखना घृणा की दृष्टि से नहीं देखा जाता था, जबकि किसी अल्पकालीन संबंध को अनैतिक माना जाता था। हालांकि, निकाहे मुता के शिया व्यवहार पर सवाल नहीं उठते हैं जिसकी कोई न्यूनतम अवधि सीमा नहीं होती है। स्वतंत्रता के पहले राजा गजनफर अली खान देशी रियासत कोटा के दीवान थे। उनको महाराजा ने एक विशेष जन्म दिवस पार्टी में सपत्नीक आमंत्रित किया था। चूंकि वे अपनी पत्नी सबको नहीं दिखाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने एक महिला के साथ पार्टी में चलने के लिए निकाहे मुता किया था। राजा गजनफर बाद में भारत में पाकिस्तान के राजदूत बने थे। नोबेल पुरस्कार विजेता सर विदिया नाइपाल की लंदन में सेक्स वर्करों से मुलाकात का विवरण उनके जीवनीकार व प्रशिद्ध लेखक पैट्रिक फ्रेंच ने दिया है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद था कि उन्होंने लेडी पैट्रीशिया से विवाह किया था जो आजन्म उनकी जीवन संगिनी रहीं।

वैशाली में जन्मी आम्रपाली बहुत सुंदर थीं और वे नगरवधू या शाही दरबारी के पद तक पहुंचीं। वे भगवान बुद्ध की समकालीन थीं। एक बार उनके आमंत्रण पर भगवान बुद्ध उनके घर भी गए थे तथा उनके साथ भोजन किया था। इस घटना से उस समय दरबारियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण का पता चलता है क्योंकि स्वयं भगवान बुद्ध ने उनके साथ भोजन करना अनुचित नहीं माना था। वैसे भी अनेक हिंदू मंदिरों में देवदासियां होती थीं जिनको देवताओं के मनोरंजन के लिए मंदिरों में नृत्य के लिए दान दिया जाता था। अधिकांश सेनाओं के साथ उनकी महिलाओं के डेरे चलते थे जिनको रक्षा अधिकारी समुचित अनुमति देते थे। संभवत: यौन संबंधों के प्रति निन्दा की अवधारणा भारत में ईसाई प्रभाव के बाद सामने आई। ईसाई धर्म में सेक्स को पाप की तरह देखा जाता है और उससे बचा जाता है। इसलिए ईसा मसीह का जन्म कुंआरी महिला से हुआ था और वे मूल पाप से मुक्त थीं। चर्च भले ही इस अवधारणा को सही समझती हो, पर उसने हमारी नैतिकता विकृत कर दी। यह स्थिति खासकर भारत में महिलाओं के प्रति दुर्भाग्यपूर्ण थी। इससे लड़कियां दुर्भाग्यपूर्ण रूप से छेड़खानी का शिकार बन गईं तथा गरीब महिलाओं को भुगतान के बदले में आनन्द देने पर मजबूर होना पड़ा। संयोग से एक समय यूरोप ने विकृत संतों को मान्यता दी। मेरी मैग्डालेन को ईसाइयत ने स्वीकार किया था अथवा यह पूर्वाग्रह संक्रामक बीमारियों के कारण फैला था?

निसंदेह सेक्स वर्करों को एक लाइसेंस देकर इस पेशे को वैधता प्रदान करनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए जिसमें महिलाओं व उनके संरक्षकों की स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित हो सके। महिलाओं को कानून-व्यवस्था अधिकारियों के हाथों अक्सर उत्पीड़न से बचाया जाना चाहिए। आश्चर्यजनक रूप से महिलाओं को गिरफ्तार किया जाता है और उनको दंड मिलता है, लेकिन कभी शायद ही किसी पुरुष संरक्षक को सजा मिली हो। कानून का उल्लंघन होने पर दोनों पक्षों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। अनेक वर्षों से कोलकाता के एक स्थान चितरंजन एवेन्यू या सोनागाछी को मुख्य सड़क से अलग किया गया है। इस इलाके में अनेक घर व्यक्तिगत महिला पेशेवरों ने किराए पर लिए हैं। व्यवहार में इस बस्ती के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं हैं। इस क्षेत्र में छापों या गिरफ्तारियों की खबरें भी अखबारों में नहीं दिखती हैं।

इस लेखक ने कोलकाता में 38 साल गुजारे हैं। उसे याद नहीं कि उन दशकों में बलात्कार या छेड़खानी की कोई खबर छपी हो। मध्य वर्ग में महिलाओं का सम्मान था। अधिकांश लोग प्रेम से बच्ची को भी 'मां' कह कर संबोधित करते थे। इसका कारण यह था कि हिंदू मां दुर्गा की पूजा करते हैं। साल भर में कुल 13 देवी पूजा होती हैं। कुछ समाजविज्ञानियों का मानना है कि महिलाओं के प्रति इस दृष्टिकोण का कारण देवियों की पूजा था। निसंदेह केवल हिंदूवाद का विश्वास ही अनेक देवियों के प्रति सिर झुकाने को प्रेरित करता है। ऐसे में यह अत्यधिक शर्मनाक है कि अक्सर इतने अधिक बलात्कारों की खबरें आती हैं। भुगतान कर सेक्स प्रदान करना दुनिया का सबसे पुराना पेशा है। इसका अर्थ है कि यह शताब्दियों पहले मनुष्यों का सामूहिक जीवन शुरू होने के समय से है। इसका अर्थ यह भी है कि यह सर्वकालिक स्थाई आवश्यकता है। ऐसे में इसके प्रति इतनी अधिक घृणा क्यों है। आश्चर्यजनक रूप से भारत में सेक्स वर्करों की स्थिति स्वीकारने व इसमें सुधार के कोई प्रयास नहीं हुए हैं। कुल मिला कर इस पेशे मे बहुसंख्य महिलायें गरीबी के कारण जाती हैं। ऐसे में हमारी सामाजिक चेतना पर सवाल उठते हैं। हम इस पेशे को कानूनी वैधता प्रदान कर सेक्स वर्करों के स्वास्थ्य, सफाई व उनके प्रति न्यायोचित व्यवहार को क्यों नहीं सुनिश्चित करते हैं? यूरोप के अनेक देशों ने सालों पहले यह काम किया था।

# सीमांत समुदायों के छात्रों पर महामारी की मार

> **अध्ययन दर्शाते हैं कि रैपिड परीक्षणों का इस्तेमाल कर छात्रों की स्क्रीनिंग एवं व्यवहार संबंधी कड़े हस्तक्षेप कोविड संक्रमण पर नियंत्रण में मददगार होते हैं।**

**मयूख बिस्वास**
(लेखक एसएफआई के अखिल भारतीय महासचिव हैं)



**वर्तमान** में जारी कोरोना वैश्विक महामारी के कारण लागू किए गए लाकडाउन से पैदा सामाजिक-आर्थिक संकट भारत तथा विश्वभर में व्याकुलता का कारण रहा है। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत में अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत 400 मिलियन से अधिक कर्मचारी कोविड-19 के प्रभावों के कारण गरीबी की हालत में पहुंच गए हैं। भारत की तैयारी न होना तथा कुशल परीक्षण सुविधा मुहैया कराने में विफलता एवं वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावितों की खोज करने संबंधी रणनीति का अभाव न केवल अर्थव्यवस्था बल्कि प्रबंचित तबकों एवं हाशियाकृत नागरिकों के लिए भी त्रासदीपूर्ण साबित हुआ है। परिणामस्वरूप, शिक्षा, खासकर निर्बल समुदायों में, अत्यधिक प्रभावित हुई है।

कोविड-19 लाकडाउन एवं आनलाइन कक्षाओं के चलते लगभग 320 मिलियन छात्रों पर बुरा असर पड़ा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की 2017-18 के लिए जारी 75वीं रिपोर्ट के देश में डिजिटल विभाजन को उजागर करती है। केवल 23.8 प्रतिशत भारत की पहुंच इंटरनेट सुविधाओं तक है, जहां नगरीय क्षेत्रों में यह पहुंच 42 प्रतिशत लोगों तक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में यह सुविधा मात्र 14.9 प्रतिशत लोगों के पास है। ऐसे डिजिटल विभाजन के बीच, हताश छात्र स्वयं को आघात पहुंचाने जैसे कदम उठाने को विवश हुए हैं। एलएसआर के छात्र द्वारा हाल ही में की गई आत्महत्या उनके समक्ष विद्यमान आर्थिक कठिनाइयों की कहानी कहती है।

आनलाइन शिक्षा के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरणों की अनुपलब्धता के चलते बहुत से विद्वान छात्रों को पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी और उन्होंने परिवार की आमदनी बढ़ाने के लिए खेतों में काम करना प्रारम्भ कर दिया। खासकर, कन्या छात्रों की



शिक्षा पर सबसे ज्यादा मार पड़ी है, और सर्वेक्षण के दायरे में आईं 42 प्रतिशत लड़कियों ने कोविड-19 महामारी के कारण अपने परिवारों की आय में गिरावट की जानकारी दी, जिससे डिजिटल शिक्षा के तक पहुंच का अभाव पैदा हो गया है। परिणामत:, सर्वेक्षित हर दो में से एक लड़की स्कूल छोड़ने के जोखिम से प्रभावित पाई गई। लड़कियों के स्कूल व कालेज छोड़ने का प्रभाव बहुत व्यापक होगा, और परिणाम 30 ट्रिलियन आजीवन उत्पादकता व कमाई खोने के रूप में सामने आ सकता है। क्योंकि अर्थव्यवस्था, साथ ही साथ स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों को पुन: खोला जाना प्रारम्भ हो गया है, ऐसे में सामने आने वाली चुनौतियों से निबटने के लिए ठोस योजना होनी चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि कक्षाएं बहाल होने से छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के कोविड-19 से संक्रमित होने का जोखिम बढ़ गया है। इसलिए, यह सुनिश्चित करना अहम हो गया है कि कोविड-19 परीक्षणों को पहुंच के योग्य तथा वहनीय बनाया जाए जिससे कि सभी साझीदारों एवं छात्रों की अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इससे अर्थव्यवस्था व समाज पर किसी भी प्रकार का दीर्घकालीन प्रभाव रोका जा सकेगा।

सरकार को वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। किसी प्रभावी परीक्षण सुविधा एवं संक्रमितों की खोज संबंधी रणनीति के बगैर स्कूल और कालेज खोला जाना विनाशकारी साबित होगा क्योंकि बच्चे वायरस के प्रसारक माने जाते हैं। वर्तमान समय में स्वास्थ्यरक्षा प्रणाली पर अत्यधिक बोझ है और, ऐसी स्थिति में, सर्वाधिक निर्बल तबकों के लोगों स्वास्थ्य सर्वाधिक प्रभावित होता है। और इसलिए, देश में लक्षित परीक्षण सुविधाओं की प्रभावीयता तथा संपर्क में आने वालों की जोरदार खोज में मात न खाना सबसे अहम है। वैश्विक स्तर पर कुछ ऐसे अध्ययन हुए हैं जिनमें बताया गया है कि प्रत्येक दो या तीन दिन में रैपिड परीक्षणों का इस्तेमाल करके छात्रों की स्क्रीनिंग एवं व्यवहार संबंधी कड़े हस्तक्षेप कोविड संक्रमणों के नियंत्रण में मददगार होते हैं। इस तरह छात्रों की परिसर में सुरक्षित वापसी संभव होती है। इससे सरकार को जमीनी स्तर पर स्थिति का और अधिक समग्रतापूर्ण अवलोकन करना होगा तथा स्कूल व कालेज खोले जाने को लेकर व्यावहारिकतापूर्ण निर्णय लेने की अनुमति देनी होगी। यह सब कामचलाऊ नीति के तहत नहीं होना चाहिए।

आर्थिक गिरावट का भारत में छात्रों तथा शिक्षा पर भयावह असर पड़ा है। यद्यपि एक दमदार परीक्षण एवं संपर्क में आए लोगों की खोज संबंधी रणनीति के द्वारा कोरोनावायरस के प्रसार को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकेगा, हमें छात्रवृत्तियों के वितरण, छात्रों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज, क्षेत्र-केंद्रित कौशल उच्चीकरण एवं पुन: कौशल निर्माण तथा उचित इंटरनेट सुविधाओं एवं लैपटाप तक पहुंच मुहैया कराते हुए कमजोर तबकों के छात्रों की मदद करने के लिए अन्य पहलकदमियों पर जोर देने की आवश्यकता है। देश के हाशियाकृत छात्रों को उनके शिक्षा के अधिकार से वंचित होने से रोकने के लिए स्कूलों की फीस भी इस स्थिति में नहीं बढ़ाई जानी चाहिए।

## आप की बात

### प्रचार की ताकत

**देश** के बड़े हिस्से में जबर्दस्त ठंड पड़ रही है। किसान आंदोलन में किसान सड़कों पर ठिठुर रहे हैं लेकिन सरकार के प्रचार वाले पोस्टरों में दिखने वाले किसान के आसपास भी कहीं ठंड नहीं है। बिना मफलर और स्वेटर का किसान है। किसान आंदोलन को काउंटर करने के लिए जारी पोस्टरों का किसान काफी खुशहाल दिखाया जाता है। इस किसान के कंधे पर जो कुदाल है वो लोहे की जगह प्लेटिनम की लगती है क्योंकि अभी इसने मिट्टी का चरण स्पर्श नहीं किया है। किसानों को लगातार झूठ से सावधान रहने को कहा जा रहा है फिर भी इस पोस्टर में पति पत्नी खुशहाल नज़र आ रहे हैं। कृषि मंत्री के ग्वालियर कार्यक्रम के पोस्टर में दिख रहा किसान जोड़ा गर्मी के कपड़ों में है। पति अपनी भाग्यवान को फसलों से लहलहाते खेत दिखा रहा है। देखकर तो कुछ ऐसा प्रतीत होता है कि इन्हें धान का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी ज़्यादा मिल गया है और वो भी अडवांस में। प्रधानमंत्री की भी तस्वीर है और नीचे मुरेठा बाने कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की तस्वीर है। अगर आप प्रचार की ताकत को कम आंकते हैं तो इसका मतलब है कि आप अपनी ताकत को कुछ ज़्यादा आंकते हैं।

– **डॉ हेमंत कुमार**, गोराडीह

### हिंसा की मूल वजह चुनाव

**इन** दिनों बंगाल में टकराव का माहौल है। भाजपा की जोर आजमाइश ममता को अखर रही है तो वह अपने कुनबे में से टूटते अपनों की वजह से परेशान भी है। आगामी चुनावों के मद्देनजर हो रही मशक्कत राज्य में हिंसा की मूल वजह है जो किसी भी हालत में उचित नहीं है। केंद्र राज्य टकराहट छोड़कर नैतिक लड़ाई लड़े तो यह राज्य के हित में होगा। पश्चिम बंगाल में जुबानी जंग के तेज होने के साथ ही हिंसक घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। आए दिन कार्यकर्ताओं की मौत हिंसा की वजह बन रही है। केंद्र सरकार के जरिए भाजपा राज्य में अपना वर्चस्व बढ़ाने की जुगत में है तो ममता साम-दाम-दंड-भेद के जरिए उसे रोकने में लगी है। इसी वजह से दोनों में तकरार बढ़ रही है उन्हें राम वैसे हिंसा और विवाद की मूल वजह आगामी वर्ष राज्य में होने वाले चुनाव हैं जिसमें भाजपा राज्य पर काबिज होना चाहती है। वर्षों से ममता के चल रहे राज्य में कोई और कैसे दखलअंदाजी दे यह उन्हें नागवार गुजर रहा है। हिंसा से दोनों दलों के कार्यकर्ता आए दिन अकाल मौत मर रहे हैं। बंगाल में बदलाव आना भी ममता की खीझ का विषय है। वैसे ममता को धैर्य रखना चाहिए क्योंकि यदि वे जन आकांक्षाओं पर खरी उतरी है तो उनकी सत्ता को कोई आंच नहीं है।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र


### शीत सत्र क्यों नहीं?

**केंद्र** सरकार ने कॉरोना महामारी का हवाला देते हुए, संसद का शीकालीन सत्र नहीं कराने का फैसला लिया है। ये अत्यंत चकित करने वाला फैसला है कि जिस समय कोरोनावायरस जनित महामारी अपने चरम पर थी, उस वक्त भी संसद का सत्र चलाया गया था। अब तो बाज़ार, मंडियां सब कुछ सामान्य हो रहे हैं, बावजूद इसके संसद के सत्र को नहीं चलाने का फैसला क्यों लिया गया? इसके चलते देश में चल रहे किसानों के विशाल आंदोलन के लिए अच्छी बहस होने और समस्या का उचित समाधान निकलन के सारे आसार खत्म हो गए हैं। उससे भी आश्चर्य की बात ये है कि बिहार का चुनाव हो या यूपी और हैदराबाद की रैलियां, सभी में न कोई मास्क पहना नजर आया और ना ही सामाजिक दूरी। ऐसे में ये खुद अपने बात में फसने जैसा है। संसद का शीतकालीन सत्र कई नजरिए से महत्वपूर्ण होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार अब और विरोध नहीं झेल पायेगी, इसीलिए ऐसे बेबुनियादी वजहों से सत्र को रद्द करवा रही है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**मैं** एआईटीसी सदस्य के तौर पर तथा पार्टी व संबद्ध उससे अंगों के सभी पदों से अपना त्यागपत्र दे रहा हूं।

– **सुभेंदु अधिकारी**
पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री

**बांग्लादेश** की विजय भारत की भी विजय है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 1971 के युद्ध में हमारी सहायता की थी। उनके सैनिकों ने अपनी जीवन बलिदान किए थे।

– **ए के अब्दुल मोमिन**
विदेश मंत्री बांग्लादेश





**विपक्षी** दल बिचौलियों व दलालों के पक्ष में लड़ाई लड़ रहे हैं क्योंकि वे किसानों की भलाई को पचा नहीं पा रहे हैं।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

# डा. बल्लभ भाई कठेरिया ने स्वदेशी गायों के संरक्षण का दिया संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**● शहंशाहपुर में गोबर से एलपीजी उत्पादन परियोजना निर्माणाधीनः डीएम**

**राष्ट्रीय कामधेनु** आयोग मत्स्य, पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्रालय अध्यक्ष डा. बल्लभ भाई कठेरिया ने शुक्रवार विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ स्वदेशी गायों की सुरक्षा, संरक्षण एवं विकास के सम्बंध में बैठक की।

बैठक में डा. बल्लभ भाई कठेरिया ने सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया। जिससे वे गाय के गोबर और गौमूत्र से बायो फर्टिलाइजर, वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करने के साथ-साथ इनसे विभिन्न उत्पाद बनाने में सक्षम हो सकें और अपना रोजगार कर सकें। युवाओं को भी गायों के गोबर व मूत्र से बनने वाले उत्पादों को तैयार करने की ट्रेनिंग देने की बात कही। उन्होंने बताया कि गुजरात व अन्य कई प्रदेशों में लगभग 300 प्रकार की वस्तुयें बनायी जा रही हैं और उनकी मार्केटिंग की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर उन्होंने जिलाधिकारी को गोबर से बनी हुई एक वाल क्लाक भी भेंट किया। उन्होंने जिले में कम से कम एक ऐसा इंटिग्रेटेड सेंटर विकसित किये जाने पर जोर दिया जहां पर गौ पालन उनका संरक्षण, उनका विकास, गोबर गौमूत्र के उत्पाद बनाने का ट्रेनिंग सेंटर हो उनकी मार्केटिंग की व्यवस्था रिसर्च सेंटर व मेडिसिनल प्रोडक्ट लैब तथा एग्रो पार्क सब कुछ एक स्थान पर हो। कामधेनु आयोग के अध्यक्ष ने विशेष रूप से सभी लोगों से ये आग्रह किया कि मृत गायों को समाधि दी जाय जमीन में गाड़ा जाये उनको जलाया न जाय। प्रधानमंत्री का सपना है कि किसानों की आय दोगुनी हो और वे आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि 25 फरवरी, 2021 को कामधेनु गो विज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें प्राइमरी, माध्यमिक तथा ग्रेजुएट सभी स्तर की अलग-अलग परीक्षा होगी साथ ही जन सामान्य भी इसमें भाग ले सकेंगे। जिसमें गौ सम्बंधित सामान्य प्रश्न दिये जायेंगे। इसके लिए अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने के लिए बीएसए को निर्देशित किया। इसका उद्देश्य बच्चों से लेकर युवाओं सहित सभी लोगों को गाय के प्रति जागरूक करना है। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने जनपद में गौशालाओं की स्थापना से लेकर गायों की सुरक्षा, संरक्षण एवं विकास के सम्बंध में किए गए एवं किए जा रहे कार्यों के प्रगति की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पशु प्रसार में देसी ब्रिड का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गत देव दीपावली के अवसर पर के गोबर से बने 2 लाख दीपक घाटों पर प्रज्वलित किए गए थे। आराजीलाइन के शहंशाहपुर गांव में गाय के गोबर से एलपीजी के उत्पादन की परियोजना निर्माणाधीन है।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** कस्बा गंजमुरादाबाद स्थित उन्नाव हरदोई मार्ग पर बाइक से गिरी महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई।

जनपद हरदोई अंतर्गत कस्बा मल्लावां के मोहल्ला लाला बाजार निवासी 41 वर्षीय रिजवाना अपने पति नसीरुद्दीन के साथ बाइक से बांगरमऊ दवा लेने के लिए आई थी। दवा लेने के बाद देर शाम बाइक से दोनों घर मल्लावां जा रहे थे। रास्ते मे कस्बा गंजमुरादाबाद में बाइक का हैंडल सड़क मार्ग किनारे खड़े वाहन से टकरा गया। जिससे बाइक अनियन्त्रित होकर सड़क पर पलट गई। बाइक गिरने से पति फुटपाथ की दिशा में जा गिरा जबकि पत्नी रिजवाना सड़क पर गिर गयी। तभी निकले तेज रफ्तार ट्रक ने रिजवाना को रौंद दिया। हादसे में रिजवाना की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर गंजमुरादाबाद पुलिस चौकी प्रभारी संदीप कुमार यादव मौके पर पहुंच गए और ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

# जमीन के विवाद में लमही में अधेड़ की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**● परिजन मौके पर उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे**

**लालपुर पांडेयपुर** थाना क्षेत्र के लालपुर चौकी अंतर्गत लमही सब्जी मंडी के पीछे शुक्रवार की सुबह हत्या कर शव फेंका मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ लग गई। शव की शिनाख्त राजकुमार राजभर पिता का नाम स्वर्गीय रामजीत राजभर निवासी ग्राम गोइठहा के रूप में हुई हैं। हत्या के पीछे जमीन सम्बन्धी विवाद बताया गया है। पुलिस घटना के बाबत जानकारी जुटाने में लग गई है।सुबह शव मिलने के बाद भीड़ जुटने के साथ ही जितने मुंह उतनी बातें होने लगींए प्रारम्भिक तौर पर परिजनों द्वारा मामला भूमि विवाद से जुड़ा बताया गया है। अक्रोशित मृतक के परिजन पुलिस को शव कब्जे में नहीं लेने दिए और उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करते रहेए हालांकि पुलिस परिवार के लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है।

लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के लमही सब्जी मंडी के पीछे शुक्रवार सुबह अर्ध नग्न शव मिलने से सनसनी फैल गई। पूछताछ के बाद पता चला कि शव गोइठहा निवासी राजकुमार राजभर का है। राजकुमार गारा मिट्टी का काम करता था। रात को वह अपने घर नहीं गया था। गुरुवार शाम को काम खत्म करने के बाद घटना स्थल के पास स्थित शराब ठेके पर तीन लोगो के साथ बैठ कर शराब पी थी। देर रात 10 बजे तक उसे वहीं देखा गया था। राजकुमार के सिर पर प्रहार किया गया था और गले पर चोट के निशान थे। घटना स्थल पर किसी तरह का खून नही होने से आशंका व्यक्त की जा रही है कि हत्या कही अन्यत्र कर शव को वहां फेंका गया था। राजकुमार का लोअर व चप्पल शव से कुछ दूरी पर फेंके गए थे।

## क्विक न्यूज

### शोध में व्यापकता की अपेक्षा गहराई होनी चाहिएः प्रो.राजेन्द्र

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में प्री पीएचडी कोर्स वर्क का सत्रारम्भ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रो हेरम्ब चतुर्वेदी तथा अध्यक्षता प्रो . राजेंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. संतोष भदौरिया रहे तथा संचालन डा. कुमार वीरेंद्र ने किया। मंच पर विभाग के वर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर पांडेय तथा पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. चंदा देवी भी उपस्थित रहीं। प्रो. भदौरिया ने शोध में प्री पीएचडी कोर्स वर्क की महत्ता बताते हुए शोधार्थियों के लिए विभाग में शोध से इतर रचनात्मक कार्यों के आयोजन की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. हेरम्ब चतुर्वेदी ने शोधार्थियों को शोध प्रविधि संबंधी कई जानकारियां देते हुए अपने मजाकिया लहजे में शोध में रिसर्च होना चाहिए। रीसाइक्लिंग नहीं बहुत बड़ी बात कही। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो राजेंद्र कुमार ने शोध में व्यापकता की अपेक्षा गहराई को अधिक महत्व देने की बात कही। प्रो चंदा देवी ने शोधार्थियों को शोध में अंतर.विषयी चेतना को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा के साथ साथ संघटक कालेजों के सभी प्राध्यापक और शोध छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

### कार्यकारी निदेशक ने आर्थिक संकट को दूर करने के दिए सुझाव

**प्रयागराज।** कोरोना महामारी काल में देश आर्थिक तौर पर कमजोर हुआ है। ऐसे में आर्थिक संकट को दूर करने के लिए इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड ने पूरे भारत वर्ष में भरो तेल जीतो कार योजना का शुभारंभ प्रयागराज में थार्नहिल रोड स्थित मेसर्स कपिल देव व्यास फिलिंग में किया है। उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख डा उत्तीय भट्टाचार्य ने पत्रकारों को बताया कि चार सौ रुपये या इससे अधिक मूल्य का तेल डलवाने पर ग्राहक एसयूवी कार और बाइक जीत सकता है। इसके लिए उन्हें उस डीलर का कोड बिल नंबर और तेल डलवाने की राशि का एक एसएमएस भेजना होगा। चार दिसम्बर से शुरू यह योजना 31 दिसम्बर तक प्रभावी रहेगी। इसके अलावा सौ दैनिक विजेताओं को एक्स्ट्रा रिवार्ड पॉइंट के रूप में प्रत्येक को सौ रुपये मिलेंगे। जबकि 25 साप्ताहिक विजेताओं को पांच हजार रुपये मिलेंगे। साथ ही अंतिम ड्रा के अंत में चुने जाने पर सोलह बाइक और चार भाग्यशाली विजेता होंगे। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक सुब्रत कर उप महाप्रबंधक नागेंद्र सिंह उप महाप्रबन्धक तनय कुमार अतुल कुमार नीरज त्रिपाठी आदि रहे।

### वनरक्षक नें दो के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**फतेहपुर चौरासी।** फतेहपुर 84 थानाक्षेत्र अन्तर्गत कस्बा ऊगू में बन रक्षक ने महुआ के नौ पेड़ काटे जाने पर पेड़ स्वामी सहित दो ठेकेदारों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही मौके पर काटे गये पेड़ों के प्राप्त अवशेष के आधार पर कार्यवाही की हैं। बाँगरमऊ के बन विभाग के रक्षक आशीष कुमार ने बताया कि कस्बा ऊगू में सालिगराम द्वारा दस पेड़ महुआ के काटने का परमिट जारी हुआ था। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुँचने पर देखा कि परमिट के अलावा कस्बे के ही योगेन्द्र ने नौ पेड़ महुआ के बिना अनुमति के काट लिए है। मौके पर लकड़ी बरामद नही हुई। बन रक्षक ने पेड़ स्वामी व वसी अहमद, मुजीब दोनों ठेकेदारों के खिलाफ ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

### डीएम ने धान क्रय केंद्र का किया आकस्मिक स्थलीय निरीक्षण

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में विभिन्न धान ऋय केन्द्रों से किसानों का धान उचित मूल्य पर ऋय किये जाने को लेकर लगातार समीक्षा बैठक करके लक्ष्य के सापेक्ष्य धान ऋय करने के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये जा रहे है। जिलाधिकारी अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान ब्लाक बिछिया के धान ऋय केन्द्र का आकस्मिक स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी आशुतोष कुमार वर्मा लगातार अनुपस्थित पाये जाने पर उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उपस्थित सहायक प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि अब तक 4409.20 मैट्रिक टन धान की खरीद अभी तक हुयी है। बोरे के उपलब्धता के बारे में बताया गया कि मिलों से बोरो की उपलब्धता समय पर न होने के कारण खरीद में कुछ गति कम हुई है फिर भी आये हुये किसानों का समय से नियमानुसार धान की खरीद की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशान न किया जाय। ग्राम कुईथर के किसान दिनेश कुमार से जानकारी की गयी की धान विक्रय में किसी तरह की शिकायत तो नही है। सभी किसानों ने नियमानुसार धान ऋय किये जाने की बात कही।

### वाराणसी के उज्जवल श्रीनेत विजेता घोषित किये गए

**प्रयागराज।** कोविड 19 कोरोना महामारी में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने उपभोक्ता कैंपेन एलजी प्रीमियम लीग के विजेता की घोषणा की है। दस से भी ज्यादा हफ्तों तक चलाए गए। इस कैंपेन में उपभोक्ताओं को एलजी के प्रीमियम टेलीविजन की खरीद पर साढ़े सात करोड़ रुपये के उपहार का ऑफर दिया गया। इसके अलावा उपभोक्ताओं के लिए कई बंपर इनाम की घोषणा की गई।

# रोहनिया में अम्बेडकर पार्क के स्थान पर सामुदायिक शौचालय बनाये जाने का विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**● बसपा के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से विरोध-प्रदर्शन किया और हुई नोंक-झोंक**

**तहसील** सदर के रोहनिया में खसरा संख्या 352 पर अम्बेडकर पार्क के लिए जमीन आरक्षित है लेकिन ग्राम प्रधान व एसडीएम सदर ने पुलिस फोर्स के बल पर बाबा साहब के पार्क पर सामुदायिक शौचालय बनाने का काम शुरू किया गया जिसका बसपा के जिलाध्यक्ष नवीन भारती ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष व पुलिस प्रशासन में जमकर नोंक-झोंक हुई जिससे कुछ देर के लिए कार्य बंद कर दिया गया।

बसपा जिलाध्यक्ष नवीन भारती का कहना था कि पूर्व में भी बन रहे सामुदायिक शौचालय का ग्रामीणों ने घोर विरोध किया था जिसमें एसडीएम ने एक पत्र में आदेश जारी किया था कि शौचालय अम्बेडकर पार्क में ना बनवाया जाए और शौचालय का निर्माण अन्य जमीन खसरा संख्या 370 घ पर बनवाया जाए किन्तु वर्तमान के एसडीएम मानने को तैयार नहीं हो रहे हैं और न ही मोबाइल उठा रहे है। बसपा के जिलाध्यक्ष नवीन भारत सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर पहुँचकर डीएम को पत्रक सौंपा गया जिसमें डीएम ने बसपा पदाधिकारियों को यह आश्वासन दिया कि जॉच के बाद ही रोहनिया के अम्बेडकर पार्क के स्थान पर निर्माण करने का कोई निर्णय लिया जाएगा।

# तहसील बार एसोसिएशन की नामांकन प्रक्रिया पूर्ण

**बांगरमऊ उन्नाव।** तहसील बार एसोसिएशन द्वारा आज अगली कार्यकारिणी के चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु विष्णुकांत मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मिथिलेश कुमार मिश्रा, महामंत्री पद पर छोटेलाल गौतम, सहायक उपाध्यक्ष पद पर विकास सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनीष मिश्रा, संयुक्त मंत्री के पद पर सुरेंद्र बाबू व प्रभात मिश्रा व अरविंद कुमार तथा गवर्निंग काउंसिल कनिष्ठ सदस्य पद पर अजीत शुक्ला एव शैलेंद्र कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन वापसी 21 दिसंबर तथा मतदान 26 दिसंबर को होगा। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी रामभरोसे वर्मा एडवोकेट तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाषचंद्र शुक्ला एडवोकेट ने संयुक्त रूप से दी। सभी पदों पर एक एक नामांकन होने की वजह से लगभग सभी सदस्य व पदाधिकारी निर्विरोध चुने जाने की संभावना प्रबल हो गई है।

# कैंट स्टेशन पर कार ने कई लोगों को घायल किया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**● घटना की जांच में जुटा रेल प्रशासन**

**कैंट रेलवे** स्टेशन परिसर में शुक्रवार की सुबह एक अनियंत्रित कार तेज गति से घुस गई और उसने छह लोगों को रौंद दिया। अचानक तेज गति से आती कार को देखकर परिसर में अफरातफरी मच गई। कार को देखकर मची भगदड़ के बीच जब तक लोग कुछ समझ पाते और बचने का प्रयास करते तब तक कार ने ठहरने से पूर्व छह लोगों को रौंद दिया था।

इस दौरान अनियंत्रित कार की चपेट में आने से इस दौरान आधा दर्जन लोग घायल हो गए। आनन फानन मौके पर पहुंचे सुरक्षा कर्मियों ने कार को अपने कब्जे में लेने के साथ ही चालक राजेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं हादसे में घायल सभी छह लोगों को मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैंट रेलवे स्टेशन परिसर में इस दौरान सो रहे यात्रियों पर कार चढ़ गई और तेज रफ्तार कार की चपेट में कई यात्री आ गए।

हादसे में चार यात्री गंभीर रूप से घायल हैं जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हिरासत में लिए गए कार चालक ने ब्रेक फेल होने की बात कही है। जबकि मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेने के साथ ही कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे में अधिक चोटिल विकाशानंदए आशाए मंगरूए दिव्या और मीरा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रीपेड स्टैंड से निकली कार को परिसर में धक्का लगाकर स्टार्ट किया जा रहा था। चालक और मालिक राजेश के हाथों में स्टीयरिंग की कमान थी। स्टार्ट होते ही कार अनियंत्रित हो गई। सामने खड़े बाइक सवार भर्थरा यलोहता निवासी विकास नन्द पांडेय (35) को टक्कर मारते हुए मुख्य भवन द्वार पर लगी रेलिंग को तोड़ दिया। अंदर घुसते ही कार ने जमकर तांडव मचाया। बाहर धूप सेंक रहे एक परिवार के चार सदस्य और एक रिक्शा चालक को रौंदते हुए कार मुख्य भवन के दीवार से टकराकर बंद हो गई। थोड़ी ही देर में उठी घायलों की चीत्कार से हर तरफ भगदड़ मच गया। फौरन दौड़े आरपीएफ व जीआरपी के जवानों ने घायलों को उपचार के लिए कबीरचौरा स्थित मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रिक्शा चालक मंगरू (50) और नवविवाहिता दिव्या गुप्ता (21) की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# माल लदान में प्रयागराज मण्डल पर खाद्यान्न और कृषि वस्तुओं की लोडिंग में सुधार

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**कोविड-19** स्थिति के बावजूद प्रयागराज मण्डल द्वारा माललदान को बेहतर करेने के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किया जा है। माल लदान बढ़ाने के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप प्रयागराज मण्डल ने सितम्बर 2020 में 447816 टन माललदान कर रुपये 41ण्99 करोड़ की आय की है। जो कि सितम्बर 2019 की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 21.93 फीसद एवं 5.92 प्रतिशत अधिक है। अक्टूबर 2020 में 455793 टन माल लदान कर रु 46.91 करोड़ की आय की है। जो कि अक्टूबर 2019 की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 24.73 फीसद एवं 28.98 फीसद अधिक है। नवम्बर 2020 में 429564 टन माल लदान कर रु 45.82 करोड़ की आय की है जो कि नवम्बर 2019 की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 8.11 प्रतिशत एवं 12.57 फीसद अधिक है। इसी क्रम में 17 दिसम्बर 2020 तक माललदान से रु 23.8 करोड़ की आय हुई है जो कि पिछले वित्तीय वर्ष के समान अवधि की तुलना में 13.5 फीसद अधिक है। रेलवे के माध्यम से माल का परिवहन सुरक्षित तेज पर्यावरण के अनुकूल और परिवहन के अन्य साधनों से अधिक लागत प्रभावी है। रेलवे के माध्यम से खाद्यान्न और अन्य कृषि से संबंधित वस्तुओं के परिवहन में वृद्धि कृषि और संबंधित क्षेत्रों में विकास का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। किसानों को नए और उभरते बाजार से जोड़ता है।

प्रयागराज मण्डल ने खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं के लदान में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं जिसमें गुड्स शेड में सुधार खाद्यान्नों की अतिरिक्त और नई यातायात धारा के लिए 30 फीसद तक छूट के प्रावधान वाली स्टेशन से स्टेशन प्रस्तावों को अंतिम रूप देना है। आईसीडी दादरी में ट्रैक्टर लोडिंग का नया यातायात मिनी और आधे रेक में खाद्य अनाज आदि के लोडिंग के माध्यम से नए यातायात प्राप्त करना बांग्लादेश को खाद्य अनाज निर्यात यातायात प्राप्त करना आदि शामिल है।

प्रयागराज मण्डल पर खाद्यान्न और अन्य कृषि से संबंधित सामानों को लोड करने की कुछ उपलब्धियों में लगभग 06 वर्षों के अंतराल के बाद इरादतगंज से खाद्यान्न के दो रेक की लोडिंग की गई। जिससे लगभग 73 लाख रुपये की आय नैनी से पिछले दो महीनों में लगभग 522 वैगन खाद्यान्न की लोडिंग कर 5ण्78 करोड़ रुपये की आय सोनभद्र से 336 वैगनों में नये ट्रैफिक के तहत खाद्यान्न की लोडिंग आईसीडी दादरी से बंगलादेश के लिये चार एनएमजी रेकों में चार सौ ट्रैक्टरों का लोडिंग तथा तिरूच्चिरापल्ली के लिए एक एनएमजी रेक में 150 ट्रैक्टरों की लोडिंग फतेहपुर से दो मिनी रेक एवं पनकीधाम से 194 वैगनों में नए ट्रैफिक के तहत खाद्यान्न की लोडिंग आदि शामिल है।

# बीएचयू आयुर्वेद संकाय में कोविड उपचार पर मंथन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**काशी हिन्दू** विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान संस्थान के धनवंतरी सभागार आयुर्वेद संकाय में कोविड किए जा रहे चिकित्सकीय कार्य की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अजीत प्रसाद मोहपात्रा ने किए जा रहे कार्य पर विस्तृत चर्चा करते हुए आयुर्वेद को वैज्ञानिक रूप मे प्रस्तुती की सराहना किया। प्रोजेक्ट में प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर वैद्य सुशील कुमार दुबे सोठ चूर्ण एव प्रोफेसरपी एस ब्याडगी ने औषधियों की चिकित्सकीय कार्य का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उसके पश्चात आइआइटी बीएचयू के डाक्टर सुनील मिश्र ने इन पौधौ के निकालेफाइटोकेमीकल की सूची प्रस्तुत किया। डाक्टर विजय श्रीवास्तव ने लाभ एवं सुनील कुमार यादव द्वारा अपने अनुभव कोशेयर किया गया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवज्ञ ज्ञापन प्रोफेसर आरएन चौरसिया ने दिया। संचालन डॉ विशंभर सिंह ने किया।

# कोरोना काल में और बढ़ी है अनिश्चितताः पंकज

**प्रयागराज।** वैश्विक महामारी कोविड 19 ने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। जिससे लोगों में अनिश्चितता और भी बढ़ी है। इसने वित्तीय जिम्मेदारियों वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी और परिवार की सुरक्षा की आवश्यकता का एहसास कराया है। देश के प्रमुख जीवन बीमाकर्ताओं में से एक एचडीएफसी लाइफ ने डिसिशन टू प्रोटेक्ट कैम्पेन शुरू किया है। डिसिशन टू प्रोटेक्ट चल रहे प्रोटेक्शन कैम्पेन का एक हिस्सा है।कस्टमर टेस्टिमोनियल आधारित अभियान है। जो पॉलिसीधारकों की स्वयं बताई गई। अपनी कहानियों और अनुभवों के जरिये टर्म प्लान की आवश्यकता को दर्शाने का प्रयास करता है। अपने शोध के हिस्से के रूप में कंपनी ने पॉलिसी धारकों से उन कारणों को समझना चाहा जिसके आधार पर उन्होंने एचडीएफसी लाइफटर्म प्लान चुना था। इस अभ्यास से न केवल अंतर्दृष्टि मिली बल्कि उन दमदार कहानियों का भी पता चला जिससे एक बड़ा वर्ग स्वयं को जुड़ा हुआ महसूस करता है।

# माफिया अतीक के शूटर फरहान के अवैध मकान पर चली पीडीए की जेसीबी

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**माफिया और** उनके करीबियों के खिलाफप्रशासन का अभियान तेजी से जारी है। माफिया अतीक अहमद के करीबियों व शूटरों की अवैध अचल संपत्तियों पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण की जेसीबी गरज रही है। पीडीए इनके मकानों लाजों को तोड़ रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को भी पीडीए की ओर से ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। इस बार माफिया अतीक के शूटर फरहान अख्तर के बमरौली स्थित मकान को ध्वस्त किया गया। अतीक अहमद के शूटर फरहान अख्तर के बमरौली स्थित मकान पर आज शुक्रवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की जेसीबी गरजा। करीब तीन सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बने मकान को प्राधिकरण द्वारा नक्शा पास न होने के कारण गिरा दिया गया। आज दोपहर में लाव लश्कर के साथ प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारी बमरौली स्थित फरहान अख्तर के घर पर पहुंची। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अफसर और भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहे। इसके पूर्व प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद के कई भवनों को कुर्क करने के बाद उनके करीबियों पर भी शिकंजा कसा जा चुका था। करीबियों के अवैध निर्माण पर पीडीए की जेसीबी चल चुकी है। गुजरात की जेल में बंद अतीक के करीबी रिश्तेदार इमरान की सिविल लाइंस में बिल्डिंग को तोड़ा गया था। अधिकारियों के अनुसार नजूल की भूमि पर अवैध ढंग से बनी बिल्डिंग पर अतीक के साढू इमरान का कब्जा था। इसके पूर्व अतीक के साले जकी अहमद की भी अवैध इमारत तोड़ी गई थी। अतीक अहमद के रिश्तेदार जकी अहमद के गेस्ट हाउस को भी पीडीए ने तोड़ दिया। गेस्ट हाउस का नक्शा पास नहीं होने की वजह से उसे तोड़ा गया था। उसने करेली में 60 फीट रोड पर करीब 5 हजार स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में गेस्ट हाउस बनाया था।

# किसानों और कृषि उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ेगा एपीडा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**वाराणसी से** एग्री एक्सपोर्ट बढ़ाने की क्षमता को देखते हुए एपीडा एग्री एक्सपोर्ट हब की स्थापना के लिए प्रयास किया जा रहा है। यहां फल और सब्जियों को जोड़ने में सफलता मिली। राइस शिपमेंट को वैश्विक बाजार में लाया गया। गतिविधियों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए एपीडा ने कलक्ट्रेट के पास बागवानी परिसर में अपना परियोजना कार्यालय खोला है। कार्यालय का उद्घाटन डा. एम अंगामुथु अध्यक्ष एपीडा ने किया। उद्घाटन अवसर पर कमिश्नर दीपक अग्रवाल, जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा, सचिव एपीडा डा. सुधांशु, एजीएम एपीडा डा. सीबी सिंह और बागवानी विभाग, कृषि विभाग आदि के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एपीडा हेड-ऑफिस और अन्य क्षेत्रीय कार्यालय के साथ काम कर रहे थे। एपीडा कार्यालय खोलने से किसानों और कृषि उद्यमियों के लिए अपनी उपज को वैश्विक बाजार में भेजने का एक अवसर है। कोविड महामारी के दौरान, एपीडा और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों के साथ, स्थानीय किसानों ने विभिन्न खेपों को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भेजने में कामयाब रहे। एपीडा ने वाराणसी क्षेत्र से 532 मीट्रिक टन चावल का भंडारण कर कतर भेजा है। एपीडा के लगातार प्रयासों से किसान की आय को दोगुना करने और निर्यात बढ़ाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री के मिशन को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

# देश के किसानों को भ्रमित कर विपक्ष देश विरोधी ताकतों को दे रही बढ़ावाः गणेश

**प्रयागराज।** भाजपा नैनी मंडल के द्वारा कृषि बिल के समर्थन में आयोजित कृषि जन संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी मडौका तिगनौना एवं डांडी के ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा लाई गई कृषि बिल पर चर्चा करते हुए कहा कि विपक्ष कृषि बिल के आंदोलन को लेकर देश के अंदर अराजकता फैलाना चाह रही है। देश के किसानों को भ्रमित करके देश विरोधी ताकतों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। जिसके कारण देश का किसान जो अन्नदाता है उसे पूजा जाता है उस किसान को अपमानित करने का कार्य कर रही है। देश की आर्थिक व्यवस्था को चोट पहुंचा रही है और आगे कहा कि देश का किसान हमारा अन्नदाता है। उसके अधिकारों की रक्षा करने का एवं उसकी सुविधाओं के लिए केंद्र की सरकार निरंतर तत्पर है। कहा कि इस नए कृषि कानून से किसी भी कीमत पर न्यूनतम समर्थन मूल्य को हटाया नहीं जाएगा और किसानों को इस कानून से स्वतंत्रता प्राप्त होगी कि वह किसी भी मंडी में जाकर जहां उचित मूल्य मिले वहां बेच सकता है। इससे अगर किसी को नुकसान है तो वह बिचौलियों का है। इसलिए विपक्ष के भ्रम में बिल्कुल न आएं। कार्यक्रम के आयोजक आशीष द्विवेदी रहे। इस मौके पर विवेक अग्रवाल राजेश केसरवानी दिलीप केसरवानी मनोज मिश्रा लव कुश तिवारी बबलू विधायक ऋषि कुमार संजय यादव सोनू कनौजिया जय कनोजिया अमित केसरवानी आदि रहे।

# कहीं प्री प्लांट तो नहीं सह समन्वयक पर निलंबन की कार्रवाई

**● निलंबन के उपरांत पुनः वहीं किया संबद्ध, जहां लगे थे आरोप, तीन सदस्यीय टीम को दरकिनार कर, करीबी बीईओ को सौंपी जांच**

**पाटन।** शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाओं सहित अन्य गंभीर आरोपों में घिरे पूर्व सह समन्वयक को तमाम आदेशों के रद्दोबदल के बाद बीएसए ने भले ही निलंबित कर दिया हो। किंतु निलंबन के उपरांत उन्हें पुनः सुमेरपुर ब्लॉक से संबद्ध किया जाना और 3 सदस्यीय टीम के स्थान पर मामले की जांच बीईओ पुरवा प्रवीण दीक्षित को सौंपा जाना एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा बताया जा रहा है। पूरी कार्यवाही को शिक्षक प्री प्लांड मान रहे हैं। उनका मानना है कि अपनी गर्दन बचाने के लिए जिम्मेदारों द्वारा महज एक व्यूह की रचना की गई है। जिसमें पूर्व सह समन्वयक भले ही विभागीय सिकंजे में फंसते नजर आ रहे हो किंतु अंतिम चरण में जिम्मेदारों की योजना उन्हें सभी आरोपों से बाइज्जत बरी करने की है। यही वजह है कि जिस ब्लॉक में रहते हुए पूर्व सह समन्वयक ने ना सिर्फ घोर अनियमितताएं की, विभागीय दिशानिर्देशों की भी धज्जियां उड़ाई। निलंबन के उपरांत उन्हें पुनः उसी ब्लॉक में संबद्ध कर दिया गया। मामले की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय के नेतृत्व में गठित 3 सदस्य टीम की आख्या अभी तक पर्दे में है। बावजूद इसके नया आदेश जारी कर जांच बीईओ प्रवीण दीक्षित के हाथों में दे दी गई। जो कि सुमेरपुर ब्लाक में कार्यकाल के दौरान पूर्व सह समन्वयक के साथ कई वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चर्चा में रहे हैं। उधर, आदेश के बावजूद एफआईआर की कार्यवाही अभी तक लंबित है। शिक्षकों का कहना है कि इस पूरी कार्यवाही का एक मात्र उद्देश्य सह समन्वयक के पक्ष में मनमानी जांच आख्या लगाकर आरोपों से बरी करना है।

### बीईओ प्रवीण दीक्षित के बेहद करीबी रहे पूर्व सह समन्वयक

निलंबित सह समन्वयक गंगा कृष्ण पूर्व में बीईओ प्रवीण दीक्षित के करीबी रहे है। पुरवा स्थानांतरण के पूर्व प्रवीण दीक्षित जब बीईओ सुमेरपुर थे, गंगा कृष्ण उनके सबसे अधिक भरोसेमंद रहे। तत्समय पूर्व सह समन्वयक के इशारे पर उन्होंने कई फेरबदल किए। बीआरसी कार्यालय में पसंदीदा स्टॉफ के अटैचमेंट के अलावा तमाम क्रिया-कलापों में पूर्व सह समन्वयक की राय महत्वपूर्ण रही। सूत्र बतातें कि प्रवीण दीक्षित के कार्यकाल में भी 7वें वित्त आयोग एरियर, शिक्षामित्रों को समायोजन निरस्त होने के बावजूद वेतन भुगतान, शिक्षक भुगतान बिल आदि में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं बरती गईं। जिनमें पूर्व सह समन्वयक की भूमिका अहम रही थी। इतना ही नहीं अभी कुछ दिन पूर्व एक वायरल ऑडियो को लेकर भी जांच अधिकारी प्रवीण दीक्षित काफी सुर्खियां बटोर चुके हैं।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का किया गया आयोजन

**बांगरमऊ उन्नाव।** शासन की मंशानुसार आज संडीला मार्ग पर स्थित आर एस इंटर कॉलेज में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि सीडीओ राजेश कुमार प्रजापति ने अल्पसंख्यकों को मुख्य रूप से अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की सलाह दी।

सीडीओ राजेश कुमार ने सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हितों में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का मूल अधिकार है। हर अभिभावक को सबसे पहले अपने बच्चो की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं। किंतु जानकारी के अभाव में लोग इनका लाभ नही उठा पा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित अल्पसंख्यको को सलाह दी कि अल्पसंख्यक कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ स्वंय उठाएं तथा दूसरों को भी जानकारी दें। उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग निसंकोच सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इनमें किसी प्रकार का कोई पक्षपात नहीं किया जाता है। समारोह को क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार राय, नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के अध्यक्ष इजहार खा गुड्डू, एडवोकेट आफताब हैदर ने भी संबोधित किया। विद्यालय के प्रबंधक रिजवान अहमद ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

# मिसाइलों से अधिक हो गई मोबाइल फोन की मारक क्षमताः राजनाथ सिंह

**भाषा।** चंडीगढ़

**विभिन्न** देशों के बीच संघर्ष में जाहिरा तौर पर सोशल मीडिया के प्रभाव का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अब मोबाइल फोन की मारक क्षमता मिसाइलों से भी कहीं ज्यादा हो गई है। रक्षा मंत्री ने यहां वार्षिक सैन्य साहित्य महोत्सव को संबोधित करते हुए आगाह किया कि भविष्य में विभिन्न प्रकार के सुरक्षा खतरे सामने आ सकते हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कहा, यह कार्यक्रम दूसरे दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है... समय बदलने के साथ ही खतरों और युद्धों की प्रकृति भी बदल रही है। भविष्य में, सुरक्षा से जुड़े अन्य विषय हमारे सामने आ सकते हैं।

सिंह ने उन्होंने कहा कि संघर्ष धीरे-धीरे इस तरह से व्यापकहोते जा रहे हैं जिनके बारे में पहले कभी कल्पना नहीं की गई थी। संभवत: सोशल मीडिया और मोबाइल ऐप के प्रभाव के संदर्भ में उन्होंने कहा, आज, एक मोबाइल की मारक क्षमता एक मिसाइल की पहुंच से भी अधिक हो गई है।

उन्होंने कहा कि दुश्मन अब कोई सीमा पार किए बिना भी लोगों तक पहुंच सकता है। उन्होंने हर सभी से एक सैनिक की भूमिका निभाने का आग्रह किया। सिंह ने कहा, हमें इन खतरों से सतर्क रहना चाहिए और गलत एवं भ्रामक जानकारी से खुद को और दूसरों को भी बचाना चाहिए। यह तरह के महोत्सव इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने साहित्यकारों से अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग इसके लिए करने का आग्रह किया।

रक्षा मंत्री ने विशिष्ट रूप से चीन का जिक्र नहीं किया। लेकिन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों के बीच गतिरोध शुरू होने के बाद से भारत ने हाल के महीनों में राष्ट्रीय सुरक्षा और गोपनीयता से संबंधित चिंताओं का जिक्र करते हुए कई चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें लोकप्रिय टिकटॉक और वीचैट जैसे ऐप शामिल हैं।

सिंह ने कहा कि महोत्सव का इस वर्ष का संस्करण विशेष है क्योंकि देश 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का 50वां वर्ष मना रहा है। उन्होंने कहा कि कई पूर्व सैनिक मौजूद हैं जिन्होंने उस युद्ध को लड़ा। उन्होंने युवाओं से उन पूर्व सैनिकों से सीख लेने का आग्रह किया। सिंह ने कहा कि उनका पिछले साल के महोत्सव में भाग लेने का कार्यकम था। लेकिन संसद सत्र के कारण वह चंडीगढ़ नहीं आ सके। लेकिन वह महोत्सव के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी लेते रहे। उन्होंने कहा कि महोत्सव से सशस्त्र बलों के कामकाज के बारे में आम लोगों की समझ बेहतर हुई और युवाओं में देशभक्ति की भावना पैदा हुई।

सिंह ने कहा, पंजाब दशकों से बहादुरों की भूमि रही है और ऐसे में यह स्वाभाविक है कि इस तरह के महोत्सव यहां शुरू हुए। यह कार्यक्रम उन योद्धाओं का भी सम्मान है जिन्होंने देश की खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इससे पहले पंजाब के राज्यपाल वी पी सिंह बदनोर और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल एन एन वोहरा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। यह सालाना कार्यक्रम पंजाब सरकार और सशस्त्र बलों की संयुक्त पहल है। इसका समापन रविवार को होगा।



तिरूवंतपुरम में पद्मनाभस्वामी मंदिर में अल्पसी त्यौहार, दौरान अनुष्ठान करते पुजारी।

# सोनिया ने उद्धव ठाकरे से एससी-एसटी समुदायों के लिए चार सूत्री पहल करने को कहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से कहा है कि प्रदेश में अनुसूचित जाति और अनु. जनजाति समुदायों के विकास के लिए आबादी के अनुपात में बजट का आवंटन करने समेत चार सूत्री पहल की जाए। पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी एचके पाटिल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रदेश में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गठबंधन महा विकास आघाड़ी की सरकार है।

कांग्रेस पार्टी दलित, वंचित और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार में शामिल होने के कारण हम इन वर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी के लिए ज्यादा सजग हैं। इन समुदायों के प्रबुद्ध लोगों का हाल ही में एक सम्मेलन भी आयोजित किया गया। सोनिया ने ठाकरे से जिस चार सूत्री पहल करने के लिए कहा है उनमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए उनकी आबादी के अनुपात में बजट आवंटित करने का सुझाव प्रमुख है। कांग्रेस अध्यक्ष ने ठाकरे से यह भी कहा कि एससी-एसटी समुदायों के लोगों के स्वामित्व वाले उपक्रमों के लिए सरकारी ठेकों और परियोजनाओं में आरक्षण की व्यवस्था की शुरू की जाए, विभिन्न विभागों में इन समुदायों के लिए आरक्षित पदों की रिक्तियों को भरा जाए। एससी-एसटी वर्गों के युवाओं के लिए शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के साथ छात्रवृत्ति योजनाओं एवं छात्रावास सुविधाओं का विस्तार किया जाए। मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया चल रही है और अगले कुछ दिनों इस पर फैसला हो जाएगा।

# मेरी पार्टी में मादकपदार्थ नहीं लिए गए: करण जौहर ने एनसीबी के नोटिस के जवाब में कहा

**मुम्बई।** फिल्मकार करण जौहर ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के नोटिस के जवाब में यह दावा किया है उनके घर पर पिछले साल हुई पार्टी में किसी भी मादक पदार्थ का सेवन नहीं किया गया था। अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक वीडियो के संबंध में एजेंसी ने जौहर को नोटिस जारी किया था। जौहर से पार्टी की पूरी जानकारी देने को कहा गया था। एनसीबी के अनुसार जौहर ने शुक्रवार को नोटिस का जवाब दिया। जवाब में जौहर ने कहा कि उनकी पार्टी में ड्रग्स नहीं लिए गए। उन्होंने बताया कि एनसीबी को उस पार्टी की वीडियो के संबंध में शिकायत मिली थी, जिसमें बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद थी। शिकायत में कहा गया था कि बॉलीवुड के कई सितारे वीडियो में मादक पदार्थ के प्रभाव में नजर आ रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल के नेता मंजिंदर सिंह सिरसा ने एनसीबी को वीडियो भेजी थी और इस संबंध में एजेंसी की मुम्बई क्षेत्रीय इकाई में शिकायत दर्ज की गई थी। सिरसा ने दावा किया था कि उन्होंने वीडियो के संबंध में मुम्बई पुलिस के समक्ष पिछले साल अगस्त में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई जांच नहीं की गई। वीडियो के वायरल होने के बाद जौहर ने सार्वजनिक तौर पर एक बयान भी जारी किया था और अपनी पार्टी में मादक पदार्थों के इस्तेमाल की खबरों को निंदात्मक और दुर्भावना से भरा बताया था।

# कोर्ट ने सभी राज्यों को कोविड-19 अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा जांच करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों को शुक्रवार को निर्देश दिया कि वे कोविड-19 समर्पित अस्पतालों में आग से सुरक्षा की व्यवस्था की जांच करें ताकि देश में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोका जा सके। उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 समर्पित अस्पतालों को चार सप्ताह के अंदर अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र का नवीकरण कराने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा ना करने पर दंडात्मक कार्वाई की जाएगी। न्यायमूर्ति अशोक भूषण के नेतृत्व वाली एक पीठ ने कहा कि जिन अस्पतालों के अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र की समय सीमा खत्म हो चुकी है, उन्हें चार सप्ताह के अंदर इसे हासिल करना होगा। न्यायमूर्ति आर एस रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह भी इस पीठ में शामिल थे। पीठ ने कहा कि राजनीतिक रैलियों और कोविड-19 से जुड़े निर्देशों के पालन के मुद्दे को निर्वाचन आयोग देखेगा।

उच्चतम न्यायालय ने गुजरात के राजकोट के एक कोविड-19 अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद संज्ञान लिया था। इस घटना में कई मरीजों की मौत हो गई थी। न्यायालय ने कहा कि जिन अस्पतालों ने अब तक अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल नहीं किया है, वे जल्द से जल्द इसे हासिल करें।

न्यायालय ने कहा कि राजकोट और अहमदाबाद के अस्पताल में आग लगने की जो घटना हुई, वह कहीं और न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रत्एक राज्य इस संबंध में नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए बाध्य है। उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे चार सप्ताह के भीतर अनुपालन का हलफनामा दाखिल करें। पीठ ने कहा कि अगर कोविड-19 अस्पतालों में आग से संबंधित सुरक्षा नहीं है तो राज्य सरकार इस पर कार्वाई करेगी। कोविड-19 मरीजों के उचित इलाज और अस्पतालों में कोविड-19 से मरने वाले मरीजों के शवों के सम्मानजनक तरीके से रखे जाने के मामले में स्वत: संज्ञान लिया था और इसकी सुनवाई के दौरान ही राजकोट अस्पताल में आग का मामला भी आया। 15 दिसंबर को इस मामले की सुनवाई करते हुए पीठ ने केंद्र सरकार से कहा था कि पिछले सात-आठ महीने से कोविड-19 ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों को छुट्टी की मंजूरी पर विचार करें। अदालत का कहना था कि लगातार काम करने से डॉक्टरों के मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने एमएमआरडीए से मेट्रो कार शेड के लिए अन्य स्थान देखने को कहा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) को मेट्रो 3 कार शेड के लिए वैकल्पिक स्थान देखने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले बंबई उच्च न्यायालय ने मुंबई उपनगरीय जिला क्लेक्टर द्वारा जारी आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी थी जिसके तहत मेट्रो कार शेड के निर्माण के लिए कांजुरमार्ग में 102 एकड़ साल्ट पैन भूमि आवंटित की गई थी। शहरी विकास विभाग के अधिकारी ने कहा, मुख्यमंत्री ने एमएमआरडीए से मेट्रो कार शेड के लिए अन्य स्थान देखने को कहा है। उन्होंने इससे ज्यादा जानकारी देने से मना कर दिया। मीडिया के एक वर्ग में खबरें आई थी कि राज्य सरकार कार शेड के लिए कुछ अन्य स्थान देख रही है जिसमें बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स शामिल है।

### गोवा कांग्रेस प्रमुख का चुनावों में खराब प्रदर्शन पर इस्तीफा

**पणजी।** गोवा कांग्रेस के अध्यक्ष गिरीश चोडानकर ने हाल में हुए जिला पंचायत के चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चोडानकर ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उन्होंने गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जीपीसीसी) के अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और राज्य में पार्टी के प्रभारी दिनेश गुंडु राव को भेज दिया है। जिला पंचायत की 49 सीटों में से कांग्रेस को सिर्फ चार सीटों पर जीत मिली। सत्तारूढ़ भाजपा ने 32 सीटें जीती। जिला पंचायत चुनाव के परिणाम 14 दिसंबर को घोषित किए गए। चोडानकर ने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए कहा, जिला परिषद चुनाव के नतीजों की मैं पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। मैंने जीपीसीसी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। चोडानकर 2018 में जीपीसीसी अध्यक्ष नियुक्त किए गए थे। उन्होंने पूर्व सांसद शांताराम नाईक की जगह ली थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने गोवा की दो सीटों में से एक पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस उम्मीदवार फ्रांसिस्को सरदिन्हा ने दक्षिणी गोवा सीट से जीत दर्ज की थी। उन्होंने भाजपा के नरेंद्र सवाईकर को शिकस्त दी थी। गोवा में 2022 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### हम सांप्रदायिक समरसता में विश्वास रखते हैं: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि सभी धर्म, संप्रदाय और जाति के लोगो के अधिकारों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने ट्वीट किया, आज अल्पसंख्यक अधिकार दिवस है। भारत अनेकता में एकता की धरती है और सभी धर्म, संप्रदाय और जाति के लोगो के अधिकारों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। हम सांप्रदायिक समरसता में विश्वास रखते हैं। एकता में बल है। विभाजित होकर हम हार जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ऐक्यश्री योजना चलाती है जिससे अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। उन्होंने ट्वीट किया, वर्ष 2011 से, 5,657 करोड़ रुपए की 2.03 करोड़ छात्रवृत्ति अल्पसंख्यक छात्रों को दी जा चुकी है जो देश में सर्वाधिक है। ऐक्यश्री योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब पृष्ठभूमि के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है।

### जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ के दौरान घायल हुए आतंकवादी की अस्पताल में मौत

**श्रीगनर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षा बलो और आतंकवादियो के बीच मुठभेड़ के दौरान घायल हुए आतंकवादी की यहां एक अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जहीद अब्बास लोन को पेट में गोली लगी थी। उन्होंने बताया कि अनंतनाग जिले के बाबा गुंड खलील इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान बृहस्पतिवार को हुई गोलीबारी में लोन घायल हो गया था।

### रोक-टोक से खफा नाबालिग लड़की ने प्रेमी को घर बुलाकर की माता-पिता की हत्या

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पुलिस के विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) में तैनात आरक्षक और उसकी पत्नी की हत्या के आरोप में दम्पति की नाबालिग बेटी और उसके 20 वर्षीय प्रेमी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) हरिनारायणाचारी मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि एसएएफ आरक्षक ज्योतिप्रसाद शर्मा (45) और उनकी पत्नी नीलम शर्मा (43) की बृहस्पतिवार तड़के एरोड्रम क्षेत्र में तब धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई, जब वे गहरी नींद में थे। उन्होंने बताया दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के आरोप में इंदौर से करीब 225 किलोमीटर दूर मंदसौर से शर्मा दम्पति की 17 वर्षीय बेटी और उसके प्रेमी धनंजय यादव उर्फ डीजे (20) को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों वारदात के बाद इंदौर से मोटरसाइकिल से फरार हुए थे और राजस्थान में पनाह लेने की फिराक में थे। मिश्रा ने बताया, शर्मा दम्पति यादव के साथ अपनी नाबालिग बेटी के पिछले दो साल से जारी प्रेम संबंध के सख्त खिलाफ थे।



हैदराबाद में चारमीनार के पास भाग्यलक्ष्मी मदिंर में नवनिर्वाचित जीएचएमसी पार्षदों और पार्टी नेताओं के साथ राज्य भाजपा के प्रमुख बांदी संजय कुमार प्रार्थना करते हुए।

# सीमा शुल्क विभाग कार्यालय से 1.10 करोड़ रुपए मूल्य का सोना गायब

**भाषा।** जामनगर

**गुजरात** में यहां स्थित सीमा शुल्क विभाग के कार्यालय से 1.10 करोड़ रुपए मूल्य का सोना गायब हो गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस मामले के संबंध में जामनगर पुलिस ने सीमा शुल्क विभाग के अज्ञात कर्मचारियों के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज की है। विभाग ने पहले एक आतंरिक जांच कराई थी जो चार साल चली थी।

पुलिस निरीक्षक कुणाल गढ़े ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को जामनगर बी डिवीजन पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 309 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। गढ़े ने कहा, सोना भुज सीमा शुल्क विभाग का था और उसे 2001 के भूकंप के बाद जामनगर कार्यालय में रखा गया था। उन्होंने कहा, सोने को 2016 में अपनी हिरासत में वापस लेने के बाद भुज कार्यालय को पता चला कि 1.10 करोड़ रुपए मूल्य का 2,156.722 ग्राम सोना गायब है।

गढ़े ने कहा, आतंरिक जांच के बाद सीमा शुल्क विभाग ने अज्ञात कर्मचारियों के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार कच्छ जिले के भुज सीमा शुल्क विभाग ने जब्त किया गया 3,149.398 ग्राम से अधिक सोना 2001 में भूकंप आने के बाद जामनगर डिविजनल कार्यालय को सौंपा था। सोने के सामान को दो सूटकेस में सौंपा गया था और बाद में उनकी चाबियां खो गई थी।

प्राथमिकी में कहा गया कि वर्ष 2016 में दोनों डिवीजन के अधिकारियों की उपस्थिति में सूटकेस का ताला तोड़ने के बाद पाया गया कि 2,156.722 ग्राम सोना गायब है। गढ़े ने कहा कि चार साल की आंतरिक जांच के बाद सीमा शुल्क अधिकारियों ने प्राथमिकी दर्ज कराई।

# कोर्ट ने प.बंगाल में आपराधिक मामलों में फंसे भाजपा नेताओं को दिया अंतरिम संरक्षण

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी के पांच नेताओं को शुक्रवार को उनके खिलाफ पश्चिम बंगाल में दर्ज आपराधिक मामलों में अंतरिम संरक्षण प्रदान किया और राज्य की पुलिस को निर्देश दिया कि इन नेताओं के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं की जाए। भाजपा के इन नेताओं में मुकुल रॉय के अलावा दो सांसद कैलाश विजयवर्गीय और अर्जुन सिंह भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऋषिकेष रॉय की पीठ ने इन नेताओं की याचिकाओं पर पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब मांगा है। पीठ इस मामले में अब जनवरी के दूसरे सप्ताह में सुनवाई करेगी। पीठ ने कहा कि इन नेताओं को प्रदत्त अंतरिम संरक्षण इन याचिकाओं की सुनवाई की अगली तारीख तक जारी रहेगा।

इन नेताओं ने अलग अलग दायर याचिकाओं में आरोप लगाया है कि विधान सभा के आसन्न चुनावों से संबंधित राजनीतिक गतिविधियों से उन्हें दूर रखने के लिए उन पर आपराधिक मामले थोपे जा रहे हैं। मुकुल रॉय, विजयवर्गीय और सिंह के अलावा भाजपा के दो अन्य नेताओं पवन कुमार सिंह और सौरव सिंह ने भी राज्य में उनके खिलाफ दर्ज मामलों में संरक्षण के लिए न्यायालय में याचिका दायर की हैं।

न्यायालय ने इन नेताओं को अंतरिम संरक्षण प्रदान करते हुए गृह मंत्रालय से तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पश्चिम बंगाल भाजपा नेता कबीर शंकर बोस के सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई झड़प के बारे में सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट मांगी है। कबीर शंकर बोस ने न्यायलाय में अलग से याचिका दायर की है। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अर्जुन सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद से 2019 में उनके खिलाफ 64 मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

# ब्राह्मणों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री को कक्षा छह की पुस्तक से हटाया जाएगा


**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक सरकार** ने कक्षा छह की सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तक से कुछ सामग्री हटाने का निर्देश दिया है। इससे पहले ब्राह्मण विकास बोर्ड ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पुस्तकों में लिखी उक्त सामग्री में ब्राह्मणों के लिए अपमानजनक बातें लिखी गई हैं। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री एस सुरेश कुमार ने अपने विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखे एक नोट में यह भी निर्देश दिया है कि शिक्षकों और विशेषज्ञों की एक समिति बनाई जाए ताकि कक्षा एक से 10 दस तक की पाठ्यपुस्तकों में इस प्रकार की सामग्री की जांच की जा सके। निर्देश में 15 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने और आवश्यक कार्वाई करने को कहा गया है।

यह कदम उठाए जाने से पहले ब्राह्मण विकास बोर्ड ने इस संबंध में मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा से शिकायत की थी और कहा था कि पुस्तक में लिखी सामग्री ब्राह्मण समुदाय के लिए अपमानजनक है। एक फेसबुक पोस्ट में सुरेश कुमार ने लिखा कि मंत्रालय मठ के महंत ने उन्हें फोन कर ब्राह्मण समुदाय की भावनाओं से अवगत कराया था। कुमार ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के बाद पाठ्यपुस्तक में संशोधन नहीं किया गया था और न ही कुछ नया जोड़ा गया था। उन्होंने कहा, मैंने महंत को आश्वासन दिया है कि पहले जो गलती हो गई वह अब सामने आई है और उसे तत्काल सुधारा जाएगा।

मंत्री ने अपने नोट में कहा कि कक्षा छह की पाठ्यपुस्तक में नए धर्मों के उद्भव का कारण बताते हुए लिखा गया है कि संस्कृत पुजारियों की भाषा थी और आम आदमी उसे नहीं समझ सकता था। उन्होंने कहा कि पाठ्यपुस्तक के अनुसार होम और हवन में ढेर सारा अनाज, दूध, घी और अन्य चीजें डाली जाती थीं जिसके कारण भोजन की कमी हो गई थी। मंत्री ने कहा कि पाठ्यपुस्तक में यह भी लिखा है कि किसानों के पशुओं की बलि दी जाती थी।

पुस्तक में लिखे ऐसे ही अन्य हिस्सों को उद्धृत करते हुए सुरेश कुमार ने अपने नोट में कहा कि ज्यादातर लोगों का मानना है कि इस प्रकार की सामग्री अनावश्यक रूप से लिखी गई है और यह उस वर्ग के बच्चों के लिए नहीं है जिनके लिए यह लिखी गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भड़काऊसामग्री से समाज में भ्रम पैदा होगा और एक वर्ग के लोगों की भावनाएं भी आहत होंगी।



शोपियां में जीरो तापमान के दौरान पेड़ों पर लटके बर्फ के टुकड़े छुड़ाते बच्चे।

# कोविड-19 संकट के बीच 30 करोड़ छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ना एक रिकार्डः निशंक

भाषा। नई दिल्ली




**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना वायरस के संकट के कारण उत्पन्न चुनौतियों का मुकाबला करते हुए देश में 30 करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं को आनलाइन शिक्षा से जोड़ना दुनिया में एक रिकार्ड है।

नौवें अंतरराष्ट्रीय किशोर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए निशंक ने कहा, कोरोना वायरस के कारण देश संकट के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में 30 करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं को आनलाइन शिक्षा से जोड़ना दुनिया में एक रिकार्ड है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह समानता एवं भारत की जरूरतों पर आधारित है और इसकी प्रकृति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों है। उन्होंने कहा कि भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने सराहना की है। दो दिन पहले ही ब्रिटेन के विदेश मंत्री डोमिनिक राब ने भी नई शिक्षा नीति की प्रशंसा की। निशंक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के जरिए छात्रों का 360 डिग्री समग्र मूल्यांकन होगा और बच्चे अपना मूल्यांकन खुद कर सकेंगे, साथ ही उनके साथी, उनके अध्यापक, उनके अभिभावक भी इसमें शामिल हो सकेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पेश करने वाला पहला देश होगा। नई शिक्षा नीति ऐसी है कि एक छात्र न केवल पढ़ाई करेगा, बल्कि उसे अन्य क्षेत्रों में भी अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम इंटर्नशिप के साथ ही छठी कक्षा से व्यावसायिक शिक्षा लाए हैं। व्यवसायिक शिक्षा के साथ इंटर्नशिप का प्रावधान किया है ताकि 12वीं के बाद जब बच्चा निकले तो पूरी तरह से कौशल सम्पन्न हो। निशंक ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश के युवाओं के बौद्धिक विकास के लिए, एक नया खाका पेश करती है जिससे वे तेजी से बदलते विश्व की चुनौतियों से निपट सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि एनईपी-2020 के लागू होने से विद्यार्थियों को मजबूती मिलेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना के अनुरूप भारत को एक विकसित, डिजिटल और आत्मनिर्भर देश बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## लेफ्टिनेंट जनरल नायर ने सेना के भर्ती निदेशालय के महानिदेशक का पद संभाला

**मुंबई।** लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप सी नायर ने शुक्रवार को भारतीय सेना के भर्ती विभाग के महानिदेशक का पद संभाला। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सेना में अधिकारियों और जवानों की भर्ती का दायित्व भर्ती निदेशालय पर है। लेफ्टिनेंट जनरल नायर, अति विशिष्ट सेवा पदक, युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किए जा चुके हैं। उन्हें सिख रेजिमेंट में 1985 में कमीशन मिला था और उन्होंने सैनिक स्कूल सतारा, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कालेज, कालेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान से पढ़ाई की है। लगभग 35 साल के अपने करियर में लेफ्टिनेंट जनरल नायर ने सियाचिन ग्लेशियर में बटालियन की कमान संभाली है और पूर्वोत्तर में सेवाएं दी हैं। सैनिक स्कूल सतारा के एक अधिकारी ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल नायर, 60 साल पुराने स्कूल के उन 10 छात्रों में से एक हैं जो लेफ्टिनेंट जनरल की रैंक तक पहुंचे।

# पारंपरिक और सोशल मीडिया के लिए स्वनियमन की जरूरतः नायडू

भाषा। नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को कहा कि सामाजिक सौहार्द, शांति और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े खतरों को देखते हुए तेजी से विस्तारित हो रहे सोशल मीडिया मंचों के इस्तेमाल में शुचिता सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह मतलब नहीं है कि एक दूसरे के खिलाफ नफरत और आक्रोश का प्रदर्शन किया जाए, इससे समाज में अराजकता पैदा हो सकती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि तथ्यों और प्रमाण के आधार पर पत्रकारिता ने हमेशा राह दिखाने का काम किया है। लेकिन, पूरी तरह नकारात्मकता नहीं फैलानी चाहिए। विज्ञापन से होने वाली आमदनी को किसी भी मीडिया संगठन को चलाने के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए नायडू ने कहा कि ढेर सारे मीडिया संस्थानों की शुरुआत होने और राजस्व में हिस्सा घटने के कारण पत्रकारिता के पारंपरिक मूल्यों और सिद्धांतों के साथ समझौता हो रहा है, जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। छठे एम वी कामत स्मृति व्याख्यान में पत्रकारिता: इतिहास, वर्तमान और भविष्य विषय पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी की वजह से मीडिया पर गहरा असर पड़ा है और पारंपरिक मीडिया को बनाए रखने के लिए उपयुक्त राजस्व मॉडल तैयार करने की जरूरत है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सोशल मीडिया के विस्तार से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दायरा बड़ा हो रहा है, यह स्वागत योग्य है, दूसरी ओर स्वनियमन और नियमों को नहीं मानने का पहलू भी इससे जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, सूचनाओं का द्वार प्रौद्योगिकी कंपनियों के जरिए खुलता है और वेब, सूचना और न्यूज के वितरण का मुख्य साधन के तौर पर उभरा है। हम इसके नतीजे देख रहे हैं। नायडू ने कहा कि पारंपरिक प्रिंट मीडिया प्रौद्योगिकी के कारण पीछे छूटने के खतरे को देखते हुए ऑनलाइन रास्ता अपना रहा है लेकिन राजस्व मॉडल तलाश करने में कठिनाई आ रही है। उन्होंने कहा, पहले प्रिंट मीडिया में खबर को विकसित होने के लिए 24 घंटे का समय मिलता था, आज समय ब्रेकिंग न्यूज पत्रकारिता का है। फटाफट खबरों पर जोर है। ऐसे में असली खबर और फेक न्यूज में अंतर समाप्त सा होता जा रहा है। यह चिंता का विषय है।

## प्रशांत सागर क्षेत्र में प्रतिद्वंद्विता हिंद महासागर में असर डालेगी : वाइस एडमिरल त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** नौसेना परिचालन के महानिदेशक वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम प्रशांत महासागर क्षेत्र में बढ़ती प्रतिद्वंद्विता का प्रभाव हिंद महासागर क्षेत्र में गतिविधियां संचालित करने वाले देशों को महसूस होगा। वह पश्चिम प्रशांत महासागर के दक्षिण चीन सागर में अमेरिका और चीन के नौसैन्य अभियानों का उल्लेख कर रहे थे। त्रिपाठी ने एक वेबिनार में कहा, हिंद महासागर क्षेत्र और व्यापक रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भूराजनीतिक परिस्थितियां बहुत उथल-पुथल वाली हैं। पश्चिम प्रशांत क्षेत्र में प्रतिद्वंद्विता बढ़ने के साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में इसका असर महसूस होगा। इस बात में कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा, परिणामस्वरूप अवसरों और चुनौतियों का सामना करने के साथ हमारी सैन्य कूटनीतिक पहुंच की सच्ची परीक्षा होगी। दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य दबदबे के मद्देनजर अमेरिका इस क्षेत्र में नियमित रूप से युद्धपोत भेज रहा है। दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच दक्षिण चीन सागर में सबसे ताजा घटनाक्रम अगस्त का है जब चीन ने दावा किया कि उसने विवादास्पद पारासेल द्वीपसमूह से एक अमेरिकी युद्धपोत को बाहर खदेड़ दिया था।

पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में मई महीने से भारत और चीन की सेनाओं के बीच सीमा पर गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। दोनों पक्षों ने कई दौर की सैन्य और राजनयिक स्तर की वार्ता की है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।

त्रिपाठी ने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र के प्रति भारत का नजरिया सभ्यतागत प्रवृत्तियों पर आधारित है जिसमें व्यापक रूप से मानवता की भलाई पर जोर दिया गया है। वसुधैव कुटुंबकम की प्राचीन भारतीय अवधारणा हमारे राजतंत्र और जनता के बीच भलीभांति स्थान रखती है और हमारी संसद के प्रवेश द्वार पर भी अंकित है जिसका अर्थ होता है कि पूरा विश्व ही परिवार है।

# किसानों के मुद्दे का जल्द सुलझाए केंद्र सरकारः गहलोत

भाषा। जयपुर



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार को सारे काम छोड़कर किसानों के मुद्दे का समाधान करना चाहिए। गहलोत ने यहां कहा कि किसानों के आंदोलन से पूरा देश ऐसी स्थिति में आ गया है कि भारत सरकार को चाहिए कि तमाम सब काम छोड़कर इसे सुलझाए।

गहलोत ने कहा, ... यह जो आपका अन्नदाता है, उसके मान सम्मान का सवाल हो गया है। आप हम लोग जनप्रतिनिधि तो उनका आशीर्वाद लेकर जीतते हैं। प्रतिष्ठा उनकी ज्यादा है। अगर हम कोई फैसला वापस लेते हैं तो उसमें हमारा बड़प्पन दिखता है। यह लोकतंत्र है कोई राजशाही नहीं। इसमें क्या दिक्कत है। अपनी सरकार का दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर यहां एक कार्यक्रम में गहलोत ने कहा कि किसानों के आंदोलन की बहुत चिंता हमें हैं। हमने यहां केंद्रीय कानूनों के खिलाफ तीन कानून पारित किए, वे राज्यपाल के पास अटके हैं। उनकी क्या मजबूरी है कि वे राष्ट्रपति के पास भेज नहीं रहे। गहलोत ने कहा, इन भाजपा वालों के इस रवैए के कारण ही किसानों में अविश्वास की भावना है और वे आंदोलन कर रहे हैं।

गहलोत ने कहा कि अगर सरकार इन कानूनों पर संसद में चर्चा करवाती या उन्हें प्रवर समिति के पास भेज देती तो किसानों में विश्वास बना रहता कि जनप्रतिनिधियों की बात सुनी जा रही है।गहलोत ने भाजपा व केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, जो आरएसएस की सोच है, भाजपा की सोच है जिसे आज पूरा देश भुगत रहा है, लोकतंत्र पता नहीं किस दिशा में जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, न्यायपालिका,सीबीआई, इनकम टैक्स दबाव में है। प्रधानमंत्री कार्यालय से लिस्ट आती है कि किसके यहां छापे डालने हैं।

मानिटरिंग वहां से हो रही है। गृहमंत्री तो आप देख ही रहो हो ...सरदार पटेल बन रहे हैं। हालात बड़े गंभीर हैं देश में। गहलोत ने कहा, लेकिन हमारी संस्कृति अलग है, हमारा दिल बड़ा दिल है, हम कभी दुश्मनी नहीं पालते। पिछली सरकार ने हमारे लोगों को कितना तंग किया लेकिन सरकार में आने के बाद हमने दुश्मनी नहीं निकाली हमने जनता के लिए अच्छे काम करने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन व कोरोना ने देश व राज्यों की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है।

केंद्र सरकार को चाहिए कि वह आगे आकर राज्यों की मदद करे क्योंकि असली लड़ाई राज्य सरकारें लड़ती हैं। राजस्व की कमी एक चुनौती है और राज्य सरकार को अपने बजटीय लक्ष्यों को भी बदलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार आचार संहिता लगने व कोरोना संकट के बावजूद उनकी सरकार ने दो साल के कम अर्से में ही अपने 50 प्रतिशत चुनावी वादों को पूरा कर दिया है। राजस्थान सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में 10,805 करोड़ रुपए के 1374 कार्यों, योजनाओं और परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और शुरुआत की गई। इसके साथ ही गहलोत ने अध्यापकों के 31000 पदों के लिए राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) अगले साल 25 अप्रैल को करवाने की घोषणा की।



ठाणे के विवियाना मॉल में शीशे के टुकड़ों से बने क्रिसमस ट्री के पास सेल्फी लेतीं लड़कियां

## प्रशांत सागर क्षेत्र में प्रतिद्वंद्विता हिंद महासागर क्षेत्र में असर डालेगी: वाइस एडमिरल त्रिपाठी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**नौसेना** परिचालन के महानिदेशक वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम प्रशांत महासागर क्षेत्र में बढ़ती प्रतिद्वंद्विता का प्रभाव हिंद महासागर क्षेत्र में गतिविधियां संचालित करने वाले देशों को महसूस होगा। वह पश्चिम प्रशांत महासागर के दक्षिण चीन सागर में अमेरिका और चीन के नौसैन्य अभियानों का उल्लेख कर रहे थे। त्रिपाठी ने एक वेबिनार में कहा, हिंद महासागर क्षेत्र और व्यापक रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भूराजनीतिक परिस्थितियां बहुत उथल-पुथल वाली हैं। पश्चिम प्रशांत क्षेत्र में प्रतिद्वंद्विता बढ़ने के साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में इसका असर महसूस होगा। इस बात में कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप अवसरों और चुनौतियों का सामना करने के साथ हमारी सैन्य कूटनीतिक पहुंच की सच्ची परीक्षा होगी।

# भारत-चीन गतिरोध, वार्ता से आगे नहीं बन पाई बात

## ● राजनयिक और सैन्य स्तर पर बातचीत जारी रखने पर सहमति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**नौ** महीने से चले आ रहे तनाव के बीच भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर टकराव वाले सभी बिंदुओं से जल्द से जल्द सैनिकों की पूरी तरह वापसी और राजनयिक तथा सैन्य स्तर पर बातचीत जारी रखने पर सहमति जताई है। सीमा पर गतिरोध खत्म करने के लिए दोनों देषों के बीच शुक्रवार को एक और दौर की वार्ता आयोजित हुई। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार बैठक में दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की है कि अगले (नौवें) दौर के वरिष्ठ कमांडरों की बैठक जल्द ही होनी चाहिए ताकि दोनों पक्ष वर्तमान समझौतों एवं प्रोटोकाल के अनुरूप एलएसी पर सैनिकों को पूर्ण रूप से पीछे हटाने और शांति स्थापित करने की दिशा में काम कर सकें। मंत्रालय ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने इस बात को समझा है कि सैन्य स्तर की वार्ता के सातवें और आठवें दौर से सीमा पर स्थिरता लाने में मदद मिली है। उल्लेखनीय है कि सातवें और आठवें दौर की वरिष्ठ कमांडरों की बैठक क्रमशः 12 अक्टूबर और छह नवंबर को हुई थी। शुक्रवार को भारत चीन सीमा मामलों पर विचार विमर्श एवं समन्वय पर कार्यकारी तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की डिजिटल माध्यम से 20वीं बैठक हुई। इस बैठक में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) कर रहे थे जबकि चीनी शिष्टमंडल का नेतृत्व चीन के विदेश मंत्रालय के सीमा एवं समुद्र मामलों के विभाग के महासचिव कर रहे थे। डब्ल्यूएमसीसी की पिछली बैठक 30 सितंबर को हुई थी। बैठक में भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के हालिया घटनाक्रमों की समीक्षा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने राजनयिक एवं सैन्य स्तर पर विचार-विमर्श जारी रखने पर सहमति जतायी है। गौरतलब है कि शून्य से नीचे तापमान वाले पूर्वी लद्दाख के पर्वतीय क्षेत्र में करीब 50 हजार भारतीय सैनिक पूरी तरह से अलर्ट स्थिति में तैनात हैं। दोनों देशों के बीच गतिरोध को समाप्त करने को लेकर बातचीत का अभी कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है।

## महाराष्ट्रः विषाक्त भोजन खाने से तीन बहनों की मौत

**सतारा।** महाराष्ट्र में सतारा जिले की कराड तहसील में तीन से नौ साल की तीन बहनों की कथित रूप से विषाक्त भोजन करने के चलते मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कराड सिटी पुलिस ने बताया कि रविवार को घर में तीनों बहनों ने अपने माता-पिता के साथ भोजन किया था और उसके बाद उन्हें उल्टियां आने लगी थीं। पुलिस के अनुसार पिछले तीन दिनों में अस्पताल में तीनों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक उनके माता-पिता को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया और वे अब खतरे के बाहर हैं। कराड सिटी थाने के वरिष्ठ निरीक्षक बी आर पाटिल ने कहा, रविवार रात को, कराड तहसील के सैदपुर गांव में रहने वाले परिवार के सदस्यों ने बैंगन की सब्जी और बासुंदी खाई थी। वे एक दुकान से बासुंदी लेकर आए थे। लेकिन जब वे सोने गए, तब उन्हें उल्टियां आने लगीं। पाटिल ने बताया कि सुबह वे एक स्थानीय डॉक्टर के पास गए, लेकिन चूंकि तीनों बहनें बीमार पड़ गईं, इसलिए उन्हें मंगलवार को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# शिवसेना ने 1971 युद्ध के लिए कांग्रेस की प्रशंसा की, भाजपा पर साधा निशाना

भाषा। मुंबई

**शिवसेना** ने शुक्रवार को भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में जो लोग कांग्रेस के योगदान पर लगातार सवाल खड़े करते हैं, उन्हें 1971 के ऐतिहासिक घटनाक्रमों के बारे में जानना चाहिए जब पाकिस्तान को परास्त करके बांग्लादेश का निर्माण हुआ।

शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में कहा कि मौजूदा समय में चीनी और पाकिस्तानी बल भारत के साथ लगती सीमाओं पर दिक्कतें पैदा कर रहे हैं। मराठी भाषा में प्रकाशित मुखपत्र में कहा गया, चीन लद्दाख से नहीं हट रहा है जबकि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन कर रहा है। 50 साल पहले पाकिस्तान को सबक सिखा दिया गया था। आज के बारे में क्या कहना है? अनुच्छेद 370 को खत्म किए एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है लेकिन जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं है। संपादकीय में 1971 के युद्ध को रोमांचक और प्रेराणादाई करार दिया गया गया। महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी पार्टी ने कहा, पाकिस्तान के ऊपर जीत हासिल किए हुए इस साल 50 वर्ष पूरे हो गए और यह इंदिरा गांधी की कूटनीतिक और रणनीतिक फैसलों के ऐतहासिक घटनाक्रमों को याद करने का समय है। इसी रणनीति ने पाकिस्तान को अमेरिकी बेड़े की मदद पहुंचने से पहले हरा दिया।

संपादकीय में कहा गया, भारतीय सेना ने फील्ड मार्शल सैम मानिकशॉ के नेतृत्व में पाकिस्तानी बलों पर हमला किया और उन्हें 13 दिन के भीतर समर्पण करने को मजबूर कर दिया। अपने पुराने सहयोगी भाजपा का नाम लिए बिना उस पर हमला करते हुए शिवसेना ने कहा, व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी पर बचकाना सवाल कांग्रेस ने 70 वर्षों में क्या किया पूछा जाता है। इन लोगों को 1971 के युद्ध के बारे में जानना चाहिए।

## भारत में 86 प्रतिशत लोग आयुष के दिशानिर्देशों का पालन कर रहे हैंः अधिकारी

**नई दिल्ली।** देश में करीब 86 प्रतिशत लोग आयुष के किसी न किसी दिशानिर्देश का पालन कर रहे हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह बात कही। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने एसोचैम फाउंडेशन सप्ताह 2020 को आयुष संजीवनी मोबाइल ऐप के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि मंत्रालय को 1.47 करोड़ लोगों के आंकड़े मिले हैं। उन्होंने कहा, हमें पता चला कि 86 प्रतिशत लोग किसी न किसी आयुष दिशानिर्देश का पालन कर रहे हैं, चाहे काढ़ा हो या हल्दी का दूध हो या होम्योपैथी का प्रयोग हो। इन आंकड़ों में से करीब 15,000 लोगों ने बताया कि वे कोविड-19 से संक्रमित हो चुके हैं। कोटेचा ने कहा कि मूल्यांकन में पता चला कि संक्रमण का शिकार हुए ऐसे लोग जो आयुष के दिशानिर्देशों का पालन कर रहे थे उनमें से अधिकतर को गंभीर प्रभाव नहीं पड़े थे। उनमें या तो संक्रमण के लक्षण नहीं थे या मामूली लक्षण थे।

# पेज 1 का शेष

## साल खत्म...

को तैयार है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा मंडी प्रणाली जारी रहेगी। तोमर ने कहा कि हम किसानों के संघों के साथ निरंतर चर्चा कर रहे हैं... कुल मिलाकर, हमारी कोशिश उनके साथ वार्ता के जरिए एक समाधान तक पहुंचने की है। हम वार्ता के लिए अब भी तैयार है। मैं उम्मीद करता हूं कि वार्ता के जरिए हम एक समाधान तक पहुंचने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनौपचारिक वार्ता जारी है। मुझे उम्मीद है कोई रास्ता निकलेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित की जाने वाली समिति वार्ता करेगी और समाधान निकालेगी या फिर सरकार अपनी कोशिशें जारी रखेंगी, तोमर ने कहा कि सरकार ने किसान नेताओं के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे खुले रखे हैं और आगे के कदम के लिए शीर्ष न्यायालय के आदेश का इंतजार करेगी।

## सीएम ने...

या गौरी-गणेश की प्रतिमा लेने के लिए चीन पर निर्भरता पूरी तरह खत्म हो जाएगी। आत्मनिर्भर भारत का आधार हमारे स्थानीय उत्पाद और महिला स्वयं सेवी समूह की ओर से किए जा रहे प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्र में स्वावलंबन का जो कार्यक्रम हो सकता है, उसमें महिला स्वयं सहायता समूह की बहुत बड़ी भूमिका हो सकती है। बुंदेलखंड में बलैनी मिल्क प्रोड्यूसर ने एक साल में 46 करोड़ का बिजनेस किया और दो करोड़ 26 लाख का मुनाफा कमाया है। यह किसी भी महिला समूह के लिए नजीर है। ऐसी संभावना हर जगह है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि महिला स्वयं सेवी समूह को मनरेगा से जोड़ने के लिए उनके साथ संवाद बनाकर उन्हें कार्य देने के लिए प्रेरित करें। सभी कार्यक्रम उन तक पहुंचाने का कार्य करें, जिससे उनके हाथों को रोजगार मिल सके और वह अधिक से अधिक कार्यों के साथ जुड़कर अपने समूह को और भी लाभकारी बनाकर औरों के लिए मिसाल बनें। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में बीसी सखी के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उनकी ट्रेनिंग चल रही है। ट्रेनिंग के बाद हर गांव में पैसे के लेनदेन को बैंकों से जोड़कर वह खुद करेंगी। यह बहुत बड़ा कार्य है। इसी प्रकार 59 हजार ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय बन रहा है, उनमें महिला स्वयं सेवी समूह से जुड़ी 59 हजार महिला को उसके साथ जुड़ने और स्वच्छता और उसके रखरखाव की व्यवस्था के बदले छह हजार रुपए हर माह दिए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता के लिए हाथ से पोछा लगाने की जरूरत न पड़े, इसके लिए मशीन या अन्य प्रकार की व्यवस्था दें। प्रदेश प्रदेश में राशन की दुकानों में जहां भी अनियमितता की शिकायत आती है और वह निरस्त होती है तो पहली प्राथमिकता गांव की महिला स्वयं सेवी समूह को दें। इसमें अगर प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ती है तो उन्हें देकर इसे आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जिले में स्वयं सेवी समूह की महिला ट्रैक्टर चलाकर राशन ला रही हैं, यह महिला स्वावलंबन और मिशन शक्ति का एक परिणाम है कि कितनी मजबूती और विश्वास के साथ वह अपने गांव के लोगों के लिए राशन उपलब्ध कराने के लिए पूरी मजबूती से कार्य कर रही हैं। जब एक महिला स्वावलंबन के साथ आगे बढ़ती है, तो परिवार ही नहीं, पूरा समुदाय और पूरे गांव के सामने विश्वास का प्रतीक होता है। इस दौरान यूपीएसआरएलएम और आईसीआईसीआई फाउंडेशन के बीच एमओयू का भी आदान प्रदान हुआ। आईसीआईसीआई फाउंडेशन की ओर से गोरखपुर, वाराणसी, देवरिया, प्रयागराज, बाराबंकी और लखनऊ जिले की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 23 हजार महिलाओं को पांच साल के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें बकरी पालन, सब्जी उत्पादन और फूलों की खेती में फाउंडेशन तकनीकी सहयोग और प्रशिक्षण देगा।

## सीबीआई ने...

अतिरिक्त महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा था, फोरेंसिक साइंस लैबोरेट्री की रिपोर्ट आ गई है। इसमें स्पष्ट रूप से सकहा गया है कि नमूनों में सीमेन नहीं हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि कोई बलात्कार या सामूहिक बलात्कार नहीं हुआ। एडीजी ने यह भी दावा किया था कि महिला ने पुलिस को दिए अपने बयान में बलात्कार होने की बात का जिक्र नहीं किया था, बल्कि सिर्फ मार-पीट किए जाने की बात कही थी। इस घटना को लेकर व्यापक स्तर पर रोष छाने और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पीड़िता के शव की राज्य पुलिस द्वारा रातों रात अंत्येष्टि कर दिए जाने का स्वत: संज्ञान लिया था और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कुछ तीखी टिप्पणी की थी। अदालत ने उन्हें पीड़िता के चरित्र पर कीचड़ उछालने के खिलाफ आगाह किया था और अधिकारियों, राजनीतिक दलों तथा मीडिया से संयम बरतने को कहा था। अदालत ने एडीजी प्रशांत कुमार और हाथरस जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार को फटकार भी लगाई थी, जिन्होंने यह कहा था कि फोरेंसिक रिपोर्ट के मुताबिक युवती से बलात्कार नहीं हुआ था। सीबीआई ने मामले की जांच 11 अक्टूबर को अपने हाथ में ली थी और घटना की जांच के लिए एक टीम गठित की और जांच कार्य अपनी गाजियाबाद (उप्र) इकाई को सौंपा था।

## आम लोगों...

करते रहने के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से थक चुके हैं और उन्हें भी बीच बीच में आराम देने के लिये कोई तरीका निकालने की आवश्यकता है। पीठ ने राज्यों को केन्द्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने पर जोर देते हुये कहा कि यह समय ऊपर उठकर काम करने का है। पीठ ने यह भी कहा कि कर्फ्यू और लाकडाउन लागू करने जैसे किसी भी निर्णय की घोषणा काफी पहले की जानी चाहिए ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिल सके और वे अपने जीविकोपार्जन के लिये खाने पीने के सामानों की व्यवस्था कर सकें। सरकार को सप्ताहांत में या रात में कर्फ्यू लगाने पर भी विचार करना चाहिए। न्यायालय ने कोविड मरीजों के इलाज और अस्पतालों में शवों के साथ गरिमापूर्ण आचरण के मामले में स्वत: की जा रही कार्यवाही में यह दिशानिर्देश जारी किये हैं। पीठ ने कहा कि लोगों को अपने कर्तव्य समझना चाहिए और नियमों का पालन करना चाहिए। पीठ ने कहा कि लोग दिशा निर्देशों का पालन नही कर रहे है और जुर्माने के रूप में अकेले गुजरात में ही 80-90 करोड़ रुपये वसूल किये गये हैं। पीठ ने कहा कि राज्यों में अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) या सचिव (गृह) संबंधित पुलिस अधीक्षक या जिला पुलिस अधीक्षक और संबंधिति थाना प्रभारियों की मदद से इन दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करेंगे। न्यायालय ने कहा कि हम पहले ही कोविड-19 पर अंकुश पाने के लिये अनेक कदम उठाने के बारे में निर्देश दे चुके हैं। हम एक बार फिर दोहरा रहे हैं कि राज्य इन उपायों का पालन करने के लिये निर्देश जारी करें।

## जल्द शुरू...

का चुनाव करने के लिए प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। राहुल गांधी ने बीते साल हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली करारी हार के बाद अध्यक्ष पद छोड़ दिया था। बिहार व महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कारण कई वरिश्ठ और प्रमुख नेताओं ने पार्टी के अंदर की कार्यप्रणाली पर गहरा असंतोश जताया है। सूत्रों का कहना है कि सोनियां गांधी पार्टी के असंतुष्टों और अन्य वरिश्ठ नेताओं की षिकायतें सुनने और पार्टी से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर बात करने के लिए शीघ्र बैठक बुलाने वाली हैं। एआईसीसी के सूत्रों ने कहा कि सोनिया गांधी पार्टी के लगातार गर्त में जाने और अंदरुनी कामकाज को लेकर सवाल खड़े करने वाले प्रमुख नेताओं से भी मिलेंगी। सोनिया को नाराजगी भरा पत्र लिखने वाले 23 नेताओं में राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद और उच्च सदन में पार्टी के उपनेता आनंद शर्मा भी शामिल हैं। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता कमलनाथ भी शीघ्र सोनिया गांधी से मिल सकते हैं। ऐसा पहली बार है जब महामारी के बाद सोनिया गांधी व्यक्तिगत रूप से अपनी पार्टी के नेताओं से मिलेंगी।

## ममता जाएंगी...

बंगाल), प्रवीण कुमार त्रिपाठी (डीआईजी, प्रेसिडेंसी रेंज) और भोला नाथ पांडे (एसपी, डायमंड हार्बर) का तबादला पत्र जारी करते हुए उन्हें शुक्रवार शाम पांच बजे तक दिल्ली रिपोर्ट करने को कहा था। तीनों अधिकारियों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की सुरक्षा में कथित रूप् से लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। नड्डा के काफिले पर 10 दिसंबर को उस समय हमला हुआ था जब वह डायमंड हार्बर जा रहे थे।

## शाल्के ने कोच बाउम को बर्खास्त किया, स्टीवन्स को दोबारा जिम्मेदारी

**गेलसेनकिरचेन।** जर्मनी के फुटबॉल क्लब शाल्के ने शुक्रवार को कोच मैनुएल बाउम को बर्खास्त कर दिया जबकि अनुभवी हूब स्टीवन्स को एक बार फिर यह जिम्मेदारी सौपी है। साल के अंतिम दो मैचों के लिए नीदरलैंड के कोच स्टीवन्स टीम के कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह चौथे कार्यकाल के लिए टीम से जुड़े है। शाल्के की टीम बुंदेसलीगा में 12 मैचों में चार अंक के साथ अंतिम स्थान पर चल रही है। रिकॉर्ड 28 मैचों से जीत दर्ज करने में नाकाम रही है और टीम की नजरें इस क्रम को तोड़ने पर है।

## यूएफा ने अगले साल की अंडर–17 यूरोपीय प्रतियोगिताएं रद्द की

**नियोन।** यूरोपीय फुटबॉल की संचालन संस्था यूएफा ने कोरोना वायरस महामारी के कारण अगले साल होने वाले पुरुष और महिला अंडर-17 यूरोपीय चैंपियनशिप को शुक्रवार को रद्द कर दिया।ए दोनों वार्षिक फुटबॉल टूर्नामेंट मई मे होने थे। साइप्रस को पुरुष टूर्नामेंट जबकि फेरो आइलैड को महिला टूर्नामेंट की मेजबानी करनी थी।

## साइ ने सिंधू की मांग को स्वीकार किया

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने ओलंपिक रजत पदक विजेता पीवी सिंधू की अगले साल जनवरी में तीन टूर्नामेंटों के लिए निजी फिजियो और ट्रेनर की मांग को स्वीकार कर लिया। विश्व चैम्पियन 26 साल की सिंधू टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के कोर समूह की हिस्सा है। वह कोविड-19 के कारण खेल में आई रूकावट के बाद जनवरी में प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन में वापसी करेंगी। साइ की विज्ञप्ति के मुताबिक, सरकार ने तीन टूर्नामेंटों के लिए फिजियो और फिटनेस ट्रेनर मुहैया करने की उनकी मांग मान ली है।

## कोरोना संक्रमण के नए मामलों के बीच सिडनी टेस्ट को खतरा नहीं : सीए

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि सिडनी में कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलो के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट को कोई खतरा नही है हालांकि हालात पर नजर रखी जा रही है। सिडनी में शुक्रवार को 28 मामले सामने आए। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट यहां सात जनवरी से खेला जाना है। सीए के अंतरिम मुख्य कार्यकारी निक हॉक्ले ने कहा, हम अपने चिकित्सा विशेषज्ञों के संपर्क में हैं।

## हिताषी ने महिला पेशेवर गोल्फ का खिताब जीता

**गुरुग्राम।** पेशेवर गोल्फर के रूप में अपने दूसरे टूर्नामेंट में खेल रही युवा हिताषी बख्शी ने यहां क्लासिक गोल्फ एवं कंट्री क्लब में शुक्रवार को 2020 महिला पेशेवर गोल्फ टूर के अंतिम चरण का खिताब जीता। अंतिम दौर में 70 के स्कोर से हिताषी ने टूर्नामेंट में कुल दो अंडर 214 का स्कोर बनाया।

# गेंदबाजों ने दिखाई ताकत, कंगारुओं पर कहर

- **पहला टेस्ट : अश्विन एंड कंपनी ने पहले टेस्ट में भारत का शिकंजा कसा**
- **आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 191 रन पर आउट करके भारत ने 62 रन की बढ़त ली**



**भाषा।** एडीलेड

रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने दिन रात के पहले टेस्ट में आस्ट्रेलिया को 191 रन पर आउट करके मैच पर शिकंजा कस दिया जबकि दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत को 62 की बढत मिल गई। भारत के पहली पारी के 244 रन के जवाब में आस्ट्रेलिया ने 191 रन बनाए। दूसरी पारी में भारत का स्कोर एक विकेट पर नौ रन था। खराब फॉर्म से जूझ रहे पृथ्वी साव (चार) एक बार फिर नाकाम रहे और चौथे ओवर में पैट कमिंस ने उन्हें बोल्ड कर दिया। दूसरे दिन के आखिर में मयंक अग्रवाल पांच रन बनाकर खेल रहे थे जबकि नाइट वॉचमैन के तौर पर आए जसप्रीत बुमराह ने अभी खाता नहीं खोला है। भारतीय गेंदबाजों ने सुबह पहली पारी में बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बाद बेहद अनुशासित प्रदर्शन करते हुए टीम को मैच में लौटाया और फिर पकड़ बनाई। पहले सत्र में जसप्रीत बुमराह ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उन्होंने 21 ओवर में 52 रन देकर दो विकेट लिए। अश्विन ने 18 ओवर में 55 रन देकर चार और उमेश यादव ने 16.1 ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन अकेले किला लड़ाते हुए 99 गेंद में दस चौकों की मदद से 73 रन बनाकर नाबाद रहे। अश्विन ने दूसरे सत्र में स्मिथ को सपाट गेंद पर पहली स्लिप में अजिंक्य रहाणे के हाथों लपकवाया। ट्रेविस हेड (सात) भी इस स्पिनर की गेंद पर चकमा खा गए और रिटर्न कैच देकर लौटे। वहीं टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कैमरन ग्रीन (11) का मिडविकेट में कप्तान विराट कोहली ने दाहिनी ओर डाइव लगाकर शानदार कैच लपका। मार्नस लाबुशेन को तीसरे सत्र में उमेश ने पगबाधा आउट किया। लाबुशेन ने 119 गेंद में 47 रन बनाए और उन्हें अपनी पारी में दो जीवनदान भी मिले। पहले बुमराह की गेंद पर रिधिमान साहा ने विकेट के पीछे जीवनदान दिया। इसके अलावा मोहम्मद शमी की गेंद पर फाइन लेग में बुमराह ने भी उनका कैच छोड़ा। उमेश ने कमिंस (0) और जोश हेजलवुड (8) को भी आउट किया जबकि नाथन लियोन (10) को अश्विन ने अपना चौथा शिकार बनाया। इससे पहले बुमराह ने शानदार शुरूआती स्पैल में आस्ट्रेलिया के दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया जिससे मेजबान को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। जो बर्न्स 41 गेंद में आठ और मैथ्यू वेड 51 गेंद में आठ रन बनाकर बुमराह का शिकार हुए। वेड ने बुमराह की गेंद मिडविकेट पर खेलने की कोशिश की लेकिन वह उनके पैड पर लगी। दूसरी ओर खराब फार्म से जूझ रहे बर्न्स को उन्होंने फुललैंग्थ गेंद पर आउट किया। इससे पहले भारतीय टीम पहली पारी में 244 रन पर आउट हो गई। मिशेल स्टार्क ने 53 रन देकर चार और पैट कमिंस ने 48 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत के आखिरी चार बल्लेबाज कल के स्कोर में 11 रन जोड़कर ही आउट हो गए।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पहली पारी** : वेड पगबाधा बो बुमराह 8, बर्न्स पगबाधा बो बुमराह 8, लाबुशेन पगबाधा बो उमेश 47, स्मिथ का रहाणे बो अश्विन।, हेड का और बो अश्विन 7, ग्रीन का कोहली बो अश्विन 11, पेन नाबाद 73,कमिंस का रहाणे बो उमेश 00,स्टार्क रन आउट 15, लियोन रन आउट 10,हेजलवुड का पुजारा बो उमेश 8, **अतिरिक्त** : तीन रन, **कुल योग** : 72 .। ओवर मे 191 रन, **विकेट पतन** : 16-।, 29-2, 45-3, 65-4, 79-5, 111-6, 111-7, 139-8, 167-9, **गेंदबाजी** :, उमेश 16-1-5-40-3, बुमराह 21-7- 52-2, शमी 17-4-41-0, अश्विन 18-3-55-4

भारत के पहली पारी के में 244 रन,**भारत दूसरी पारी** : साव बो कमिंस 4,मयंक अग्रवाल नाबाद 5, जसप्रीत बुमराह नाबाद 0, **कुल योग** : छह ओवर मे एक विकेट पर नौ रन, **विकेटपतन** :1- 7, **गेंदबाजी** : स्टार्क 3-1-3-0, कमिंस 3- 2-6-1

## ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने अश्विन को हलके में लिया: पोंटिंग



**एडीलेड।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को कम करके आंका और इस गेंदबाज के खिलाफ उनके आक्रामक रवैए के कारण पहली पारी में टीम की बल्लेबाजी बिखर गई। इस 34 साल के गेंदबाज ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए चार विकेट झटके, जिसमें दिग्गज स्टीव स्मिथ को पवेलियन की राह दिखाना भी शामिल था। इस दिन–रात्रि टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम 191 रन पर ऑल आउट हो गई। पोंटिंग ने चैनल 7 (सेवन) से कहा, अश्विन के खिलाफ हमारे बल्लेबाज जरूरत से ज्यादा आक्रामक दिख रहे थे। उन्होंने अश्विन को कम कर के आंका लेकिन अश्विन ने दिखा दिया कि वह कितने शानदार है। इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली डेयरडेविल्स के कोच रहते हुए अश्विन के साथ काम करने वाले इस पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, वे अश्विन के खिलाफ रन बनाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन यह उलटा पड़ गया। अश्विन ने पहली पारी में 18 ओवर में 55 रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारतीय टीम को पहली पारी में 53 रन की बढ़त मिली।

### लियोन भारत के लिए काफी खतरनाक साबित होंगे: पोंटिंग


**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिग का मानना है कि अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन क्रीज का इस्तेमाल करते हुए जिस तरह से कोण बनाकर गेंदबाजी कर रहे है, उससे चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला मे वह भारत के खिलाफ काफी खतरनाक साबित होंगे। इस 33 साल के गेंदबाज ने श्रृंखला की शुरूआती टेस्ट के पहले दिन भारत के खिलाफ 21 ओवर मे 68 रन देकर एक विकेट लिया। पोंटिग ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मुझे लगता है कि भारत के खिलाफ वह किसी अन्य स्पिनर की तरह ही सफल है।

## रशफोर्ड ने मैनचेस्टर सिटी को जीत दिलाई



**शेफील्ड।** फीफा पुरस्कारों में मैदान से बाहर सबसे अधिक प्रभावित करने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले इंग्लैंड के फुटबॉलर मार्कस रशफोर्ड की दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने गुरूवार को प्रीमियर लीग मैच में शेफील्ड को 3–2 से हराया। डेविड मैकगोल्डरिक (पांचवें और 87वें मिनट में) ने मैच के शुरुआत में ही शेफील्ड को बढ़त दिला दी थी। मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए रशफोर्ड ने 26वें और 51वें मिनट में दो गोल किए जबकि एंथोनी मार्शल ने 33वें मिनट में गोल किया। इससे पहले कोविड–19 के दौरान गरीब बच्चों मुफ्त भोजन प्रदान करने के अभियान के लिए ब्रिटिश सरकार पर दबाव बनाने के लिए विश्व फुटबॉल की नियामक ईकाई से प्रशंसा पाई।

## मेस्सी और रोनाल्डो को पछाड़कर लेवांडोवस्की बने फीफा के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर



**भाषा।** जिनेवा

लियोनेल मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दबदबे को तोड़ते हुए पोलैंड के राबर्ट लेवांडोवस्की इस साल फीफा के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुने गए हैं। लेवांडोवस्की ने इस सत्र में 55 गोल करके बायर्न म्युनिख को कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू ट्राफियां जिताई। अंतिम सूची में लेवांडोवस्की के साथ मेस्सी और रोनाल्डो के नाम थे। राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों, कोचों, चयनित पत्रकारों और प्रशंसकों के मतदान के आधार पर विजेता का चयन हुआ। फीफा ने वर्चुअल समारोह का आयोजन ज्यूरिख में किया लेकिन इसके अध्यक्ष जियान्नी इनफांटिनो उन्हें व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार देने म्युनिख गए। इससे पहले 2018 में क्रोएशिया के लूका मोडरिच ने यह पुरस्कार जीता था और 2008 के बाद से मेस्सी या रोनाल्डो के अलावा इन्हीं दोनों को यह पुरस्कार मिला है। लूसी ब्रोंज सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई और फीफा पुरस्कारों में इंग्लैंड का यह पहला व्यक्तिगत पुरस्कार है।लियोन के साथ चैम्पियंस लीग जीत चुकी लूसी अब मैनचेस्टर सिटी के लिए खेलती है। वर्ष 2008 के बाद से यह पुरस्कार जीतने वाले लेवांडोवस्की स्पेन के किसी क्लब से इतर पहले खिलाड़ी हैं। 2008 में रोनाल्डो ने मैनचेस्टर युनाइटेडके खिलाड़ी के रूप में पुरस्कार जीता था। बायर्न म्युनिख का कोई खिलाड़ी 1991 में इस पुरस्कार की स्थापना के बाद से इसे जीत नहीं सका है। फ्रेंक रिबेरी 2013 में और मैनुअल नूएर 2014 में तीसरे स्थान पर रहे थे। जर्गेन क्लोप ने सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार जीता जिनके मार्गदर्शन में लीवरपूल ने 30 साल में पहली बार प्रीमियर लीग जीता था। बायर्न के हैंसी फ्लिक दूसरे स्थान पर रहे। नीदरलैंड को 2019 विश्व कप फाइनल जिताने वाली सरीना विएगमैन को सर्वश्रेष्ठ महिला कोच का पुरस्कार मिला जो अगले साल इंग्लैंड की कोच बनेंगी।

## एएफसी एशियाई कप की मेजबानी मिलना भारत के लिए बड़ी बात होगी : छेत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

भारत के सर्वकालिक महान फुटबॉल खिलाड़ियों में शामिल सुनील छेत्री ने कहा कि 2027 एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) कप की मेजबानी मिलना देश के लिए बहुत बड़ी बात होगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को कहा कि वह 2027 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी का दावा पेश करेगा। ब्लू टाइगर्स (भारतीय फुटबॉल टीम) का दो एशियाई कप (2011 और 2019) में नेतृत्व कर चुके छेत्री ने कहा कि यह फुटबॉल के प्रशंसको के लिए सर्वश्रेष्ठ उपहार की तरह होगा। छेत्री ने एआईएफएफ डॉट कॉम से कहा, अपने देश के लिए खेलने से बड़ा कुछ भी नहीं है और हमारे देश के लिए एएफसी एशियाई कप 2027 की मेजबानी से बड़ा कोई सम्मान नहीं होगा। मुझे लगता है कि यह देश में प्रशंसकों और सभी के लिए सबसे अच्छा उपहार होगा।

## न्यूजीलैंड ने पहले टी–20 में हासिल की जीत



**भाषा।** आकलैंड

- **पाक को पांच विकेट से हराया**

तेज गेंदबाज जैकब डफी ने न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण करते हुए 33 रन देकर चार विकेट हासिल किए जिससे मेजबान टीम ने शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले ट्वेंटी20 क्रिकेट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच विकेट से जीत दर्ज की। डफी के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने 39 रन देकर पाकिस्तान के पांच विकेट झटक लिए थे और उसे नौ विकेट पर 153 रन बनाने दिए जिसने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने सात गेंद रहते जीत हासिल की। सलामी बल्लेबाज टिम सेफर्ट (57 रन) ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक जमाया। मार्क चैपमैन ने 34 रन का योगदान किया, वहीं मिशेल सैंटनर अंत में 12 रन बनाकर नाबाद रहे। ओटागो प्रांत के डफी अपने गेंदबाजी एक्शन से स्विंग और उछाल हासिल करते हैं, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी चौथी गेंद में पहला विकेट हासिल किया। इसके बाद उन्होंने अपने दूसरे ओवर की पांचवीं और छठी गेंद में दो और विकेट चटकाए।

## सिमरनजीत मुक्केबाजी विश्व कप के फाइनल में

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने शुक्रवार को युक्रेन की मारियाना बेसेनेट्स को हराकर जर्मनी के कोलोन में मुक्केबाजी विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सिमरनजीत ने 4–। की जीत के साथ खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया जो शनिवार को खेला जाएगा। इससे पहले विश्व चैंपियनशिप की दो बार की पदक विजेता सोनिया लाठेर ने उक्रेन की स्निझाना खोलोदकोवा को 3–2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना हमवतन मनीषा से होगा। मनीषा को क्वार्टर फाइनल में बाई मिली थी। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता सतीश कुमार (91 किग्रा) ने अपने अभियान की शुरुआत मालदोवा के ज्वानटिन एलेक्सेल के खिलाफ 5–0 की जीत के साथ थी। सतीश ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए एक और पदक पक्का किया। हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने भी जर्मनी के उमर बाजवा को 5–0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अन्य मुकाबलों में राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन गौरव ने स्थानीय दावेदार मुरात यिलदिरिम को 3–2 से हराया जबकि कविंदर सिंह ने फ्रांस के सैमुअल किस्तोहरी को शिकस्त दी।

## हिताषी ने महिला पेशेवर गोल्फ का खिताब जीता

**गुरुग्राम।** पेशेवर गोल्फर के रूप में अपने दूसरे टूर्नामेंट में खेल रही युवा हिताषी बख्शी ने यहां क्लासिक गोल्फ एवं कंट्री क्लब में शुक्रवार को 2020 महिला पेशेवर गोल्फ टूर के अंतिम चरण का खिताब जीता। अंतिम दौर में 70 के स्कोर से हिताषी ने टूर्नामेंट में कुल दो अंडर 214 का स्कोर बनाया। 16 साल की हिताषी ने कल तक शीर्ष पर चल रही अमनदीप द्राल को तीन शॉट से पछाड़ा जिन्होंने अंतिम दौर में 73 का स्कोर बनाया। अमनदीप ने सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहते हुए हीरो आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस अनुभवी गोल्फर ने आठवें चरण का खिताब जीता था।

## सरकार का गन्ना कीमतों में कटौती से इनकार, चीनी मिलों को मुनाफेदार बनने को कहा



**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार गन्ने पर उचित लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को कम नहीं कर सकती है। उन्होंने उद्योग से कुशल और मुनाफेदार बनने तथा केंद्रीय सब्सिडी पर कम से कम निर्भरता रखते हुए उत्पाद पोर्टफोलियो का विविधीकरण करने को कहा। एफआरपी वह न्यूनतम कीमत है, जिसपर चीनी मिलें किसानों से गन्ना खरीदती हैं। चीनी उद्योगों के प्रमुख संगठन, भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) की 86वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए, गोयल ने कहा कि सरकार ने मौजूदा विपणन वर्ष 2020–21 (अक्टूबर से सितंबर) में 60 लाख टन चीनी के निर्यात के लिए 3,500 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान करने का निर्णय है जो अधिशेष चीनी भंडार को खत्म करने में मदद करेगा। गोयल वाणिज्य और रेल मंत्री भी हैं। उद्योग की मांग पर कि गन्ना खरीद मूल्य को चीनी के वसूली मूल्य के साथ सम्बद्ध किया जाए, उन्होंने कहा कि उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को कम करना व्यावहारिक कदम नहीं है। उन्होंने उद्योग की अगुवाई करने वाले लोगों से अपनी आय बढ़ाने के लिए अधिक एथेनॉल के साथ–साथ अन्य उप–उत्पादों उत्पादन बढ़ाने को भी कहा।

## कृषि मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में छह प्रतिशत, ग्रामीण मजदूरों के लिए 5.86 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** कृषि मजदूरों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर क्रमशः छह प्रतिशत और 5.86 प्रतिशत रह गई। महंगाई की दर में यह कमी मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं की कीमत में कमी के चलते हुई। श्रम मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, सीपीआई–एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - कृषि मजदूर) और सीपीआई–आरएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - ग्रामीण मजदूर) पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर 2020 की तुलना में नवंबर 2020 में घटकर क्रमशः छह प्रतिशत और 5.86 प्रतिशत रही। पिछले साल नवंबर में कृषि मजदूरों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा महंगाई क्रमशः 9.41 प्रतिशत और 9.23 प्रतिशत थी।

## एफटीटीएच केबल्स के व्यापारिक विनिर्माण का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** एचएफसीएल के नए फाइबर.टूदहोम एफटीटीएच केबल बनाने वाली तेलंगाना के हैदराबाद में स्थित कारखाने में फाइबर टू होम एप्लिकेशन्स के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल्स का व्यापारिक विनिर्माण 16 दिसंबर 2020 से शुरू हुआ है। हैदराबाद में अपनी उपकंपनी एचटीएल लिमिटेड के साथ मिलकर नए कारखाने की शुरूआत करने से एचएफसीएल ने हर साल 6 लाख केएमएस की क्षमता हासिल की है और वह भारत की एफटीटीएच केबल्स बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी बनी है। इसके पहले एचएफसीएल ने हैदराबाद प्लांट में ऑप्टिकल फाइबर के विनिर्माण के लिए 260 करोड़ रूपए निवेश किए थेए जिसकी शुरूआत जनवरी 2020 में हुई।

# सेंसेक्स, निफ्टी का फिर नया रिकॉर्ड

- **विदेशी कोषों की खरीदारी जारी**

**भाषा।** मुंबई







विदेशी कोषों की खरीदारी का सिलसिला जारी रहने के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज हुई तथा सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लाभ से बाजार धारणा को बल मिला।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 47,026.02 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर गया। अंत में सेंसेक्स 70.35 अंक या 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 46,960.69 अंक पर बंद हुआ, जो इसका नया रिकॉर्ड है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 19.85 अंक या 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,760.55 अंक के अपने नए रिकॉर्ड पर बंद हुआ। एक्सेंचर पीएलसी के उम्मीद से बेहतर नतीजों से आईटी शेयर चमक में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर सबसे अधिक 2.64 प्रतिशत चढ़ गया। बजाज ऑटो, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, टाइटन, एशियन पेंट्स और टीसीएस के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, ओएनजीसी, एचडीएफसी बैंक, मारुति, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल के शेयरों में 3.30 प्रतिशत तक की गिरावट आई। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 861.68 अंक या 1.86 प्रतिशत तथा निफ्टी 246.70 अंक या 1.82 प्रतिशत के लाभ में रहा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 77.8 करोड़ डॉलर घट कर 578.568 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 77.8 करोड़ डॉलर घटकर 578.568 अरब डालर रह गया। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 4.525 अरब डॉलर बढ़कर 579.346 अरब डॉलर के सर्वकालिक ऊंचाई को छू गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) में कमी आने के कारण मुद्रा भंडार मे गिरावट दर्ज हुई। विदेशीमुद्रा परिसंपत्तियां, कुल विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा होती है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार समीक्षावधि मे एफसीए 1.042 अरब डॉलर घटकर 536.344 अरब डॉलर रह गई। एफसीए को दर्शाया डॉलर में जाता है, लेकिन इसमे यूरो, पौंड और एन जैसी अन्य विदेशी मुद्राएं भी शामिल होती है। आंकड़ो के अनुसार चार दिसंबर को समाप्त सप्ताह समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान देश का स्वर्ण भंडार का मूल्य 28.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 36.012 अरब डॉलर हो गया। डॉलर घटकर 4.709 अरब डॉलर रह गया।

### रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 73.56 पर बंद

**मुंबई।** विदेशी पूंजी के प्रवाह और घरेलू शेयर बाजारो मे बढ़त के रुख के बीच रुपया डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को तीन पैसे की बढ़त के साथ 73.56 पर बंद हुआ। मुद्रा कारोबारियों के अनुसार अन्य विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने से भी रुपए को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार प्रति डॉलर 73.55 रुपए पर खुला। दिन मे कारोबार के दौरान दर 73.49-73.57 के बीच रही। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की बढ़त लेकर 73.56 पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को बंद के समय विनिमय दर 73.59 रुपए प्रति डालर थी। इस बीच अन्य छह वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला सूचकांक 0.20 प्रतिशत की बढ़त लेकर 90.00 अंक पर रहा।

## इस साल फ्लिपकार्ट पर विक्रेताओं की संख्या में 35 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** वालमार्ट के स्वामित्व वाली ई-वाणिज्य कंपनी फ्लिपकार्ट के मंच पर 2020 मे विक्रेताओ की संख्या मे 35 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। वही दूसरे दर्जे के शहरों मे विक्रेताओं और उपभोक्ताओ के बीच उसके मंच का उपयोग भी बढ़ा है। फ्लिपकार्ट ने शुक्रवार को एक बयान मे कहा कि कोविड-19 महामारी ने सुरक्षा और शारीरिक दूरी बनाए रखने की जरूरत के चलते लाखो लोगो को ऑनलाइन खरीदारी के तरफ मोड़ा है। केवल महानगरो बल्कि दूसरे व तीसरे दर्जे के शहरो मे भी ई-वाणिज्य मंचो का उपयोग बढ़ा है।

## अमेरिका राज्यों ने गूगल के खिलाफ नए मुकदमे किए

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे गूगल और फेसबुक के खिलाफ प्रतिस्पर्धा मे बाधा खड़ी करने के मामले मे कार्वाई का सिलसिला बढ़ने के बीच राज्यो ने संघीय प्रतिस्पर्धा प्रवर्तकों के दावो से आगे बढ़कर दो मुकदमो मे नए आरोप लगाए है। ताजा मामला गुरुवार को आया, जब दर्जनों राज्यो ने गूगल के खिलाफ बाजार मे भरोसे को तोड़ने का मुकदमा दर्ज कराया।

## बजाज ऑटो ने नई प्लैटिना 100 किक स्टार्ट लॉन्च की


**नई दिल्ली।** वर्ल्डस फेवरिट इंडियन बजाज ऑटो ने न्यू प्लैटिना 100 किक स्टार्ट लॉन्च की है। जो प्लैटिना ब्रांड वाली आजमाई हुई कंफर्टेक टेक्नालॉजी के दम पर भारी आराम की पेशकश करती है। यह बाइक स्प्रिंग ऑन स्प्रिंग् नाइट्रॉक्स सस्पेंशन के साथ आती है। जो चलाने वाले और पीछे बैठने वाले, दोनों को लंबी राइड पर 15 ज्यादा आराम देता है। इसमें ट्यूबलेस टायरों का इस्तेमाल भी किया गया हैए जो एक सुरक्षित और परेशानी मुक्त राइड सुनिश्चित करते हैं। अपने अनूठे और स्टाइलिश हैंड गार्ड्स के चलते नई प्लैटिना 100 का लुक भी ताजगी भरा है। जो हवा के तीखे झोंकों से हाथों को सुरक्षित करके बड़ा आराम पहुंचाते हैं। 51,667 रुपए एक्सशोरूमद्ध की कीमत वाली नई प्लैटिना 100 दो आकर्षक रंगों में आती है। कॉकटेल वाइन रेड तथा सिल्वर डिकैल्स वाली एबनी ब्लैक। यह बाइक भारत में बजाज ऑटो की सभी डीलरशिप्स पर उपलब्ध है।

## यूट्यूब पर जुलाई 2020 में वीडियो देखने के समय में 45 प्रतिशत इजाफा

**भाषा।** नई दिल्ली

देश में यूट्यूब पर वीडियो देखने के समय में जुलाई 2020 के दौरान सालाना आधार पर 45 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। गूगल के वीडियो प्रसारण मंच यूट्यूब ने शुक्रवार को कहा कि इसमें अहम हिस्सेदारी क्षेत्रीय भाषाओं में बने वीडियो को देखने की रही। सस्ते स्मार्टफोन और मोबाइल इंटरनेट की उपलब्धता के चलते पिछले कुछ सालों में ऑनलाइन वीडियो सामग्री देखने में वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं कोविड–19 महामारी की वजह से किए गए लॉकडाउन के चलते ऑनलाइन वीडियो और संगीत प्रसारण की खपत में बढ़ोत्तरी हुई है।

### ट्विटर 20जनवरी से खातों के सत्यापन की प्रक्रिया फिर शुरू करेगी



**नई दिल्ली।** ट्विटर ने 20 जनवरी से खातो के सत्यापन की प्रक्रिया फिर शुरू करने की घोषणा की है। इससे सक्रिय और सही उपयोक्ता खातों में नीले रंग का सत्यापित बैज लगाया जाएगा। नई प्रक्रिया के तहत माइक्रोब्लॉगिंग मंच निष्क्रिय और अधूरे खातों से सत्यापित बैज या चिह्न हटाने की कार्वाई भी करेगा। अपनी सत्यापन नीति के मसौदे पर ट्विटर ने आम लोगो से 24 नवंबर से आठ दिसंबर के दौरान प्रतिक्रियाएं मांगी थी।

## बेमौसम बारिश, लॉकडाउन के चलते महंगाई ने की जेब ढीली

**नई दिल्ली।** बेमौसम बारिश, आपूर्ति में बाधा और कोविड–19 महामारी के चलते लगे लॉकडाउन और अन्य चिंताओं ने खुदरा महंगाई दर को 2020 में भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य से ऊपर ही रखा। अर्थव्यवस्था में सुधार की रफ्तार धीमी होने के बीच इस स्थिति के कम से कम निकट अवधि में बरकरार रहने की संभावना है। सालभर खाद्य वस्तुओं के दामों में तेजी ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर को ऊपर बनाए रखा। मार्च के महीने में 5.91 प्रतिशत के स्तर को छोड़कर यह सालभर 6.58 से 7.61 प्रतिशत के दायरे में रही। विशेषज्ञों का मत है कि चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति के करीब 6.3 प्रतिशत पर बनी रहेगी।

## रेलवे का 2030 तक 45 प्रतिशत माल ढुलाई का हिस्सा कब्जाने का लक्ष्य : रेलवे बोर्ड के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** रेलवे माल ढुलाई के क्षेत्र में बेहतर बुनियादी सुविधाओं और कारोबार विकास योजना के बल पर अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने पर काम कर रहा है। इससे रेलवे को 2030 तक माल ढुलाई क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी मौजूदा 27 प्रतिशत से बढ़कर 45 प्रतिशत तक पहुंच जाने की उम्मीद है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन वी के यादव ने शुक्रवार को यह कहा। यादव ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा रेलवे ने 2019 की समाप्ति पर वर्ष के दौरान कुल 470 करोड़ टन माल ढुलाई में से केवल 121 करोड़ टन माल की ही ढुलाई की। लेकिन 2024 के अंत तक उसकी कुल 640 करोड़ टन माल ढुलाई में से 202.40 करोड़ टन माल की ढुलाई करने की योजना है। इससे वर्ष 2030 तक रेलवे 45 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

## रिजर्व बैंक के बोर्ड ने मौजूदा आर्थिक स्थिति की समीक्षा की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड ने शुक्रवार को वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में मौजूदा आर्थिक स्थिति की समीक्षा की। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता में केंद्रीय बोर्ड की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई। यह केंद्रीय बोर्ड की 586वीं बैठक थी। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, बोर्ड ने वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में मौजूदा आर्थिक स्थिति की समीक्षा की।

# कोरोना के खिलाफ टीकाकरण शुरू

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में ट्रम्प प्रशासन ने कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है जबकि यह प्रकिया इतनी जल्दी शुरू होने की उम्मीद उनके प्रशासन के कुछ अधिकारियों को भी नहीं थी। हालांकि, इस प्रक्रिया से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प स्वयं नदारद हैं जबकि उनके सहयोगियो को उम्मीद है कि यह उनकी विरासत के एक अहम हिस्से के तौर पर पेश किया जा सकता है। ट्रम्प ने तुरंत टीका विकसित करने और वितरण करने के लिए सरकारी अभियान ऑपरेशन वार्प स्पीड की शुरुआत इस वसंत ऋतु में व्हाइट हाउस के प्रसिद्ध रोज़ गार्डन में अपने समर्थकों की भारी भीड़ के बीच की थी। आज अमेरिका के इतिहास के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के पांच दिन बीत चुके हैं पर ट्रम्प को किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में नहीं देखा गया है। उन्होंने खुद टीका नहीं लगवाया है और इस अवधि में उन्होंने केवल दो बार ट्वीट किया है।

इस बीच, उपराष्ट्रपति माइक पेंस मुख्य भूमिका में दिख रहे हैं। उन्होंने इस सप्ताह टीका उत्पादन संयंत्र का दौरा किया। वह शुक्रवार की सुबह टेलीविजन चैनलों के सीधा प्रसारण के दौरान कैमरे के सामने कोविड-19 का टीका लेने की तैयारी कर रहे हैं। प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी और सीनेट में बहुमत दल के नेता मिच मैक्कोनेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे अगले कुछ दिनों में कोविड-19 का टीका लगवाएंगे।

ट्रम्प तीन नवंबर के राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार के बाद से ही खामोश हैं और लोगों की आकांक्षा उलटने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने टीकाकरण का सार्वजनिक चेहरा बनने की योजना अस्वीकार कर दी। ट्रम्प के साथ होने वाली बातचीत की जानकारी रखने वालों ने बताया कि राष्ट्रपति ने लोगों का भरोसा बढ़ाने के लिए टीका विकसित करने वाली प्रयोगशालाओं और उत्पादन केंद्र जाकर वहां कार्य कर रहे कर्मचारियों को धन्यवाद देने के प्रस्ताव भी अस्वीकार कर दिया।

## बाइडन के सलाहकार रिचमंड कोरोना वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के करीबी सलाहकार सेड्रिक रिचमंड कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। बाइडन के हस्तांतरण दल ने यह जानकारी दी।बाइडन के हस्तांतरण दल की प्रवक्ता केट बेडिंगफील्ड ने बताया कि 47 वर्षीय रिचमंड में संक्रमण के लक्षण बुधवार से नजर आने लगे थे। उनका रैपिड एंटीजन टेस्ट किया गया जिसमें वह संक्रमित पाए गए। आगामी बाइडन प्रशासन में रिचमंड को व्हाइट हाउस में वरिष्ठ सलाहकार और लोक मामलों के कार्यालय का निदेशक नामित किया गया है।बेडिंगफील्ड ने कहा कि रिचमंड, बाइडन के करीबी संपर्क में नहीं आए थे तथा बाइडन की आज ही कोविड-19 संबंधी जांच करवा ली गई जिसमें पता चला कि उनमें संक्रमण नहीं है। रिचमंड 15 दिसंबर को एक अभियान रैली में शामिल होने के लिए जॉर्जिया गए थे। प्रवक्ता ने बताया कि अभियान दल के कोई भी अन्य सदस्य रिचमंड के करीबी संपर्क में नहीं आए। उन्होंने बताया, रिचमंड और बाइडन की बातचीत किसी बंद कमरे में नहीं हुई, उन्होंने मास्क पहन रखे थे और संवाद 15 मिनट से भी कम अवधि में हुआ। वह जॉर्जिया भी अकेले ही गए, बाइडन उनके साथ नहीं थे। बेडिंगफील्ड ने बताया कि रिचमंड के संपर्क में दो लोग आए थे जिन्हें इस बारे में जानकारी दी गई है और वे स्वत: पृथक-वास में चले गए हैं। अब रिचमंड भी 14 दिन तक पृथक-वास में रहेंगे तथा उनकी दो पीसीआर जांच में संक्रमणमुक्त होने की पुष्टि होगी तभी वह काम पर लौट सकेंगे।



रियो डी जनेरियो, ब्राजील। समुद्री जीवन की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों के रूप में कपड़े पहने सांता क्लॉज शार्क को क्रिसमस के दिन तक खिलाने के लिए रोजाना गोता लगाएगा।

# विशेषज्ञों की राय में मतभेद

**● अमेरिका में कोरोना वायरस के टीके पहले किसे दिए जाएं इस बात पर बंटे विशेषज्ञ**

भाषा। न्यूयार्क

**अमेरिका** में कोविड-19 के टीके लगने शुरू हो गए हैं और कम संख्या में उपलब्ध यह टीके ज्यादातर स्वास्थ्य कर्मियों को दिए जा रहे हैं।

अगले साल जनवरी, फरवरी और मार्च में जब और टीके उपलब्ध होंगे तो वह पहले किसे दिए जाएंगे इस पर बहस जारी है। टीकाकरण विशेषज्ञों का एक दल, सप्ताहांत में होने वाली एक आपातकालीन बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करेगा। समिति चाहे जो भी निर्णय ले, टीकाकरण को लेकर एक राज्य से दूसरे राज्य में प्राथमिकताएं अलग होंगी।

**कार्यकारी निदेशक क्लेयर हन्नान ने कहा, मुझे लगता है कि हमें पता है कि सब कुछ पूरी तरह से सही नहीं होने वाला है**

विशेषज्ञों के दल का कहना है कि उन लोगों को टीका पहले मिलना चाहिए जो आवश्यक कार्य कर रहे हैं क्योंकि बस चालक, दुकानदार और इस प्रकार के लोग घर से काम नहीं कर सकते। ए ऐसे लोग हैं जो संक्रमण की चपेट में जल्दी आ रहे हैं।

इसके अलावा संक्रमण के खतरे के संबंध में नस्ली अंतर भी स्पष्ट है। परंतु कुछ अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि कि 65 साल या उससे अधिक उम्र के और लंबे समय से किसी बीमारी से पीड़ित लोगों को टीका मिलना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि इस समूह में मृत्युदर ज्यादा है।

मॉडर्ना के टीके पर चर्चा करने के एक दिन बाद रविवार को विशेषज्ञों का दल प्रस्ताव पर मतदान करेगा। राज्यों में टीकाकरण कार्यक्रम के प्रबंधकों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन की कार्यकारी निदेशक क्लेयर हन्नान ने कहा, मुझे लगता है कि हमें पता है कि सब कुछ पूरी तरह से सही नहीं होने वाला है। हमारे पास एक साथ सभी को देने के लिए टीके उपलब्ध नहीं है। इसलिए हमें मुश्किल फैसले लेने होंगे। यदि आवश्यक कार्य करने वालों को वास्तव में प्राथमिकता दी जाती है तो यह भी देखना होगा कि राज्यों ने भी तय कर रखा है कि टीका पहले किसे दिया जाना चाहिए।

# मॉर्डना के कोरोना के टीके के आपात इस्तेमाल की इजाजत

**● एफडीए के सलाहकारों ने दी हरी झंडी**

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की सलाहकार समिति ने मॉर्डना द्वारा विकसित कोविड-19 टीके के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी। लगभग एक सप्ताह पहले फाइजर के कोविड-19 टीके के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दी गई थी। स्वतंत्र वैज्ञानिकों एवं लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञों वाली एफडीए की वैक्सिन ऐंड रिलेटड बायोलॉजिकल प्रोडक्ट्स एडवाइजरी कमेटी ने बृहस्पतिवार को एक बैठक में मॉर्डना के कोविड-19 टीके एमआरएनए-1273 के आपात इस्तेमाल की सिफारिश करते हुए इसके पक्ष में मतदान किया।

एफडीए ने अमेरिकी दवा कंपनी फाइजर और उसके जर्मनी के सहयोगी बायोएनटेक द्वारा विकसित कोविड-19 के टीके के आपात इस्तेमाल की मंजूरी शुक्रवार को दी थी। अमेरिका में अब तक 3,10,000 से ज्यादा लोगों की मौत इस खतरनाक वायरस की वजह से हो चुकी है।

खाद्य एवं औषधि आयुक्त स्टीफन हान ने कहा कि मॉर्डना के कोविड-19 टीके को लेकर सलाहकार समिति की बैठक से निकले निष्कर्ष के अनुरूप एफडीए ने कंपनी को सूचित किया है कि टीके के आपात इस्तेमाल के लिए मंजूरी संबंधी आगे की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि एजेंसी ने अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र तथा ऑपरेशन वार्प स्पीड को भी इस संबंध में सूचित किया है ताकि वे टीका वितरण संबंधी अपनी योजनाओं पर काम शुरू कर सकें।

# सिंगापुर के प्रधानमंत्री ने विश्वास और समर्थन के लिए प्रवासी कामगारों को शुक्रिया कहा

भाषा। सिंगापुर


**ली ने कहा-कोविड-19 महामारी के दौरान मुश्किल दौर से गुजरने के बावजूद भरोसा, संयम और समर्थन कायम रखने के लिए हम प्रवासी कामगारों को धन्यवाद करते हैं**

**सिंगापुर** के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने प्रवासी कामगारों का करीब एक साल पहले कोविड-19 का पहला मामला सामने आने के बाद से मुश्किलों का सामना करने के बावजूद भरोसा रखने और समर्थन करने के लिए शुक्रवार को उन्हें धन्यवाद दिया।

उन्होंने दोहराया कि अन्य सिंगापुरवासियों की तरह ही उनकी भी देखरेख की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस पर जारी वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ली ने कहा कि स्थिति को स्थिर करने के लिए कड़े प्रयास करने पड़े और अब प्रवासी वायरस से स्वस्थ और सुरक्षित हैं।

दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों से आए अधिकतर प्रवासियों को ली ने भरोसा दिया कि उनकी भी देखभाल सिंगापुर के नागरिकों की तरह की जाएगी। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा, हमारे समाज में आप सम्मानित सदस्य हैं। अगर आप बीमार पड़े तो हम सुनिश्चित करेंगे कि आपको स्वास्थ्य सुविधा मिले, आप अपने परिवार के संपर्क में रहे और यथाशीघ्र काम पर लौटें।

गौरतलब है कि सिंगापुर के समुद्री और निर्माण क्षेत्र के कार्यबल में प्रवासी कामगारों की बड़ी संख्या है। ली ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान मुश्किल दौर से गुजरने के बावजूद भरोसा, संयम और समर्थन कायम रखने के लिए हम प्रवासी कामगारों को धन्यवाद करते हैं। बता दें कि सिंगापुर में कोरोना वायरस से संक्रमण का पहला मामला इस साल जनवरी में सामने आया था और अब तक 58,341 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है जिनमें से 93 प्रतिशत प्रवासी कामगार हैं।



पहली पत्नी व बेटी की बरसी पर जो बाइडन दूसरी पत्नी जिल बाइडन के साथ ब्रैडीवाइन स्थित रोमन कैथोलिक चर्च सेंट जोसफ में शुक्रवार को आयोजित सुबह की प्रार्थना में शामिल हुए।

# सीएएटीएसए भारत जैसे साहयोगियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के लिए नहीं: अमेरिकी राजनयिक

**● अमेरिका ने नाटो सहयोगी तुर्की पर लगाए प्रतिबंध**

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि रूस से प्रमुख रक्षा हार्डवेयर खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का प्रशासन को अधिकार देने वाला कठोर कानून भारत जैसे सहयोगियों के खिलाफ दंडात्मक कार्वाई करने के लिए नहीं है।

अमेरिका ने सोमवार को अपने नाटो सहयोगी तुर्की पर रूस की उन्नत एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की खरीद के लिए काउंटरिंग अमेरिका एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) के तहत प्रतिबंध लगा दिए थे। अमेरिकी कानून जिसे सीएएटीएसए के रूप में जाना जाता है, उसका उद्देश्य रूस के प्रभाव को कम करना है।

वर्ष 2014 में यूक्रेन में मास्को के सैन्य हस्तक्षेप और 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में इसकी कथित मध्यस्थता के बाद, मुख्य रूप से यह कानून रूसी हितों पर प्रतिबंधों से संबंधित है।

राजनीतिक सैन्य मामलों के सहायक सचिव आर. क्लार्क कूपर ने बृहस्पतिवार को कहा , सीएएटीएसए प्रतिबंध किसी भागीदार या सहयोगी पर दंडात्मक कार्वाई के लिए नहीं बनाया गया.....हम निश्चित तौर पर इससे छेड़छाड़ नहीं करना चाहते.. ? हम नहीं चाहते हैं कि एक साथी की संप्रभु रक्षा क्षमताओं को जोखिम में डालने के लिए उनकी तैयारियों को कम किया जाए।

कूपर रूस से एस-400 की खरीद के कारण सीएएटीएसए के तहत भारत पर प्रतिबंधों की संभावना पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। अक्टूबर 2018 में, भारत ने रूस के साथ एस -400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की पांच इकाइयों को खरीदने के लिए रूस के साथ पांच अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, अमेरिकी प्रशासन की चेतावनी के बाद इस अनुबंध पर कायम रहने पर उसे अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा, मैं एक बात कहूंगा, विशेष रूप से, भारतीय परिप्रेक्ष्य से, जिसके कारण मैंने यह मुद्दा उठाया, सीएएटीएसए इस संदर्भ में दंडात्मक कार्वाई करने के लिए नहीं है। इसका लक्ष्य उच्च-स्तरीय, उच्च-तकनीकी रूसी प्रणालियों को कम करना और रोकना है। कूपर ने कहा कि सीएएटीएसए के प्रतिबंध वैश्विक प्रकृति के हैं। यह किसी विशेष देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है।

## सांसदों से टीका लगवाने का अनुरोध

**वाशिंगटन।** अमेरीकी प्रतिनिधि सभा और सीनेट के शीर्ष नेताओं को इस सप्ताह कोविड-19 के टीके की खुराक दी जाएगी। सांसदों का उपचार करने वाले डॉक्टर ने सूचित किया कि सरकारी दिशानिर्देश के मुताबिक सांसद अब टीके की खुराक ले सकते हैं। प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी और सीनेट में बहुमत के नेता मिच मैककॉनेल ने कहा कि अगले कुछ दिनों में वे टीके की खुराक लेंगे।एक बयान में पेलोसी ने बृहस्पतिवार को कहा, टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है लेकिन हम सभी को जांच, उपचार, मास्क पहनने और सामाजिक दूरी जैसे नियमों का पालन करना जारी रखना होगा। मैककॉनेल बचपन में पोलियो से प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि टीके से उन्हें काफी उम्मीद है और वह मास्क पहनना तथा स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करते रहेंगे। डॉ. ब्रायन पी. मोनाहन ने सांसदों को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वे टीकाकरण के लिए उनके क्लिनिक से समय लें।

# ट्रंप प्रशासन की नीति बदलने का किया आग्रह

**● एच-1 बी वीजा धारकों के जीवनसाथी के लिए दस्तावेज की वैधता बढ़ाने का आग्रह**

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** में 60 सांसदों के समूह ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन से वीजा के संबंध में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की एक नीति को बदलने का अनुरोध किया है। उन्होंने एच4 वीजा प्राप्त लोगों के दस्तावेज की वैधता की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। यह वीजा एच- 1बी वीजा धारकों के जीवनसाथियों को जारी किया जाता है। एच4 वीजा धारकों में अधिकतर उच्च कौशल वाली भारतीय महिलाएं शामिल हैं।

अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवाएं (यूएससीआईएस) विभाग द्वारा एच-4 वीजा, एच- 1 बी वीजा धारकों के परिवार के सदस्यों (जीवनसाथी और 21 साल से कम उम्र के बच्चों) के लिए जारी किया जाता है। एच- 1बी वीजा धारकों में अधिकतर भारतीय आईटी पेशेवर है।

यह आमतौर पर उन लोगों को जारी किया जाता है, जो रोजगार के आधार पर स्थाई निवासी का दर्जा हासिल करना चाहते हैं।अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्यों ने 16 दिसंबर को बाइडन को पत्र लिखा, हम आपसे आग्रह करते हैं कि गृह सुरक्षा विभाग को आपके प्रशासन के पहले दिन एच 4 वीजा की खत्म हो रही वैधता को लेकर संघीय रजिस्टर नोटिस प्रकाशित करने का निर्देश दिया जाए।

डेमोक्रेट बाइडन 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। पत्र में कहा गया कि गृह सुरक्षा विभाग ने 2015 में एक नियम जारी कर एच-एक बी वीजा धारकों के आश्रित जीवनसाथी को अनुमति दे दी थी।

# परिवारों को सतर्क रहने की सलाह दी

**● मैक्रों के संक्रमित होने के बाद डॉक्टरो ने छुट्टियों पर जाने वालों को एहतियात बरतने को कहा**

भाषा। पेरिस

**फ्रांस** के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद देश के डॉक्टरों ने छुट्टियों पर जाने वाले परिवारों को एहतियात बरतने को कहा है।

मैक्रों राष्ट्रपति आवास एलईसी पैलेस में ही पृथक रह रहे हैं। मैक्रों हमेशा ही सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहने और सामाजिक दूर के नियम का पालन करते दिखे हैं। वहीं बृहस्पतिवार को संक्रमित पाए जाने से पहने भी उन्होंने ठीक से खाना खाया था।

आलोचकों का कहना है कि देश के लोगों के लिए यह काफी खराब उदाहरण है और उन्होंने किसी भी सभा में छह से अधिक लोगों के शामिल ना होने का सुझाव दिया है। राष्ट्रपति आवास के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि मैक्रों को बुखार, खांसी और कमजोरी है। उन्होंने उनके इलाज से जुड़ी विस्तृत जानकारी हालांकि साझा नहीं की।

मैक्रों के संक्रमित पाए जाने के बाद फ्रांस के स्वास्थ्य अधिकारियों को संक्रमण का प्रकोप एक बार फिर बढ़ने का संदेह है और उन्होंने क्रिसमस तथा नए साल पर छुट्टियों मनाने की तैयारी कर रहे परिवारों को अधिक सतर्कता बरतने को कहा है। वहीं फ्रांस में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 18,254 नए मामले सामने आए। वहीं मृतक संख्या अभी 60 हजार के पास पहुंच गई है।



मुइकामाची। उत्तरी जापान के मुइकामाची निगाता प्रान्त भारी बर्फबारी के चलते एक्सप्रेस मार्ग पर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं।


ट्रेंड बाजार

## आयुष्मान को सता रही हैं प्रशंसकों की स्मृतियां




**अभिनेता** आयुष्मान खुराना अब लाइव परफॉर्म नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें इस बात का भी दुख है कि वे जिग्स के दौरान अपने प्रशंसकों के हाथ भी नहीं छू पा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अतीत की एक जिग्स के फोटो साझा किये और दिखाया कि वो दर्शकों के साथ लाइव होने को कितना मिस कर रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'मुझे मंच की याद आ रही है। मेरी जिग्स पर चिल्लाते दर्शकों की भी मुझे याद सता रही है। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों के साथ जिग्स के दौरान पूर्वी यूरोप में भीड़ के हाथ छूने की भी याद आ रही है। अपनी कंसर्ट के लिए लेट होने पर लोगों द्वारा मुझे याद करना भी मुझे याद आ रहा है', उन्होंने एक फोटो के साथ ये लिखा।

## अरमान मलिक को मिले एक्टिंग के ऑफर



अभिनेता और गायक अरमान मलिक का कहना है कि 'कई लोग अब मुझसे अपनी फिल्मों में काम करने के लिए ऑफर कर रहे हैं। मेरा म्यूज़िक वीडियो देखने के बाद लोगों को अब लग रहा है कि मैं अभिनेता बन सकता हूं। मुझे लगता है कि मैं कोई भी काम आधे अधूरे मन से नहीं करना चाहता। मैं बचपन से ही संगीत सीख रहा हूं और मैं केवल अभिनय करने के लिए अभिनय नहीं करना चाहता। फिल्मों में आने से पहले मैं अच्छे से तैयारी करना चाहता हूं।'

## कार्तिक ने दिखाया लंबे बालों का स्वैग



**अभिनेता** कार्तिक आर्यन ने अपने बालों को अपने नए इंस्टाग्राम पोस्ट में साझा किया है। उनका कहना है कि लंबे बाल अब स्वैग बन चुका है। एक फोटो में ये अभिनेता डेनिम जैकेट के साथ पीले रंग की टीशर्ट पहने दिखाई दे रहा है। कार्तिक ने लिखा, 'लंबे बालों का स्वैग ही अलग है। फिर से इसका ट्रेंट शुरू करें?'

कार्तिक अब अपनी अगली फिल्म रमा माधवानी की धमाका की शूटिंग कर रहे हैं। इसका निर्माण रोनी स्क्रूवाला के बैनर आरएसवीपी तथा राम माधवानी फिल्म्स ने मिलकर किया है। इसके सहनिर्माता अमिता माध्वानी होंगी जो फिल्म में न्यूज़ चैनल की वर्किंग के बारे में बताएंगी।

## जेमी फॉक्स को बहन की मृत्यु का दुख



**हॉलिवुड** स्टार जेमी फॉक्स के अनुसार 2020 खट्टे-मीठे अनुभवों वाला एक साल रहा है। ऑस्कर पुरस्कार विजेता अभिनेता ने बताया कि वो अब अपनी छोटी बहन की मृत्यु के सदमें से उबरने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी बहन ने उन्हें बहुत सारी बातें सिखाई थीं और उनकी बातें याद करना उन्हें अच्छा लगता है। इसी साल फॉक्स की छोटी बहन डिऑन्ड्रा डिक्शन का देहांत हो गया। वो डाउन सिंड्रोम से जन्म से पीड़ित थीं। उनकी आयु मात्र 36 साल थी। फॉक्स ने बताया, 'ये खट्टे-मीठे अनुभवों वाला एक साल रहा है। मैं ऐसी परिस्थिति में रह रहा हूं जिसमें मेरा परिवार मेरे एक अतिप्रिय के न होने से व्यथित है। वो मेरी बहन थी जो अब नहीं है।'

सनडांस फिल्म फेस्टिवल

# 'फायर इन द माउंटेन' का दस वैश्विक फिल्मों में चयन

### निर्देशक और लेखक अजितपाल सिंह अपनी फिल्म 'फायर इन द माउंटेन' के साथ हिंदी फीचर फिल्म वर्ग में पदार्पण कर रहे हैं। इस बार के सनडांस फेस्टिवल में वो अपनी फिल्म का आभासी (वर्चुअल) प्रीमियर प्रस्तुत करने जा रहे हैं।



वो अपनी फिल्म 'फायर इन द माउंटेन' के लिए एक लेखक-निर्देशक के रूप में पदार्पण की तैयारी काफी दिनों से कर रहे थे। 2021 में संनडांस फेस्टिवल में वो वर्ल्ड सिनेमा ड्रामेटिक कॉम्पटीशन वर्ग में अपनी फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं।

जार फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म 'फायर इन द माउंटेन' को 10 चुनी हुई फिल्मों में से एकमात्र भारतीय फिल्म होने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ है। इस प्रकार उनकी फिल्म के इस महोत्सव में चुने जाने से उभरती फिल्म प्रतिभाओं को सामने आने का एक अवसर मिल रहा है जो स्फूर्तिदायक विचार सामने रखने का प्रयास करते हैं।

ये फिल्म महोत्सव 28 जनवरी से लेकर 3 फरवरी तक चलेगा। सामान्यत: ये महोत्सव पार्क सिटी उटाह में आयोजित होता रहा है लेकिन इस बार कोविड-19 महामारी के कारण इसका आभासी संस्करण आयोजित हो रहा है। इसके साथ ही देश भर में ड्राइव-इन तथा दूरी सुनिश्चित करते हुए देश भर में इसे दिखाया जाएगा।

82 मिनट की इस गंभीर पारिवारिक ड्रामा में एक मां परिश्रम करके हिमालय स्थित गांव में एक मार्ग के निर्माण के लिए धन की बचत करती है ताकि वो अपने दिव्यांग बेटे को व्हीलचेयर पर फिजियोथेरेपी के लिए ले जाना चाहती है जबकि उसका पति उसकी झाड़फूंक कराना चाहता है।

फिल्म में विनम्रता राय को केन्द्रीय भूमिका में मां का चरित्र करने को मिला है जबकि चंदन बिष्ट तथा सोनल झा इस फिल्म के माध्यम से पदार्पण कर रहे हैं। इसमें उत्तराखंड के एक युवा अभिनेता-अभिनेत्री हर्षिता तिवारी तथा मयंक सिंह जैरा भी हैं जो पदार्पणर कर रहे हैं। इसका निर्माण अजय राय तथा एलन मैकेक्स तथा सहनिर्माण अमित मेहता और मौली सिंह ने किया है।

अजितपाल सिंह की एक अन्य फिल्म 'रम्मत-गम्मत' इससे पूर्व ही इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल, ओबरहॉसेन में वर्ष 2018 में स्पेशन मेंशन का पुरस्कार जीत चुकी है और वो अपनी इस डेब्यू फीचर फीचर फिल्म को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं।

उन्होंने फिल्म का लेखन तथा निर्देशन का कार्य स्वयं के प्रयासों से ही सीखा है। उन्होंने बताया, 'हम सभी के लिए ये वर्ष अत्यंत कठिन रहा है। लेकिन मुझे प्रसन्नता है कि अब ये एक सकारात्मक ढंग से समाप्त हो रहा है। हम आशा कर रहे हैं कि अब सभी के लिए कोविड-19 का टीका शीघ्र उपलब्ध होगा। व्यक्तिगत मोर्चे पर मैं इस बात से नितांत प्रसन्न हूँ कि मेरी फिल्म वर्ल्ड प्रीमियर के लिए चुनी गई है। 2012 से ही सनडांस में अपनी फिल्म लेकर जाना मेरे लिए गर्व का विषय है। वर्ष 2012 में सनडांस मुंबई मंत्रा स्क्रिप्ट लैब में मेरी स्क्रिप्ट का पहली बार चयन किया गया है। इसी से मुझे स्वतंत्र कलाकारों के लिए उनके प्यार का पता चलता है। मेरा ये स्वप्न स्वप्न ही रह जाता यदि मेरे निर्माता अजनय ने मुझपर विश्वास न प्रदर्शित किया होता।'

फिल्म के पीछे की प्रेरणा के बारे में पूछने पर अजितपाल सिंह ने बताया, 'इस फिल्म का विचार एक व्यक्तिगत दुर्घटना के चलते ही आया था। मेरी एक चचेरी बहन अमरजीत कौर केवल इस कारण से मृत्यु को प्राप्त हुई क्योंकि उसका पति उसे अस्पताल ये सोचकर नहीं ले गया क्योंकि उसके अनुसार ये किसी मायावी शक्ति का प्रकोप था। ये फिल्म विश्व में दो विचारों के बारे में है। एक आधुनिक दूसरा पारंपरिक, और इसके केन्द्र में एक सशक्त महिला भी है। मुझे आशा है कि मेरी फिल्म देखकर लोग अपने अंधविश्वासों को लेकर कुछ प्रासंगिक प्रश्न अवश्य पूछने का साहस प्रदर्शित करेंगे।'

जार पिक्चर्स के सहसंस्थापक जिन्होंने बर्लिनेल पुरस्कार प्राप्त किल्ला तथा ऑस्कर में भारत से नामांकित होने गौरव हासिल कर चुकी फिल्म 'लायर्स डाइस तथा गैंग्स ऑफ वासेपुर 1 तथा 2, निल बटे सन्नाटा, करीब करीब सिंगल जैसी कॉमर्शियल हिट्स दे चुके अजय राय बताते हैं, 'हम यहां अपनी फिल्मी यात्रा प्रारंभ कर रोमांचित हैं। पिछले सात सालों के दौरान सनडांस में चयनित होने वाली मेरी ये दूसरी फिल्म है। ऐसे में मुझे कुछ विशेष होने का गौरव प्राप्त हो रहा है।'

द जार पिक्चर्स के निर्माता एलन मैकेलेक्स जिन्होंने इससे पहले दंगल बनाई थी तथा अमेजॉन सीरीज़ के अंतर्गत बतोर अधिशाषी निर्माता मेड इन हेवन भी। इसके बाद उन्होंने अ सूटेबल ब्वाय भी बनाई थी। उन्होंने बताया, 'हम इस कठिन वर्ष को एक अच्छे समाचार के साथ समाप्त कर रहे हैं। दुनिया भर की दस फिल्मों में से एक होना गर्व का विषय है।'

इंडीजेम्स के प्रमोशन के बाद मौली सिंह ने दृश्यम फिल्म्स के अंतर्गत 'रम्मत-गम्मत' बनाई थी। उनकी डेब्यू फिल्म के प्रीमियर होने के समाचार पर उनका कहना था, 'पिछले सात सालों से पब्लिसिस्ट के रूप में मैंने शीर्ष स्तर के महोत्सवों में जाने वाली कुछ श्रेष्ठ फिल्मों का प्रमोशन किया है। हमारा सदा से ये प्रयास रहा है कि हम ऐसी फिल्में बनाएं जो पूरी दुनिया के लोगों से जुड़ाव रखती हों। इससे अच्छा तो प्रारंभ दूसरा हो ही नहीं सकता था। फिल्म हमनें बहुत परिश्रम से बनाई है। हम ये देखने के लिए बेचैन हैं कि दुनिया भर के दर्शक हमारी फिल्म देखकर किस प्रकार की प्रतिक्रिया देते हैं।'

जार पिक्चर्स के साथ सहयोग पर मोली ने बताया, 'मैंने अजय और एलेन के साथ उनके पब्लिसिस्ट के रूप में काम किया। उनके साथ सहनिर्माता के रूप में काम करना प्रसन्नता की बात है। उनसे हमें बहुत कुछ सीखने को भी मिला।'

फिल्म के लिए कई देशों के कलाकारों ने काम किया है और इसमें फ्रांस के अनुभवी डीओपी डॉमिनिक कोलिन जिन्होंने कई दूसरे फिल्म निर्माताओं के साथ किया है और इस फिल्म की शूटिंग की। इसके अलावा साइमन प्राइस न्यूजीलैंड ने इसकी एडिटिंग की थी उनके साथ इस कार्य में परीक्षित झा भी थे। इसका संगीत तैयार किया था दक्षिण अफ्रीका के अरनॉड वैन व्लियेट ने। भारतीय कलाकारों में प्रोडक्शन डिजाइनर मौसम अग्रवाल, साउंड रिकॉर्डिस्ट कनिष्क भोक्ले, साउंड डिजाइनर मोहन दास वीपी, कॉस्ट्यूम डिजाइनर करिश्मा व्यास तथा कास्टिंग निर्देशक तरन बजाज थे। अतिरिक्त संवाद लिखे हैं उत्तराखंड स्थित अभिनेता और लेखक सुदर्शन जुयाल ने।

इससे पूर्व इसका नाम स्विट्ज़रलैंड था और इसे दो पुरस्कार मिले थे प्रसाद लैब डीआई तथा मूवीबफ एप्रिशियेशन, जो इसे डब्लूआईपी प्रोजेक्ट के लिए फिल्म बाज़ार की वर्कइन प्रोग्रेस लैब के लिए थे। इसके अलावा ये एनएफ्डीसी स्क्रीनराइटर्स लैब 2018-19 तथा मार्श डू फिल्म 2020 का भी हिस्सा रही थी और अब केन्स सेक्शन की तैयारी है।

## नमिश तनेजा ने कहा, अब वह अपनी आंखें खोलकर सो सकते हैं



**मुंबई।** प्रत्येक अभिनेता को ऐसी दिलचस्प भूमिकाएं करने में आनंद मिलता है जो उन्हें एक अभिनेता के रूप में विकसित करने में मदद करते हैं। दंगल टीवी के ऐ मेरे हमसफ़र में वेद की भूमिका निभाने वाले नमिश तनेजा भी इस समय एक दिलचस्प भूमिका निभा रहे हैं। शो में घटनाओं का बहुत मजेदार मोड़ देखा जा रहा है। जब हमें लगा कि वेद और विधी आखिरकार प्यार में पड़ गए हैं और चीजें उनके लिए सहज हो जाएंगीए विधी चट्टान से गिर जाती है। वेद का दिल टूट सा जाता है वह अपना दिमाग खो देता है और वनस्पति अवस्था में चला जाता है।हालाँकि प्रतिभा देवी ने बहुत कोशिश की परंतु वह वेद को पुनर्जीवित न कर सकी।

इस दृश्य के बारे में बोलते हुए नैमिष तनेजा कहते हैं, इस भाग को निभाना रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा है। मुझे अपने अभिनय को निखारना पड़ा ताकि मेरी आंखों के माध्यम से मैं अपने रूप को चित्रित कर सकूं।

कई बार ऐसा हुआ है जब मुझे अपनी आँखें लंबे समय तक खुली रखनी पड़ीं जो कि बहुत मुश्किल था। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए कभी भी खुद को धकेलने का अवसर देखता हूं। इस दु:ख को चित्रित करना जिससे वेद गुजर रहा है, एक समृद्ध अनुभव रहा है। वास्तव में मैंने अपनी आंखें खोलकर सोने की कला लगभग सीख ली है।

## हम फिल्म उद्योग में मनोरंजन करने के लिए हैं, घृणा और नकारात्मकता फैलाने के लिए नहीं : करीना कपूर



**मुंबई।** अभिनेत्री करीना कपूर खान ने शुक्रवार को कहा कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद जिस प्रकार से हिंदी फिल्म उद्योग की छवि को खराब किया जा रहा है उससे उन्हें बहुत दुख पहुंचा है।

पत्रकार बरखा दत्त द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान करीना ने कहा कि फिल्म उद्योग के प्रति जिस प्रकार की संवेदनहीनता प्रदर्शित की जा रही है वह परेशान करने वाली है। दत्त ने कहा कि राजपूत की मौत के बाद फिल्म उद्योग पर अप्रत्याशित रूप से उंगली उठाई जाने लगी और उन्हें लगता है कि बॉलीवुड को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि सिनेमा जगत को और अधिक मुखर और निडर होने की जरूरत है, करीना ने कहा, आप यह माने या न माने, उद्योग को निशाना बनाया जा रहा है। आप कुछ कहेंगे तो आपकी आलोचना की जाएगी, नहीं कहेंगे फिर भी आपको निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे पर अपनी राय रखने पर अभिनेताओं को ट्रोल किया जा रहा था इस कारण से हमने चुप रहना ठीक समझा। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि फिल्म उद्योग जो केवल मनोरंजन देना चाहता है, उसकी छवि ऐसी बनाई जा रही है जैसे यह रहने लायक जगह न हो। करीना ने कहा, अगर अभिनेता नहीं बोलना चाहते तो समझ में आता है क्योंकि देखिए किस प्रकार से अकारण ट्रोल किया जा रहा है। वह असल में मनोरंजन उद्योग में घृणा और नकारात्मकता फैला रहे हैं।

## हंगामा अपने सभी प्लेटफॉर्म पर खज़ाना ए फेस्टीवल ऑफ ग़ज़ल्स के 19वें संस्करण को स्ट्रीम करेगा




**लखनऊ।** भारत की अग्रणी डिजिटल इंटरटेनमेंट कंपनी हंगामा ने आज घोषणा की है कि देश का सबसे बड़ा ग़ज़ल संगीत समारोह खज़ाना ए फेस्टीवल ऑफ ग़ज़ल्स19 और 20 दिसंबर 2020 की शाम 8 बजे उसके सभी प्लेटफार्म पर स्ट्रीम होगा। थैलेसेमिक बच्चों और कैंसर के रोगियों के लिए धन जुटाने हेतु कैंसर पैशेंट्स एड एसोसिएशन तथा पैरेंट्स एसोसिएशन थैलेसेमिक यूनिट ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह संगीत समारोह फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने वाले मौजूदा मानकों के मद्देनजर इस साल वर्चुअल रूप में संपन्न किया जायेगा। पूरी दुनिया में मौजूद दर्शकों को इस संगीत समारोह का हिस्सा बनने का मौका देने के लिए हंगामा अपना विशाल वितरण नेटवर्क मुहैया कराएगा। उपयोगकर्ता हंगामा म्यूजिक, हंगामा प्ले तथा हंगामा म्यूजिक, हंगामा आर्टिस्ट अलाउड के फेसबुक पेजों के साथ-साथ हंगामा के विस्तारित नेटवर्क पर भी इस संगीत समारोह को नि:शुल्क देख सकते हैं।


पंकज उधास, तलत अज़ीज़, अनूप जलोटा और सुदीप बनर्जी की ग़ज़ल गायिकी के अलावा इस संगीत समारोह में महालक्ष्मी अय्यर, पंडित अजय पोहनकर, अभिजीत पोहनकर, पूजा गायतोंडे, दीपक पंडित को फीचर करते हुए प्रतिभा सिंह बघेल तथा पृथ्वी गंधर्व एवं गायत्री असोकन को फीचर करने वाले समर्पण बैण्ड के साथ.साथ स्नेहा शंकर भी परफॉर्मेंस देंगी। इनके अलावा भारत के इकलौते ग़ज़ल टैलेंट हंट. खज़ाना आर्टिस्ट अलाउड टैलेंट हंट की विजेता रित्विका मुखर्जी (चक्रधरपुर, झारखंड) और अतुल राव (जयपुर, राजस्थान) भी संगीत समारोह के दौरान अपनी गायकी की छटा बिखेरेंगे।

खज़ाना के साथ जारी सहभागिता के बारे में हंगामा डिजिटल मीडिया के संस्थापक एवं सीईओ नीरज रॉय ने बताया, पंकज और खज़ाना ने न सिर्फ ग़ज़ल की दुनिया के बेताज बादशाहों को एक मंच पर जमा किया है, बल्कि आर्टिस्ट अलाउड टैलेंट हंट के माध्यम से उभरते हुए कलाकारों को मंच भी प्रदान किया है। दर्शकों को ग़ज़लों के जादू में खो जाने के अनुभव का मौका देने के साथ.साथ यह संगीत समारोह एक बेहद नेक कार्य का प्रतिनिधित्व भी करता है। खज़ाना और पंकज जी के साथ एक बार फिर काम करने को लेकर हम खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं! साथ ही साथ दो चौरिटी की सहायता करके हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

संगीत समारोह के बारे में बात करते हुए पद्मश्री पंकज उधास ने कहा, अपने संरक्षकों को वर्चुअल खज़ाना संगीत समारोह में भाग लेने का अवसर प्रदान करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि दुनिया भर के देखने.सुनने वाले इस शो की तारीफ करेंगेए जिसको हमने उनके लिए ही तैयार किया है और संगीत समारोह को सफल बनाने में हमारी मदद करेंगे। मैं सभी दर्शकों से यह अपील भी करता हूं कि वे सीपीएए व पीएटीयूटी की मदद करें तथा इस नेक कार्य के लिए दिल खोल कर दान करें।

हंगामा म्यूजिक, हंगामा प्ले तथा हंगामा म्यूजिक और हंगामा आर्टिस्ट अलाउड के फेसबुक पेजों के अलावा उपयोगकर्ता इस संगीत समारोह को हंगामा प्ले के माध्यम से एमएक्स प्लेयर तथा क्लाउडवॉकर स्मार्ट टीवीज पर भी देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त हंगामा की शाओमी के साथ हुई सहभागिता की बदौलत उपभोक्ता संगीत समारोह को हंगामा प्ले के माध्यम से मी टीवी पर देख सकेंगे। दर्शक संगीत समारोह को पंकज उधास के फेसबुक पेज तथा सीपीएए के फेसबुक पेज भी पर स्ट्रीम कर सकते हैं।

## दीवानी अदालत में अभिनेता सैफ अली खान के खिलाफ वाद दायर



**जौनपुर (उत्तर प्रदेश)।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान, निर्देशक ओम रावत के खिलाफ फिल्म आदि पुरुष को लेकर स्थानीय दीवानी अदालत में एक वाद दायर हुआ है। अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव ने प्रभारी एसीजेएम पंचम की अदालत में दायर वाद में कहा है कि फिल्म आदि पुरुष के संबंध में अभिनेता ने एक साक्षात्कार के दौरान कुछ बातें कहीं हैं जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। अदालत ने वाद दर्ज कर सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तारीख तय की है। दीवानी अदालत के वकील हिमांशु श्रीवास्तव ने वकील उपेंद्र विक्रम सिंह के माध्यम से दी गई अर्जी में कहा है कि वह हिंदू धर्म में गहरी आस्था रखते हैं और बचपन से पवित्र हिंदू ग्रंथों के माध्यम से जानते और मानते आए हैं कि भगवान श्रीराम को अच्छाई और रावण को बुराई का प्रतीक माना गया है। भगवान राम पर बन रही फिल्म आदि पुरुष में खान ने रावण की भूमिका निभाई है। अभिनेता ने फिल्म के प्रचार के लिए छह दिसंबर, 2020 को दिए गए एक साक्षात्कार में रावण को एक दयालु व्यक्ति बताया। उन्होंने कथित रूप से राम के विरुद्ध किए गए युद्ध को और सीता के अपहरण को भी जायज ठहराया। वादी ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग अदालत से की है।

कोरोना वैक्सीन रखने को सीतापुर पहुंची तीन आईएलआर...

# पहले चरण में 15500 कोरोना योद्धाओं को लगेगी वैक्सीन

## ● कोरोना से जिले में अब तक जा चुकी हैं 74 लोगों की जान

**संवाददाता।** सीतापुर



जिला अस्पताल में बना स्टोर रूम

**सदी के** सबसे खराब साल 2020 में कोरोना महामारी से हर कोई आतंकित हुआ। कईयों की जिंदगियां छिन गई, अब हर किसी को 2021 में इसके अंत का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में सीतापुर वासियों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अच्छी खबर दी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दावा किया गया है कि बहुत जल्द ही कोरोना वैक्सीन लगाने का काम शुरू होगा। जिसके लिए इ्घ्नदिनों स्वास्थ्य विभाग में ट्रेनिंग का दौर जारी है। वैक्सीन की कोल्ड चेन बनाने के लिए तीन आईएलआर जिले में आ गए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक सीतापुर में कोरोना से अब तक 74 लोगों की जान जा चुकी है और करीब पांच हजार कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। ऐसे में हर किसी को कोरोना वैक्सीन का बेसब्री से इंतजार है। केंद्र और राज्य सरकार भी जल्द से जल्द कोरोना वैक्सीन जरूरतमंदों तक पहुंचाने का दावा कर रही है। स्वास्थ्य विभाग में इसको लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। टीका लगाने वाले कर्मियों की ट्रेनिंग जारी है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कब तक कोरोना की वैक्सीन आएगी। लेकिन उसका तापमान को बनाए रखने और जिन कक्षों में टीकाकरण होगा, उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही चरणवार किस-किस को पहले वैक्सीन लगाई जाएगी, इसकी तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि कोरोना ने 2020 में जितना दुख दिया, 2021 में वैक्सीन आकर लोगों का जीवन सुखदायी बनेगा। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पीके सिंह ने आईइंडिया को बताया कि पहले चरण में 15500 वैक्सीन कोरोना योद्धाओं को लगाई जाएंगी, इनमें हेल्थ वर्कर, प्राइवेट-सरकारी चिकित्सक, बाल विकास परियोजना के वर्कर शामिल हैं।




### यह है महत्वपूर्ण जानकारियां

- कोरोना वैक्सीन रखने को सीतापुर पहुंची तीन आईएलआर
- सीतापुर में पहले चरण में 15500 कोरोना वैक्सीन लगाने की स्वास्थ्य विभाग कर रहा तैयारी
- पहले चरण में हेल्थ वर्कर, सरकारी-प्राइवेट डॉक्टर्स, बाल विकास परियोजना के वर्कर को लगेंगी वैक्सीन
- टीकाकरण को प्रत्येक टीम में शामिल होंगे छह कर्मचारी
- एक टीम प्रतिदिन 100 लगाएगी वैक्सीन, हर दिन पोर्टल पर अपलोड होगा डेटा
- सीसीटीवी की निगरानी में होगी प्रक्रिया, कैमरे में कैद नहीं होगा टीकाकरण
- वैक्सीन लगने के आधा घंटे तक रहना होगा रेस्ट रूम
- वैक्सीन रियेक्शन होने पर निगरानी करेगी एएफ्आई टीम
- दूसरे चरण में फ्रंट लाइन वर्करों को लगेगी वैक्सीन, पुलिस, स्वास्थ्य कर्मी व 50 वर्ष आयु के ऊपर बुजुर्ग होंगे शामिल।

टीकाकरण की प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे के बीच होगी, लेकिन टीकाकरण कैमरे में रिकॉर्ड नहीं होगा। एक टीम ने छह सदस्य होंगे, जिसमें दो पुलिस कर्मी, आंगनवाड़ी, आशा बहू एवं दो स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहेंगे। प्रत्येक टीम को रोजाना सौ वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रहेगा। टीकाकरण के दौरान कोविड प्रोटोकाल का पूरा पालन करना रहेगा। टीका लगने के आधा घंटे तक उसे रेस्ट रूम में रखा जाएगा और रियएक्शन होने की दशा में एएफ्आई टीम नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद दूसरे चरण में वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया होगी, जिसमें फ्रंड लाइन वर्कर, पुलिस कर्मी, सफाई कर्मी एवं 50 वर्ष आयु के ऊपर के बुजुर्ग शामिल होंगे। इसके लिए निर्वाचन सूची की मदद ली जाएगी।

**डॉ. पीके सिंह, एसीएमओ।**

# ...आखिर कब्रिस्तान की जमीन पर बवाल कैसा!

## ● शहर से सटी ग्राम पंचायत नैपालापुर में गरज रहीं जेसीबी

**संवाददाता।** सीतापुर


सीतापुर- नैपालापुर में प्रदर्शन करते ग्रामीण

**शहर से** सटी सदर तहसील के खैराबाद की ग्राम पंचायत नैपालापुर में सार्वजनिक जमीन पर इन दिनों कब्जियाई जा रही है। यहां की जमीन पर दिन-रात जेसीबी गरज रही हैं। खनन माफ्यिाओं ने यहां के खलिहान और काब्रिस्तान की जमीन को भी नहीं बख्शा। वहां पर भी कब्जा किया जा रहा है। ये खनन पिछले काफी समय से बदस्तूर जारी है। इलाके में चल रहे अवैध खनन से खफा ग्रामीणों ने कई बार जिला प्रशासन से शिकायत की मगर उनकी सुनी नहीं गई। इससे इनके हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों की मानें तो घ्कब्रिस्तान की जमीन पर उनके बुजुर्गों की समाधियां बनी हैं, लेकिन उस जमीन पर भी अवैध मिट्टी खनन कर कब्जा करने की जुगत चल रही है। ग्रामीणों ने गुहार लगाई कि ग्राम समाज की जमीन की पैमाइश कराई जाए और सुरक्षित किया जाए। इस मौके पर छविराज सिंह, मोहम्मद अयूब,, अब्दुल गफ्फार, रईस, मो. नईम, सलमान, शहनवाज, नन्हके बाबा, मो. अल्ताफ् यूसुफ् इनायत अली आदि मौजूद रहे।

उधर, भट्ठा मालिक का कहना है कि यह विपक्षियों की साजिश है। यह जमीन उनकी है। उन पर उनके द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

**बुद्धि प्रकाश डोडेजा, मालिक।**

इस मसले को लेकर उपजिलाधिकारी अमित भट्ट का कहना है कि मामले की शिकायत आई हैं। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी, राजस्व टीम को लेकर जाकर देखेगें।

**अमित भट्ट, एसडीएम सदर।**

# गरजी जेसीबी, दुकान ध्वस्त



सीतापुर-दुकानें तोड़ती जेसीबी


सीतापुर-मौजूद सिटी मजि. प्रभारी शिशिर कुमार, एडीएम अमित भट्ट, ईओ व अन्य

## ● शहर के मोहल्ला बट्सगंज में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर शहर** के मोहल्ला बट्सगंज में एक बार फ्रि शुक्रवार को मय जेसीबी के अतिक्रमण विरोधी दस्ता पहुंचा। जेसीबी को देख अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फ्नन जेसीबी ने अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस अभियान में जेसीबी ने दुकान के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। पीघ्ड़ित ने प्रशासन पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उधर, एसडीएम का कहना है कि यह जमीन नजूल की है। उस पर अवैध कब्जा किया गया था, उसे हटाने की कार्रवाई की गई है। बता दें कि इससे पहले भी शहर के मोहल्ला बट्सगंज में तहसील व पालिका प्रशासन की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया था। इस अभियान में प्रशासन ने अवैध कब्जे हटाए गए थे, हालांकि बाद में प्रशासन ने उस समय कुछ लोगों को समय की मोहलत देकर अभियान को बीच में रोक दिया था। शुक्रवार को एक बार फ्रि सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, एसडीएम सदर अमित भट्ट और पालिका के अधिशासी अधिकारी गुरु प्रसाद पांडेय मय अतिक्रमण विरोधी दस्ते के साथ शहर के मोहल्ला बट्सगंज गए। जानकारी मिलते ही अवैध कब्जेदारों में अफ्रातफ्री मच गई। आनन फ्नन अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने जेसीबी से अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई शुरू की, हालांकि शुरू में कुछ लोगों ने विरोध जताया, मगर प्रशासन की सख्ती के आगे वो शांघ्त हो गए। इस अभियान में जेसीबी से मकान व दुकान ढहाई गई। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान पीड़ित कफ्ील ने कहा कि यह जमीन मैने अपनी पत्नी के नाम दूसरे से खरीदी थी, जिसके कागज भी है और नगर पालिका में टैक्स भी जमा करते थे, लेकिन अब बताया जा रहा है कि नजूल की जमीन है।

नजूल की जमीन पर दुकान बनाई गई थी, जिस पर अभियान चलाकर अवैध कब्जा हटाया गया है।

**अमित भट्ट, एसडीएम सदर।**

लहरपुर कस्बे का हाल...

# ठिठुरन, गलन भीषण ठंड के बावजूद भी नहीं जल रहे अलाव

**संवाददाता।** लहरपुर सीतापुर

**भीषण ठंड** व गलन के बावजूद आम जनमानस ठिठुरने को मजबूर है वही नगर पालिका के सभासद व प्रशासन पालिका अध्यक्ष के आवास पर दावतों का लुफ्त ले रहा है लहरपुर के विभिन्न चौराहों पर नगर पालिका परिषद द्वारा कोई भी अलाव की व्यवस्था नहीं की जा रही है।

मोहल्ला, बेहटी, अम्बर सराय , पुरवा बेहटी, गन्नी टोला सहित मुख्य बाजारों के प्रमुख चौराहों पर भी कोई अलाव नही लगाया गया । कुछ चिन्हित चौराहों को यदि छोड़ दिया जाए तो नगर के विभिन्न मोहल्लों में कही भी अलाव आज शाम को जलता हुआ नजर नही आया। जबकि जनपद के जिलाधिकारी व तहसील के उपजिलाधिकारी बढ़ती हुई ठंड व गलन को देखते हुए बहुत सख्त आदेश दिए हैं कि नगर के प्रत्येक चौराहे पर नगर पालिका परिषद के द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाए ताकि ठंड में किसी भी राहगीर और नगरवासी को आग सेंकने के लिए कोई भी समस्या का सामना करना ना पड़े । शासन के दिशा निर्देशों की नगर पालिका प्रशासन धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है। नगर के लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष अलाव लगाया गया लेकिन इस वर्ष एक बार भी नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर बाजार चौराहा, पाटनदीन चौराहा, गुरु खेत बाजार चौराहे को छोड़कर और नगर के विभिन्न चौराहों पर इस 5 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी अलाव का प्रबंध न करना सरासर नगर पालिका प्रशासन की मनमानी कार्यशैली नजर आ रही है।

आईजी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह का सीतापुर दौरान...

# आईजी के सख्त तेवरों से कांपे थानेदार

## ● सटीक जवाब न दे पाने पर कई विवेचकों को लगी फटकार, शहर कोतवाली के 5 व थाना रामकोट के एक विवेचक की पकड़ी लापरवाही, सभी के विरुद्ध जांचकर दिए कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

**संवाददाता।** सीतापुर


सीतापुर-निरीक्षण करती आईजी रेंज लक्ष्मी सिंह

**शुक्रवार दोपहर** करीब 1 बजे आईजी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह विभागीय समीक्षा करने सीतापुर पहुंची। आफीसर्स कालोनी स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचकर आईजी ने सबसे पहले गार्थ सलामी ली। इसके बाद एसपी आरपी सिंह के साथ सीओ सिटी कार्यालय पहुंची। मीडिया से मुखातिब होते हूए आईजी ने बताया कि साल के अन्त में वह सूबे के सभी जिलों में अर्ली रूम व पेंडिंग विवेचनाओं की समीक्षा को लेकर दौरा कर रही है। इसी के चलते वह आज सीतापुर में नगर सर्किल की समीक्षा करेंगी। इसके बाद आईजी ने आफिसियल रिव्यू के लिए सर्किल के सभी थाना प्रभारियों को कार्यालय पहुंचने के आदेश निर्गत किए। 3 घंटे से ज्यादा चली मैराथन बैठक में आईजी ने सर्किल के सभी थानेदारों व चौकी इंचार्जों के रजिस्टर जांचें और सख्त लहजे में जरुरी सवाल जवाब किए। इस दौरान एसओ रामकोट को आईजी ने फ्टकार लगा दी। इतना नहीं पूछताछ में सटीक जवाब न दे पाने के चलते उन्होंने ने चौकी इंचार्ज कचनार देवेन्द्र सिंह को भी आड़े हाथों लिया और डांट की घुट्टी पिला दी। समीक्षा के बाद आईजी ने विवेचनाओं में बरती लापरवाही के सम्बन्ध में जांचकर शहर कोतवाली के 5 व थाना रामकोट के 1 विवेचक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। समीक्षा बैठक के बाद आईजी रेंज पीडब्लूडी गेस्ट हाउस लौटी जहां से लखनऊ के लिए रवाना हो गई। इस दौरान बैठक में एएसपी नार्थ डॉ राजीव दीक्षित, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, शहर कोतवाल टीपी सिंह, रामकोट एसओ संजीत सोनकर, खैराबाद एसओ धर्म प्रकाश शुक्ला व महिला थाना प्रभारी पूनम रानी के साथ सभी चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 22 से...

# वर्चुअल मंच पर इकट्ठा होंगी देश-विदेश की हस्तियां

**सीतापुर।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ2020) का छठा संस्करण 22 से 25 दिसंबर तक वर्चुअल माध्यम से आयोजित होगा। इस महोत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। जबकि समापन उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा किया जाएगा। इसे भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद एवं विज्ञान भारती द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष आईआईएसएफ 2020 का शीर्षक विषय ''आत्मनिर्भर भारत एवं विश्व कल्याण हेतु विज्ञान'' है। इस महोत्सव में देश के कई मंत्रालय,शोध संस्थान, विश्वविद्यालय,इंस्टिट्यूट व सामाजिक उपक्रम प्रतिभाग करेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में देश के तकनीकी,रिसर्च, वैज्ञानिक आविष्कार ,लघु फिल्म, इंडस्ट्री एक्सपो सहित 41 कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिससे विद्यार्थी, शिक्षक ,प्रोफेसर ,वैज्ञानिक उद्यमी, खिलाड़ी ,दिव्यांगजन एवं आम जनमानस प्रतिभाग कर सकेंगे। जिससे देश के विभिन्न क्षेत्र में हो रहे नए- नए अविष्कारों एवं तकनीकी उपलब्धि की जानकारी एवं चर्चा वर्चुअल मंच पर कर सकेंगे। अवध प्रांत प्रचार प्रमुख दीपेश भार्गव ने बताया कि विश्व में पहली बार वर्चुअल मंच पर इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। यह देश के लिए गौरव का विषय है। प्रतिभाग करने के लिए www.scienceindiafest.org पर निशुल्क पंजीकरण कर सकते हैं। विज्ञान को आम जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से विगत 5 वर्षों से देश के विभिन्न राज्यों में इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो देश के युवाओं को ना केवल मंच प्रदान कर रहा है। साथ-साथ देश की तकनीक अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित कर रहा है।

# विकास कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

## ● टीकाकरण एवं टैगिंग बढ़ाये जाने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिलाधिकारी विशाल** भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित विकास योजनाओं की एक-एक करके समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने नहरों के सत्यापन का कार्य कमेटी के माध्यम से तत्काल पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ठंड के दृष्टिगत गौशालाओं में पर्याप्त बोरे उपलब्ध कराए जाने के निर्देश पूर्ति विभाग एवं खाद्य विपणन विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने टीकाकरण एवं टैगिंग बढ़ाये जाने के निर्देश भी दिये। साथ ही चयनित चारागाहों में नेपियर घास लगवाये जाने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि पूर्ण हो चुके सामुदायिक शौचालयों का संचालन तत्काल कराया जाय। साथ ही हैण्डपम्प से सम्बंधित शिकायतों का तत्परतापूर्वक निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये स्वयं सहायता समूहों की जो महिलाएं निरक्षर है, उन्हें अभियान चलाकर साक्षर किया जाय। उन्होंने कटान से प्रभावित क्षेत्र के पात्रों को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से प्राथमिकता के आधार पर आच्छादित किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विद्युत बकाया, किसान सम्मान निधि, ऑपरेशन कायाकल्प, गड्ढा मुक्ति, खाद्य सुरक्षा योजना, स्वरोजगार योजनाओं, कौशल विकास, दुग्ध विकास आदि योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. ए.के. सिंह, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


सीतापुर-बैठक करते डीएम विशाल भारद्वाज

**जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश-** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने जिला पर्यावरण समिति की बैठक में निर्देश दिये कि कार्यदायी संस्थाएं एवं नगरीय निकाय को प्रदूषण रोकने हेतु एन0जी0टी0 के निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वेस्ट मैनेजमेंट को नियमानुसार सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। वेटलैण्ड क्षेत्रों की सूची 14 दिसम्बर तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये।

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न-** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासनादेश की व्यवस्था के अनुसार वर्षाकाल 2021 हेतु वृक्षारोपण हेतु लक्ष्यों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण हेतु स्थल सूची 15 दिसम्बर तक उलपब्ध कराये जाने के भी निर्देश दिये। साथ ही सत्यापन कार्य माह के अंत तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये।

**डीएम ने शहर का रात में किया भ्रमण-** शीतलहरी में किसी बेसहारा की रात खुले में कटे, इसके लिए जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने गुरूवार रात शहर का भ्रमण किया। उन्होंने जिला महिला अस्पताल, जिला चिकित्सालय, कोट चौराहा, काशीराम कालोनी, जीआईसी चौराहा, लालबाग चौराहा, बसस्टाप आदि स्थलों पर बने रैनबसेरा और अलाव की व्यवस्था देखी। इस दौरान लिाधिकारी ने साथ में एसडीएम सदर अमित भट्ट व ईओ गुरूप्रसाद पाण्डेय को व्यवस्थाओं को मुकम्मल रखने का भी निर्देश दिया। इससे पहले अपर जिला अधिकारी विनय पाठक ने भी देर शाम भ्रमण करके व्यवस्थाओं को देखा था।

**केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों को डीएम ने किया पुरस्कृत-** केंद्रीय विद्यालय सीतापुर की तीन मेधावी विद्यार्थियों को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने पुरस्कृत किया है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम जिलाधिकारी ने वैभवी श्रीवास्तव, जसमीन कौर और शाम्भवी को प्रशस्ति पत्र व 10-10 हजार नगद धनराशि दी है। इन तीनों मेंधावियों ने केवीएस की 1.5 प्रतिशत मेरिट सूची में स्थान बनाया है। इस मौके पर प्राचार्य सुनील कुमार, कामर्स प्रवक्ता डॉ. लोकेश बाजपेयी और इतिहास प्रवक्ता नीलेश कुमार मिश्र मौजूद रहे।

# जमीन की खातिर दो लोगों की हत्या का आरोप

**मृतक की मां ने एक नामजद के खिलाफ दी तहरीर, मौके पर पहुंचे डीएम व एसपी**





**संवाददाता।** मोहम्मदी-खीरी

**मोहम्मदी** कोतवाली के गांव बरा टेगुन खुरम में दो लोगों की मौत हो गई। जमीन ठेके पर दिए जाने के बाद पैसे के लेन देन का मामला था। राम गुनी पत्नी रविंद्र की तहरीर पर एक नामजद पर हत्या तथा जहर खिलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक घर पहुंचे। जिलाधिकारी ने शीघ्र ही आर्थिक सहायता मिलने व एसपी ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें बनाए जाने की जानकारी भी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदी कोतवाली के गांव बरा में गांव के दलित परिवार के दयाशंकर और राम लखन की मौत की खबर से पूरे गांव में कोहराम मच गया। अधिकारियों के हाथ-पैर फूल गए। सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल की ओर दौड़े। दयाशंकर और राम लखन की मौत जहर देकर मारने को लेकर सामने आई। गौरतलब है कि दयाशंकर की जमीन संतराम को ठेका पर दी गई थी। इसमें पैसे को लेकर लेन-देन में एक-दो दिन पूर्व झगड़ा हुआ था। संतराम ने दयाशंकर को देख लेने की बात के साथ अपशब्द भी बोले थे। मां राम गुनी की तहरीर पर संतराम के विरुद्ध हत्या और जहर देकर मारने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गांव पहुंचे पुलिस अधीक्षक विजय ढुल ने बताया कि परिवार से बात हुई है। परिवार वालों ने दयाशंकर राम लखन को जहरीला पदार्थ खिलाकर मार डालने की बात कही जा रही है। संत राम के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी की जाने का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों की पुष्टि होगी। आरोपी संतराम द्वारा दयाशंकर की जमीन जबरदस्ती खरीदने की बात भी सामने आ रही है। आरोपी रात से ही फरार बताया जा रहा है। वहीं डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों परिवार बेहद गरीब हैं। तहसील प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि शीघ्र ही दोनों परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए। दोनों परिवार को किसान दुर्घटना सहित अन्य आर्थिक सहायता दी जाएगी। घटनास्थल पर जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर, पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल, तहसीलदार विकासधर दुबे, नायब तहसीलदार आबकारी इंस्पेक्टर आरके मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मृतक दयाशंकर अपने परिवार का सबसे बड़ा बेटा था जिसकी एक 2 साल की बेटी है। वहीं दूसरा मृतक राम लखन की अभी शादी नहीं हुई है। इस घटना को लेकर दोनों परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## प्रधान संगठन ने भेजा सीएम को ज्ञापन

**मितौली-खीरी।** प्रधान संगठन मितौली द्वारा मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन एडीएम अरुण कुमार सिंह को सौंपा। प्रधानों ने ज्ञापन माध्यम से बताया कोविड-19 की महामारी के चलते समस्त ग्राम प्रधानों ने सरकार के साथ रात दिन खड़े होकर महामारी को रोकने के लिए सभी ने साथ दिया। पीएफ एमएस सिस्टम लागू होने से विगत वर्ष 2019 में तकनीकी समस्याओं के कारण ग्राम प्रधानों के विकास कार्य बाधित रहा। प्रदेश में त्रिस्तरीय स्तरीय पंचायत चुनावों में विलंब होने से हो रहे वर्तमान में प्रधानों का कार्यकाल 25 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायतों के समुचित विकास एवं जनहित को देखते हुए वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाने की मांग की है। इस अवसर पर प्रधान संगठन अध्यक्ष ब्रह्मदेव दीक्षित, सरोज अवस्थी, छवि मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अवधेश भार्गव पप्पू, नीलम शुक्ला व मालती देवी सहित काफी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# जमीनी स्तर पर हो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सफल क्रियान्वयन: डीएम

**डीएम में कृषि एवं बैंक अधिकारियों के साथ की बैठक तय हुई रणनीति**

**संवाददाता लखीमपुर-खीरी।**



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत किसानों की भागीदारी बढ़ाने हेतु जिला स्तरीय मानिटरिंग समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना केंद्र सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। जो आपदा के समय में किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को अधिकाधिक संख्या में इस योजना से लाभान्वित करवाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर भी इसका व्यापक प्रचार.प्रसार करवाया जाए जिससे आपदा के वक्त किसानों के लिए यह योजना संजीवनी साबित हो सके। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और किसान के लिए फसल उसकी आजीविका का ना केवल साधन है बल्कि उसके सपनों का संसार है।

## मनरेगा की मजदूरी दिलाने के लिए सीएम से लगाई गुहार

**संवाददाता।** हुसैनगंज (फतेहपुर)

**सरकार** के दावे कुछ भी हो किन्तु आज भी मनरेगा की मजदूरी के लिए मजदूरों को खासी मशक्कत करनी पड़ती है। खासकर ग्राम पंचायतों के हाल ज्यादा खराब है। प्रधान और पंचायत सेक्रेट्री मजदूरों से काम तो करवा लेते हैं किन्तु पैसे के लिए उन्हें खून के आंसू रोने पड़ते है। ताजा मामला सूबे के खाद्य एवं रसद मंत्री रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह के निर्वाचन क्षेत्र के गांव मिश्रामऊ का प्रकाश में आया है, जहां दर्जनों मजदूर महीनों से मनरेगा की मजदूरी के लिए संघर्ष कर रहे है किन्तु भुगतान की संभावना दूर दूर तक नही दिखती। इस मामले में बड़ी बात यह भी है कि जिम्मेदार इनकी सुनने को तैयार नहीं हैं। नतीजतन ये मजदूर दर-दर की ठोकरे खाने को विवश हैं।

## गुरु तेग बहादुर का मनाया गया शहीदी दिवस



**लखीमपुर-खीरी।** गुरु नानक विद्यक सभा कन्या इंटर कालेज में गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस मनाया गया। करमजीत कौर ने कहा कि गुरु जी ने अपने शीश का बलिदान देकर हिंदुस्तान के गर्व को ऊंचा किया। उन्होंने अपने शीश का बलिदान नहीं दिया होता तो आज हिंदुस्तान का इतिहास बदला हुआ होता। इसीलिए उन्हें हिंद की चादर के नाम से जाना जाता है। श्रीमती कौर ने सिखों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी के आदर्शों और उपदेशों से शुरू कर के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन और उनके बलिदान के बारे में छात्राओं को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि सिखों के नवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी के पास जब अपनी प्रार्थना लेकर कश्मीरी पंडित आए और उन्होंने कहा कि हमारे हिंदू धर्म की रक्षा करो और देश को बचाओ तभी गुरु तेग बहादुर जी के पुत्र गुरु गोविंद सिंह जी वहां खेलते हुए आए। उस समय गुरु गोविंद जी की उम्र मात्र 9 वर्ष की थी। उन्होंने कश्मीरी पंडितों की व्यथा को सुना और अपने पिताजी से कहा कि आप से बड़ा और कौन महापुरुष हो सकता है जो देश और धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हो सके। बालक की बातों को सुनकर गुरु तेग बहादुर जी ने चांदनी चौक में जाकर अपनी शहादत दी।

## तीन वांछितों को पुलिस ने दबोचा

**संवाददाता।** फतेहपुर

**पुलिस अधीक्षक** सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद के दो थानों की पुलिस ने वांछित चल रहे तीन लोगों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार खखरेरू थाने के उपनिरीक्षक जय प्रकाश सिंह अपने हमराही कांस्टेबल वेदमणि ओझा के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे श्याम बहादुर पुत्र केदार निषाद निवासी नसीरपुर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार बिन्दकी कोतवाली के उपनिरीक्षक विद्या प्रकाश सिंह ने गश्त के दौरान वांछित चल रहे अमर सिंह उर्फ सिद्धू पुत्र राम गोपाल एवं राम गोपाल निषाद पुत्र स्व0 लल्लू निवासीगण मोहर पोस्ट अटरिया थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

# अमौली प्रधान पर गबन का आरोप, जिलाधिकारी से मिले ग्रामीण

**संवाददाता।** बिंदकी (फतेहपुर)

**तहसील के** ग्राम अमौली के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा 14वां वित्त में बिना कार्य कराये धन का गबन कर लिया है। आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान 2016 1920 तक हैंडपंप की मरम्मत राज्यवित्त, 14वां वित्त में दिखाया है जिसकी लागत लगभग 21 लाख 43440 रुपए है जो फर्जी है इसी तरह पुलिया करा सिंह का 2016-17 से 2019-20 तक 32 लाख रुपए निकाला है जो बिल्कुल फर्जी है। इसी तरह सरकारी नलकूप, नाली, खरंजा निर्माण दिखाया है। जिसकी लागत लगभग 486196 रुपए है जो पूर्व की बनी हुई है तथा फर्जी दिखा कर पैसा निकाला गया। ग्राम प्रधान द्वारा गांव की तमाम योजनाओं का पैसा फर्जी तरीके से निकाल लिया गया है ग्राम प्रधान ने राजनीति से 1920 में जो शौकत मिंया के पास विद्युत ट्रांसफार्मर चबूतरा निर्माण दिखाया है जिसकी कीमत लगभग 47895 रूपये दिखायी गयी है। जो फर्जी है इसी तरह डामर रोड शशि की और खड़ंजा नाली का भी पैसा फर्जी तरीके से निकाला है। जिलाधिकारी से अनुरोध करते हैं कि ग्राम प्रधान द्वारा शासन की मंशा के विपरीत कराए कार्य 12वां वित्त व 14वां वित्त के धन में गोलमाल कर 424 कर दिए गए कार्यों की जांच कराकर जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रधान के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई कराने की मांग की है। इस मौके पर सुनील कुमार, राजकुमार, विनोद, उस्मान, मिथिलेश, धर्मेंद्र, अजय कुमार आदि लोग मौजूद रहें।

# प्रदेश में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा भागीदारी संकल्प मोर्चा: राजभर

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)



प्रेस वार्ता में बोलते ओम प्रकाश राजभर

**सोहैल देव** भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि भाजपा ओवैसी से भी ज्यादा खतरनाक है क्योंकि केन्द्र की भाजपा सरकार के मुख्या नरेन्द्र मोदी ने देश नहीं बिकने दूंगा कहकर शपथ लेने के बाद इस देश के अठाइस विभाग बेच डाले। पार्टी के कार्यकर्ता सम्मलेन में भाग लेने के लिए आए सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि उन्होंनें भागीदारी संकल्प मोर्चा बनाया है जिसमें बाबू सिंह कुश्वाहा, असदउद्दीन ओवैसी, कृष्णा पटेल समेत नौ बड़े नेताओं की पार्टियों ने अब तक गठबंधन किया है तथा अन्य छोटी पार्टियों से गठबंधन की वार्ता चल रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में यह गठबंधन प्रदेश की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। उन्होंनें कहा कि वंचित समाज के लोगों का वोट लेने के बाद उन्हें सत्ता में भागीदारी नहीं मिल पाती। उन्होंनें कहा कि इस देश में अब हिन्दु मुसलमान की सियासत के दिन समाप्त हो चुके हैं। अब विकास की बात होनी चाहिए। उन्होंनें कहा कि भाजपा की सरकार ने किसान विरोधी बिल लाकर उद्योगपतियों का हित साधने का प्रयास किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इस कानून की प्रतियां फाड़कर अच्छा काम किया है। उन्होंनें कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना से निपटने के मामलों में सारे देश को गुमराह किया और झूठ बोला। ओवैसी से गठबंधन के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री राजभर ने कहा कि कम से कम ओवैसी पर देश को बेचने का कोई आरोप नहीं जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने देश नहीं बिकने दूंगा कहकर शपथ ली और रेलवे, एयरलाइंस, एयरपोर्ट, बैंक, बिजली, खान आदि 28 विभाग बेच दिए। यह तो राष्ट्रद्रोह है क्योंकि देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना राष्ट्रद्रोह कहलाता है। उन्होंनें कहा कि वे गांव गांव में सम्मलेन करके किसानों को यह संदेश दे रहे हैं कि यदि उनकी सरकार बनी तो गांव में ही कृषि पर आधारित छोटे उद्योग लगाए जाएंगे। जिससे स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी दूर होगी। वर्तमान में तो देश के पूजीपति दिन प्रतिदिन धनाढ्य होते जा रहे हैं और किसान बदहाल। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार ने उद्योगपतियों के 6 लाख 66 हजार रुपए माफकर दिए हैं।

# अधिवक्ताओं के बीच जाकर मांगा वोट, समर्थन



**फतेहपुर।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा व महामंत्री अमित कुमार तिवारी ने दीवानी परिसर में अधिवक्ताओं के बीच जाकर के अपने लिए वोट व समर्थन मांगा। उनके साथ संगठन के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। समस्त अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में वोट करने के लिए अपील किया व सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के सभी प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजई बनाने के लिए अपील की। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल करीम खान, उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, नर सिहं चंद्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप मौर्य, विवेक सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाशन धर्मेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाशन चंद्रजीत सिंह, संयुक्त सचिव पुस्तकालय शैलेश कुमार, कोषाध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव व वरिष्ठ सदस्य कुमार बहादुर सिंह, ओम प्रकाश निषाद, राजेश कुमार, रमेश चंद वर्मा, रवि शंकर अवस्थी, शैलेश कुमार मौर्य, कनिष्ठ सदस्य जय सिंह यादव, प्रदीप कुमार मौर्य, मो. तारिक, मोइन अहमद, रणजीत सिंह, संदीप कुमार श्रीवास्तव व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# धाता को कौशाम्बी में जोड़ने को मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता।** फतेहपुर



**धाता ब्लाक** के लोगों ने जिलाअधिकारी से मिलकर धाता को कौशांबी में जोड़ने और तहसील व नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर उन्होंने क्षेत्र के विषय में जानकारी देकर इससे कौशांबी में शामिल करने की बात कही है। सर्वसमाज कल्याण समिति अध्यक्ष चंदन सिंह ने बताया कि धाता जिला मुख्यालय से करीब नब्बे किमी दूरी पर है, जबकि कौशांबी के मुख्यालय मंझनपुर से केवल 14 किमी की दूरी पर है। धाता ब्लाक जनपद मुख्यालय से दूर होने के कारण यहां का विकास बाधित है, तहसील व नगर पंचायत दी जाए। धाता क्षेत्र दूर होने के कारण यहां की समस्याएं भी मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाती जिससे दलाल लोग लाभ ले रहे हैं। बताया कि जनपद कौशांबी की पूरी पश्चिमी सीमा धाता ब्लाक से जुड़ी है। धाता ब्लाक के यमुना किनारे बसे गांव कोट से लेकर रक्षपालपुर, बिछियावां रोड होते हुए कनवार रेलवे स्टेशन तक के लोग कौशांबी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। अधिकांश ग्राम प्रधानों ने इसके लिए सहमति पत्र भी दिया है। धाता को तहसील व टाउन बनाने का प्रस्ताव जिलाधिकारी की ओर से शासन को भेजा जा चुका है। भौगोलिक दृष्टि से धाता के लोगों का जुड़ाव कौशांबी के लोगों से है। स्वयं सेवी संगठनों के साथ ही क्षेत्र के चंदन सिंह मनोज सिंह, अनुपम सिंह, रामसिंह, विवेक सिंह, बाबूलाल गुप्ता, मानिकचंद्र केशरवानी, ईमरान अहमद, गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब बरामद कर लहन कराया नष्ट

**संवाददाता।** फतेहपुर

**पुलिस अधीक्षक** सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक जहानाबाद व थाना बकेवर की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की सुबह छापेमारी करते हुए कई लीटर कच्ची शराब व लहन बरामद करते हुए जहां दो लोगों को गिरफ्तार किया है वहीं लहन नष्ट करा दिया। जानकारी के अनुसार जहानाबाद आबकारी निरीक्षक व बकेवर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कंजरनडेरा मजरे घनश्यामपुर में छापा मारते हुए 180 लीटर अवैध शराब एवं 800 किलो लहन तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद करते हुए कारोबार में लिप्त दो लोगों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। फरार अन्य छह लोगों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत थाना जहानाबाद में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने देखी ओडीओपी के तहत लगाई गई गुड़ उत्पाद यूनिट



**लखीमपुर-खीरी।** शुक्रवार को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने उपायुक्त उद्योग संजय सिंह के साथ विकास खंड नकहा के ग्राम चहमलपुर में एक जिला एक उत्पाद वित्त पोषण योजना के तहत लाभार्थी अमरदीप सिंह द्वारा लगाई गई गुड उत्पाद यूनिट को देखा। डीएम ने लाभार्थी अमरदीप सिंह से गुड़ उत्पाद तैयार किए जाने एवं उसके विपणन के संबंध में पूरी प्रक्रिया समझी एवं मौके पर गुड़ का निर्माण होते भी देखा। लाभार्थी ने बताया कि ओडीओपी योजना के तहत उन्हें न केवल उनकी आजीविका का साधन मिला बल्कि उनकी इस यूनिट के माध्यम से गांव के कई अन्य लोगों को भी रोजगार मिला है। लाभार्थी ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी जैसे ही मिली तो उसने जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र कार्यालय से संपर्क साधा। संपर्क के दौरान कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी मुहैया कराई गई। फिर क्या था आवेदन के सापेक्ष गुड उत्पाद यूनिट के लिए उसे परियोजना लागत हेतु 10 लाख का लोन स्वीकृत हुआ। जिसमें उसे ढाई लाख रुपए की सब्सिडी का लाभ भी मिला। डीएम से वार्ता के दौरान लाभार्थी ने बताया कि प्रदेश सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना एक जिला एक उत्पाद वित्त पोषित योजना वरदान साबित हो रही है। इस दौरान उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, उद्योग विभाग के कयूम, अमर गुड़ निर्माण इकाई के संचालक लाभार्थी अमरदीप सिंह एवं उनके सहकर्मी मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से चोटहिल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**फतेहपुर।** बकेवर बाजार से सब्जी लेकर वापस आ रहे पधारा के एक वृद्ध को बाइक सवार ने बीते दिन टक्कर मार दी थी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिससे इलाज के दौरान हैलट में उसकी मौत हो गई। परिजनो में वृद्ध की मौत से कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना बकेवर के पधारा गांव निवासी रामनरेश सिंह (62) गुरुवार शाम साइकिल से बकेवर बाजार सब्जी लेने आया था। घर वापस आते समय बाबाकुआं के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया था। सीएचसी बिन्दकी में एम्बुलेंस से इलाज के लिये भेजा गया था। जहां से चिकित्सको ने सर मे गम्भीर चोट होने के कारण कानपुर के हैलट अस्पताल के लिये रेफर कर दिया था। हैलट में इलाज के दौरान घायल वृद्ध रामनरेश की मौत हो गई। परिजनो को जानकारी मिलने पर कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी राम कुमारी बदहवास है और रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के तीन पुत्रों में बबलू संदीप, प्रभात सिंह व एक पुत्री सीमा सिंह है जिसमे दो पुत्रों व पुत्री का विवाह हो चुका है।

### शिक्षक संकुल रानीपुर, बिजौली की बैठक सम्पन्न

**फतेहपुर।** संकुल बिजौली न्याय पंचायत संकुल शिक्षक व प्रधानाध्यापकों की दिसम्बर माह की मासिक बैठक भी बीआरसी कृपा शंकर यादव के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुई। उन्होंने अपने ऊर्जावान सम्बोधन में कहा कि समय के अनुसार सभी को अपने आप को अपडेट रखना होगा तथा ब्लॉक को प्रेरक बनाने हेतु उन्मुखीकरण किया गया। बैठक में मिशन प्रेरणा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों जैसे-प्रेरणा लक्ष्य, प्रेरणा सूची, प्रेरणा तालिका, ई-पाठशाला, दीक्षा ऐप पर परिचर्चा की गई। इसके साथ ही साथ शिक्षण योजना बनाने, पुस्तकालय की स्थापना करने, बुक क्लब गठित करने, रीडिंग लर्निंग कॉर्नर की स्थापना करने, रिपोर्ट कार्ड, कायाकल्प के बिंदुओं का संतृप्तीकरण, मिशन शक्ति, जनपद के विभागीय यूट्यूब चैनल को सभी शिक्षकों द्वारा सब्सक्राइब करने पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर बैठक के संचालक संकुल शिक्षक सौरभ शुक्ला की सराहना की गई।

### घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा से 4 बैटरी चोरी

**बिंदकी, फतेहपुर।** घर के बाहर खड़े ई रिक्शा की 4 बैटरी चोरी हो गई। सुबह चोरी की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। ई-रिक्शा मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ललौली रोड जाफराबाद मोड में रहने वाले सर्वेश साहू ई-रिक्शा उनके घर के बरामदे में खड़ा हुआ था। रात को अज्ञात चोर ई-रिक्शा की सभी चार बैटरी खोले गए। सुबह सर्वेश साहू और उनके परिवार के सदस्यों को नींद खुली तब ई-रिक्शा से बैटरी चोरी होने की जानकारी हुई। इस पर हड़कंप मच गया। इधर उधर खोजबीन की गई लेकिन बैट्रियों का कहीं पता नहीं चला। इस पर मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। इस मामले में उन्होंने बताया कि उनका ई-रिक्शा घर के बाहर रात में खड़ा था। सुबह जब वह ई रिक्शा स्टार्ट करने के लिए गाड़ी में बैठे तब ई रिक्शा नहीं स्टार्ट हुआ जिस पर उन्होंने देखा कि ई-रिक्शा की सभी बैटरी चोरी हो गई है। उन्होंने बताया कि इनकी कुल कीमत पैंतीस हजार रूपये से अधिक है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत पुलिस से कर दी गई है

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बिंदकी, फतेहपुर।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। इसको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हैलट कानपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बरेठर गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक अंकित मिश्रा उम्र 27 वर्ष निवासी खुरवा खेड़ा कोतवाली बिंदकी गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस भी जानकारी होने पर घटनास्थल पर पहुंची। घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। युवक के चाचा अरविंद मिश्रा ने बताया कि वह किसी काम से घर से गया था तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पिता पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिंदकी फतेहपुर।** पुत्री की बारात ना आने से क्षुब्ध होकर युवक द्वारा आत्महत्या कर जान देने के मामले में पुलिस ने आरोपी दूल्हे तथा उसके पिता को पुलिस ने हमीरपुर जनपद से गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। मृतक के भाई द्वारा दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाकर भाई को आत्महत्या करने पर विवश करने का आरोप लगाया है। कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के नया पुरवा गांव में गुरुवार की सुबह राम सुफल निषाद उम्र 42 वर्ष में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। बताते चलें कि राम सुफल निषाद की पुत्री माला देवी कि 6 दिसंबर को हमीरपुर जनपद के थाना सुमेरपुर क्षेत्र के मोहर गांव से बरात आना था लेकिन बरात नहीं आई थी। जिसके चलते राम सुफल निषाद लगातार परेशान था। मानसिक रूप से परेशान होने के चलते उसने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से लिखी थी। इसी के चलते उसने आत्महत्या कर लिया था। इस मामले में मृतक के भाई देशराज ने दूल्हे अमर सिंह उम्र 28 वर्ष तथा उसके पिता रामगोपाल उम्र 60 वर्ष निवासी मौहर थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर के खिलाफदहेज उत्पीड़न के चलते भाई को आत्महत्या करने के लिए विश करने का आरोप का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने पिता-पुत्र को हमीरपुर जनपद से गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई का न्यायालय में पेश किया है।

### आराजकों पर छवि धूमिल करने का आरोप



**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की चर्चाओं को खारिज करते हुये सपा मजदूर सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष मो0 आतिफ का ने बयान जारी कर कहा कि उनकी छवि खराब करने के उद्देश्य अफवाह फेलायी जा रही हैं। उनका बीजेपी से कोई वास्ता नहीं है। वह सपा के कार्यकर्ता हैं और सपा में ही रहेंगे। उनकी आस्था नेता जी के साथ है और आगे भी अखिलेश यादव के साथ रहेगी।

### पटरी पर खड़े पिता-पुत्री को बोलेरो ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**हुसैनगंज, फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के सिमौरा मोड़ पर आज दोपहर 3 बजे के करीब पटरी पर खड़े पिता-पुत्री अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत गम्भीर बताई जाती है। उपलब्ध घटनाक्रम के मुताबिक कानपुर नगर के सरसौल थाना अंतर्गत गांव टौंस निवासी नरेश कुमार सविता आज दोपहर अपनी पुत्री शिवानी के साथ बाइक से हुसैनगंज थाना अंतर्गत गांव सिमौरा में अपने बेटे राजन सविता के लिए लड़की देखने आए थे। लौटते समय सिमौरा मोड़ पर किसी का फोन आ जाने पर सड़क किनारे खड़े होकर बात करने लगे, तभी पीछे से आई बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने वाहन को पकड़ लिया किंतु मौके का फायदा उठाकर चालक फरार होने में सफल रहा। घायलों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया है।

### अल्टो ने बाइक को मारी टक्कर, मां की मौत, दो बेटे घायल

**हुसैनगंज, फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के गांव गौरा चुरियारा निवासिनी सुदामा देवी पत्नी रामकेश पटेल आज दोपहर अपने पुत्र विपिन व उपिन के साथ मोटर साइकिल से गाव इटौली थाना हुसैनगंज भांजे के यहां किसी काम से जा रही थी, तभी विपरीत दिशा से आई आल्टो कार ने बांदा सागर रोड पर कढ़ीवा गांव के निकट टक्कर मार दी। जिससे लगभग 58 वर्षीय सुदामा देवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि विपिन व उपिन गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सदर अस्पताल भेजा गया।

# कोयला सचिव व डीएम ने किया पावर प्लांट का निरीक्षण

संवाददाता। घाटमपुर



**यमुना** तटवर्ती गांव लहुरीमऊ में बन रहे कोयला से आधारित पावर पलांट का आज जिलाधिकारी आलोक तिवारी के साथ कोयला सचिव भारत सरकार एके जैन ने निरीक्षण किया, निरीक्षण दौरान अकबरपुर लोक सभा सीट के सासद देवेंन्द्र सिह भोले व क्षेत्रीय बिधायक उपेन्द्र नाथ पासवान भी मौजूद रहे। इसके पहले कोयला सचिव को जवानों ने गार्ड आफआनर दिया। कोयला सचिव ए0 के0 जैन और सहायक कोयला सचिव मिनिस्ट्रियल भारत सरकार बिनोद कुमार तिवारी ने पावर प्लांट के मुख्य गेट (सीआरपीएफगेट ) का उद्घघाटन किया तथा बाद में दोनों सचिवों के अलावा जिलाधिकारी आलोक तिवारी, सासंद देवेंन्द्र सिहं भोले बिधायक उपेंन्द्र नाथ पासवान तथा उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्व तथा पावर प्लाट के अधिकारियों ने परिसर में पौधा रोपण किया। इसके पहले दोनों जनप्रतिनिधियों के साथ कोयला सचिव ने पावर प्लांट में लगने वाली मशीनों तथा उनके फाउन्डेशन का बरीकी से निरीक्षण कर पावर प्लांट के अधिकारियों से पूछतांछ की। तथा पावर प्लांट की कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता के साथ सीध्र पूरा करने की हिदायत दी। करीब तीन घंटे तक रुकने के बाद दोनों अधिकारी तथा जिलाधिकारी ने पावर प्लांट के अधिकरियों व कार्यदायी संस्था के लोगों संग बैठक भी की, इस मौके पर भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला मंत्री दलजीत सिंह और श्रीराम डिग्री कालेज नंदना के चेयर मैन मनोज भदौरिया भी मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत

**जसवंतनगर इटावा।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर कचौरा बाईपास पुल के नीचे रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। थाना कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत जसवन्तनगर रेलवे स्टेशन के समीप पूर्वी यार्ड में गेट संख्या 34 पुल के पास खम्बा नम्बर1170.19 और 1170.201 के मध्य अप लाइन पर पार्सल ट्रेन से एक 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई। बताते हैं कि बीती रात यह घटना अपलाइन की ओर घटित हुई। मृतक आसमानी रंग की जींसए हरे रंग की शर्टए तथा नीले रंग की जैकिट पहने हुआ था। उपनिरीक्षक संजय सिंह ने कांस्टेबल अंकित चौधरी और आकाश चौधरी के साथ मौके पर पहुँचकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। समाचार लिखे जाने तक फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी और पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

# विधायक सावित्री कठेरिया ने स्वास्थ्य मंत्री से की अस्पताल पुनः प्रारंभ करने की मांग

संवाददाता। बकेवर



**कस्बे** के लखना रोड स्थित पच्चास शैया हास्पिटल के चालू होने की उम्मीद एक बार पुनः जाग गयी है क्षेत्रिय विधायक साबित्री कठेरिया ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह से बीते दिवस मुलाकात कर उनकों एक ज्ञापन देकर। नवनिर्मित हास्पिटल को चालू करवाये जाने की मांग की। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने बकेवर के लखना रोड पर 50 शैय्या चिकित्सालय का निर्माण दिसंबर 2006 में शुरू कराया था। 712ण्21 लाख की लागत से उप्र राजकीय निर्माण निगम ने दिसंबर 2014 में इसे पूरा किया। इसमें मुख्य भवनए ओपीडीए इन्वेस्टीगेशन ब्लाकए ओटी ब्लाक के अलावा चार आवासीय भवनों का निर्माण कराया गया। प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उद्घाटन भी कर दिया था लेकिन इस अस्पताल में आज तक न डाक्टरों और स्टाफ की तैनाती की गई और न ही अस्पताल में दवाएं उपलब्ध कराई गई। इससे कस्बा व ग्रामीण इलाके के गरीबों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। अस्पताल के लिए शासन से 11 चिकित्साधिकारियोंए 10 पैरामेडिकल स्टाफए 35 नान पैरामेडिकल स्टाफ के पद स्वीकृत किए हैंए परंतु विभाग ने अभी तक पद नहीं भरे हैं। इसी अहम समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक सावित्री कठेरिया ने बीते दिवस लखनऊ पंहुच कर स्वस्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह से मुलाकात की और बकेवर कस्बे में स्थापित पचास शैय्या हॉस्पिटल मे पर्याप्त स्टाफ की तैनाती के साथ हॉस्पिटल चालू कराये जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। विधायक सावित्री कठेरिया ने जागरण को बताया कि उनकी मांग पर स्वास्थ मंत्री ने उनको आश्वासन दिया कि जल्द ही हॉस्पिटल में पर्याप्त स्वस्थ स्टाफ की तैनाती के साथ उसे चालू कराया जाएेगा।

# किसान आन्दोलन का गांव-गली प्रचार-प्रसार करने में जुटे सपाई



संवाददाता। भर्थना

**समाजवादी** पार्टी के नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता और समर्थक भारत मे लगातार किसानों पर हो रहे अत्याचारों और चल रहे किसान आन्दोलन को लेकर गांव गलियों में पहुँच कर प्रचार प्रसार में जुटे हुए है।

सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के दिशानिर्देशन में भरथना व्लाक के सपा अध्यक्ष श्रीनिवेश यादव और पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिग्रेश यादव व छात्र नेता हिमांशू ने भरथना विकास खण्ड क्षेत्र साम्हो अन्तर्गत ग्राम मल्हौसी नगला वाले नगला भूरे नगला मुलु नगला छोटे ग्राम साम्हो नगला गंगाधर नगला राधे नगला मोहन ढकपुरा बनामाई चन्दनपुर कन्डहा गजनियापुर कोठी बाहरपुर आदि समेत डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों पहुँच कर किसानों से जनसम्पर्क कर उन्हें किसान आन्दोलन की जानकारी देते हुए बताया कि सपा किसानों के हक की लड़ाई लड़ रही है किसानों को भी हमेशा की तरह सपा का साथ देना चाहिए।

## अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विरोध सभा का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद।** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर समाज के लोगों नें विरोध सभा का आयोजन कर अपने विचार रखे।

फतेहगढ़ के सपा नेता युनूस अंसारी के कम्पाउंड में आयोजित बैठक अध्यक्षता बौद्धसंघ मित्र भन्ते नें की। बैठक में सपा अल्पसंख्यक सभा के पूर्व प्रदेश सचिव सरदार तोषित प्रीत नें कहा कि जो समाज अल्पसंख्यकों को नजरअंदाज करेगा वह सर्व समाज का सपना ना देखे। मसीह प्रतिनिधि राकेश एडवोकेट नें कहा कि आज के दिन जिले के अधिकारी मुख्यालय से गायब रहे। जबकि समाज के लोग अपनी समस्याओं के लिए भटकते रहे। हाजी अल्लादिन नें बताया कि अल्पसंख्यक अधिकारी नें किसी गाँव में खानापूर्ति का कार्यक्रम रखा। इस दौरान कार्यक्रम की निंदा की और भविष्य में मुख्यालय पर ही कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। इस दौरान जवाहर सिंह गंगवार, युनूस अंसारी, अलीम अब्बासी, अनिल टीटू, राजीव वाजपेयी व शिव कुमार सिंह आदि रहे।

# सराफा दुकान से चोरी के माल समेत तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद



**11 दिन** पूर्व सराफा दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों से तमंचा कारतूस व चोरी गया जेवर बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपितों का चालान कर दिया।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी वीरेंद्र प्रकाश वर्मा की गांव पुठरी स्थित सराफा की दुकान के सात दिसंबर की रात ताले तोड़कर चोरों ने 40 हजार नकदी सहित सोने चांदी के जेवर चोरी किए थे। गुरुवार रात पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में चलाए गए अभियान में थाना प्रभारी पूनम जादौन, बबना चौकी प्रभारी विनोद कुमार, एसआइ नितिन कुमार, विद्यासागर तिवारी ने गांव पुठरी मंदिर के समीप से पुठरी निवासी रवेंद्र पांडेय उर्फ डिब्बी उर्फ डिपी, रंजीत कुमार व वीरपाल उर्फ बृजपाल को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किए गए शातिरों के पास एक पैशन बाइक, एक तमंचा कारतूस व सराफा की दुकान से चोरी हुए दो जोड़ी तोड़ियां बड़ी, सात जोड़ी तोड़ियां छोटी, एक हाफ करधनी, लगभग दो सौ घुघरू व कुंडा, 13 बिछिया, चांदी की चेन व पेंडिल, एक अंगूठी कछुआ, पुरानी तोड़ियां व घुंघरू, कुंडा, सोने की चेन, पेंडिल, नाक की कील आदि जेवर बरामद हुए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। गिरफ्तार रवेंद्र पांडेय उर्फ डब्बी उर्फ डिपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित चार व वीरपाल उर्फ बृजपाल पर थाने पर छह मुकदमे दर्ज है।

## नाबालिग बालिका ने फांसी लगाकर दी जान

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** मानसिक रूप से परेशान नाबालिक बालिका नें फांसी का फंदा लगाकर आपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों नें पुलिस को सूचना दिये बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी 14 वर्षीय डोली पुत्री सतीश कुमार नें शुक्रवार को सुबह घर में ही दुपट्टे से फांसी लगाकर फांसी लगाकर आत्महत्या ली। जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गयी। मृतका की माँ रामवती नें बताया कि डोली मानसिक रूप से परेशान थी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

परिजनों नें कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए पुलिस को सूचना नही दी और का अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष जसबंत सिंह बताया परिजनों नें सूचना नही दी। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# बीडीसी को मारपीट कर किया अधमरा, लूट का आरोप



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**बीती** रात बीडीसी सदस्य को मारपीट कर अधमरा कर दिया गया। बीडीसी ने नकदी लूटने का भी आरोप लगाया है। पुलिस जाँच कर रही है।

थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम नौसारा निवासी देवचंद यादव बीडीसी सदस्य है। देवचंद नें थाना पुलिस को तहरीर दी। जिसमे आरोप लगाया कि वह बीती रात बाइक से अपने गाँव जा रहा था। गाँव के करीब पीछे से बाइक में सफेद कार नें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे देवचंद बाइक सहित जमीन पर गिर गया। आरोप है कि उसी दौरान कार से उतरे अखिलेश पुत्र सोनेंलाल, अंकित पुत्र राजेश निवासी नौसारा, मनोज पुत्र गिरंद निवासी दसौली हरपालपुर हरदोई गाड़ी से निकले और मारपीट कर गले में गमछे का फंदा डालकर अंकित और मनोज नें लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इसी बीच जेब में रखे बीस हजार रूपये और अवश्यक कागजात निकाल लिए और मरा समझकर झाड़ियों में डालकर फरार हो गये। घटना के बाद घायल को जिला जेल के निकट एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल नें थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष अजय नरायण सिंह नें बताया कि घटना में मारपीट हुई है। लूट की घटना संदिग्ध है। तहरीर की जाँच की जा रही है। जाँच के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## खाद्य सुरक्षा टीम की छापेमारी से कस्बे में हड़कंप,नमूने लिये

**फर्रुखाबाद।** खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने टीम के साथ छापेमारी की। छापेमारी की खबर लगते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

राजेपुर कस्बे में खाद्य सामाग्री में मिलावट की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर खाद्य टीम ने कस्बे के कल्लू सक्सेना नामक युवक की दुकान पर छापेमारी की और दुकान से बेसन का नमूना ले उसे जांच हेतु भेज दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशीष वर्मा ने आवाज न्यूज को बताया कि सीएम पोर्टल पर शिकायत की गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को राजेपुर कस्बा क्षेत्र में कल्लू सक्सेना की दुकान से बेशन का नमूना लेकर उसे जांच के लिए भेजा दिया गया है। कस्बा तिराहे पर दुकान में खाद सुरक्षा टीम को देखकर दुकानदारों में हड़कम्प मच गया जिससे वह सब अपनी.अपनी दुकानें बंद कर खिसक गये। इस दौरान मुख्य विकास सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंहएखाद सुरक्षा अधिकारी आशीष वर्मा सहित टीम मौजूद रही।

# वरासत अभियान कैम्प में जिलाधिकारी ने मृतक के वारिसों को वितरित की निःशुल्क खतौनी




संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्यमंत्री** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज कराये जाने हेतु दिनांक 15 दिसम्बरए 2020 से 15 फरवरीए 2021 तक विशेष अभियान चलाये जाने हेतु कार्यक्रम निर्धारित करते हुये निर्विवादित उत्तराधिकारियों के नाम खतौनी में दर्ज कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देशों के क्रम में विशेष अभियान के अन्तर्गत दिनांक 15 दिसम्बर 2020 से 30 दिसम्बरए 2020 तक राजस्व तहसील अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर राजस्व ग्रामों में प्रचार.प्रसार किया जानाए खतौनियों को पढ़ा जाना तथा लेखपाल द्वारा वरासत हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन भरवाया जाना है।

उप जिलाधिकारीए भोगनीपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त वरासत अभियान के अन्तर्गत ग्राम महमूदपुर भोगनीपुर नगर पंचायत अमरौधा एवं पातेपुर की खतौनियों को जनता के समक्ष पढ़कर सुनाया गयाए जिसमें कुल 13 व्यक्ति क्रमशः शंकर पुत्र जयराम मूलचन्द्र पुत्र नारायण बैजनाथ सिंह पुत्र गुमानी प्रताप सिंह पुत्र घसीट बच्चीलाल पुत्र मन्नीलाल श्यामलाल पुत्र तुलसीराम गनेशी देवी पत्नी राधेलाल रामगोपाल पुत्र राम प्रसाद मो0 उसमान पुत्र रहीम बक्श मुख्तार अहमद पुत्र मुनीर बक्श देवीदयाल पुत्र कमलू प्रसाद रामू पुत्र धनीराम एवं ननखे पुत्र रामचरन मृतक पाये गये जिनकी वरासत खतौनी में दर्ज करा दी गयी है।

## स्वयं सहायता समूहों को खातों में भेजी गई धनराशि

**कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के समस्त जनपदों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूहों को धनराशि स्थानांतरित की गयी।जनपद कानपुर देहात में संचालित स्वयं सहायता समूहों के खातों में धनराशि का स्थानांतरण किया गया। कार्यक्रम कलेक्ट्रेट एनआईसी में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडे एव अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## फर्रुखाबाद में कोविड-19 के 12 मरीज मिले

**फर्रुखाबाद।** जिले में कोविड19 के फलस्वरुप देर रात्रि आई रिपोर्ट के मुताबित 12 मरीज मिले है जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव है इससे जिले में कोरोना से होने वाले संक्रमित मरीजों की कुल 4527 पर पहुंच गई है। जिसकी रोकथाम के लिए जनपद के आलाधिकारी सख्ते में बने हुए है जिससे कोविड महामारी की चपेट में आने से आम मजनमानस को बचा सके।

जिला मुख्यालय से आई रिपोर्ट के मुताबिक जिले में आज कोविड 19 के 12 मरीज मरीज मिले है जिससे जिले में कोरोना संक्रमितो की संख्या 4527 पर पंहुच गई है इसमें 112 मरीज एक्टिव है जिनका इलाज चल रहा है। वहीं जिले में स्वस्थ एंव होमआईसोलेशन मरीजों की संख्या 4335 हो गई है। सभी स्वस्थ मरीजों को प्रशासन की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया हैए वहीं सभी होमआईसोलेट मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जबकि जिले में कोरोना से एक मरीज की और मौत हो गई है इससे जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या 80 पर पहुंच गई है। जिले के सभी आलाधिकारी सरकार के निर्देशानुसार कोविड रोकथाम के लिए जगह .जगह जागरुक्ता अभियान चला रहा। जिससे सर्दी के मौसम में कोरोना महामारी आमजनमानस में प्रवेश न कर सके।

# आप दिल्ली माडल पर लड़ेगी यूपी विधानसभा चुनावः विनय मिश्रा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**आप** के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव लडने की घोषणा किए जाने के साथ ही सभी पदाधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। पदाधिकारियों नें प्रेस वार्ता कर पार्टी संयोजक का धन्यवाद दिया चुनाव के लिए पूर्ण रूप से लग जाने के लिए कार्यकताओं को निर्देशित किया गया। शहर के ग्राम चाँदपुर स्थित एक गेस्टहाउस में आयोजत आप की प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा नें कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश में भी दिल्ली माडल पर ही चुनाव लड़ेगी। चुनाव में सफलता सुनिश्चित करने के लिए गांव स्तर भी समितियां गठित की जाएंगी। राष्ट्रीय संयोजक द्वारा पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव लडने की घोषणा किए जाने के साथ ही सभी पदाधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। यहां अभी तक चुनाव जाति धर्म के नाम पर ही लड़ा जाता है। लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी दिल्ली माडल पर चुनाव लड़ेगी। जिससे सभी पार्टियां परेशान हैं। अब बिजली, पानी, शिक्षा और अस्पताल की बात करने लगी हैं।जिला महासचिव राजगौरव पाण्डेय, गौतम कश्यप आदि रहे।

### चुनावी गणित बिगाड़ेंगी प्रसपा महिला मोर्चा अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष भोजपुर से आगामी विधानसभा चुनाव में उतर सकती है। उन्होंने साफकहा कि उनका भोजपुर से चुनाव लड़ना लगभग तय है ।

जिलाध्यक्ष अनस सिद्दीकी के कर्नलगंज फतेहगढ़ स्थित आवास पर पंहुची महिला मोर्चा अध्यक्ष नें कहा कि प्रदेश में किसानों पर कड़ाके की सर्दी के बाबजूद आंसू गैस, लाठियां, वॉटर कैनन चलाया जा रहा है। किसानो की उपज का लाभकारी मूल्य नही मिल पा रहा है। देश के अल्पसंख्यकों में भय का माहौल है। उनके साथ पक्षपात किया जा रहा है। आम आदमी न्याय के लिए दरदर भटक रहा है। थानों और तहसीलों में उनके साथ अपराधियों जैसा बर्ताव किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी दिन-प्रतिदिन बढती जा रही है। जीएससी और नोटबंदी नें उद्योगों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में प्रसपा आगामी 24 दिसंबर से गाँव-गाँव प्रसपा (लोहिया) पद यात्रा अभियान के साथ जनता के बीच में होगी। इसके साथ ही उन्होंने नें बताया कि प्रसपा से वह फर्रुखाबाद की भोजपुर विधानसभा का चुनाव लड़ने की हामी भरी। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे दलों के साथ गठबंधन कर पूरी दमदारी से पार्टी चुनाव लड़ेगी और आगामी 2022 में यूपी उनकी होगी। इस दौरान प्रदेश सचिव विश्वास गुप्ता, राष्ट्रीय प्रवक्ता आरएन सिंह, नगर अध्यक्ष चाँद मोहम्मद, राष्ट्रीय सचिव नीलम सिंह, उपासना नैश आदि रहे।

# डीएम ने अमरौधा नगर पंचायत में लगाई चौपाल, सुनी समस्याएं

संवाददाता। कानपुर देहात



**भोगनीपुर** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमरौधा में जिलाधिकारी ने चौपाल लगाकर समस्याएं सुनीं। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए उनका लाभ उठाने की अपील की। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास पात्रों का न मिलने और कोटेदार द्वारा नियमित खाद्यान्न न दिए जाने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने चौपाल में ग्रामीणों को वरासत अभियान के तहत उनके वारिसानो को खतौनी वितरण की तथा कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जनण्जन तक लाभ पहुंचे इस उद्देश्य से चौपाल लगाई है। साथ ही ग्रामीणों को कल्याणकारी योजना की जानकारी मिल सके। कहा कि गांवण्गांव जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचारण्प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने आयुष्मान योजनाए राशन कार्डए पेंशनए सामूहिक विवाहए शौचालयए पीएम आवासए सहित तमाम योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पात्र गरीब लोगों को लाभ दिलाएं सदा किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए तथा किसी प्रकार की शिकायत पाई जाएगी तो संबंधित खिलाफ कार्यवाही अवश्य की जाएगी। वहीं जिलाधिकारी ने ठंड के चलते लोगों को कंबल भी वितरित किए तथा स्वच्छता अभियान के तहत कूड़ा रिक्शे को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया तथा निर्देशित किया कि साफसफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए कोविड.19 के तहत सभी लोग मार्क्स अवश्य लगाएं तथा 2 गज की दूरी का पालन अवश्य करें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा ने कहा कि किसान सम्मान निधि का अगर पैसा नहीं आया है तो उसकी सूची लेखपाल के पास है।

## मजदूर की मौत

**इटावा जसवंतनगर** थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर तेज आ रहे अज्ञात वाहन ने मजदूरी कर कर लौट रहे बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिसकी उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा शव की पहिचान कराने के लिए आसपास सूचना दें। मृतक की पहिचान नसीब अली पुत्र दिवारी अलि निवासी मला जनी अपने बहनोई अनीस अली के घर पर अपनी पत्नी और तीन पुत्र कोई साथ रह रहा था कल सुबह जसवंतनगर वह काम करने गया था वहां से लौटते समय सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई।

## शिक्षक संकुलों की समीक्षा

**सैफई।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी इटावा के निर्देशन में चल रही सैफई के संकुल शिक्षकों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उपजिलाधिकारी सैफई हेम सिंह ने कहा कि शासन के निर्देश पर चल रही मिशन प्रेरणा योजना को सफल बनाने में सभी शिक्षक जुट जाएं।

# महिला समूहों को दिए गए 9.72 करोड़ मिल चुकी है 17 करोड़ की धनराशि

संवाददाता। हमीरपुर

### ● मुख्यमंत्री योगी व उच्चाधिकारियो ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर दिये दिशा निर्देश

**राष्ट्रीय ग्रामीण** आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित समूहों को काम शुरु करने के लिये शासन ने आज 9.72 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है। चालू वित्तीय साल में विभाग को अब तक 17 करोड़ रुपये का धनराशि दी जा चुकी है।

एनआरएलएम के डीसी(जिला समन्वयक) कमलेश कटियार ने बताया कि जिले में सात साल में महिलाओं के करीब छह हजार समूह कार्य कर रहे है। जिसमें महिलाओ को काम देकर आत्मनिर्भर बनाना है।

इसके लिये कामों की शुरुआत करने के लिये 17 लाख 49 हजार रुपये, ग्राम संगठन स्टार्टअप के लिये एक करोड़ 21 लाख पचास हजार, रिवाल्विंड फंड में 70 लाख 35 हजारत, सीआईएफ की धनराशि पांच करोड़ 18 लाख दस हजार रुपये, जोखिम निवारण निधि में 82 लाख 80 हजार रुपये, आजीविका फंड की धनराशि 16 लाख, एग्रीकल्चर टूल बैंक की धनराशि 28 लाख, प्रोड्यूसर ग्रुप की धनराशि छह लाख, इंश्योरेंस सपोर्ट फंड में 12 लाख, संकुल स्तरीय संगठन की शुरुआत के लिये 35 लाख, इस प्रकार कुल मिलाकर नौ करोड सात लाख 24 हजार रुपये की धनराशि दी गयी है।यह धनराशि समूहो के बैंक खाते में डाल दी गयी है। आज बीडियोक्रांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रत्येक जिले के उच्चाधिकारियों से इस मामले में वार्ता कर महिलाओं के लिये रोजगार दिये जाने की बात की गयी है। डीसी ने बताया कि छह हजार समूहो में करीब डेढ़ हजार महिला समूह पूरी तरह सक्रिय है जो विभिन्न प्रकार के उद्यम कर रही है उनके विकास के लिये यह धनराशि उपलब्ध करायी गयी है।

इसके पहले सात करोड रुपये की धनराशि समूहो को दी गयी थी जिसमे कई समूह अपना रोजगार विकसित कर चुके है चर्चा है कि महिला समूह क्या यह करोडो रुपये की धनराशि का सदुपयोग करेगी क्या इससे जुडी अन्य महिलाओं को काम मिल सकेगा।

# राज्य सरकार जिला पंचायत का मामला सुप्रीम कोर्ट ले गयी

### ● एसएलपी दायर कर संतराम राजपूत को बचाने का किया जा रहा है प्रयास

**हमीरपुर।** जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती बंदना यादव द्वारा हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी कार्यभार ग्रहण न कराने को लेकर कीगयी अवमानना नोटिस के बाद आज राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका एसएलपी दायर कर अपना पक्ष प्रस्तुत किया है। दो सप्ताह पहले हाईकोर्ट ने सपा की बंदना यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुये उनके खिलाफकिये गये अविश्वास व चुनाव को अवैध करार देते हुये उनको पद में बहाल करने के आदेश दिये थे, बंदना को हटाकर भाजपा की जयंती राजपूत को जिला पंचायत अध्यक्ष चुना गया था। मगर कोर्टने इस अपने आदेश में इस बात का कही जिक्र नही किया था कि यादव को इतनी समयावधि में कार्यभार दिया जाये इस पर जिला प्रशासन ने कार्यवाही करने के लिये शासन के पाले में गेद डाल दी थी शासन ने इस मामले पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नही की है। बंदना यादव प्रमुख सचिव पंचायत समेत चार प्रशासनिक अधिकारियों को पार्टी बनाते हुये हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी इस पर हाईकोर्ट ने चारो अधिकारियों को कोर्ट अवमानना पर तलब किया था मगर राज्य सरकार ने भाजपा की जयंती राजपूत के पक्ष मे सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर अपना पक्ष रखने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर हो जाने के बाद अवमानना में फंसे सभी उच्चाधिकारियों ने राहत की सास ली है। तेरह जनवरी से जिला पंचायत अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी बचाने को लेकर भाजपा ने प्रतिष्ठा लगा दी है।

## संदिग्ध हालत में मिला विकलांग युवक का शव

संवाददाता। बिवाँर (हमीरपुर)

**बिवार** थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के एक युवक का शव तालाब में तैरता हुआ पुलिस ने बरामद किया है। मिला,राहगीरों ने जैसे ही तैरते हुए शव को देखा उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने पूछताछ की तो पुलिस ने बताया कि रामबली (22) पुत्र रमेश वर्मा निवासी छानीखुर्द जो कल छानी गांव के हनुमान मंदिर में कुछ लोगो के साथ बैठा हुआ था अचानक गायब हो गया आज उसकी लाश नाले में उतराती पायी गयी है गांव वालो का कहना है कि विकलांग युवक नशा करता था इसलिये वह नशे की हालत में नाले में गिर गया होगा और सर्दी से उसकी मृत्यु हो गयी है। शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और अविवाहित था पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## क्विक न्यूज

### पत्रकारों का आमरण अनशन शुरु, एलआईयू टीम सक्रिय

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा तहसील परिसर में बीते 6 दिनों से मौदहा कोतवाली प्रभारी मनोज शुक्ला के निलंबन को लेकर चल रहा अनशन बीते दो दिनों से आमरण अनशन में बदल गया है।जिसमें चिकित्सकों की टीम और एलआईयू की टीम बराबर नजर बनाए हुए है। परन्तु इस रस्साकशी का समाधान होते नजर नहीं आ रहा है। मौदहा तहसील प्रांगण में कोतवाली प्रभारी के निलंबन को लेकर अनशन में बैठे सैय्यद प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश ओझा व सदस्य उमेश कुमार की मांग है कि उनके साथ अभद्रता करने वाले कोतवाली प्रभारी मनोज शुक्ला को निलंबित किया जाए, कोतवाली परिसर में अभद्रता की बात से कोतवाल मनोज शुक्ला बराबर इन्कार कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रमाण के तौर पर कोतवाली में लगा सीसीटीवी फुटेज है अगर एक भी मिनट हवालात में रखा गया हो। दोनों तरफसे अपने वर्चस्व कायम रखने के लिए रस्साकशी की जा रही है। हालांकि पत्रकारिता के नाम पर अनशन कर प्रशासन को दबाने का उपक्रम भी चल रहा है।वहीं अनशनकारियों के स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए चिकित्सकों की टीम ब्रजेश ओझा को अस्पताल ले गई थी।स्वास्थ्य परीक्षण के बाद अध्यक्ष ब्रजेश ओझा ने फिर अनशन शुरू कर दिया है। वहीं एल.आई.यू. के कौशल किशोर ने भी अनशन स्थल पर जाकर जानकारी ली तथा मानवाधिकार संगठन ने ब्रजकिशोर गुप्ता की अगुवाई में अनशनकारियों के समर्थन में उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन भेजा है।

### दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन से अधिक लोग बाइक से गिरकर घायल हो गये। क्षेत्र के बरेल गांव निवासी रामसनेही 40 पुत्र शंकरलाल शुक्रवार की दोपहर अपने साथी हसन 45 पुत्र गुलाब वक्स के साथ बाइक से बहगांव जा रहा था। तभी राठ-धमना मार्ग स्थित एक रिसोर्ट के पास आपे ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के बरदा गांव निवासी बबलू 28 पुत्र फूलसिंह, पहरा गांव निवासी अशोक 38 पुत्र वीरपाल, जलालपुर थाना क्षेत्र के बरहारा गांव निवासी विनय 17 पुत्र कुंवरलाल, जिगनी गांव निवासी उदयवीर सिंह 25 पुत्र रतीराम, संदीप 25 पुत्र हरिश्चंद्र मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया

### दबंगों ने घर में घुसकर मारा-पीटा

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां थाना क्षेत्र के बरेल गांव में एक महिला ने आधा दर्जन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने व जबरन जेवरात उठा ले जाने का आरोप लगाया है। पीडिता ने मझगवां थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। बरेल गांव निवासी हीरा पत्नी जयपाल थाने में दी तहरीर के माध्यम से बताया कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12रू30 बजे घर में काम कर रही थी। आरोप लगाया कि उसी दौरान मुस्करा थाना क्षेत्र के पहाड़ी गांव निवासी आधा दर्जन लोग उसके घर में घुस आये और उसके साथ मारपीट करने लगे। जब उसने कारण पूछा तो वह लोग कहने लगे हमारे मकान निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रही है। बताया कि आवाज सुन जब उसके पति बचाने आये तो उन्हे भी ईंट मार घायल कर दिया। आरोप लगाया कि घर में रखी अलमारी को तोड़कर उसमे रखे 20 हजार रुपये व सोने चांदी के जेवरात उठाकर ले गये। मारपीट से उसके पति व उसे गंभीर चोटें आईं है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** ईंटो से भरी ट्राली के असंतुलित होने से ट्रैक्टर अनियांत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चिकासी थाना क्षेत्र के बरौली गांव निवासी मूलचंद ने बताया की उसका पुत्र संतोष कुमार (35) बीती गुरुवार की शाम खेत पर बनाई गई ईंट को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर घर आ रहा था। तभी गांव के बाहर नई बस्ती के पास ऊंचा रास्ता होने से ट्रैक्टर पलट कर ट्राली के ऊपर जा गिरा। जिससे ट्रैक्टर ट्राली के बीच में फंसकर संतोष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिसने शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### नगर पालिका ने आठ स्थानों पर जलवाए अलाव

**जालौन (उरई)।** हाड़ कपाऊ ठंड को देखते हुए नगर पालिका ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए लगाये गये अलावों की संख्या बढ़ाई है। शुक्रवार की सांय 8 स्थानों पर अलाव जलवाये गये है। बर्फीली हवा के कारण तापमान में गिरावट आयी है। तापमान गिरने के चल रही हवा के कारण ठंड लोगों को बेचेन करने लगी। ठंड से राहगीरों को राहत देने के लिए शुक्रवार को नगर पालिका परिषद द्वारा देवनगर चौराहा, कोंच चौराहा, रैन बसेरा, झंडा चौराहा तथा चुंगी, तकिया मस्जिद, बस स्टैंड, लौना चौराहे पर अलाव की व्यवस्था कर दी गई है। ईओ डीडी सिंह ने बताया कि शीत लहर को देखते हुए फिलहाल 8 स्थानों पर अलाव लगवा दिये गये हैं। शीघ्र ही इनकी संख्या और बढ़ा दी जायेगी तथा सभी आवश्यक स्थानों पर अलाव लगवाये जायेंगे।

### दलित गरीब परिवार के सात बीमार, मासूम की मौत

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के भदेहदू गांव में एक गरीब दलित परिवार ठंड की चपेट में आने से पूरा परिवार रातभर अचेत रहा। आठ वर्षीय मोहित की ठंड लगने से मृत्यु हो गई। बीती रात ठंड का कहर इस कदर पड़ा कि भदेहदू गांव के सिपाहीलाल चमार के परिवार के दो लड़के, तीन लडकियां सभी अचेत हो गये। पूजा (16), अंजना (7) व रोहित (14) तथा मोहित (8), संध्या (5) पत्नी उमादेवी निहायत गरीबी में शीतलहर की चपेट में आकर सातों लोग बीमार हो गये। ठंड लगने से मोहित की मृत्यु हो गई। गरीब दलित सिपाहीलाल के घर में इस कदर गरीबी है कि ठंड से बचने को परिवार के पास बिस्तर तक नहीं है। सवेरे पड़ोसियों को पता चला तो एम्बुलेंस और 112 पुलिस को फोन किया। मौके पर सभी लोग पहुंचे। पूरे परिवार को राजापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इलाज को भेजा गया। नायब तहसीलदार सरधुआ व लेखपाल तथा पुलिस मौके पर मौजूद रही।

### रैनबसेरों में करें समुचित व्यवस्थाः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने बीती रात निराश्रित एवं असहाय लोगों को ठंड एवं शीतलहर से बचाव को अलाव की व्यवस्था व रैनबसेरे का निरीक्षण किया। गुरुवार की रात को जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने बस स्टैण्ड कर्वी स्थित रैनबसेरे का निरीक्षण कर ईओ नगर पालिका को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने रेलवे स्टेशन के निरीक्षण में कहा कि रेलवे स्टेशन पर भी रैनबसेरा संचालित किया जाये। शहर के सभी मुख्य चौराहों पर अलाव जलाये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए पूरे जिले में आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें, ताकि ठंड से जनहानि न हो सके।

### सीडीओ ने बीमा रथ को हरी झण्डी दिखा किया रवाना

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी फसलोत्पादन अभियान में प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों /प्राकृतिक आपदाओं से हुई फसलों को छति की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रचार प्रसार एवं फसलों को बीमित कराने की पूर्ण जानकारी गीत, संगीत, आडियों के माध्यम से गांव गांव तक पहुचाने के उद्धेष्य से बीमा रथ/प्रचार वाहन एवं बाइक रैली को सीडीओ ने विकासभवन सोनेपुर कर्वी से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

## गरीबो को अनपढ और गुलाम बना रही है देश की दोहरी शिक्षा व्यवस्थाः दद्दू प्रसाद

**चित्रकूट।** सामाजिक परिवर्तन मिशन द्वारा आर्थिक मुक्ति आंदोलन के तहत देश में एक समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर पूरे बुंदेलखंड में जनजागरण बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। डा0 भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर बांदा से शुरू हुई यह यात्रा शुक्रवार को चित्रकूट पहुंची। नेतृत्व कर रहे मिशन के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व मंत्री दददू प्रसाद ने कहा कि सरकारें देश में दोहरी शिक्षा प्रणाली लागू कर गरीब बच्चों को अनपढ बनाने की साजिश रच रहीं है। मिडडेमील जैसी योजनाओं को बंद देश में लाखों केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना कर सरकार को एक समान शिक्ष की व्यवस्था करना चाहिए। यात्रा का नेतृत्व कर रहे सामाजिक परिवर्तन मिशन के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे गरीबों के बच्चे महज मिड-डे मील तक सीमित होकर रह गए हैं।

# अवैध खनन की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करें अधिकारी

**बांदा।** अवैध खनन व ओवरलोडिग को लेकर जिला प्रशासन अब अलर्ट मोड में है। डीएम ने गुरुवार को खनिज व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मीडिया व अन्य माध्यम से अवैध खनन की शिकायत मिले तो इस पर त्वरित कार्रवाई करें। किसी भी दशा में अवैध खनन व ओवरलोडिग नहीं होनी चाहिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को बैठक में जिलाधिकारी आनंद कुमार सिंह ने कहा कि जिले में अब प्रभावी ढंग से अवैध खनन व ओवरलोडिग पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने जिला खनिज अधिकारी सुभाष सिंह और पुलिस अधीक्षक एसएस मीणा सहित अन्य एआरटीओ एसडीएम आदि अधिकारियों के साथ अवैध खनन व ओवरलोडिग पर समीक्षा की। कहा कि अधिकारी संचालित खनन पट्टों के अतिरिक्त अन्य किसी भी क्षेत्र में अवैध खनन व ओवरलोडिग नहीं होनी चाहिए। मध्य प्रदेश से आ रहे ओवरलोड वाहनों की नियमित सघन जांच कराएं। सीसीटीवी कैमरों व मोबाइल टीम से निगरानी की जाए। एमपी से आने वाले ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें। किसी भी हालत में शहर से यह ट्रक नहीं गुजरने चाहिए। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों व वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी अवैध खनन की जानकारी मिले तो इसे गंभीरता से लें और कार्रवाई की जाए। इससे उन्हें भी अवगत कराया जाए। एसडीएम और पुलिस क्षेत्राधिकारियों की जवाबदेही तय की।

डीएम ने आइजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अब शिकायतों का 1076 पर फीड बैक लिया जाएगा और क्रास चेकिग भी होगी। यदि कहीं गड़बड़ी मिली तो सख्त कार्रवाई होगी। शिकायतों के निस्तारण की ग्रेडिग वह खुद करेंगे।

# 60 परिवारों के घरों को अवैध निर्माण बताते हुए चली जेसीबी, किया जमींदोज

**बांदा।** उप्र के बांदा में भू माफिया के द्वारा बेचे गए सरकारी ग्राम समाज की जमीन पर जिला प्रशासन की चली जेसीबी लगभग 60 घरों को किया जमींदोज जमीन लेकर मकान बनाने वाले में सभी ग्रामीण और भोली भाली जनता है किसी ने एक लाख में लिया किसी ने 50000 में लिया ऐसे करके सैकड़ों लोग हुए बेघर। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हटाने को लेकर लगातार जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं इसी क्रम में ग्राम प्रधान और स्थानीय लेखपाल की शिकायत पर सदर तहसीलदार ने हटेटी पुरवा ग्राम में सरकारी भूमि पर किए गए कब्जों को मशीनों के द्वारा जमींदोज करवा दिया जिसको लेकर उन जमीनों पर काबिज परिवारों ने डीएम कार्यालय आकर शिकायती पत्र देते हुए जिलाधिकारी से इस पूरे मामले पर कार्रवाई करने की मांग की है।



वीओ2.आपको बता दें कि पूरा मामला बांदा सदर तहसील अंतर्गत हटेटी पुरवा गांव का है जहां लेखपाल की शिकायत पर सदर तहसील के तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए वहां लगभग 60 परिवारों के घरों को अवैध निर्माण बताते हुए गिरा दिया गया जिस पर आज उन लोगों ने डीएम कार्यालय आकर डीएम को शिकायती पत्र देते हुए तहसीलदार द्वारा की गई कार्रवाई को पूर्ण रूप से अवैध बताया जिन परिवारों पर यह कार्रवाई हुई है उन्होंने बताया कि उन सभी लोगों को सरकार द्वारा आवासीय पट्टे के रूप में यह जमीन घर बनाने के लिए दी गई थी जिस पर वह लोग लगभग 10 सालों से कच्चे पक्के मकान बनाकर रह रहे हैं अब अचानक बिना किसी पूर्व नोटिस के इस तरह की कार्रवाई पूर्ण रूप से अनैतिक है हम लोगों के पास अब सर छुपाने की भी जगह नहीं बची है इसलिए हम सभी पीड़ित जिलाधिकारी कार्यालय हैं और माननीय जिलाधिकारी से यह मांग करते हैं कि सदर तहसीलदार द्वारा की गई इस अनैतिक कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोक कर हमारी जमीन हमको वापस दिलाई जाए। वही पूरे मामले पर जानकारी देते हुए उप जिला अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वह ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय आए थे और उन्होंने प्रार्थना पत्र देकर तहसीलदार द्वारा की गई कार्रवाई को अनैतिक बताते हुए न्याय की मांग की है जिस पर जांच करा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम आवास मिलने की टूटी आस टूटे व कच्चे मकानों में रह रहे लोग






**कदौरा ( जालौन )।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम गढ़ा कुसमरा के ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले आवास की आस टूट गई है। क्यों कि आरोप है कि आवास देने के लिए मांगी गई सुविधा शुल्क न देने पर जिम्मेदारो ने आवास का लाभ न देने का मन बना लिया है। गरीब पात्र लोग अभी भी कच्चे मकान तिरपाल के नीचे व खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं उनको अब आवास मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। जिम्मेदारों के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना अपने मंसूबो पर खरी नही उतर रही है। क्यों कि जो पात्र हैं तो उसको बगैर सुविधा शुल्क के आवास नही मिल रहा है। वही अपात्रों से सुविधा शुल्क लेकर उनको आवास दिए जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़ा कुसमरा का है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 25 लाभार्थियों का चयन जिम्मेदारों ने घर बैठकर किया है। जिनमे 8 लाभार्थियों को पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रुपये खाते में भी डाल दिए। सूची प्रदर्शित होने की जानकारी जब अन्य ग्रामीणों को मिली तो उन्होंने सबसे पहले ब्लॉक कार्यालय सहित तहसील दिवस में शिकायत दर्ज करा कर आवास दिलाने की गुहार लगाई। लेकिन ब्लॉक अधिकारियों की खाउ कमाऊ नीति के कारण कोई सुनवाई नही हुई। विगत 8 दिसम्बर को जनपद के ब्लॉक महेबा में निरीक्षण करने आई केंद्रीय टीम के सदस्यों की गाड़ियों को दो दर्जन से अधिक महिलाओ ने रोक कर सचिव वैभव कुमार पर आवास में 20 हजार रुपये मांगने सहित भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायत पर संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार नीता केजरीवाल व अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी किसी अधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायत पर जांच नही की जिस कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। गांव की रेखा पत्नी रामलखन, सुनीता पत्नी संजय, सियारानी पत्नी मुल्लू, आराधना पत्नी लखन ने बताया कि हम लोगो का मकान कच्चा है, मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत की थी जिस पर सचिव ने ब्लॉक में बैठ कर पक्का मकान होने की रिपोर्ट लगा दी,शिकायत की तो सुनवाई नही हुई।

विधवा गुड्डी ने बताया कि वो तिरपाल डाल कर बच्चों सहित रह रही है। सुविधा शुल्क न देने पर आवास काट दिया। गांव की मन्नी जिसके पत्नी की मौत वर्षों पहले हो गई थी एक हाथ पैर से विकलांग है मकान कच्चा व गिरा हुआ है सचिव ने अपनी रिपोर्ट में पक्का व अपात्र दिखा दिया। गांव की रज्जन देवी ने बताया कि उसने आवास न मिलने की शिकायत की थी लेकिन सचिव ने दूसरे गांव में मनरेगा मजदूरी की रिपोर्ट लगा दी। ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लॉक के जिम्मेदार बगैर किसी स्थलीय निरीक्षण के योजनाओं का बंदरबांट करने में लगे हुए हैं। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव का कहना है कि मामला संज्ञान में है बाहर होने की वजह से जांच में देर हुई है जल्द एक टीम गांव जाकर जांच करेगी।

## धार्मिक पहचान छुपाकर युवक ने हिंदू धर्म की युवती से की शादी

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** समुदाय विशेष के युवक ने हिंदू धर्म के युवती से अपनी धार्मिक पहचान छुपाकर और अपने आप को हिंदू बता कर गुमराह करते हुए शादी कर ली। विवाह कार्यक्रम की फोटो वायरल होने पर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। नगर निवासी पीड़ित पिता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि पुत्री एक विद्यालय में बतौर शिक्षिका कार्यरत थी। उसकी राहुल नाम के लड़के से बातचीत होने लगी और बात शादी तक जा पहुंची। अपने परिजनों के नाराज होने की बात कहकर वैवाहिक कार्यक्रम खुद संपन्न करवाने की बात कही और युवती से शादी कर ली। शादी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। जिसकी जानकारी पीड़ित पिता को होने पर उसने समुदाय विशेष के युवक पर अपनी धार्मिक पहचान छुपाकर धोखाधड़ी कर शादी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

# नमामि गंगे योजना में 867 गांवों में घर-घर होगी पानी की सप्लाई

### ● सलाघाट, मड़ेपुरा, रायपुर व कोटा मुस्तकिल में सतही जलापूर्ति प्रोजेक्ट होंगे स्थापित

### ● 270 गांवों में जलापूर्ति के होगी नलकूपों की बोरिंग

**उरई ( जालौन )।** नमामि गंगे जल शक्ति मिशन के तहत जनपद के ग्रामीणांचल के गांवों में हर घर नल लगवाने के तहत सर्वे का कार्य कार्यदायी संस्था द्वारा शुरू कराया जा चुका है। उक्त योजना में लगभग 1500 करोड़ रुपये खर्च होंगे जिसमें चार स्थानों पर सतही जलापूर्ति के प्रोजेक्ट बनाये जायेंगे जो यमुना व बेतवा नदी पर होंगे। तो वहीं 270 गांवों में जलापूर्ति के लिये नलकूपों की बोरिंग करायी जायेगी। कुल मिलाकर जिले के 867 गांवों को इस योजना में शामिल किया गया है।

योजना के नोडल अधिकारी लघु सिंचाई विभाग के एक्सईएन विजय कुमार ने एक भेंट में बताया कि केंद्र सरकार की नमामि गंगे जल शक्ति मिशन के जनपद हर घर को नल से जोड़ने को अमली जामा पहनाने के लिये राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत लगभग 1500 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है जिसमें सलाघाट, मड़ेपुरा, रायपुर व कोटा मुस्तकिल जो कि बेतवा व यमुना नदी के किनारे हैं जहां सतही वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट बनाये जायेंगे तो वहीं 270 गांवों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिये नलकूपों की बोरिंग के साथ ही ओवरहैड टैंकों का निर्माण के साथ ही योजना में शामिल किये गये सभी 867 गांवों में जलापूर्ति सप्लाई के लिये लाइनों को बिछाया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत जीबीपीआर द्वारा सर्वे के काम की शुरूआत हो चुकी है। एक्सईएन ने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना को वर्ष 2022 में पूरा किया जाना है। उक्त कार्य को समय से पूरा कराने के लिये लगभग डेढ़ वर्ष में सभी कार्य पूर्ण कराने होंगे।

### जलापूर्ति के संकट से जूझते ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

**उरई।** देश की आजादी के बाद से ही जनपद के अनेकों गांव ऐसे हैं जहां आज भी पीने योग्य पानी के लिये ग्रामीणों को खासी परेशानियों से जूझना पड़ता है। लेकिन अब हर घर को नल से जोड़ने की योजना के तहत ऐसे गांवों के ग्रामीणों के एक बड़ी सौगात होगी और उन्हें वर्ष 2022 के अंत तक उनके आंगन में जलापूर्ति सुनिश्चित हो जायेगी।

# व्यापारियों का शोषण और उत्पीड़न नहीं किया जायेगा बर्दाश्त : श्याम बिहारी मिश्र

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद पंडित श्याम बिहारी मिश्र के भरतकूप पहुंचने पर व्यापारियों ने फूल- मालाओं से लादकर स्वागत किया । इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि व्यापारियों के मान,सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना व्यापार मंडल का मुख्य लक्ष्य है।उन्होंने भरतकूप को औद्योगिक क्षेत्र घोषित करवा कर चित्रकूट के इकलौते क्रशर उद्योग को हर तरह से संरक्षण देने का भरोसा दिलाया।

संगठनत्मक समीक्षा के उद्देश्य से प्रदेश के कई जिलों के दौरे पर निकले उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंडित श्याम बिहारी मिश्र शुक्रवार की शाम भगवन श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंचे। धर्म नगरी के सुप्रसिद्ध तीर्थ भरतकूप पहुँचने पर स्थानीय व्यापारियों ने फूल मालाओ से लादकर स्वागत किया। इस मौके पर पंडित श्याम बिहारी मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने हमेशा सभी वर्ग के व्यापारियों के



अधिकारों और उनके मान -सम्मान के लिए संघर्ष किया है।आज व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश ही नही देश का सबसे बड़ा व्यापारी संगठन है। उन्होंने व्यापारियों की मांग पर भरतकूप को औद्योगिक क्षेत्र घोषित कराने एवं चित्रकूट जिले के एकलौते क्रशर उद्योग को संरक्षित कराने का भरोसा दिलाया।

वहीं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने भरतकूप मंदिर के व्यापरियों के व्यापर मंडल में शामिल होने पर खुशी जताई। साथ ही व्यापारियों के हितो में हमेशा संघर्ष करने का भरोसा दिलाया। वही यजिलाध्यक्ष ओम केशरवानी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री मुकुल अग्रवाल, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा) सुरेश प्रसाद मिश्र, कार्यालय प्रभारी सुनील पांडेय, संयुक्त महामंत्री चारू चंद्र खरे, मंडल उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला अध्यक्ष ओम केशरवानी, जिला उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, जिला महामंत्री सुशील गुप्ता, प्रदीप गुप्पुवा जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता, महामंत्री दिलीप केशरवानी, नगर अध्यक्ष धर्मचंद्र गुप्ता, किराना संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, भरतकूप के अध्यक्ष श्रीराम गुप्ता, कल्लूराम,नंद किशोर, शुभलाल, बनवारीलाल, प्रधान राजकरन पटेल आदि सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।

# पेयजल पुनर्गठन योजना के अंतर्गत अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने के लिए भेजा पत्र

### ● पूर्व में जल निगम को कई बार पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया जा चुका है

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**नगर में** जल निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में डाली गई पाइप लाइनें लीकेज होने सहित स्थापित किए गए नलकूप के संचालित न हो पाने के कारण नागरिकों के समक्ष पेयजल समस्या गहरा गई है। अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने जल निगम को पत्र भेजकर ठेकेदार द्वारा छोड़ी गई त्रुटियों को पूर्ण करने की मांग की गई है।

स्थानीय नगर पालिका स्थित कार्यालय में अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की जल निगम द्वारा पेयजल पुनर्गठन



पालिका कार्यालय में जल निगम को पत्र भेजकर जानकारी देतीं ईओ।

योजना के तहत अधूरे कार्यों को पूर्ण कराए जाने के संबंध में भेजे गए पत्र में कहा गया है कि मोहल्ला गांधी नगर जोन 1 में एक नलकूप में पंप हाउस का निर्माण करवा दिया गया लेकिन मोटर पंप व बिजली आदि का कार्य नहीं करवाया गया है। जोन 1 में क्रॉसिंग फाटक से चातक कोल्ड तक लाइन कई स्थानों पर लीकेज है लाइन को जनहित में बदल वाया जाना अति आवश्यक है तथा कई गलियों में पाइप लाइन भी नहीं डाली गई है। जोन 4 में काली देवी मंदिर रोड पर पाईप लाइन ही नहीं चल रही है जो कि बार-बार लिकेज हो रही है जिससे पेयजल व्यवस्था प्रभावित है। मोहल्ला अफसरी में टंकी रोड पर डाली गई पाइप लाइन पर आयदिन लीकेज होती रहती है जिससे पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने के साथ-साथ नागरिकों को आने जाने में भी परेशानी होती है। स्ल्यूस बाल कई स्थानों पर नहीं लगा है जिससे लीकेज मरम्मत में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नगर में बिछाई गई कई गलियों में पाइप लाइनों का कनेक्शन मैनलाइन से नहीं किया गया है जिससे आम जनता को जलापूर्ति नहीं मिल पा रही है। पाइप लाइन डाली गई सड़कों की मरम्मत किया जाना शेष है जिसमें नागरिकों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने जल निगम के अधिकारी से सभी समस्याओं के निस्तारण की मांग की है।

# सुलतानपुर में अवैध शराब की खेप बरामद, धरे गए कारोबारी

संवाददाता। सुलतानपुर



एसटीएफ पुलिस ने शराब का जखीरा बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। चांदा कोतवाली क्षेत्र में गुप्त सूचना के बाद कार्रवाई करके पुलिस ने डीसीएम वाहन पर लोड देसी शराब की 995 पेटियां (47760 शीशी) बरामद की हैं। सात तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

अवैध शराब की बिक्री का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है। आए दिन अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़ होता रहता है, फिर भी पूर्णतया:अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ताजा मामला चांदा कोतवाली क्षेत्र का है। एसटीएसटीएफ व थाना चांदा पुलिस ने पूनी भीम पट्टी गांव से 995 पेटी (47760 शीशी) करीब 30 लाख रुपये की कीमत की अवैध देशी शराब बरामद कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्तों की शिनाख्त साबिर शाह पुत्र मंजूर, आयुब खां पुत्र हसन खां निवासीगण शिवपुर मुडला थाना हाटपिपलिया, राकेश सिंह पुत्र शिवप्रसाद सिंह निवासी वृंद्धावन कालोनी थाना बाडगांव इंदौर मध्यप्रदेश, विक्की यादव पुत्र महेद्र यादव निवासी ढकवा थाना आसपुर देवसरा, अमरनाथ पुत्र रामपाल निवासी देवरखा, संजीव पुत्र जियालाल निवासी महुली थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ व विनोद यादव पुत्र अक्षयपाल यादव निवासी बभनपुर थाना चांदा के रूप में हुई है। मौके से बरामद डीसीएम, पिकअप, मारूति कार, व मोटर साइकिल भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान यादव, स्पेशल टास्क फोर्स यूनिट प्रयागराज के उ0नि0 रणेंद्र सिंह आदि शामिल थे। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## कमला नेहरू केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तक मेले का आयोजन

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुलतानपुर के केन्द्रीय पुस्तकालय में ग्रुप आर्फ श्रृंखला पब्लिशिंग हाउस, फैजाबाद द्वारा दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन 22 एवं 23 दिसम्बर 2020 को प्रात: 10:30 बजे से शाम 04:30 तक किया जायेगा। इस मेले में शिक्षकों एवं छात्रों के सभी विषयों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ पुस्तकों का प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डा.राधेश्याम सिंह करेंगे। इस आयोजन का उद्घाटन डा. एस.डी. शर्मा कैम्पस डायरेक्टर कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक संस्थान फरीदपुर के द्वारा होगा। इसके बारे में बताते हुए पुस्तकालय प्रभारी राजेश पान्डे ने बताया कि पुस्तक मेले की व्यवस्था सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश पुस्तकालय समन्वयक डॉ किरन सिंह द्वारा पुस्तकालय के समस्त कर्मचारियों को जारी कर दिया गया है। शिक्षकों एवं छात्रों के हितार्थ सदैव सजग एवं प्रयत्नशील माननीय प्रबंधक श्री विनोद सिंह के अनुमति पर इस पुस्तक मेले का आयोजन हो रहा है।

## छापेमारी में चार दुकानों के लाइसेंस निलंबित तथा छह को नोटिस

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में जनपद गोंडा में जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल के द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम बनाकर जनपद के समस्त थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापेमारी कराई गई। जिसमें जनपद में कुल 61 दुकानों पर छापा की कार्रवाई की गई एवं 38 नमूने ग्रहित करते हुए चार दुकानों को निलंबित किया गया तथा 6 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई ।

आज जनपद में जिलाधिकारी डॉण् नितिन बंसल द्वारा उप कृषि निदेशक डॉ. मुकुल तिवारी को मनकापुर एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सदानंद चौधरी को तरबगंज तहसील तथा जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव को सदर एवं कर्नलगंज तहसील में उर्वरक निरीक्षक नियुक्त करते हुए उर्वरक के थोक एवम फुटकर विक्रेता के यहां छापेमारी की कार्रवाई कराई गई जिसमें उप कृषि निदेशक द्वारा मनकापुर में कुल 15 दुकानों पर छापा मारा गया एवं चार नमूने ग्रहित करते हुए 3 दुकानदार की दुकान को निलंबित करते हुए 5 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। तीन दुकानदारों में तिवारी खाद भंडार विश्नोहरपुर मनकापुर रामविलास वर्मा खाद भंडार भोपतपुर छपिया जवाहिर खाद भंडार भोपत पुर की दुकान को निलंबित किया गया तथा जितेंद्र सिंह मूसेपुर मनकापुर शुभम ट्रेडर्स मनकापुर एपूजा जनरल स्टोर मनकापुर की दुकान को कारण बताओ नोटिस जारी करने की शिकरिश की गई। इसी क्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी सदानंद चौधरी द्वारा तरबगंज तहसील के बेलसर ब्लाक में शुभम ट्रेडर्स के लाइसेंस को निलंबित करने की संस्तुति की गई तथा जिला कृषि अधिकारी द्वारा परसपुर ब्लॉक के फतेहपुर में पांडे खाद भंडार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी के द्वारा बताया गया कि किसानों को उचित रेट पर उर्वरक उपलब्ध हो सके एवं गुणवत्ता युक्त उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु लगातार छापे की कार्रवाई की जाती रहेगी ।

## क्विक न्यूज

### ट्रक की टक्कर से दो घायल, एक रेफर

**डलमऊ रायबरेली।** सड़क पर यातायात नियमों की अनदेखी कर तेज रफ्तार ट्रक ने निजी साधन से आ रहे दो राहगीरों को जोरदार टक्कर मार दी मामला गदागंज थाना क्षेत्र के तारापुर चंदेसै निवासी बाइक सवार भाई-बहन को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए मिली जानकारी के अनुसार गदागंज थाना क्षेत्र के तारापुर चंदेसै निवासी अरुण कुमार उम्र लगभग 18 वर्ष रेशमा पुत्री बृजलाल उम्र लगभग 17 वर्ष किसी कार्य से डलमऊ की तरफ आ रहे थे तभी गोविंदपुर माधव जंगल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर अरुण कुमार की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

### बीडीओ ने जांचा सीएचसी का उपस्थिति रजिस्टर

**खीरों, रायबरेली।** बीडीओ ने सीएचसी खीरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच किया। बीडीयो द्वारा किसी सीएचसी के निरीक्षण पर आने का यह पहला मामला था। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। विभागीय सूत्रों की मानें तो बीडीओ इसके लिए अधिकृत ही नहीं हैं। इस बारे में पूछने पर बीडीओ के के सिंह ने बताया कि वे सीडीओ के निर्देश पर सीएचसी में तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लेने पहुंचे थे। जिसके लिए उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। जिसमें तीन लोग अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के बारे में सीडीओ को सूचित किया गया है। मामले की जानकारी के लिए सीएमओ डॉ बीरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने मीटिंग में होने की बात कही।

### अवैध रूप से चल रहा मेडिकल स्टोर सील

**लालगंज,रायबरेली।** अवैध रूप से मेडिकल स्टोर चला रहे युवक को चिकित्सा टीम ने पकड़ा। वह बिना लाइसेंस के लगभग छह माह से मेडिकल स्टोर चला रहा था। मनोज कुमार सहायक आयुक्त औषधि मंडल लखनऊ के नेतृत्व में ड्रग इंस्पेक्टर सुनील रावत लखीमपुर खीरी, नवीन कुमार सीतापुर,हरदोई, अजय कुमार संतोषी रायबरेली व उन्नाव की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर पूरे नौरंग मजरे आलमपुर गांव में संचालित तनु मेडिकल स्टोर में छापा मारा। जहां मेडिकल स्टोर संचालक मनोज अवस्थी पुत्र सूर्य प्रसाद अवस्थी निवासी तौधकपुर मेडिकल स्टोर चलाने सम्बन्धी अभिलेख नहीं दिखा सका। लाइसेंस न मिलने पर टीम ने दुकान में रखी लगभग 50 हजार रूपये कीमत की दवाएं जब्त करते हुए दुकान सील कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि मामले का परिवाद न्यायालय में दाखिल किया जाएगा। चार संदिग्ध औषधियों के नमूने लेकर राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जा रहा है। नमूने फेल होने पर इस मामले में भी आवश्यक कार्रवाही की जाएगी।

### सफाई कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी रहा जारी

**लालगंज,रायबरेली।** नगर पंचायत लालगंज का विवाद अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है।तीसरे दिन भी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहे जिससे नगर में गंदगी बढ़ती जा रही है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को करंट से झुलसे संविदा सफाई कर्मचारी की मौत हो गई थी। उसके परिजन को संविदा नौकरी की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया था। उसी दौरान अरविंद पुत्र राजेंद्र ने नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता को थप्पड़ मार दिया था। अरविंद द्वारा उसे उकसाने के लिए पूर्व सभासद राजेश गब्बर का नाम लेने पर अध्यक्ष समर्थकों ने राजेश की जमकर पिटाई कर दी थी। उसके बाद से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। तीन दिनों से नगर में झाड़ू न लगने से नगर के मुख्य मार्गों समेत गलियों तक में कूड़े का अम्बार लगा हुआ है। गुरूवार को इसी गंदगी के चलते व्यापारियों ने दुकाने नहीं खोली थी वहीं शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी होने के चलते दुकाने नही खुली। सफाई कर्मचारी शुक्रवार को भी हड़ताल पर रहे। उनकी मांग की है कि जबतक राजेश की पिटाई करने वालों को पकड़ा नही जाता वह हड़ताल समाप्त नही करेंगे।

### दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज

**लालगंज,रायबरेली।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के रनमउ निवासिनी युवती ने 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में तैनात एक पीएसी सिपाही पर शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इसी मामले में पुलिस ने मनमनोहन यादव निवासी कंधई जिला प्रतापगढ़ के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पीआरडी जवान की मौत

**लालगंज,रायबरेली।** पीआरडी जवान की अचानक हुई मौत से परिजनो में हाहाकार है। जगतपुर कोटहा गांव निवासी शिवपल्टन पुत्र स्व. रामऔतार रैदास डलमऊ थाना में पीआरडी जवान है। वह शुक्रवार को साईकिल से ड्यूटी जा रहा था तभी रौंसी गांव के निकट गिरने से उसकी मौत हो गई। पास पड़ोस के लोगो ने उसे सड़क किनारे पड़े देखा तो परिजनों को सूचना दी। उसकी मौत पर पत्नी उर्मिला आदि का रो-रो कर बुरा हाल है। वह दो पुत्र संतोष, करन तथा दो पुत्रियों रीना व बीना का पिता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### करंट से युवक की मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव पूरे रानी मजरे पट्टीरहसकैथवल निवासी जितेन्द्र कुमार 20वर्ष पुत्र आशाराम सटरिंग का कार्य करते दौरान करंट की चपेट मे आ जाने से उनकी मौत हो गई।जिनके मौत के बाद परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि जानकारी नही है जांच करने के बाद ही हम कुछ बता पाऊंगा।

### 31 तक जमा होंगे आवेदन

**सुलतानपुर।** पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रमाशंकर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजनान्तर्गत प्रदेश में कृत्रिम गर्भाधान आच्छादन बढ़ाने हेतु भारत सरकार द्वारा चिन्हित आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत मैत्री योजना में नवीन मैत्री का चयन किया जाना है। मैत्री के चयन की नियम-शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप आदि का वितरण बेवसाइट पर एवं सम्बन्धित विकास खण्ड स्तरीय पशु चिकित्साधिकारी के पास उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी स्वरोजगार हेतु निर्धारित प्रारूप पर 31 दिसम्बर, 2020 तक अपना आवेदन पत्र अपने विकास खण्ड स्तरीय पशु चिकित्साधिकारी को प्रस्तुत कर सकते है।

### शोक सभा आयोजित

**गोंडा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं देवीपाटन मंडल के कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक सत्यदेव सिंह के निधन पर बेलसर में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह के आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने कहा कि श्री सिंह का जाना समाज ही नहीं पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री सिंह का पूरा जीवन संगठन के लिए समर्पित रहा। वर्तमान में वह भाजपा प्रदेश अनुशासन समिति के सदस्य थे। पूर्व में दो बार गोंडा और बलरामपुर से सांसद भी रहे। पार्टी के वरिष्ठ नेता राज बहादुर सिंह ने कहा कि श्री सिंह के नेतृत्व में जनपद ही नहीं अपितु पूरे मंडल में कार्यकर्ताओं ने उनसे संगठन की रीति नीति समझी है। इस अवसर पर राजकुमार सिंहए देवीदयाल श्रीवास्तवए महेंद्र सिंहए मनीष लिटिलए सुखदेव पासवानए शिवदास साहूए राम तीरथ जयसवालए हरी सोनीए राहुल सिंहए अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** ससुरालीजनों से विवाद होने की वजह से मायके में रह रही एक विवाहिता पुत्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह जानने के लिए पुलिस जांच-पडताल में जुटी है।



घटना हलियापुर थानाक्षेत्र अंतर्गत पूरे गजराज मजरे बिरधौरा गांव का है। सरिता (28) पुत्री धर्मपाल यादव का ससुरालीजनों से काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। प्रकरण में न्यायालय में विचाराधीन है। वर्षों से सरिता अपने पिता के ही घर बिरधौरा में रहती है। शुक्रवार को उसकी मायके में ही संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर फांसी के फंद्दे से लटकता देख परिवारीजन दंग रह गए। इसकी सूचना गांव में फैलते ही बडी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। संदिग्ध मौत की सूचना पर पुलिस भी गांव पहुंची और परिवारीजनों से पूछताछ की। पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक प्रकरण की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## एक किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** बल्दीराय पुलिस ने एक किलो सौ ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। बल्दीराय थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह के निर्देश पर उप निरीक्षक नसीरुद्दीन अपने सहयोगी उप निरीक्षक विकास गौतम, कांस्टेबल महेश कुमार व जय हिंद के साथ थाना क्षेत्र के लखेहटा पुलिया के पास गस्त पर थे। तभी एक संदिग्ध व्यक्ति को देखकर पुलिस ने उसे रुकने को कहा। अचानक पुलिस देख कर वह घबड़ा गया। युवक वहां से भागना चाहा किंतु पुलिस ने सूझबूझ से घेरकर उसे दबोच लिया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली। उसके पास से एक किलो सौ ग्राम अवैध गांजा निकला। पुलिस को उसने अपना नाम शिवपूजन सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी हैधना खुर्द थाना बल्दीराय बताया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त को पुलिस कई दिनों से तलाश कर रही थी। इसके एक साथी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी हैं। पकड़े गए अभियुक्त शिवपूजन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

# सतर्कता, सद्भावना और सहकार के साथ आगे बढ़ रही एनटीपीसी

**ऊंचाहार रायबरेली।** सम्पूर्ण विश्व कोरोना महामारी से उबर रहा है , ऐसे में एनटीपीसी राष्ट्र के नवनिर्माण में भागीदार बनने की दिशा में सतर्कता , सद्भाव और सहकारों का निर्वहन करते हुए आगे बढ़ रही है । एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एनटीपीसी सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है।




ये विचार शुक्रवार को एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक भोलानाथ मिश्र ने परियोजना के संयंत्र क्षेत्र में आयोजित मीडिया सराहना कार्यक्रम में पत्रकारों से व्यक्त किया । कार्यक्रम में एनटीपीसी के अधिकारियों ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान बहुत कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए एनटीपीसी के हर कर्मचारी ने न सिर्फ विद्युत उत्पादन के मूल दायित्व को निभाया है अपितु सामाजिक सहकार के प्रति पूरी शिद्दत के साथ काम किया है । कोरोना से लडने के लिए एनटीपीसी की पूरी टीम आसपास के क्षेत्रों में जाकर संक्रमण से बचने के लिए लोगों के बीच उपकरण सुलभ कराती रही । गरीबों को खदयान्न सुलभ कराया गया और जिला प्रशासन के साथ मिलकर हर कोरोना योद्धा को सुरक्षा उपकरण देकर उनको प्रोत्साहित किया गया है । इस दौरान एनटीपीसी द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत आसपास के क्षेत्र में स्वास्थ , शिक्षा , सड़क और पानी तथा स्वच्छता कार्यक्रम के लिए उल्लेखनीय कार्य किए गए है । एक प्रश्न के उत्तर में एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि कोरोना संक्रमण के कारण देश के बड़े उद्योगों पर इसका असर पड़ा है , जिसके कारण बिजली की मांग में कमी भी आयी है , इससे एनटीपीसी को आर्थिक क्षति भी हुई है । लेकिन इसके बावजूद हम पूरी क्षमता के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे है और देश की प्रगति में हर तरह से भागीदार बनने के लिए तत्पर है । उन्होंने कहा कि अब धीरे धीरे बिजली की मांग भी बढ़ रही है , जिससे उत्पादन में बढ़ोत्तरी हो रही ये भविष्य के सुखद है । इस दौरान एनटीपीसी में मानव संसाधन विकास विभाग के प्रमुख बंदना चतुर्वेदी , महाप्रबंधक प्रचालन असित दत्ता , प्रबंधक जनसंपर्क विजय कुमार व जनसंपर्क सहायक अज्ञा शरण सिंह भी मौजूद थे ।

## जनपद के सभी विद्युत उपकेन्द्र पर आज व कल विद्युत समाधान शिविर का आयोजन

**श्रावस्ती।** अभियन्ता विद्युत आर0एस0 मौय ने बताया कि जनपद श्रावस्ती के अन्तर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 19 व 20 दिसम्बर को इस खण्ड के अन्तर्गत आने वाले समस्त 33.11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र भिनगा घोलियां लक्ष्मनपुर बाजार भंगहा बाजार उरलेहवा गिलौला इकौना सीताद्वार एवं कटरा पर विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में उपभोक्ताओं के त्रुटिपूर्ण विद्युत बिलों का संशोधन खराब मीटर व नये संयोजन सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण एवं उपभोक्ताओं के बिल जमा कराने का कार्य किया जायेगा। अतः सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है कि समय से कैम्प में पंहुचकर अपने बकाया विद्युत बिल को जमा कर दें तथा जिन विद्युत उपभोक्ताओं के बिल त्रुटिपूर्ण है वह अपने विद्युत बिल को सही करा लें तथा बकाया विद्युत बिल को जमा कर दें जिनके मीटर खराब है वह अपने मीटर बदलवा लें तथा जिन उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर नही लगे हैं वह अपने परिसर पर मीटर स्थापित करा लें।

## फइलेरिया उन्मूलन को लेकर की बैठक

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** तहसील प्रांगण बल्दीराय में तहसीलदार शैलेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी बल्दीराय डॉ.राजेश कुमार ने कहाकि कोविड-19,बाल स्वास्थ्य पोषण के साथ फाइलेरिया उन्मूलन के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। जिसमे स्वास्थ्य विभाग के साथ राजस्व विभाग के कर्मचारियों की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी। तहसीलदार शैलेंद्र चौधरी ने सभी से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की। बैठक में शिक्षा विभाग,आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# चोरों ने दुकानों से उड़ाया लाखों का माल

● घटनास्थल से महज 200 मीटर है पुलिस चौकी की दूरी

**जयसिंहपुर सुल्तानपुर।** हाडकंपाऊ ठंड में अपनी जेबे गरम करते हुए शातिर चोर पुलिस को पसीने बहाने पर मजबूर कर दिए हैं। खुली चुनौती देते हुए गुरूवार की रात बरौंसा बाजार में दो दुकानों में सेंध काटकर करीब पांच लाख रूपये कीमती सामानों पर हाथ साफ दिया। लाखों की हुई चोरी से बाजारवासियों एवं दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। पुलिस बदमाशों का सुराग तक नहीं लगा सकी है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौंसा चौराहा के बेलहरी रोड स्थित पवन आभूषण केंद्र व आदर्श मोबाईल सेंटर की है। गुरूवार की रात को दोनों दुकानों में पीछे से सेंधमारी करके चोरों ने दमोदरपुर गांव निवासी पवन कुमार सोनी की आभूषण की दुकान से नगदी समेत चार लाख की कीमत के गहने व शाहपुर नानेमऊ गांव निवासी राम शर्मा के मोबाईल की दुकान से दस हजार नगदी व करीब डेढ़ लाख की कीमत के मोबाईल व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया है। पीड़ितों ने चोरी की तहरीर स्थानीय पुलिस को दी है। घटना की सूचना पर पहुंचे सीओ जयसिंहपुर ने घटना का निरीक्षण कर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। घटना को लेकर व्यापारियों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। बरौंसा में बीती रात को करीब 5 लाख की हुई चोरी को लेकर व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। बताते चले कि जून 2018 नन्द हीरो एजेंसी पर हुई करीब साढ़े तीन लाख व जुलाई 2018 मुकुंद सर्राफ की दुकान से करीब 10 लाख चोरी का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है। अब आभूषण व मोबाईल की दुकान में हुई चोरी की इस बड़ी वारदात ने व्यापारियों की नीद उड़ा दी है। जबकि चोरी स्थल व पुलिस चौकी की दूरी करीब दो सौ मीटर ही है।



### हजारों की लूट

अखंडनगर थानाक्षेत्र के जगदीशपुर गांव में स्थित इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी पर शुक्रवार को नकाबपोश बदमाशों ने कर्मियों को बंधक बनाकर दिनदहाडे करीब 70 रूपये की नकदी लूट ली। वारदात को अंजाम देकर बदमाश असलहा लहराते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष संजय सिंह ने जांच-पडताल की। दिनदहाड़े हुई लूट से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

# इनामिया बदमाश ने की थी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूट, लुटेरे ने कबूला जुर्म

**सुलतानपुर।** करौंदीकला थानाक्षेत्र में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से हुए लूटकांड मामले का पुलिस ने अनावरण कर दिया है। गिरफ्तार किए गए ईनामिया बदमाश ने अपना जुर्म कुबूल करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिए जाने की बात स्वीकार की है। बतातें चलें कि गत 11 नवंबर को अखंडनगर थानाक्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल कटघर पूरे चौहान गांव के पास अज्ञात बदमाशों ने एक फाइनेंस कंपनी के एरिया मैनेजर लूटपाट की थी। प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। शुक्रवार को सीओ कादीपुर के निर्देश पर स्वाट टीम के साथ प्रभारी निरीक्षक करौदीकलां पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर निकले थे। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने हरीपुर लालता प्रसाद पब्लिक स्कूल पास दविश दी तो एक संदिग्ध भागने लगा। जिसे पुलिस ने दौडाकर दबोच लिया। पकडे गए व्यक्ति की शिनाख्त मोनू अंसारी उर्फ रासिद पुत्र अफताब अंसारी निवासी पटैंला थाना खुटहन जनपद जौनपुर के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि 11 नवंबर को गायत्री नगर दसगर पारा तथा सोनाटा फाइनेस कंपनी के एरिया मैनेजर के साथ हुई लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त पर 25 हजार रूपये का इनाम भी घोषित था। उसके पास से तमंचा, कारतूस व लूटे गए कुछ रूपये भी बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर, उ0नि0 दिलीप श्रीवास्तव, अनुराग सिंह सर्विलांस टीम, समरजीत सरोज, पवन, घनश्याम शामिल थे।

# कोतवाल लाइन हाजिर

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज कोतवाली में लगभग दो वर्षों में 7 कोतवाल बदले जा चुके हैं। दो वर्ष पहले करनैलगंज कोतवाली में तैनात रहे कोतवाल वेद प्रकाश श्रीवास्तव के बाद लगातार कोतवाल की सीट डगमगाती ही रही। वेद प्रकाश श्रीवास्तव दो वर्ष पहले हटाए गए। वे करीब डेढ़ वर्ष से अधिक समय तक यहां तैनात रहे। उसके बाद अशोक कुमार सिंह को यहां का कोतवाल बनाया गया। जो फरवरी 2019 तक रहेए उसके बाद राजेश कुमार सिंह को कमान सौंपी गई। वह दिसंबर 19 तक रहे। उनके हटने के बाद केके राणा को तैनाती मिली। जो मात्र 4 महीने का कार्यकाल पूरा किए। केके राणा के हटने के बाद अपराध निरीक्षक रहे सुधीर कुमार सिंह ने एक माह कोतवाली का चार्ज देखा। उसके बाद मई महीने में राजनाथ सिंह को करनैलगंज कोतवाली की कमान सौंपी गई थी। जिन्हें पुलिस अधीक्षक ने रिश्वत का ऑडियो वायरल होने पर निलंबित कर दिया। लगातार दो वर्ष से अस्थिरता के चलते यहां तैनात होने वाले प्रभारी निरीक्षकों की कुर्सी ड़गमगाती ही रही है। पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने कोतवाल राजनाथ सिंह को निलंबित करने के एक माह बाद मनीष कुमार जाट को करनैलगंज थाने की कमान सौंपी थी। कोतवाल मनीष कुमार जाट की कार्य शैली को देखते हुए लोगों का मानना था की अब ये कुर्सी इतनी जल्दी नही डगमगयायेगी। मगर ऐसा नही हुआ और लगभग तीन माह में ही कोतवाल मनीष जाट को पुलिस अधीक्षक ने बुधवार की रात्रि लाइन हाजिर कर दिया। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि कोतवाल द्वारा विवेचना के दौरान एक गांजा तस्कर का नाम निकालने तथा एक जमीन पर हुए कब्जे को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा ये कार्रवाई की गई है। हालांकि अब इस कोतवाली में एक अदद नए कोतवाल की तलाश है वहीं यहां के माहौल को देखकर कोई भी इंस्पेक्टर इस कोतवाली में पोस्टिंग लेने से कतराने लगा है।

## थाना सोनवा का अपर पुलिस अधीक्षक ने की अपराध समीक्षा

**श्रावस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0दूबे ने थाना सोनवा का निरीक्षण कर थाने पर तैनात विवेचको के साथ मीटिंग कर लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान 23 विवेचनाएं लम्बित पाई गई लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण करने के साथ.साथ वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सोनवा सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया।

थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से वार्तालाप की तथा सभी को बताया कि थाने पर जो भी आगंतुक महिलाएं शिकायत लेकर आए उनकी समस्या को सरलता पूर्वक सुना जाए तथा तथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सहित संबंधित को अवगत कराया जाए तथा अपने का दायित्वो का अच्छी तरह से निर्वहन करें। तत्पश्चात थाना परिसर आगन्तुक कक्ष हवालात बैरक मालखाना भोजनालय थाना कार्यालय में रजिस्टरों को चेक किया गया। शस्त्रों व रजिस्टरों के रखरखाव व परिसर की साफसफाई हेतु प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

# अब तक चुप बैठी कांग्रेस भी हितैषी बनने को आई आगे

**रायबरेली।** रात को सोए सुबह की नींद खुलने के साथ ही दुकानों के जमींदोज होने से सैकड़ों दुकानदार भले ही बेरोजगार हो गए हों पर जिले की सांसद सोनिया गांधी की नींद अभी तक नहीं टूटी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी का सिविल लाइंस स्थित कमला नेहरू एजुकेशनल सोसाइटी की भूमि के ताजा मामले में अभी तक कोई अधिकृत बयान नहीं आया। ऐसे में सांसद सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी को जिले के लोगों का हितैषी कहना बेमानी होगा।



जिले का ज्वलंत मुद्दा बन चुका कमला नेहरू ट्रस्ट की जमीन पर राजनीतिक रोटियां सेकने का सिलसिला शुरू हो गया जहां कद्दावर लोग कार्यवाही के दिन सामने आने से बचते रहे वही अब खानापूर्ती का कोरम भरते नजर आ रहे हैं कांग्रेस अपने गढ़ रायबरेली में गरीबों की अवाज व अधिकार दिलाने का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी की जिला कमेटी की नींद घटना के दो दिन बीत जाने के बाद टूटी जब गरीबों के व्यवसाय उजड़ चुके,रोजी रोटी छीन ली गई आपदाओं को भी अवसर में बदलने की कला राजनीति का एक अहम हथियार होता है जिसे चलाने की कला से परिपूर्ण होना भी जरूरी होता है इसी कड़ी में कांग्रेस की जिला इकाई मैं शामिल ढाई दर्जन पदाधिकारी मैं से महज दर्जनभर पदाधिकारी अपनी राजनीति की डूबती नाव को बचाने के लिए गरीब दुकानदारों के पक्ष मे अवाज उठाने के स्थान पर उनके लिए पुनर्वास की मांग करने लगे जबकि छोटे व्यवसायियों के अधिकारों पर जब बुलडोजर चल रहा था तब सभी अपने आरामगाह में आराम कर रहे थे वही जिला प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर गरीब दुकानदारों,खोखा व कारीगरों दिहाड़ी मजदूरों को एक झटके में रातों-रात उठाकर बाहर फेंक दिया तब भी कांग्रेस की जिला इकाई के कार्यकर्ताओं को विरोध करने की याद नहीं आई।

# मानक की अनदेखी कर कराया जा रहा है सार्वजनिक शौचालय का निर्माण

**श्रावस्ती।** गिलौला विकासखंड गिलौला अंतर्गत ग्राम सभा चंद्रावा मे ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्य मे भारी अनियमितता बरती जा रही है मानक को दरकिनार कर घटिया सामग्री का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। इसके निर्माण में प्रयोग की गई ईट मानक के विपरीत है। दिवालो की जोड़ने तथा प्लास्टर में मोरंग की मात्रा को ध्यान में न रखकर नदी की रेत का प्रयोग किया जा रहा है। इस तरह ग्राम प्रधान तथा सचिव द्वारा गुडवत्ता विहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में प्रधानों के कार्यकाल 25 दिसम्बर को समाप्त होने वाले है इसके बाद प्रशासक के देख रख में पंचायते संचालित होंगी जिसके चलते जल्दबाजी में प्रधानों द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरतकर अपनी जेबें भरी जा रही है। जिले के जिम्मेदारो द्वारा इस तरह का कार्य कराने वाली पंचायतों पर सख्त कार्यवाही न करने के कारण प्रधान व सचिव बेधड़क मनको को दर किनार कर घटिया निर्माण कार्य करा रहे है।



## सिंचाई बंधु बैठक में अधिकारियों ने गिनाई अपनी उपलब्धियां

**ललितपुर।** जिला पंचायत सभागार में सिंचाई बन्धु उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त नहरों के टेल तक पानी पहुंचा दिया गया है। जल निगम के अधिशासी अभियन्ता प्रवीण कुट्टी द्वारा जल निगम द्वारा संचालित परियोजनाओं से सदन को अवगत कराया गया उपनिदेशक कृषि ललितपुर सन्तोष कुमार सविता द्वारा वर्ष 2018 एवं 2019 खरीफ फसल में किसानों को बीमा का लाभ ना मिल पाने के सम्बन्ध में सदन को अवगत कराया।

मुख्य विकास अधिकारीए द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा मनरेगा नहरों की सफाई करायी गयीए जिससे नहरों से शीघ्र ही टेल तक पानी पहुंचा कर सिंचाई करायी गयी।

## अपेक्षित प्रगति ना होने पर अधीक्षण अभियन्ता से मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता। मीरजापुर

### मण्डलायुक्त ने धान खरीद व अमृत योजना के प्रगति की ली जानकारी

**आयुक्त** विन्ध्याचल मण्डल प्रीति शुक्ला ने मण्डल के तीनों जिलों में हो रही धान खरीद एवं मीरजापुर में अमृत योजना के प्रगति की अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल भी उपस्थित रहे। बैठक में आरएमओ विन्ध्याचल मण्डल ने जानकारी देते हुये बताया कि मण्डल में धान की खरीद अब तक लक्ष्य के सापेक्ष 25 प्रतिशत खरीद की गयी है। जिलाधिकारी मीरजापुर ने बताया कि जनपद मीरजापुर में आज तक की खरीद की प्रगति 16.28 प्रतिशत है। छोटे किसानों के धान खरीद के लिये क्षेत्रीय लेखपालों को लगाया गया है जो लघु किसानों को प्रोत्साहित करते हुये उन्हें क्रय केन्द्र लाएंगें तथा उनके धान की तौल करायेगें। बैठक में बताया कि यूपी एग्रो, नेफेड व एनसीसीएफ के भुगतान की प्रगति कम है जिसे मण्डलायुक्त द्वारा तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि धनराशि उपलब्ध न हो तो तत्काल अपने.अपने मुख्यालय से धनराशि की मांग करें। आयुक्त ने कहा कि कहीं भी किसानों के धान की खरीद में कोई दिक्कत नहीं आयेए यदि कहीं किसी प्रकार की गडबडी पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी क्रय एतेसिया अपन–अपने लक्ष्य को पूरा करें ताकि शासन द्वारा दिये गये लक्ष्य को समय रहते पूरा किया जा सके। मण्डलायुक्त द्वारा अमृत योजना के प्रगति की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियन्ता जल निगम के द्वारा सही जानकारी न पाने तथा अपेक्षित प्रगति न आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि सड़कों व गलियों में बिछाये जाने पाइप डालने के बाद सड़कों की मरम्मत भी सम्बन्धित एजेंसी के द्वारा की जायेगी। अमृत योजना के तहत कराये जा रहे टांडाफाल की सौंदर्यीकरण, शास्त्री ब्रिज के पास निर्माणाधीन आवर हेड टेंक आदि के काम प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार योजनान्तर्गत पार्कों की सुन्दरीकरण सहित अन्य सभी बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी तथा कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

### डीएम ने किया कई विभागों का औचक निरीक्षण

**ललितपुर।** जिलाधिकारी ए. दिनेशकुमार ने चकबन्दी विभाग के अन्तर्गत कार्यालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, सहायक चकबन्दी अधिकारी अन्तिम अभिलेख प्रथम कार्यालय चकबन्दी अधिकारी का आकस्मिक निरीक्षण किया। मौके पर समस्त कार्यालयों की उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया गयाए जिसमें कार्यालय बन्दोबस्त राजकमल यादव उपस्थित पाये गये। उपस्थिति पंजिका में कुल सात कर्मचारियों का विवरण अंकित है। जिसमें छह कर्मचारी उपस्थित पाये गये तथा चकबन्दी लेखपाल को गत सात दिसंबर से कार्यमुक्त होना दर्शाया गया। कार्यालय में दस्तावेजों का रख–रखाव एवं साफसफाई संतोषजनक नहीं पायी गयी। न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी इस न्यायालय में कुल चार कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमें चपरासी विशम्भर ही उपस्थित पाये गये।

## आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए जरूरी है बचतः प्रबंधक

संवाददाता। संतकबीरनगर




**शुक्रवार** को ब्लॉक सभागार में भारतीय स्टेट बैंक एवं नाबार्ड की संयुक्त योजना के तहत आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रयास ग्राम स्तरीय कार्यक्रम (एसएचजी एवं जेएलजी) के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को गोरखपुर से आये एसबीआई के मुख्य प्रबंधक अरूण कुमार वर्मा व चन्द्रकांत सिंह ने बैंकिंग सुविधा से वंचित गरीब जनता के समूहों को बचत खाता खोलकर आमदनी में बचत करने सामाजिक और आर्थिक समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं के सशक्तिकरण का माध्यम बन गए हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में यह महिलाओं को सशक्त और आर्थिक रूप से सुमृद्ध बनाने के लिए एक कारगार माध्यम है। उन्होंने कहा कि इसी तर्ज पर भारतीय स्टेट बैंक एवं नाबार्ड की संयुक्त योजना हमें आत्मनिर्भर बनाने की सीख दे रही है। उन्होंने कहा कि एसबीआई का मुख्य उद्देश्य हैं कि कैसे लोगो की आर्थिक उन्नति हो जिसके लिए ग्रामीण इलाकों में रहने वाली महिलाओं को आगे आकर नियमित रूप से आमदनी में थोड़ी–थोड़ी बचत करना बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि अपने सुंदर भविष्य के लिए आप अभी से अपनी आमदनी से थोड़ी–थोड़ी बचत करना शुरू कर दे जो आपके अग्रिम भविष्य के लिए लाभदायक होगा। इस मौके पर उप प्रबंधक शक्ति रंजन, बाघनगर शाखा प्रबंधक कमलवीर सिंह, पर्वती देवी, रंजू, आरती, जानकी, संगिता, मनीषा आदि समूह की महिलाएं मौजूद रही।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सभी किसानों के लिए हुई स्वैच्छिकः डीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जनपद के समस्त क्रेडिट कार्ड धारक किसानो को उनके हित में सूचना विभाग के माध्यम से बताया है कि जनपद में संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को सभी किसानों के लिए, स्वैच्छिक कर दिया गया है। अधिसूचित फसल के उत्पादक सभी किसान भाईयों के लिए योजना स्वैच्छिक होगी।

ऋणी कृषकों को अपने बैंक शाखा स्तर पर बीमा कराने की अंतिम तिथि अर्थात खरीफमें 31 दिसम्बर के सात दिन पूर्व तक अर्थात अधिकतम 24 दिसम्बर तक योजनान्तर्गत प्रतिभागिता नहीं करने के संबंध में अपनी सहमति प्रदान करने का प्राविधान रखा गया हैं यदि किसान भाई द्वारा जिस बैंक शाखा से फसली ऋण लिया गया है, उस बैंक शाखा को लिखित में अवगत करा देते है तो उनके केसीसी में प्रीमियम की कटोती



नही होगी एवं वह योजना में सम्मिलित नही होगें। उन्होने बताया कि किसान भाई लिखित में सूचित नही करते है तो उनके केसीसी से फसल बीमा की प्रीमियम कटौती की जाएगी। साथ ही जो किसान भाई अपने बैंक शाखा नही जा सकते है तो वह अपना हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र ई–मेल/मोबाइल से स्कैन करके भी सम्बंधित बैंक शाखा को भेज सकते है।

### तहसील अधिवक्ता समिति के चुनाव का कार्यक्रम घोषित

घोरावल (**सोनभद्र**)। घोरावल तहसील के आगामी चुनाव को लेकर शुक्रवार को एल्डर कमेटी की बैठक चेयरमैन आदित्या मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई चुनाव सम्पन्न कराने हेतु चुनाव अधिकारी के पद पर अधिवक्ता राम अनुज धर द्विवेदी को नियुक्त किया गया। एल्डर कमेटी के सदस्य हरि प्रकाश वर्मा व राम किंकर पाठक ने बताया कि कोरोना संकट को देखते हुए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार कि गाइडलाईन को देखते हुए पूर्ण सावधानी पूर्वक चुनाव सम्पन्न होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी ने चुनाव तिथियों की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन व आपत्ति उसी दिन के दो बजे के बाद 12 बजे तक तथा उसी दिन आपत्ति का निस्तारण तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

## हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए फेंकी थी लाश

### अज्ञात में दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता। बस्ती

**लालगंज** थाना क्षेत्र के सुकरौली गौरा में मिली 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को वहां छिपाया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद मामले में अज्ञात के विरूद्ध हत्या कर साक्ष्य मिटाने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। बता दें कि बीते छह नवम्बर को सुकरौली गौरा में लगभग 35 वर्षीय एक व्यक्ति की लाश बरामद हुई थी। सूचना बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पिनाख्ती का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद लालगंज थाना क्षेत्र के अकेला कुबेरपुर निवासी वीरेंद्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही है।

## जिलाधिकारी ने किया मड़िहान धान क्रय केंद्र का निरीक्षण

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल ने मड़िहान तहसील में खाद विभाग द्वारा सीमित धान क्रय केन्द्र मड़िहान प्रथम, द्वितीय तथा जमुर्द धान क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। मड़िहान प्रथम पर केन्द्र प्रभारी अनुपस्थित पाये जब कि मड़िहान द्वितीय पर के केन्द्र प्रभारी के कौशल किशोर के द्वारा दोनो केन्द्रों का निरीक्षण कराया गया। मड़िहान केन्द्र प्रथम पर किसानों द्वारा धान का तौल कराया जा रहा था। मड़िहान द्वितीय पर केन्द्र प्रभारी कौशल किशोर ने बताया कि इस समय केन्द्र पर 15 किसानों से 648 कुन्तल धान की खरीद की गयी है। किसान व धान का आवक कम देखते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को प्रोत्साहित कर केन्द्र लाये तथा लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायें। निरीक्षण के कम जमुद धान केन्द्र पर केन्द्र प्रभारी नागेन्द्र सिंह उपिस्थित मिलेए धान की छनाई व तौल कराया जा रहा था मौके पर उपस्थित किसान पंकज शुक्ला के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा 44 कुन्तल धान लाया गया था परन्तु बताया गया कि लेखपाल द्वारा सत्यापन नहीं किया गया है वापस कर दिया गयाए इसी प्रकार मनोज शुक्ला ने बताया कि 40 कुन्तल धान का तौल सत्यापन के बिना नहीं कराया जा सका है। जिलाधिकारी द्वारा लेखपाल के उपस्थित होने की जानकारी पर बताया गया कि लेखपाल उपस्थित नहीं थे। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि अब तक लेखपाल द्वारा मात्र चार किसानों का लाया गया है प्रतिदिन नहीं आते। जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मड़िहान को निर्देशित किया कि सभी केन्द्रों पर लेखपालों का होना तथा छोटे किसानों को प्रोत्साहित कर उनके धान का तौल कराने के लिये केन्द्र पर ले आएं। डीएम ने कहा कि दुबारा कहीं भी लेखपाल के नहीं आने की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि किसानों के धान खरीद में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जोयगी जमुर्द केन्द्र के केन्द्र प्रभारी ने बताया कि कुल छह किसान अपना धान लेकर आये हैं जिनमें से तीन का तौल कराया लिया गया है शेष का तौल शाम तक करा लिया जोयगा।

**औद्योगिक क्षेत्र के लिए किया भूमि का निरीक्षणः** जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल व अपर जिलाधिकारी यूपी सिंह ने उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ मड़िहान तहसील के गोपलापुर गांव में औद्योगिक एरिया के लिये भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लगभग 225 बीघा जमीन का एरिया उपजिलाधिकारी मड़िहान के द्वारा बताया गया। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि जमीन को अपने विभाग उच्चाधिकारियों से भी निरीक्षण कराकर आख्या दें।

## खुटहा ग्राम चौकी क्षेत्र ड्रमंडगंज में हुई चोरी की वारदात

ड्रमंडगंज (**मीरजापुर**)। चौकी क्षेत्र ड्रमंडगंज में गत 16 और 17 की रात में ग्राम पंचायत खुटहा में बसंत धरकार पुत्र फिरारी के घर में चोरों द्वारा ताला तोड़कर के नगदी के साथ गाहनों की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित को घटना की जानकारी सुबह उठने पर पता चला। गेट का ताला टूटा था। घर के बगल सिवान में 50 मीटर दूरी पर नाले में बक्सा मिला। जिस का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। घटना की सूचना तत्काल चौकी क्षेत्र ड्रमण्डगंज प्रभारी को दी गई। प्रभारी योगेंद्र पांडे ने मौके का मुआयना किया, लेकिन कोई निर्णय पर नहीं पहुंच पाए। पीड़ित बसंत ने बताया कि चौकी इंचार्ज दोपहर में आकर तहरीर लेने की बात बोले थे लेकिन शाम तक उनके पास नहीं पहुंच पाए, जिसके कारण प्रार्थनापत्र नहीं दे पाया। इस संबंध में चौकी इंचार्ज से जब बात करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा फोन नहीं रिसीव किया गया।

## एनसीएल की किसान गंगा से निकली स्वरोजगार की धारा

संवाददाता। सोनभद्र

**भारत** सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सामाजिक निगमित दायित्व के तहत स्थानीय किसानों के कौशल विकास एवं आय में बढ़ोत्तरी के लिए लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है।

इसके तहत एनसीएल आईआईटी बीएचयू इंक्यूबेशन सेंटर के सहयोग से आस पास के क्षेत्र में किसानों को जैविक खेती खाद्य प्रसंस्करण स्थानीय उपज के मूल्यवर्धन व तैयार उत्पाद को सही स्थान पर बेचने जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है एनसीएल आईआईटी बीएचयू के सहयोग से सिंगरौली जिले के बिरकुनिया गांव के किसानों को जैविक कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण पर एक माह का प्रशिक्षण दिया गया यह प्रशिक्षण गत 10 नवंबर से प्रारम्भ हुआ था जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया इस दौरान क्षेत्रीय महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर खाद्य प्रसंस्करण अचार मुरब्बा जैम जेली सॉस चिप्स पापड़ इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण लिया एक माह के प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने जैविक विधि से सब्जियों की खेती और प्रसंस्करण जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक बनाना तथा जैविक विधि से खर पतवार एवं कीट प्रबंधन के गुर सीखे।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को रासायनिक उर्वरकों के बिना जैविक विधि से सब्जी उगाना, सुरक्षात्मक वनस्पति नर्सरी संयंत्र का विकास एकीकृत मॉडल के साथ लाभदायक मौसमी सब्जी उगाना सब्जी उगाने में आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग सब्जियों का संरक्षण उत्पाद की पैकेजिंग लेवलिंग ब्रांडिंग व मार्केटिंग तथा स्थानीय उपज के मूल्यवर्धन के गुर सिखाये गए

## ज्योत्सना महिला समिति ने संस्कार केन्द्रों में बांटे स्वेटर

संवाददाता। सोनभद्र

**नॉदर्न** कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल के मुख्यालय की ज्योत्सना महिला समिति की अध्यक्षा संगीता सिन्हा, उपाध्यक्षा डा. सुनीता कुमारी, सुचंद्रा सिन्हा एवं लक्ष्मी दुबे के मार्गदर्शन में सीईटीआई जगमोरवा तथा कोलन बस्ती स्थित संस्कार केन्द्रों में स्वेटर वितरित किए गए। यह वितरण बढ़ती हुई ठंड को ध्यान में रखते हुए किया गया इसके तहत कुल 97 बच्चे लाभान्वित हुए ज्योत्सना महिला समिति पूर्व में भी संस्कार केन्द्रों में बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अनेक कार्य करती रहती है इस अवसर पर सभी बच्चों को ठण्ड से बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया तथा कोरोना से बचाव हेतु मास्क लगाने बार बार हाथ धोने तथा दूरी का पालन करने की सलाह दी गयी।

## देश व समाज के विकास के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करेंः डीएम

संवाददाता। बस्ती

**अल्पसंख्यक** अधिकार दिवस पर पुलिस लाइन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएम आशुतोष निरंजन ने कहा कि भारतीय संविधान द्वारा प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार दिया गया है। हमें इन अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए ताकि समाज एवं देश का विकास हो सके। सभी अल्पसंख्यको से अपील किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें तथा आर्थिक रूप से सबल बनें। इसके लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है। बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति एंव शुल्क प्रतिपूर्ति की व्यवस्था है। शादी अनुदान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना भी संचालित है। आश्वस्त किया कि जिले को उप्र अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम का लाभ दिलाने के लिए शासन को संस्तुति भेजी जाएगी। मदरसों के शिक्षको के लिए मानदेय की व्यवस्था शीघ्र कराई जाएगी। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि दो माह का मानदेय एक सप्ताह के अन्दर उनके खातो में भिजवाएं। एसपी हेमराज मीणा,डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी पूजा पाल, सरदार जगवीर सिंह, जगदीश प्रसाद शुक्ला, अब्दुल रहीम, मास्टर हारून, मास्टर सिकन्दर, मेहदी हसन, प्रिंसिपल जमदा शाही, शादाब बस्तवी व अन्य ने विचार व्यक्त किए।

## कलस्टर में ऋण अनुदान के लिए करें आवेदन

**सोनभद्र।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत राज्य सरकार द्वारा संचालित स्फूर्ति कलस्टर योजनान्तर्गत विभिन्न उद्योगों के कारीगरों शिल्पकारों को कलस्टर में ऋण अनुदान दिये जाने की योजना है, जो पंजीकृत समिति समाज सेवी संस्था के माध्यम से किया जाना है। उन्होंने बताया कि समिति संस्था कम से कम तीन वर्ष पुरानी हो, जिसके पास तीन वर्ष का आडिटेड बैलेन्स सीट एवं आईटीआर हो।

संस्था के पास कार्यशाला हेतु अपनी स्वयं की भूमि हो। संस्था समिति के पास कम से कम 100 की संख्या में आर्टीजन उद्यमी, कारीगर अथवा शिल्पकार जुड़े हो। संस्था समिति ऋण अनुदान का 10 प्रतिशत अपना स्वयं का अंशदान लगाने में सक्षम हों। संस्था समिति को एक करोड़ तक का ऋण अनुदान दिए जाने का प्राविधान है।

## सीएचसी सेमरियावा का सीएमओ ने किया निरीक्षण



संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

**आगामी** 21 दिसम्बर को जनपद के नोडल अधिकारी के सेमरियावां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण को देखते हुए सीएमओ डा. हरगोविन्द सिंह ने वरिष्ठ चिकित्सा डा. आलोक सिन्हा के साथ सीएचसी सेमरियावा पहुंचकर निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। जनपद के नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव अनिल कुमार के आगामी 21 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां का निरीक्षण होना है। सीएमओ ने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, मरहम-पट्टी कक्ष, इमरजेंसी वार्ड आदि का निरीक्षण कर सफाई के लिए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर अधीक्षक डा. जगदीश पटेल, बीपीएम राजेश कुमार पाण्डेय, आईओ कौसर खान, डा. इश्तियाक अहमद आदि मौजूद रहे।

## एडीजी से मिला पत्रकारों का प्रतिनिधि मण्डल

संवाददाता। बस्ती

**पत्रकार** को फर्जी मुकदमें में फंसाने के विरोध में पत्रकारों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने एडीजी दावा शेरपा से मुलाकात की। प्रकरण से अवगत कराते हुए मामले की गैर जनपद के उच्चाधिकारी से जांच करवाने की मांग किया। फर्जी मुकदमें से पीड़ित पत्रकार अशोक श्रीवास्तव ने एडीजी को पूरे मामले से अवगत कराया। कहा कि थाने में दलित महिला संग रेप की खबर प्रसारित होने से नाराज पुलिस ने बदले की भावना से प्रेरित होकर थर्ड पार्टी को उकसाकर आईपीसी की धारा 389 के तहत मुकदमा दर्ज करवा दिया। जबकि जिस व्यक्ति की तहरीर पर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया वे उसे जानते पहचानते तक नहीं। एडीजी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कराने का भरोसा दिलाया। कहा कि दोषियों को सजा दिलाना और निर्दोष को बचाना पुलिस का दायित्व है।

## दिव्यांगजन शादी विवाह पुरस्कार अनुदान के लिए करें आवेदन

**सोनभद्र।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सोनभद्र ने समस्त दिव्यांगजनो को सूचित किया है कि निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र लखनऊ द्वारा संचालित योजनाओं में शादी विवाह पुरस्कार अनुदान योजनान्तर्गत जिन दिव्यांगजनो की शादी विवाह विगत वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020–21 में सम्पन्न हुये हों तो दम्पति में पति के दिव्यांग होने की दशा में रू. 15,000 पत्नी के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20,000 व पति-पत्नी दोनो के दिव्यांग होने की दशा में रू0 35,000 का अनुदान पुरस्कार देने की योजना है। ऐसे दिव्यांगजन विभागीय वेबसाइट पर आवेदन करकर हार्डकापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय विकास भवन कमरा नं0–11 में जमाकर लाभ प्राप्त कर सकते है।

### आरोपी का किया गया चालान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस ने भूत प्रेत के चक्कर में गाली गलौज व शांतिभंग करने के आरोप में शुक्रवार को ग्राम सभा महरीकला के निवासी गोवर्धन पुत्र सुखदेव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी का पुलिस ने सी आर पी सी की धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान करके अग्रीम कार्रवाई हेतु सम्बंधित न्यायालय में न्यायाधीश के समक्ष पेश किया।

### परिषदीय विद्यालयों में आज रहेगा अवकाश

**ललितपुर।** जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी राम प्रवेश द्वारा जानकारी दी गई है कि 19.12.2020 को गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस है। इस अवसर पर जनपद के परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जिलाधिकारी की सहमति से स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

## एसपी ने कोतवाली देहात का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली देहात का आकस्मिक निरीक्षण कर कोविड-19 के मद्देनजर साफ-सफाई, बैरकों, भोजनालय व कार्यालय मे सोशल डिस्टेंसिंग के अनुसार उचित दूरी रखी रखने आदि के निर्देश दिए। इसके अलावा एसपी ने थाने पर आने वाले फरियादीगण के साथ अच्छा वर्ताव करने और उनकी समस्याओं सुनकर उनका निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत थाने पर बनाए गये महिला सहायता केन्द्र के कार्यो व अभिलेखों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए। साथ अपराध पर रोकथाम के लिए थाना क्षेत्र में लगातार पैदल गश्त और पैदल पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिये।

## पांच हजार में खरीद ली मोहनाखोर की प्रधानी!

### नकली प्रधान ने खड़ी कर ली आलीशान कोठी

### असली दलित महिला प्रधान को एक कमरा भी नसीब नहीं हुआ

संवाददाता। बस्ती

**सदर** विधायक क्षेत्र का 'मोहनाखोर' गांव प्रदेश का शायद पहला ऐसा जिला होगा, जहां पर प्रधानी की बोली लगाई गई। हर महीने मात्र पांच हजार रुपये में प्रधानी को खरीद ली गई, बोलीदाता और कोई नहीं बल्कि दलित महिला को चुनाव लड़ाने वाला गांव का रमाकांत चौधरी है। खरीद फरोख्त की जानकारी खुद महिला प्रधान जानकी ने दी और इसकी पुष्टि प्रधानी खरीदने वाले की। असली महिला का कहना है कि पांच हजार के एवज में उसे वह हरकाम करना पड़ता है, जो नकली प्रधान कहते हैं।





जब महिला से कहा गया कि जेल तो असली प्रधान को जाना पड़ेगा, नकली प्रधान का तो कुछ भी नहीं होगा तो कहने लगी कि प्रधानी बेचने में उसके पति और देवर दोनों की रजामंदी है। अगर किस्मत में जेल जाना लिखा है तो उसे कोई टाल नहीं सकता। महिला प्रधान ने यह सब कुछ कैमरे के सामने बयां किया। पांच हजार रुपया महीना देकर नकली प्रधान ने आलीशान कोठी खड़ी कर ली, कमरों में एसी लगा लिया, और असली प्रधान झोपड़ी में रह रही है, उसके पास मामूली हैसियत तक नहीं है, परिवार का भरण-पोषण कठिन हो गया है। महिला प्रधान पति या फिर देवर को प्रधान प्रतिनिधि के रुप में लगभग हर उस ग्राम पंचायत में लगभग देखा और सुना गया, जहां पर महिला प्रधान है, या फिर दलित महिला एवं दलित पुरुष प्रधान है। यह लोग बकायदा असली प्रधान के नाम पर प्रधानी करते हैं, चेक पर हस्ताक्षर तक करते हैं, किसे शौचालय देना है, या फिर किसे आवास दिलाना है, यह सब कुछ असली नहीं बल्कि नकली प्रधान निर्धारित करते हैं। जिन ग्रामों में गांव के किसी अन्य के द्वारा धन खर्चा करके चुनाव जीताया गया, उन ग्रामों की हालत सबसे अधिक दयनीय है। जैसा कि मोहनाखोर का है। एक तरह से असली प्रधान को नकली प्रधान अधीन बनाकर रखते है। अधिकतर शिकायतें और कार्रवाई भी ऐसे प्रधानों के खिलाफ हुई हैं, जिसे यह तक नहीं मालूम कि कौन सी योजना गांव में चल रही है। त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था में सबसे अधिक मजाक महिला और एससी आरक्षण का उड़ाया जारहा है। पुरुषों ने एक तरह से महिला प्रधानों का हक छीनने का काम किया। उनके अधिकारों का हनन किया है, और अगर यह हनन किसी सत्तापक्ष के विधायक के गांव में होता है, इसके लिए काफी हद तक विधायक को भी जिम्मेदार माना जारहा है। कोई विधायक यह कहकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं भाग सकता कि गांव की रजनीति से उसका कोई लेना देना नहीं है।

## मऊ में पूर्व प्रधान की बदमाशों ने गोली मारकर की हत्या

**मऊ।** मऊ जिले के सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढ़ुआगोदाम में शुक्रवार की सुबह पूर्व ग्राम प्रधान शैलेंद्र यादव को बदमाशों ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां काफी प्रयास के बाद भी घायल को बचाया नहीं जा सका। डाक्टरों द्वारा शैलेन्द्र यादव की मौत की पुष्टि के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह शौचालय निर्माण का कार्य चल रहा था, वहीं पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया और आराम से फरार भी हो गए।

## 25 हजार के इनामिया सहित दो अपराधी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जनपद के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत थानाध्यक्ष बरेसर मय हमराहीयान देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित अपराधियों के तिराहीपुर में मौजूद थे। कि वही पर स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक श्यामजी यादव मय हमराहीयान आकर मिले आपस में अपराध एवं अपराधियों के संबंध में बातचीत की जा रही थी कि रसड़ा की तरफसे एक मोटरसाइकिल तेज रफ्तार से आती हुई दिखायी दी। जिससे संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया।

## सब्जी खरीदने गए युवक ने नदी में कूदकर दी जान

**गाजीपुर।** जीजा के साथ सब्जी खरीदने गये साले ने गंगा नदी में कूद कर अपनी जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सादात थाना क्षेत्र के रिस्ती गांव निवासी अंकित तिवारी 22 वर्ष पुत्र संजय तिवारी शुक्रवार की सुबह अपने जीजा शैलेंद्र के साथ सैदपुर बाजार में सब्जी खरीदने गया था उसी दौरान सैदपुर पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। वहीं जीजा के शोर मचाने पर गोताखोरों द्वारा खोजबीन किया गया। इस मामले में सैदपुर कोतवाली प्रभारी रविंद्र भूषण मौर्या ने बताया कि गंगा नदी में सुबह से ही गोताखोरों द्वारा अंकित की तलाश की जा रही है लेकिन अभी तक सफलता नही मिली है।

## सोमवार से घर-घर जाकर खिलाई जायेगी फाइलेरिया की दवा

**गाजीपुर।** जनपद में 21 दिसंबर से 8 जनवरी तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ;एमडीए 2020द्ध अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् जीसी मौर्य ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। यह अभियान गाजीपुर सहित प्रदेश के 8 जनपदों औरैयाए इटावाए फर्रुखाबादए कन्नौजए कौशांबीए रायबरेली एवं सुल्तानपुर में चलेगा ।

## पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन चुनाव संपन्न

**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खंड नौगढ़ सभागार आज पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन तथा चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप मे विभाग द्वारा नामित डॉ वेदव्रत गंगवारए डिप्टी सी वी ओ मुख्यालय उपस्थित रहे ।

## मना अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

**जलालपुर, जौनपुर।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के मदरसा चश्मये हयात रेहटी में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1992 ई में 18 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस घोषित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अल्पसंख्यकों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया गया।

# महिला स्वयं सहायता समूहों को सीएम ने जारी की धनराशि

### मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जनपद के समूहों में 7 करोड़ 62 लाख की धनराशि की गयी स्थानान्तरित






**संवाददाता।** देवरिया

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ द्वारा आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्वयं सहायता समूह को विभिन्न मदों की धनराशियों को प्रदान करने हेतु कलक्ट्रेट एनआईसी में आयोजित वीडियों कान्फ्रेंसिंग में इस जनपद से मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन तथा डीसी एनआरएलएम, ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट सुमित यादव व इस जनपद की महिला स्वयं सहायता समूह जुड़े जनपद के समूहों में 7 करोड़ 62 लाख की धनराशि भी उनके खाते में मुख्यमंत्री द्वारा द्वारा स्थानान्तरित की गयी। मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला समूहों को सशक्त बनाये जाने के उद्देश्य से रिवाल्विंग फण्ड, सामुदायिक निवेश निधि, ग्राम संगठन एवं जीएलएफ की स्टार्टअप की धनराशि 447 करोड निर्गत की गयी तथा महिला समूहों के बैंक खाते में उसे आज स्थानान्तरित की गयीए जिसमें जनपद देवरिया के 363 समूहों में रिवाल्विंग फण्ड की 54 लाख 45 हजारए सामुदायिक निवेश निधि के रुप में 517 समूहों को 5 करोड 68 लाख 70 हजारए बीआरएफ के रुप में 46 ग्राम संगठनों को 40 लाख 82 हजारए 39 ग्राम संगठनों को 29 लाख 25 हजार की स्टार्टअप की तथा दो सीएलएफ को स्टार्टअप की धनराशि 7 लाख की धनराशि सहित कुल 7 करोड 62 लाख मुख्यमंत्री द्वारा इस जनपद की महिला स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते में वर्चुअल स्थानान्तरित किया जाना सम्मिलित है। इस दौरान जनपद की स्वयं सहायता समूह की प्रतिनिधि वीडियों कान्फ्रेंसिंग में सम्मिलित हुई, जिसमें लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह सकरापार से किरण कुमारी, सरस्वती स्वयं सहायता समूह इजरही की अनुपम देवी, गणेंश स्वयं सहायता समूह सिंगही की श्रीमती अनिता देवी, राधा स्वयं सहायता समूह सिंगही की कृति रानीए राधारानी स्वयं सहायता समूह सकरापार की आशा देवी एवं कालिका स्वयं सहायता समूह मोहांव से श्रीमती रिन्कू देवी एवं जिला मिशन प्रबंधक अरविन्द कुमार सिंह ने अपनी प्रतिभागिता दिये।

# जिलाधिकारी ने की जल निगम विभाग के कार्यों की समीक्षा

**संवाददाता।** देवरिया





**जिलाधिकारी** अमित किशोर कलक्ट्रेट सभागार में जल निगम विभाग के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने इस विभाग की संचालित कार्य परियोजनाओं को समयबद्धता से पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया। कहा कि जिस कार्य परियोजना की पूर्ण किये जाने जो समयावधि निर्धारित है, उस अनुरुप ही पूर्ण कराया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। जिलाधिकारी श्री किशोर ने ऐसे कार्य परियोजना जो जमीनो के अनुपलब्धता के कारण अभी अनारम्भ की स्थिति में हैए ऐसे 11 कार्य परियोजनाओं से संबंधित उप जिलाधिकारियों से टेलीफोन पर वार्ता कर आवश्यक निर्देश दिये। कहा कि जमीन में यदि कोई विवाद हो तो उसका शीघ्रता से समाधान सुनिश्चित करायें। उन्होने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिया कि अगली बैठक में विधुत विभाग एवं अन्य जुडे विभागो को भी बुलाया जायेए ताकि उनसे जुडी समस्याओ का समाधान कराया जा सके।

बैठक अधिशासी अभियंता प्रदीप चैरसिया द्वारा बताया गया कि अमृत योजना के सभी कार्य पूर्ण कर लिये गये है। 87 कार्य परियोजनाये निर्माणाधीन हैए जिसमें 11 कार्य परियोजनाये जमीन के अनुपलब्धता के कारण अभी शुरु नही हुई है। शेष अन्य में लगभग 50 प्रतिशत कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने कार्यो में गुाणवत्त का विशेष रुप से ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिन्दए लघु सिचाई के सहायक अभियंता पंकज रायए जल निगम के अभियंता विवेकानंद सहित अन्य अभियता गण आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगे होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर कार्यशाला का आयोजन 20 दिसम्बर रविवार को दिन में 11 बजे से जिलापंचायत सभागार में किया गया है। जिसकी तैयारियों के लिये भाजपा के प्रमुख पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने गरुलपार कार्यालय पर बैठक कार्यशाला की तैयारियों पर चर्चा किया और तैयारियों को अन्तिम रूप दिया। बैठक में चर्चा करते हुये पंचायत चुनाव के जिलासंयोजक कृष्णानाथ राय ने कहा कि पार्टी पंचायत चुनावों को गंभीरता से ले रही है। कार्यकर्ता इन चुनावों को चुनौती के रूप में स्वीकार करें। प्रत्येक ग्राम पंचायत पर भाजपा को विजय मिलनी चाहिए। कार्यकर्ता अभी से तैयारियों जुट जाएं इसके लिये ही इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।कार्यशाला को प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा प्रकाश पाल और राज्य सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर पटेल सम्बोधित करेंगे।वही पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएं और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाए रखें। प्रत्येक पंचायत पर संगठन को सक्रिय रखने का कार्य पदाधिकारी करें।इस कार्यशाला के बाद हम सभी पूरी तरह से पंचायत चुनाव के मोड़ में आ जायेंगे।इस चुनाव को हम सभी मजबूती से लड़ेंगे। इस दौरान जिलाउपाध्यक्ष गंगा सिंह कुशवाहा,जिलाउपाध्यक्ष अजय कुमार दूबे,जिलामहामंत्री,सह संयोजक पंचायत चुनाव रामाशीष प्रसाद,मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पाण्डेय मौजूद रहे।

## सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल्स में सात दिवसीय वर्चुअल मंच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** मुगलसराय,चन्दौली

**सेठ एम** आर जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव शाखा में सात दिनो तक अनवरत चलने वाली अंतरसदनीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ । इस वैश्विक आपदा के समय मे भी जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव अनवरत बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हे मंच प्रदान करता रहा है।बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर तक के प्रतियोगिताओं मे आभासी सभा के अंतर्गत अपनी प्रतिभाओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया हैएइसी क्रम में विद्यालय ने अंतर सदनीय आभासी प्रतियोगिता का गुरुवार को शुभारंभ किया हैंएये सभी प्रतियोगिताएँ आभासी सभा के मंच द्वारा संचालित हो रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ वारिष्ठ पदाधिकारियों के स्वागत के साथ किया गया। प्रतियोगिता कक्षा तीन से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियो के मध्य में थी जिसमे विविध सदनों से विद्यार्थियो ने श्रेष्ठ वक्तव्य का प्रदर्शन किया जिसमें बच्चों ने अलग.अलग लेखक व कवि की रचनाओं का पूर्ण हाव.भाव के साथ प्रदर्शन किया।वही कुछ एक बच्चों ने स्वरचित कविता का भी मंचन कियाएबच्चों की प्रस्तुति ने सभी को स्तब्ध कर दिया ऐसा लग रहा था जैसे माँ शारदा स्वयं बच्चों की जिह्वा पर विराजमान हो गई हों। अभिकल्पन शिक्षा प्रतियोगिता हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई हैं।कार्यक्रम के आरंभ में ही विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना ने अपने उद्बोधन में सभी वरिष्ठ अधिकारीयों,अभिभावकों, प्रतियोगी छात्र छात्राओं एवं शिक्षको का स्वागत किया एवं प्रतिस्पर्धीय छात्रों का उत्साह वर्धन किया।

# क्रय केन्द्रों की मनमानी पर पूर्व विधायक ने जताया विरोध

**संवाददाता।** सकलडीहा, चन्दौली



क्रय केन्द्रों पर धान खरीदारी तो दूर बोरा का अभाव है। लेकिन कुछ क्रय केन्द्र प्रभारी सत्ता पक्ष के नेताओं के दबाब में चिन्हित लोगों को घरों पर बोरा भेजवा रहे है।
जिसे लेकर सपा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू तहसील मुख्यालय पर क्रय केन्द्र प्रभारी और अधिकारियों के खिलाफ विरोध जताया। एसडीएम प्रदीप कुमार से मिलकर मनमानी पर रोक लगाने की मांग किया। एसडीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों के प्रयास के बाद भी किसानों की धान खरीदारी की समस्या बरकरार है। पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने आरोप लगाया कि जनौली सोसाइटी से मेरे गांव माधवपुर में कुछ लोगों को एक एक हजार बोरी सौप दिया गया। वही कई किसानों का बोरी के अभाव में धान की खरीदारी नही हो पा रही है। किसानों की आवाज उठाने पर सत्ता पक्ष के दबाब में मुझे दो बार 151 में जेल भेज दिया गया। जबकि अन्य विरोध प्रदर्शन करने वालो को छोड़ दिया गया। किसी भी पूर्व विधायक को क्या कभी 151 में जेल भेजा गया है। सत्ता पक्ष के नेताओं के दबाब मे अधिकारी से लेकर कर्मचारी मनमानी कर रहे है। यही नही धान खरीद के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। आक्रोशित सपाईयो तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर विरोध जताया। अंत में एसडीएम से मिलकर समस्या से अवगत कराया। एसडीएम ने मौके पर नायब तहसीलदार बृजेश सिंह को भेजकर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर छात्र नेता सत्यप्रकाश यादव अंकित यादव, गुड्डु सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मऊ में लव जिहाद मामले में अपहृत युवती को पुलिस ने किया बरामद

**संवाददाता।** मऊ

**जिले के** थाना चिरैयाकोट पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर लव जिहाद मामले में पीड़ित अपहृत युवती समेत तीन फरार चल रहे आरोपितों को आजमगढ़ जनपद के औसतपुर बार्डर स्थित बैरियर के पास से स्कार्पियों वाहन से गिरफ्तार कर लिया। मामले का पर्दाफाश अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान किया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार तीनों आरोपितों के पास से स्कार्पियो वाहन व पीड़ित अपहृत युवती को भी बरामद किया। उल्लेखनीय है कि विगत 3 दिसम्बर को जिले के चिरैयाकोट थाने में पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ शलव जिहादश् प्रकरण को लेकर मुकदमा दर्ज किया था। अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में विगत 8 दिसम्बर को पांच आरोपितों को पुलिस टीम ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस बीच शुक्रवार को थाना चिरैयाकोट पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि धर्म परिवर्तन व अपहरण के मुकदमे के वांछित अभियुक्त व अपृहता पश्चिम बंगाल से गाजीपुर होते हुए आजमगढ़ जनपद के औसतनपुर बार्डर के पास आ रहे हैं। मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने औसतपुर बैरियर के पास घेराबंदी करते हुए स्कार्पियों को रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देखते हुए वाहन चालक वाहन के साथ भागने का प्रयास करने लगाए लेकिन पुलिस टीम ने दबोच लिया।

### बंगाल में सीएम ममता बनर्जी के इशारे पर हो रहे हैं भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले : कन्हैया लाल



**देवरिया।** भाजपा सलेमपुर के मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल ने प्रेसविज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इशारों पर भाजपा नेताओं पर हमले कराये जा रहे है।कुछ दिन पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हुआ हमला इस बात की गवाही दे रहा है कि अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कुछ ही महीनों में सत्ता से बेदखल हो जाने का भय सता रहा है। इसीलिए अपने राजनीतिक विरोधियों के साथ हिंसा करके लोकतंत्र को लहूलुहान करा रही है। क्या कारण है कि अभी तक एक अकेले राज्य पश्चिमी बंगाल में उतनी चुनावी हिंसा हुईएजितनी शेष देश मे भी नही हुई। मतलब साफ है कि ममता बनर्जी भाजपा के बढ़ते जनाधार से घबरा गयी है इसलिए भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं पर हमले हो रहे है। भाजपा नेताओं की रैलियों में छल. बल से खलल डालने के साथ ही उन लोगो को डराने. धमकाने का कार्य बंगाल सरकार कर रही है। पर उनको यह नही पता है पश्चिमी बंगाल में अगली सरकार भाजपा की आ रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में राजनीतिक हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है वहां के सरकारी अफसर राजनीतिक कार्यकर्ता बन गए हैं विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है।
सलेमपुर भाजपा मण्डल इसकी घोर निंदा करता है।

## डीएम ने गनर को दौड़ा कर पकड़वाया हमीद सेतु पर ट्रकों से अवैध वसूली करता शख्स

**गाजीपुर।** जनपद के सदर कोतवाली के रजागंज चौकी और सुहवल थाना के बीच पडने वाला गंगा नदी पर बना हमीद सेतु जिस पर ओवरलोड वाहनों के संचालन पर जिला अधिकारी के द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। यहां तक की ओवर गेज बैरियर भी लगाया जा चुका है लेकिन लगातार शिकायत मिल रहे थे कि कुछ लोगों के द्वारा वसूली कर इन ट्रकों को पास कराए जाने का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह धान क्रय केंद्र का निरीक्षण कर जब वापस जिला मुख्यालय की तरफ आ रहे थे तभी हमीद सेतु के पास मेदनीपुर तिराहे पर जब उनकी गाड़ी के आगे चल रहा एक ट्रक धीमा हुआ और उस ट्रक के पास एक व्यक्ति पहुंचा और ट्रक में बैठे हुए व्यक्ति से कुछ पैसा लेकर वापस जाने लगा तब जिलाधिकारी अपने गनर और अन्य स्टाफ को उसको पकड़ने के लिए दौड़ाया जिसके बाद वह व्यक्ति भागने लगा और करीब 700 से 800 मीटर की दूरी तो भागता रहा और अंत में वह पकड़ में आया जिसे जिलाधिकारी ने अपने साथ लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे और काफी पूछताछ करने के बाद भी उस व्यक्ति ने यह नहीं बताया कि वह किस के कहने पर वसूली कर रहा है या फिर उसका आका कौन है हालांकि इस दौरान उसके मोबाइल पर लगातार कुछ रसूखदार लोगों के साथ ही कुछ ट्रक चालकों का भी फोन आया जिसके बाद जिला अधिकारी ने पकड़े गए बृजेश सिंह के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कोतवाली पुलिस को सुपुर्द किया।

## मदरसा मिसाबहुल उलूम में मनाया गया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

**धानापुर,चन्दौली।** मदरसा मिस्बाहुल उलूम में शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस विश्वभर में प्रत्येक वर्ष 18 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षाए राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिह्नित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषाए जातिए धर्मए संस्कृतिए परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है । अल्पसंख्यक किसी राष्ट्र.राज्य में रहने वाले ऐसे समुदाय जो संख्या में कम हों और सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से कमज़ोर हों एवं जिनकी प्रजातिए धर्मए भाषा आदि बहुसंख्यकों से अलग होते हुए भी राष्ट्र के निर्माणए विकासए एकताए संस्कृतिए परंपरा और राष्ट्रीय भाषा को बनाये रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते होंए तो ऐसे समुदायों को उस राष्ट्र.राज्य में अल्पसंख्यक माना जाना जाता है।

## लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रहा शासन प्रशासन : जगदीश नारायण

**संवाददाता।** जौनपुर

केन्द्र सरकार द्वारा लागू किये गये नये कृषि कानून के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों के समर्थन में उतरी समाजवादी पार्टी का द्वारा नये कृषि कानून का विरोध और किसानों का समर्थन के क्रम विरोध दर्ज कराया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जफराबाद विधानसभा के सभी ब्लाकोंए प्रमुख बाजारोंए चट्टी.चौराहों पर भी सपाजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के धर्मापुर ब्लाक पर किसानों के समर्थन और नये कृषि कानून पर विरोध दर्ज कराने जा रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय को स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा रोक लिया गया।

### समाजवादियों का दमन कर रही भाजपा सरकार: ऋषि

**धर्मापुर, जौनपुर।** जहां तक जाती नजरए वहां तक लोग तेरे खिलाफ हैंए ऐ जुल्मी हाकिम तू किस.किस को नजरबंद करेगा। उक्त बातें समाजवादी कुटिया के संचालक ऋषि यादव ने प्रेस को जारी बयान में कही। शुक्रवार को वह समाजवादी कुटिया से निकल रहे थे कि तभी तानाशाही सरकार की पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें रोक लिया गया। इतना ही नहींए कहीं जाने भी नहीं दिया गया। किसानों से अन्याय एवं किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ सपा की किसान यात्रा से डरी सरकार इसे रोकने के लिए समाजवादियों का दमन कर रही है।

### होम अरेस्ट किये गये सरफराज

**जफराबाद, जौनपुर।** स्थानीय कस्बे के ताड़तला मोहल्ला निवासी समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डाण् सरफराज खान को शुक्रवार की सुबह जफराबाद पुलिस द्वारा होम अरेस्ट कर दिया गया। बताया गया कि किसान आंदोलन को लेकर सपा के समर्थन को देखते हुये पुलिस द्वारा उपरोक्त कार्यवाही की गयी। इस मौके पर डाण् खान ने कहा कि वर्तमान का यह किसान आंदोलन भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारों के ताबूत की कील का काम करेगा।

## विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास ही बेसिक शिक्षा को मूल उद्देश्य : बीएसए

**जौनपुर।** कम्पोजिट विद्यालय नाथूपुर, विकास क्षेत्र,सिरकोनी में विज्ञान कक्ष का लोकार्पण एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे का सर्वांगीण विकास ही बेसिक शिक्षा का मूल उद्देश्य है और इसकी प्राप्ति के लिए प्रत्येक विद्यालय को प्रेरक विद्यालय बनना होगा। तथा विभाग इसके लिए कटिबद्ध है।
कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर प्रवीण तिवारी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालय के शिक्षकों के प्रयास से विकसित विज्ञान कक्ष का लोकार्पण के अवसर पर उन्होंने कहा कि इससे बच्चों को कर के सिखने का अवसर मिलेगा और ज्ञान प्राप्त करना उनके लिए सुगम होगा। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षको को प्रेरक विद्यालय बनाने की टिप्स भी दिये तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी द्वारा बच्चो को लगभग 250 बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण किया गया।

## दस दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा शुरू, निकली कलश यात्रा



**संवाददाता।** मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर

स्थानीय नगर के कटरा मोहल्ले में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा बीती शाम नगर में निकाली गयी भव्य कलश एवं शोभायात्रा के साथ शुरू हो गया। पुष्कर धाम से पधारे सन्त महामण्डलेश्वर दिव्य मोरारी बापू जी द्वारा यह संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का कार्यक्रम लगातार 10 दिन तक चलेगा। इस धार्मिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं राघव महाविद्यालय के प्रबन्धक कपिलमुनि गुप्त एवं नगर के व्यवसायी सुरेश सोनी सहित उनके सहयोगियों द्वारा विगत कई वर्षों से लगातार होता चला आ रहा है। इस श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ नगर के श्री लक्ष्मण बाग मन्दिर से निकाली गयी भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कपिलमुनि गुप्त, सोनिया गुप्ता, सुरेश सोनीए राजकुमार गुप्तए व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजीव गुप्ताए विजेन्द्र जायसवाल,राजकुमार गुप्ता, तीर्थराज गुप्ता, रविशंकर गुप्ता, देवी प्रसाद गुप्ता,राजाराम चौरसिया, राकेश गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष सन्तोष गुप्ताए नन्द लाल गुप्ताए सानन्द गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## चाइनीज मांझा से अधिवक्ता बुरी तरह से जख्मी

**जौनपुर।** चाइनीज मंझे से लगातार हो रही घटनाओं को लेकर आम जनता द्वारा कई वर्षों से चाइनीज मांझा की बिक्री एवं आयात पर रोक लगाने की मांग किया जा रहा है लेकिन शासनप्रशासन जनता की मांग पर ध्यान नहीं दे रहा है। इसी का परिणाम है कि आये दिन चाइनीज मांझा से जानलेवा घटनाएं हो रही हैं। ताजा घटना नगर के पालिटेकनिक चौराहे के पास उद्यान विभाग के सामने एनएच 56 मार्ग की है जहां वाजिदपुर से नईगंज बुलेट मोटरसाइकिल से जाते समय अधिवक्ता सुशील मौर्य चाइनीज मांझा की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गये। मांझा से उनकी आंखों के पास गम्भीर चोटे आयी हैं। संयोग ही था कि गला बच गयाए अन्यथा बड़ी दुर्घटना सम्भावित थी। मांझा की चपेट में आने से जख्मी श्री मौर्य को आसपास के लोगों ने बगल स्थित अस्पताल ले गये जहां 16 टांका लगाकर उनका उपचार किया गया। चपेट में आने से कई बच्चों सहित मोटरसाइकिल चालकों की मौतें हो चुकी हैं।

## जफराबाद विस में किसान यात्रा निकाले सपाजनों को पुलिस ने रोका

**संवाददाता।** जफराबाद,सिरकोनी, जौनपुर।

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर जौनपुर में लगातार चलाये जा रहे किसान आन्दोलन में जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सपाजनों द्वारा चलाया गया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव के नेतृत्व में सिरकोनी ब्लाक के बहादुरपुर,बन्दीपुर, सुरहूरपूर, राशीपुर, गड़हर, बैरीपुर, बाकराबादए सिरकोनी बाजार में यात्रा कर रहे सपाजनों को पुलिस ने भारी फोर्स के साथ रोक लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री यादव से पुलिस की तीखी नोक झोक हुई जिससे आक्रोशित सपाजन वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गये। इस मौके पर लाल बहादुर यादव ने कहा कि अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि भाजपा की प्राथमिकता में गरीब,किसान नहीं, बल्कि कारपोरेट घरानों का हित साधन है।



पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 19 दिसंबर 2020



# जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा संविदाकर्मियों का मुद्दा

## बकाया मानदेय व अन्य लाभ ना दिए से भुखमरी की कगार पर पहुंचा परिवार



संवाददाता। बाराबंकी

**जिला** व महिला अस्पताल मे कार्यरत संविदाकर्मियों का मुद्दा जिलाधिकारी तक पहुच गया है। शुक्रवार को भाकियू आजाद के बैनर तले शिकायती पत्र देकर पीड़ितो ने कारवाई की मांग की है। इसी के साथ अस्पताल मे व्याप्त भ्रष्टाचार का एक और बड़ा खुलासा हुआ है।

शिकायती पत्र में बताया गया है कि सभी पीड़ित मेसर्स प्राइम कलीनिंग सर्विसेज सेवा प्रदाता द्वारा सफाई कर्मचारी व माली, धोबी एवं चौकीदार के पद पर दस, पांच एवं तीन वर्षा से कार्य कर रहे हे। कार्य पर रखते समय बातया गया था कि प्रत्येक माह 5800 रुपया मानदेय दिया जायेगा, साथ ही एक हजार रुपया पीएफ अलग से मिलता रहेगा तथा हर वर्ष 500 रुपये मानदेय मे बढ़ोत्तरी भी की जायेगी। इसके अतिरिक्त आठ घण्टे कार्य लिया जायेगा। आरोप लगाया है कि इसके बावजूद उनसे 10 से 12 घण्टे काम तो कराया ही जाता है साथ ही अन्य लाभ नहीं दिया जा रहा है। जिससे उनका उत्पीड़न चरम पर है। साथ ही दो माह से भी मानदेय नही दिया जा रहा है जिससे परिवार भुखमरी की कगार पर है। अब जब वेतन व अन्य लाभ मांगा जा रहा है तब कम्पनी निकाल कर उनके स्थान पर दूसरे को रखने की धमकी दे रही है। शिकायत के बावजूद सीएमएस भी उनकी नही सुन रहे है।

## छेड़छाड़ का आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

तिलोई ( **अमेठी** )। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी इन्हौना कस्बे के चौधराना मोहल्ला की रहने वाली छात्रा के साथ छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि प्रबंधक समेत दो अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के इन्हौना कस्बा निवासी छात्रा के साथ मदरसे के प्रबंधक ने अपने शिक्षक साथी व दो अन्य लोगों के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया था, जिसमे पुलिस ने पीड़ित छात्रा की मां की तहरीर पर प्रबंधक समेत चार लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा पंजीकृत किया था। चौकी इंचार्ज तनुज पाल मय हमराह ने चेकिंग के दौरान लखनऊ सुल्तानपुर राजमार्ग पर चिलौली मोड़ के पास आरोपी शिक्षक कलीम अहमद पुत्र इसरार अहमद निवासी पिचूरी मजरे चौबीसी थाना हैदरगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है।

# विवाद के बाद एसडीएम ने किया धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण

संवाददाता। सिरौलीगौसपुर ( बाराबंकी )



**सांसद** और धान क्रयकेन्द्र प्रभारी के बीच हुए विवाद के बाद प्रशासन सख्त हो गया है। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रतिपाल सिंह चौहान ने विपणन ने क्रय केन्द्र बदोसरांय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर मिली कमियों को दूर करने के निर्देश केन्द्र प्रभारी को दिया और कहा कि छोटे किसानों की तौल प्राथमिकता के साथकराये । केंद्र पर व्याप्त अव्यवस्था को देखकर नाराजगी जताई।

अव्यवस्थित रूप से केन्द्र पर खडी ट्रालियों व जमीन पर चटटा लगाकर जमा किए धान वाले किसानों से बात करके छोटे किसानों के धान के तौल प्रारम्भ करवायी । उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान को सूचना मिली कि कुछ किसान बार बार धान तौलवा रहे है। जिन किसानों को टोकन एलाट करके तौल के लिए बुलवाया गया था उनके धान की तौल नही की जा रही है। इसके बाद उपजिलाधिकारी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय व पुलिस बल के साथ धान क्रय केन्द्र बदोसराय पर पंहुच गए और वहां पर खडे किसानों से वार्ता कर सत्यापन कराया। सभी किसानों कोआश्वस्त करते हुए कहा कि अव्यवस्था न फैलायें तभी तेजी के साथ धान की तौल हो पायेगी । एसडीएम ने स्पष्ट रूप से वरिष्ठ विपणन निरीक्षक तेजभान सिंह को निर्देश दिया की मंगलवार व शुक्रवार को छोटे किसानों के धान के तौल हेतु दिन निर्धारित है । 10 छोटे किसानों के धान की तौल की जायेगी साथ ही ट्राला ट्रालिंया बाहर निकालने के निर्देश भी दिये गए।

## सृजन अभियान के तहत चौपाल का आयोजन

**बाराबंकी**। शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के आवाहन पर ब्लाक सिद्धौर में न्याय पंचायत न्योछना, नवाबपुर में संगठन सृजन अभियान के तहत् चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रुप सिद्धौर ब्लाक अध्यक्ष जलालुद्दीन उर्फ गुड्डू ने संगठन पर चर्चा करते हुए कहा कि संगठन को स्वच्छ, पारदर्शी व मजबूत बनाना है, तथा विधान सभा प्रभारी व जिला महासचिव के सी श्रीवास्तव व ब्लाक प्रभारी व जिला सचिव रामू यादव ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करे कांग्रेस की नीतियों को जनता तक पहुचाने का संकल्प लिया।

जिसमें मुख्य रुप से न्याय पंचायत प्रभारी व बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहें जिनके नाम इस प्रकार है। उमा शंकर तिवारी, संतोष चौरसिया, डा. गनेश प्रसाद, लल्लन मियां, अरविन्द वर्मा, असद, महराजदीन, अनुज रावत, रामदेव प्रजापति, किशोरी लाल, धर्मराज रावत, रजनी श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी ने जेल अधीक्षक को किया सम्मानित

**बाराबंकी**। बंदियों का दर्द समझकर अवसाद से बचाने की दिशा में कदम उठाये जाने की सराहनीय पहल पर समाजसेवियों द्वारा जेल अधीक्षक बाराबंकी को अंगवस्त्र व मोमेंटों भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उपकारापाल कों भी सम्मानित किया गया। जिला कारागार गंट पर बंदियों को अवसाद से बचाने की दिशा में जिला कारागार अधीक्षक हरिबक्श सिंह द्वारा बन्दियों सें परिजनों की बात कराये जाने हेतु लगायें गयें इण्टरकाम सेवा की सराहनीय पहल पर मानवीय दृष्टि को देखते हुए आल इण्ड़िया पसंमादा मुस्लिम महाज प्रदेश अध्यक्ष वसीम राईन ने अपने सहयोगियों के साथ कारागार अधीक्षक एचबी सिंह का अंगवस्त्र व मोमेटों भेंटकर सम्मानित किया। इसके साथ ही श्री राईन नें उपकारापाल आशा पाण्डेय को भी अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि कोविड-19 के चलते मार्च 2020 सें बन्दियों से परिजनों की मिलाई पर पूर्णतया रोक लगी हुई है।

# डीएम ने शैक्षणिक व आर्थिक विकास योजनाओं को लेकर किया जागरूक

## अफीम कोठी के सभागार में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। प्रतापगढ़

**शासन** द्वारा अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक विकास हेतु चलायी जा रही योजनाओं से जनमानस को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम की कोठी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने राज्य सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक पुत्री विवाह योजना के सम्बन्ध में बताया कि इस योजनान्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के गरीबी रेखा (वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में रुपये 46080 तथा शहरी क्षेत्र में रुपये 56460) से नीचे जीवन यापन करने वाले अभिभावकों की पुत्रियों की शादी के लिये अधिकतम दो पुत्रियों हेतु प्रत्यके लिये रुपये 20000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होने बताया कि जनपद के मुस्लिम समुदाय के हज पर जाने वाले यात्रियों को निशुल्क आवेदन पत्र उपलब्ध कराये जाने के साथ ही उनके टीकाकरण एवं प्रशिक्षण का कार्य भी कराया जाता है। शैक्षिक ऋण योजना के सम्बन्ध में उन्होने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के (मुस्लिम, सिक्ख ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) गरीबी रेखा के दोगुने वार्षिक आय रूपये ग्रामीण क्षेत्र हेतु रुपये 98000 व शहरी क्षेत्र हेतु रूपये 120000 से कम आय वाले परिवार के छात्र व छात्राओं को अधिकतम रूपये 20 लाख के शैक्षिक ऋण योजना हेतु प्रतिवर्ष चार लाख रुपये की दर से तथा विदेश में शिक्षा ग्रहण करने पर 30 लाख तक के शैक्षिक ऋण योजना हेतु प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम पांच वर्षीय कोर्स हेतु रूपये तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जायेगा। ऋण की वापसी छह माह के उपरान्त अथवा नौकरी लग जाने पर जो पहले हो से पॉच वर्ष में की जायेगी। उन्होने टर्म लोन व स्वरोजगार योजना के सम्बन्ध में बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के गरीबी रेखा के दोगुने वार्षिक आय रूपये ग्रामीण क्षेत्र हेतु 98000 व शहरी क्षेत्र हेतु 120000 रुपये से कम आय वाले परिवारों को अधिकतम 20 लाख रुपये तक के स्वरोजगार योजना व व्यवसाय करने हेतु टर्म लोन दिया जाता है। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने राज्य सरकार द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना तथा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित केन्द्र पुरोनिधानित प्री-मैट्रिक योजना के बारे में बताया।

# मनाया गया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस, वक्ताओं ने योजनाओं पर डाला प्रकाश

संवाददाता। बाराबंकी

**विकास** भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में शक्रवार को अल्पसंख्यक विभाग बाराबंकी के तत्वाधान में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकार दिवस का आयोजन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सोन कुमार के निर्देश पर किया गया।। जिसमें मुख्य रूप से रेशमीन अख्तर अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ निरीक्षक एवं मदारिसे अरबिया शिक्षणेत्तर कर्मचारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश एवं राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हसीब अहमद तथा विकास भवन कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष मुस्तफा खान की उपस्थिति रही। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हम अपने अधिकारों को तभी समझेंगे जब हम शिक्षित होंगे, इसलिए आवश्यकता है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए, तभी अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होंगे तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं में अपनी सहभागिता प्राप्त करेंगे इसलिए आवश्यकता है। समुदाय के लोगों को शिक्षा की ओर जागरूक किया जाए।

कार्यक्रम में शिरकत करते हुए मदरसा अरबिया शिक्षणेत्तर कर्मचारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनवर अंसारी एवं मास्टर माजिद तथा अब्दुल कवी ने भी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को शिक्षा की ओर जोड़ने पर बल दिया। इस अवसर पर कार्यालय के वरिष्ठ सहायक मुशीर आलम, मोहम्मद वाहिद, अनिल, आमिर सहित जनपद की मदरसा से जुड़े आलिम और हाफिज़ तथा अल्पसंख्यक समुदाय के कर्मचारियों ने शिरकत की।

# मुख्यमंत्री ने जनपद के 791 स्वयं सहायता समूहों को 3.47 करोड़ रु. किया हस्तान्तरण

संवाददाता। प्रतापगढ़

**सशक्त** महिलाएं, खुशहाल परिवार, आर्थिक स्वावलंबन और रोजगार के दृष्टिगत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद प्रतापगढ़ के 791 स्वयं सहायता समूहों एवं उनके संगठनों को तीन करोड़ 47 लाख 72 हजार 593 रूपये की धनराशि आनलाइन हस्तान्तरण किया।

कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एनआईसी के सभागार में जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, डीसीएनआरएलएम, महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष द्वारा देखा गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद प्रतापगढ़ के 791 स्वयं सहायता समूहों एवं उनके संगठनों के अन्तर्गत सामुदायिक निवेश निधि के 260 समूहों को 28600000 लाख रूपये, रिवाल्विंग फ़ण्ड के 208 समूहों को 3120000, प्रेरणा कृषि टूल बैंक के पांच समूह को 1000000 रुपये, ग्राम संगठन स्टार्टअप के पांच समूह को 370000 रूपये, ग्राम संगठन वी0आर0एफ0 के 13 समूह को 1224793 रुपये तथा स्वयं सहायता समूह स्टार्टअप के 300 समूह को 457800 रूपये की धनराशि का आनलाइन हस्तान्तरण किया गया।

उन्होने बताया कि जनपद में 1312 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर समूहों के माध्यम से अनुपूरक पोषाहार का वितरण किया जा रहा है। जनपद में स्वयं सहायता समूह को राशन की 14 दुकानों का आवंटन किया गया है एवं 28 का प्रस्ताव चल रहा है।

# त्याग व अहिंसा की नींव पर खड़ा है जैन धर्म: आर्यिका



फतेहपुर ( **बाराबंकी** )। शुक्रवार को कस्बे के श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म की साध्वी आर्यिका विकाम्या श्री माता जी एवं आर्यिका विगुंजन श्री माता जी के संघ का मंगल प्रवेश हुआ। महमूदाबाद से पैतेपुर होते हुए संघ बेलहरा पहुंचा, जहां पर भक्तों ने माता जी का भव्य स्वागत किया।पुष्प वर्षा कर आरती उतारी, पाद प्रक्षालन किया।जैन समाज अध्यक्ष अरविंद जैन ने कहा इस हाड़ कपाऊ ठंड में जैन साधु नग्न पैर पैदल यात्रा कर रहे है। जिसे देखकर त्याग की भावना प्रबल होती है। आर्यिका विकाम्या श्री माता जी ने अपने प्रवचन में कहा कि जैन धर्म त्याग व अहिंसा की नींव पर खड़ा है। लोगों को जैन साधुओं की साधना से प्रेरणा लेनी चाहिये वह जीवन मे त्याग कर मोक्ष फल की प्राप्ति कर सकता है। तत्पश्चात माता जी के संघ का फ्तेहपुर के लिए विहार हुआ। जहां पर फतेहपुर जैन समाज द्वारा माता जी का भव्य स्वागत किया गया। बेलहरा से फ्तेहपुर तक माता जी की पैदल यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। माता जी जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया।

## करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**प्रतापगढ़**। निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे मजदूर की ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कुंडा थाना क्षेत्र के शाही होटल बरई के पास नगर के एक व्यक्ति के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। उसमें ठेकेदार के जरिए रायबरेली के ऊंचाहार थाना क्षेत्र के कैथवल के मजदूर काम कर रहे हैं। शुक्रवार दोपहर काम के दौरान ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से कैथवल निवासी जितेन्द्र कुमार गौतम (25) झुलस गया।

उसकी चीख सुनकर आसपास काम कर रहे अन्य साथी दौड़े। उसे करंट से छुड़ाकर अस्पताल ले गए। सीएचसी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पिता आशाराम समेत कई लोग थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

# एटीएम क्लोन कर ठगी करने वाले गैंग के पांच पकड़े गए

## गार्डविहीन एटीएम को बनाते थे निशाना

संवाददाता। प्रतापगढ़

**लालगंज** पुलिस व स्वॉट टीम ने एटीएम कार्ड का क्लोन तैयार कर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास 2.73 लाख रुपये नकद, लैपटॉप, मोबाइल फोन, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड और कार बरामद हुई है। लालगंज थाना प्रभारी संजय कुमार यादव व स्वाट टीम के प्रमोद सिंह ने अपनी टीम के साथ शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर लालगंज चौराहे से कार में सवार पांच लोगों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास एटीएम कार्ड, रुपये, लैपटॉप व अन्य सामान बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर फ्रॉड करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया। फ्रॉड गैंग के शातिरों ने पूछताछ में बताया कि वे सुरक्षा गार्डविहीन एटीएम को निशाना बनाते हैं। रुपये निकालने के लिए आने वाले ग्रामीण परिवेश के कम पढ़े-लिखे लोगों का कार्ड बहाने से लेकर उसका नंबर ले लेते हैं। साथ ही पिन कोड भी जान लेते हैं और बाद में क्लोन कार्ड से उसके बैंक खाते से रुपये निकाल लेते हैं। गिरफ्तार शातिर में अखिलेश पाल निवासी रामगढ़ रैला लालगंज, राहुल पाल निवासी टिकरी मानधाता, रामू भारती उर्फआदित्य निवासी खपटिहा हंडिया प्रयागराज, रमाशंकर उर्फबब्बू निवासी गनेशीपुर हंडिया प्रयागराज, अजय यादव उर्फ जोखू निवासी रमईपुर बजहा मिश्रा ने हंडिया प्रयागराज हैं, जिनके पास से 2,73,200 रुपये नकद, एक कार, दो लैपटॉप चार्जर सहित, सात मोबाइल फोन, एक एमएसआरएक्स 6-बीटी मशीन, 44 एटीएम कार्ड और दो आधार कार्ड बरामद भी किया गया है।

## शरारती तत्वों ने चाय पान की दुकान जलाई

मुसाफिरखाना ( **अमेठी** )। कोतवाली क्षेत्र के गंगेरवा गांव में गुरुवार की रात अज्ञात शरारती तत्वों ने चाय पान की एक दुकान में आग लगा दी। आग से दुकान पूरी तरह जल कर खाक हो गयी। पीड़ित ने घटना के सम्बंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी रमेश कुमार गंगेरवा प्राथमिक विद्यालय के पास छप्पर के चाय-पान की दुकान बीते 24 वर्षों से रमेश कुमार इस स्थान पर दूकान चला रहे हैं। गुरुवार की रात लगभग साढ़े 10 बजे दूकान में अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा आग लगा दी गयी। जब तक लोगों को दूकान में आग लगने की जानकारी हुई। तब तक दूकान का छप्पर, उसमें रखी लकड़ी की गुमटी और गुमटी में रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया। सुबह जब पीड़ित दूकान पर पहुंचा तो उसे दूकान राख के ढेर में तब्दील मिली। पीड़ित ने घटना के बारे में कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## क्विक न्यूज

### अधिकारियों ने गिनाई अपनी उपलब्धियां

**ललितपुर** । सिंचाई बन्धु की बैठक जिला पंचायत सभागारए में सिंचाई बन्धु उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें अनिल कुमार पाण्डेय मुख्य विकास अधिकारी एवं विभिन्न सम्बन्धित विभागों सिंचाई विभाग लोक निर्माण विभाग जल निगम वन निगम एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे । बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त नहरों के टेल तक पानी पहुंचा दिया गया है । जल निगम के अधिशासी अभियन्ता प्रवीण कुट्टी द्वारा जल निगम द्वारा संचालित परियोजनाओं से सदन को अवगत कराया गया उपनिदेशक कृषि ललितपुर सन्तोष कुमार सविता द्वारा वर्ष 2018 एवं 2019 खरीफ फसल में किसानों को बीमा का लाभ न मिल पाने के सम्बन्ध में सदन को अवगत कराया ।

### डीएम ने किया कई विभागों का औचक निरीक्षण

**ललितपुर**। जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार ने चकबन्दी विभाग के अन्तर्गत कार्यालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दीए न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दीए सहायक चकबन्दी अधिकारी अन्तिम अभिलेख प्रथम कार्यालय चकबन्दी अधिकारीए ललितपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। मौके पर समस्त कार्यालयों की उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया गयाए जिसमें कार्यालय बन्दोबस्त राजकमल यादव उपस्थित पाये गये। उपस्थिति पंजिका में कुल 07 कर्मचारियों का विवरण अंकित है। जिसमें 06 कर्मचारी उपस्थित पाये गये।

### परिषदीय विद्यालयों में आज रहेगा अवकाश

**ललितपुर**। जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी राम प्रवेश द्वारा जानकारी दी गई है कि 19.12.2020 को गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस है। इस अवसर पर जनपद के परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जिलाधिकारी की सहमति से स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### जिला प्रेस स्थायी समिति की बैठक संपन्न

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आज जिला स्तरीय प्रेस स्थायी समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर पत्रकारों और जिला प्रशासन के मध्य मधुर एवं सौहार्द पूर्ण संबंध बनाये रखने और प्रेस की स्वतन्त्रता को अक्षुण्य बनाये रखने के उददेश्य से शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में पत्रकार स्थायी समिति का गठन किया गया है। उन्होंने प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया को प्रत्येक स्थिति में उत्तरदायित्व पूर्ण रिपोटिंग करने का आह्वान करते हुए कहा कि मीडिया को शासन की विभिन्न योजनाओं नीतियों एवं कार्यक्रमों की रिपोटिंग करते समय क्रियान्वयन में कमियां दिखने पर प्रशासनिक पक्ष को भी समावेशित करते हुए संतुलित रिपोटिंग करना चाहिए, ताकि शासन प्रशासन की छवि अनावश्यक धूमिल न हो तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आम जन में नकारात्मक संदेश न जाये।

### संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसी अधेड़ महिला की मौत

**बाराबंकी**। गुरुवार की देर शाम घर मे भोजन बना रही एक अधेड़ महिला की सन्दिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना दरियाबाद क्षेत्र के बढ़नपुर गांव के निवासी मोहम्मद मुस्लिम जो कुवैत में रहकर काम करते हैं उनकी पत्नी तहसीन बानो गुरुवार की देर शाम घर मे संदिग्ध परिस्थितियों में भोजन बनाते समय अचानक झुलस गई और कुछ ही समय बाद उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दरियाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

### चैनपुरवा गांव की महिलाओं के विकास में रास्ता बना रोड़ा

**बाराबंकी**। जागो री जागो स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने विकास की राह पर बढ़ चले चैनपुरवा जाकर गतिविधियों को समझा और प्रेरणात्मक ऊर्जा प्राप्त की। जागो री जागो के संस्थापक चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में महिला दल ने गत दिवस चैन पुरवा का भ्रमण किया और संघर्ष कर रही महिलाओं से विस्तृत जानकारी ली। मंजीठा महिला लीडर सीमा व सबा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के प्रयास से गठित समूहों के हौसलों को पंख लग गए हैं। हर घर को आत्मनिर्भर बनाने का पुलिस अधीक्षक डा. अरविंद चतुर्वेदी का यह अभियान अनुकरणीय है। दल के नेतृत्वकर्ता चन्द्रप्रकाश ने बताया कि भ्रमण के दौरान बहुत ही प्रमुख समस्या उभर कर सामने आई है। चैनपुरवा ग्राम विकास का बड़ा रोड़ा अभी भी सुगम रास्ते का न होना है। मुख्य सड़क से पांच किमी का ऊबड़ खाबड़ रास्ता बरसात में सुगम आवागमन लायक नहीं रह जाता है।

# पंचायत चुनाव तक प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए: तिलक

## सपा ने कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा

संवाददाता। ललितपुर

**आगामी** पंचायत चुनाव को लेकर शासन स्तर से तैयारियां चल रहीं हैं। इसी क्रम में 25 दिसम्बर तक ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो रहा हैए जिससे प्रधानों के वित्तीय अधिकार क्षीण हो जायेंगे। सपा ने प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने पर प्रशासन बैठाये जाने का विरोध दर्ज कराते हुये ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाये जाने की मांग उठायी। इस सम्बन्ध में समाजवादी पार्टी ने जिलाध्यक्ष तिलक यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन के जरिए सपा जिलाध्यक्ष ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों का वर्तमान कार्यकाल 25 दिसम्बर को समाप्त होने जा रहा हैए किन्तु उत्तर प्रदेश सरकार ने अब तक चुनाव कराये जाने के सम्बन्ध मे किसी प्रकार की कोई पहल नहीं की है। उन्होंने जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानों का कार्यकाल पूर्ण होने पर सरकार ग्राम प्रधानों के स्थान पर प्रशासक बैठाये जाने पर विचार कर रही है। जबकि समाजबादी पार्टी की मांग है कि मध्य प्रदेश की तर्ज पर पंचायतों के चुनाव होने तक वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाये। यद्यपि गांव की जनता अपनी समस्याओं को लेकर अपने प्रधान से जुड़ी होती है, तथा अधिकांश भोले भाले लोग मुख्यालय से सम्बन्धित प्रशासनिक कार्यों के लिये वहां तक नहीं पहुंच पाती और इस प्रकार के कार्य ग्राम प्रधान के माध्यम से सम्पादित कराती हैं। एवं ग्राम प्रधान भी अपनी जनता से रूबरू रहते हुये उनके दुरूख दर्द मे उनका सबसे मजबूत साथी होता है। प्रशासक बैठाये जाने से अधिकारियों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ेगा जिससे विकास कार्य प्रभावित होंगे। तथा ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। इन सब समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये समाजवादी पार्टी ने मांग उठायी है कि वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाते हुये अग्रिम पंचायत चुनाव तक किया जाये। ज्ञापन देते समय पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार, जीतू सरदार, अमर सिंह भैंरा, रमेश सिंह यादव, श्रीराम नेता, अनिरुद्ध प्रधान आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने शुक्रवार को जिला जज सुलतानपुर के साथ जिला कारागार सुलतानपुर का निरीक्षण किया गया। जनपद में जिला कारागार न होने के कारण जनपद के अपराधियों को सुलतानपुर जेल भेजा जाता है। जिसको लेकर आज डीएम व एसपी ने जिला कारागार सुल्तानपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बैरकों में कैदियों के सामानों एवं बिस्तरों की सघन तलाशी ली गयी। डीएम ने बैरकों में नियमित रूप से साफसफाई कराने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जेल के अन्दर किसी भी तरह के प्रतिबन्धित सामाग्री को अन्दर कदापि न जाने दिया जाये। जिला कारागार में जिलाधिकारी ने जनपद अमेठी के कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जिला कारागार में रसोई घर का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई से भोजन बनाये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिदिन समस्त बैरकों में बन्दियों की सघन तलाशी करायी जाए, यदि किसी बन्दी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तुयें बरामद हो तो तत्काल सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बन्दियों के भोजन गुणवत्ता की भी समय पर जांच कराते रहे तथा शौचालय एवं नालियों आदि की समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।